


राष्ट्रीय दैनिक

# प्रातःकिरण

दिल्ली एवं पटना से प्रकाशित

/Pratahkiran /Pratahkiran /Pratahkiran

हर खबर पर पकड़





11 पिछले साल के टी-20 विश्व कप के लिए रवैये और दृष्टिकोण में बदलाव...

भारत का हथकरघा क्षेत्र हमारी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत का प्रतीक 12



वर्ष : 10 | अंक : 84 | पटना, सोमवार, 08 अगस्त, 2022 | श्रावण मास शुक्ल पक्ष, तृतीया | पेज : 12 | मूल्य ₹ : 03.00 | www.pratahkiran.com


**मौसम**

अधिकतम तापमान 28.0°C

न्यूनतम तापमान 18.0°C

राजधानी दिल्ली व आसपास के क्षेत्रों में आज भी बारिश के आसार

**पोल**

क्या झारखंड में गिर जाएगी हेमंत सोरेन सरकार, भाजपा वापस सत्ता में आएगी ?

| | |
|---|---|
| हां | 40% |
| नहीं | 40% |
| कह नहीं सकते | 10% |

**बाजार**

| | |
|---|---|
| सोना | 54,191 |
| चांदी | 56,400 |
| सेंसेक्स | 53,308 |
| निफ्टी | 19,503 |

# प्रधानमंत्री ने की शासी परिषद की अध्यक्षता

- भारत का संघीय ढांचा और सहकारी संघवाद कोविड संकट के दौरान दुनिया के लिए एक मॉडल के रूप में उभरा है। हमें इसे और मजबूत करना होगा।
- नीति आयोग के सीईओ परमेश्वरन अय्यर ने कहा कि यह एक उपयोगी बातचीत थी (नीति आयोग की 7वीं गवर्निंग काउंसिल की बैठक में), जहां मुख्यमंत्रियों और उपराज्यपालों ने अपने राज्यों से सर्वोत्तम प्रथाओं को प्रस्तुत किया।




नई दिल्ली, प्रात : किरण

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को नीति आयोग की शासी परिषद की सातवीं बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में राष्ट्रीय शिक्षा नीति, जी-20, स्कूली शिक्षा और उच्च शिक्षा के क्रियान्वयन के साथ ही देश को तिलहन-दलहन के मामले में आत्मनिर्भर बनाने व शहरी प्रशासन के मामले पर विचार-विमर्श हुआ। नीति आयोग की बैठक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राज्यों से फसल विविधीकरण पर ध्यान देने को कहा। बैठक में प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत का संघीय ढांचा और सहकारी संघवाद कोविड संकट के दौरान दुनिया के लिए एक मॉडल के रूप में उभरा है। हमें इसे और मजबूत करना होगा। गवर्निंग काउंसिल की बैठक के बाद नीति आयोग के उपाध्यक्ष ने कहा कि प्रधानमंत्री चाहते हैं कि भारत खाद्य तेल में आत्मनिर्भर हो। बैठक में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी तथा अन्य राज्यों के मुख्यमंत्री तथा केंद्र शासित प्रदेशों के प्रशासक शामिल हुए। तेलंगाना के मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव और बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बैठक में भाग नहीं लिया। बैठक में नीति आयोग के उपाध्यक्ष सुमन बैरी और केंद्रीय मंत्री राजनाथ सिंह, अमित शाह, नितिन गडकरी, निर्मला सीतारमण और एस. जयशंकर भी उपस्थित रहे। बैठक में अगले वर्ष देश में होने वाली जी-20 की बैठक के आयोजन और राज्यों की भूमिका पर भी विचार विमर्श किया गया। इसके उद्देश्य में केंद्र और राज्यों तथा केंद्र शासित प्रदेशों के बीच संघवाद की भावना के अनुरूप माहौल बनाना, अमृत काल में देश की विकास यात्रा में चुनौतियों की पहचान करना एवं उनका समाधान तलाशना था। निति आयोग के उपाध्यक्ष सुमन बेरी ने बताया कि पीएम मोदी ने भारत में पोस्ट कोविड पर नीति आयोग की बैठक से उनकी अपेक्षा पर महत्वपूर्ण बातें कही। जिस तरह से केंद्र और राज्यों ने कोविड के दौरान एक दूसरे के साथ मिलकर निर्णय लिए उस पर भी चर्चा की। उन्होंने 2047 के लिए भारत के लक्ष्य के बारे में बात की। नीति आयोग के सीईओ परमेश्वरन अय्यर ने कहा कि यह एक उपयोगी बातचीत थी (नीति आयोग की 7वीं गवर्निंग काउंसिल की बैठक में), जहां मुख्यमंत्रियों और उपराज्यपालों ने अपने राज्यों से सर्वोत्तम प्रथाओं को प्रस्तुत किया। एनईपी 2020, G20 और निर्यात के महत्व पर प्रस्तुतियां दी गईं। नीति आयोग ने बताया कि प्रधानमंत्री ने कृषि विविधीकरण के महत्व को व्यक्त किया और कहा कि खाद्य तेलों में विशेष रूप से आत्मनिर्भर होने की आवश्यकता है। हम आयात से खाद्य तेल की अपनी कुल मांग का लगभग आधा हिस्सा पूरा कर रहे हैं। कुल मिलाकर राज्य काफी सहयोगी थे और इस पहलू पर काम कर रहे हैं।

### कोरोना के बाद पहली फिजिकल बैठक

कोरोना महामारी के कारण नीति आयोग की फिजिकल बैठक का आयोजन नहीं हो पा रहा था। जुलाई, 2019 के बाद नीति आयोग की यह पहली भौतिक बैठक है।

## संक्षिप्त खबर

### असम में जापानी बुखार से 37 दिनों में 63 की मौत

पिछले साल 40 लोगों की मौत हुई थी। ये बुखार मुख्य रूप से मानसून के दौरान संक्रमित मच्छरों द्वारा फैलता है।



असम, एजेंसी। बारिश और बाढ़ के बाद असम में जापानी इंसेफेलाइटिस बुखार ने आतंक मचा रखा है।राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) के अनुसार राज्य के 35 जिलों में से 22 जिले इसकी चपेट में हैं। अब तक इस बुखार से पिछले 37 दिनों में करीब 63 लोगों की मौत हो गई, जबकि 347 संक्रमित हैं।

### प्रतिरोध मार्च का स्वतःस्फूर्त भारी समर्थन मिला

पटना, प्रातः किरण। युवा राजद के प्रदर्श प्रवक्ता सह मीडिया प्रभारी अरुण कुमार यादव ने बताया कि बेरोजगारी, महंगाई, भ्रष्टाचार, पलायन, अग्निपथ योजना, सहित जनसरोकार से जुड़े मुद्दों को लेकर एनडीए सरकार के खिलाफ महागठबंधन के आह्वान पर नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव के नेतृत्व में बिहार के सभी जिला मुख्यालयों पर आयोजित प्रतिरोध मार्च को आम लोगों के साथ-साथ खासकर छात्र, नौजवानों का स्वतःस्फूर्त भारी समर्थन मिला। प्रदेश प्रवक्ता श्री यादव ने कहा कि एनडीए सरकार के खिलाफ महागठबंधन का ‟प्रतिरोध मार्च‟ ऐतिहासिक और सफल रहा। एनडीए सरकार के खिलाफ आमलोगों के साथ-साथ छात्र, नौजवानों में भारी आक्रोश व्याप्त है। सरकार के विरुद्ध आक्रोश के कारण ही जाति धर्म से ऊपर उठकर सभी वर्ग के छात्र, नौजवान और आमलोग गोलबंद होकर नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव जी के नेतृत्व में भारी संख्या में प्रतिरोध मार्च में शामिल होकर प्रतिरोध मार्च का समर्थन किया।

# बुनकरों के लिए रोजगार का अवसर बढ़ाएगी राज्य सरकार

- मुख्यमंत्री ने राष्ट्रीय हस्तकरघा दिवस पर आयोजित कार्यक्रम का किया उद्घाटन
- हस्तकरघाओं को उन्नत करने के लिए उद्योग विभाग अलग से समेकित योजना लायेगी: नीतिश कुमार




पटना, प्रात : किरण

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने मुख्यमंत्री सचिवालय स्थित संवाद में राष्ट्रीय हस्तकरघा दिवस पर आयोजित कार्यक्रम का दीप प्रज्जवलित कर उद्घाटन किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि देश में 7 अगस्त 1905 को स्वदेशी अभियान की शुरूआत की गयी थी ताकि देश के लोग अपने देश में बने सामानों का ही उपयोग कर सकें और स्वदेशी सामानों को बढ़ावा दिया जा सके। बिहार में 7 अगस्त 2018 को पहली बार हस्तकरघा दिवस का आयोजन किया गया। कोरोना के कारण पिछले कुछ वर्षों में इसका आयोजन नहीं हो सका। आज एक बार फिर से इसका आयोजन किया गया है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार की सदैव मंशा रही है कि हस्तकरघा उद्योग को बढ़ावा दिया जाये ताकि बुनकरों की आर्थिक स्थिति में सुधार हो। राज्य सरकार ने इसके लिए अनेक कदम उठाये हैं। बिहार के अस्पतालों में बुनकरों द्वारा तैयार की गयी सतरंगी चादर का इस्तेमाल किया जा रहा है। सातों दिन अलग-अलग रंग के चादरों का इस्तेमाल किया जा रहा है। 7 लाख से अधिक सतरंगी चादरें बनायी गयी हैं। विभिन्न जगहों पर जाकर मुझे बुनकरों से मिलने का मौका मिला है।

इसी दौरान पता चला कि ये लोग हस्तकरघा पर चादर का उत्पादन नहीं करते हैं क्योंकि उनके लूम का फ्रेम साइज छोटा है जबकि चादर बनाने के लिए बड़े और चैड़े फ्रेम की जरुरत है। इसी को ध्यान में रखते हुए बुनकरों को 68 इंच के बड़े फ्रेमलूम को खरीदने के लिये राज्य सरकार द्वारा 90 प्रतिशत अनुदान दिया जा रहा है। इस राशि से बुनकर अपने पुराने हस्तकरघों को 68 इंच बड़े फ्रेमलूम में परिवर्तित कर रहे हैं। इससे वस्त्र निर्माण और अधिक होगा, उसकी मांग बढ़ेगी और बुनकरों को इसका लाभ मिलेगा। अभी तक 381 बुनकरों ने इसका लाभ लिया है। हम चाहते हैं कि ज्यादा से ज्यादा बुनकर इसका लाभ उठायें।

मुख्यमंत्री ने कहा कि बुनकरों की आर्थिक स्थिति अच्छी नहीं रही है जिसके कारण उन्हें कच्चा माल खरीदने में परेशानी होती है। इसको देखते हुए बुनकरों को 10 हजार रुपए की दर से कार्यशील पूंजी उपलब्ध करायी जा रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा हस्तकरघा एवं टेक्स्टाइल क्षेत्र के विकास के लिए बिहार के टेक्सटाइल एवं लेदर पॉलिसी 2022 लायी गयी, इससे वस्त्र एवं चमड़ा प्रक्षेत्र को बढ़ावा मिलेगा और रोजगार भी बढ़ेगा। बुनकर भाई भी इसका लाभ उठायें। उन्होंने कहा कि हमलोग चाहते हैं कि सरकारी गेस्ट हाउस एवं सरकारी कार्यालयों में बुनकरों द्वारा निर्मित हैंडलूम और खादी से बने चादर, परदा, तकिया के खोल का क्रय किया जाय। डॉक्टर और मरीजों के लिये पोशाक क्रय करने का भी निर्णय लिया गया है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हस्तकरघाओं को उन्नत करने के लिए उद्योग विभाग अलग से समेकित योजना लायेगी।

नये डिजाइन के कपड़े तैयार करने के लिए लूम में नई फीटिंग आदि की व्यवस्था की जायेगी। इसके लिए सभी को ट्रेनिंग भी दी जायेगी। उन्होंने कहा कि विद्युतकरघा के उन्नयन के लिये नई योजना लायी जायेगी। नई टेक्नोलॉजी के उपयोग से बिजली की कम खपत होगी और उत्पादन भी अधिक होगा। हस्तकरघा के लिये कच्चा माल केन्द्र की स्थापना की जायेगी ताकि बुनकरों को आसानी से कच्चा माल उपलब्ध हो सके। उन्होंने कहा कि बड़ी संख्या में महिलायें इस क्षेत्र में काम कर रही है, पुरुष भी काम कर रहे हैं। सभी लोगों को इसका फायदा मिलेगा। अधिक उत्पादन होने से दूसरे राज्यों में भी बने माल की आपूर्ति होगी। लोगों की आमदनी बढ़ेगी और रोजगार के अवसर भी बढ़ेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमलोगों से जितना संभव होगा आपलोगों का सहयोग करेंगे ताकि आपके साथ ही राज्य का भी विकास हो।

### मुख्यमंत्री ने हैंडलूम पुस्तिका का किया विमोचन

- कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने हस्तकरघा एवं रेशम निदेशालय के वेबसाइट का लोकार्पण किया। मुख्यमंत्री ने बिहार हैंडलूम लोगो का लोकार्पण किया। मुख्यमंत्री ने बिहार हैंडलूम पुस्तिका का भी विमोचन किया। मुख्यमंत्री ने 5 बुनकरों- नालंदा की बेबी देवी, औरंगाबाद की संगीता देवी, भागलपुर के महफूज आलम, मधुबनी के बदरुल इस्लाम एवं गया के अनिल प्रसाद को सांकेतिक रुप से चेक प्रदान किया। कार्यक्रम की शुरूआत में मुख्यमंत्री ने बुनकर सहयोग समितियों के द्वारा लगाये गये स्टॉल का निरीक्षण किया। कार्यक्रम की शुरूआत में मुख्यमंत्री का स्वागत उद्योग मंत्री सैयद शाहनवाज हुसैन ने पुष्प गुच्छ एवं अंगवस्त्र भेंटकर किया। मुख्यमंत्री को बिश्कोटेक्स के अध्यक्ष मोहम्मद नकीब अंसारी ने अंगवस्त्र एवं पुस्तक भेंट कर स्वागत किया। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव दीपक कुमार, स्वास्थ्य सह पथ निर्माण विभाग के अपर मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत, वित्त विभाग के अपर मुख्य सचिव सह मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव डॉ एस सिद्धार्थ, निदेशक, हस्तकरघा एवं रेशम उद्योग विवेक रंजन मैत्रेय, शिल्क विकास फोरम के संयोजक एवं हैंडलूम उत्पाद के प्रतिष्ठित निर्यातक, जनाब जियाऊल अंसारी एवं बुनकर सहयोग समिति से जुड़े बुनकर उपस्थित थे, जबकि वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से विभिन्न जिलों से अधिकारीगण एवं हस्तकरघा तथा हस्तशिल्प के क्षेत्र में कार्य करनेवाले बुनकर जुड़े हुए थे।

# दिल्ली में आईएसआईएस का आतंकी गिरफ्तार

- क्रिप्टोकरेंसी से फंड भेजता था; एनआईए ने बाटला हाउस इलाके में छापा मारा, कई दस्तावेज बरामद

नई दिल्ली, एजेंसी

स्वतंत्रता दिवस के पहले राष्ट्रीय जांच एजेंसी (NIA) को बड़ी कामयाबी हाथ लगी है। NIA दिल्ली के बाटला हाउस इलाके से इस्लामिक स्टेट ऑफ इराक एंड सीरिया (ISIS) के एक आतंकी को गिरफ्तार किया है। जानकारी के मुताबिक आतंकी का नाम मोहसिन अहमद है। वह बिहार का रहने वाला है। मोहसिन कई दिनों से ISIS मॉड्यूल का एक्टिव मेंबर है। जानकारी के अनुसार, NIA की टीम ने बाटला हाउस के एक घर पर छापा मारा, जहां से मोहसिन को गिरफ्तार किया गया। छापेमारी में घर से कई आपत्तिजनक दस्तावेज मिले हैं। बताया जा रहा है कि दिल्ली के जामिया मिलिया यूनिवर्सिटी में पढ़ने वाले छात्रों ने मोहसिन के बारे में सूचना दी थी, जिसके आधार पर जांच एजेंसी ने यह कार्रवाई की। यूनिवर्सिटी के छात्रों की माने तो उसने कई छात्रों को इस्लामिक स्टेट की विचारधारा से प्रभावित करने की कोशिश की। इस मामले में जांच एजेंसी ने 25 जून को ही मोहसिन के खिलाफ केस दर्ज किया था, जिसके बाद लगातार उसकी तलाश की जा रही थी। जांच में पता चला कि वो अफगानिस्तान और सीरिया में मौजूद आईएसआईएस के कमांडरों से संपर्क में था और उनको क्रिप्टोकरेंसी के जरिए फंड भेजता था।



# महंगाई, बेरोजगारी के मुद्दे पर केन्द्र पूरी तरह फेल : तेजस्वी

- नेता प्रतिपक्ष के नेतृत्व में महागठबंधन का प्रतिरोध मार्च

पटना, प्रात : किरण



नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव के नेतृत्व मे महागठबंधन की पार्टियों ने दानापुर के सगुना मोड़ से पटना के डाकबंगला चौराहे तक कि विशाल प्रतिरोध मार्च निकाला। मार्च को लेकर कार्यकताओं में भारी उत्साह दिखा। बड़ी संख्या मे टमटम, मोटर साईकल, साईकल सवार लोगे के साथ हजारों की संख्या मे लोगों ने पैदल मार्च कर प्रतिरोध रैली को सफल किया। डाकबंगला चौराहे पर नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि महंगाई, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार, बाढ़ -सुखाड़ और जन सरोकार के मुद्दे पर केन्द्र सरकार पूरी तरह से फेल है ।आज का प्रतिरोध मार्च केंद्र सरकार के खिलाफ मील का पत्थर साबित होगा, और इस जन आंदोलन को सफल बनाने में बिहार के महागठबंधन के सभी विधायकों, नेताओं और कार्यकताओं ने जिस तरह से सड़कों पर आकर संघर्ष और आंदोलन किया है, इसके लिए सभी को मैं अपनी ओर से बधाई देता हूं , कहना चाहता हूं कि यह आंदोलन जो जनविरोधी सरकार के खिलाफ था उससे स्पष्ट संदेश दिया है की केंद्र की सरकार जिस तरह से कार्य कर रही है उसे देश और बिहार की जनता पसंद नहीं कर रही है। जनता जल्द से जल्द ऐसी सरकार से छुटकारा चाहती है। तेजस्वी ने आगे कहा चाहे जितना भी सरकार जोर लगा ले हम सभी झुकने वाले नहीं हैं। इसके खिलाफ मजबूती से संघर्ष और आंदोलन करेंगे। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार अपने हित में सभी संवैधानिक संस्था, एजेंसी का गलत इस्तेमाल कर रही है । उन्होंने कहा कि जनता की आवाज को हम सरक से सदन तक मजबूती से उठाएंगे। इन्होंने कहा कि केंद्र सरकार जितना भी जोर लगा ले हम झुकने वाले नहीं हैं और मजबूती के साथ संघर्ष और आंदोलन को आगे बढ़ाएंगे , गरीबों, मजदूरों, किसानों, वंचितो, अल्पसंख्यकों तथा समाज के ऐ टू जेड सभी वर्गों के लिए न्याय दिलाने के लिये संघर्ष और आंदोलन करगे। हमारी नीति सभी को न्याय दिलाने की है। उसपर हम मजबूती से आगे बढ़ते रहेंगे। कार्यक्रम शुरू होने से पहले पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी ने बेरोजगारी हटाओ रथ को हरी झंडी दिखा कर रवाना किया। जिसमे राजद के प्रदेश अध्यक्ष जगदानंद सिंह, पूर्व मंत्री एवं विधायक तेजप्रताप यादव,पूर्व मंत्री एव राजद के वरिष्ट नेता शिवा नंद तिवारी,कांग्रेस नेता मदनमोहन झा, सीपीआई माले के विधायक महबूब आलम, सीपीआई,सीपीएम के कई नेताओं के साथ महागठबंधन के नेताओं,कार्यकर्ता, पदाधिकारी ने हिस्सा लिया।

# आरसीपी के रूप में दूसरा चिराग तैयार किया जा रहा था : ललन सिंह

## बोलें - उनका तन कहीं और मन कहीं और था

पटना, प्रात : किरण



जदयू के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष व केंद्र में जदयू कोटे से पूर्व मंत्री आरसीपी सिंह द्वारा जदयू से इस्तीफे पर रविवार को जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह ने तंज कसा हे। जनता दल यूनाइटेड के प्रदेश कार्यालय स्थित कपूरी सभागार में राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह ने संवाददाता सम्मेलन में कहा कि सभी जानते हैं उनका तन कहीं और मन कहीं और था। पार्टी द्वारा किए गए संघर्ष से उनका कोई लेना- देना कभी नहीं रहा है। पार्टी के सर्वमान्य नेता मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने उन्हें पार्टी का संगठन महामंत्री और अध्यक्ष बनाया, साथ ही अपने पद के अनुरूप काम करने के लिए उन्हें फ्री हैंड दिया। उन्होंने आगे कहा कि नीतीश कुमार भी कोई महत्वपूर्ण निर्णय लेने के पूर्व तमाम साथियों से राय- मशविरा करते रहे हैं परंतु श्री आरसीपी सिंह ने राष्ट्रीय अध्यक्ष रहते हुए अपने द्वारा लिए गए महत्वपूर्ण निर्णय के संदर्भ में किसकी राय ली, किससे विचार- विमर्श किया। यह तो वही बता सकते हैं। राष्ट्रीय अध्यक्ष ने 2020 विधानसभा चुनाव की चर्चा करते हुए कहा कि उस समय मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को कमजोर करने के लिए जो षडयंत्र रचा गया था, उसे हम सब अच्छी तरह जानते और समझते हैं। परंतु अब उस प्रकार का कोई षडयंत्र सफल नहीं हो सकता। कहा कि आरसीपी के रूप में दूसरा चिराग पासवान तैयार किया जा रहा था। नीतीश कुमार के नेतृत्व में हम लोग इस बात को लेकर सतर्क थे। देर-सबेर आरसीपी सिंह को तो जदयू से जाना ही था। ललन सिंह ने कहा कि आरसीपी स्वतंत्र हैं। जहां मन करे स्वेच्छा से वहां चले जाएं। जदयू से उनके त्यागपत्र पर हमें कुछ नहीं कहना है पर उन्होंने जो बातें कहीं हैं वह सुनकर आश्चर्य होता है। नीतीश कुमार के खिलाफ वह व्यक्ति बोल रहा है जिस पर नीतीश कुमार ने लंबे समय तक भरोसा किया। वह क्या जानते हैं समता पार्टी और जदयू के बारे में? संघर्ष नहीं सत्ता के साथी रहे हैं। वह कह रहे कि जदयू डूबता हुआ जहाज है। उन्हें मालूम होना चाहिए कि जदयू दौड़ता हुआ जहाज है। कुछ लोगों ने इस जहाज में छेद कर दिया था। जहाज को मरम्मत कर ऐसे लोगों का अलग किया गया है। ललन सिंह ने कहा कि 2009 में आरसीपी सिंह लोकसभा का चुनाव लड़ना चाहते थे पर नीतीश कुमार ने मना कर दिया। इसके बाद वह राज्यसभा भेजे गए। नीतीश कुमार ने खुद राष्ट्रीय अध्यक्ष का पद छोड़कर आरसीपी सिंह को राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाया। पार्टी के मालिक नीतीश कुमार हैं। केयर टेकर के रूप में काम कर रहे राष्ट्रीय अध्यक्ष ने खुद को मालिक समझ लिया। दरअसल सत्ता चले जाने के बाद आरसीपी बौखलाहट में हैं। ललन सिंह ने कहा कि नीतीश कुमार के खिलाफ षड्यंत्र हुआ था इसी लिए सीट 43 पर आ गई। षड्यंत्र करने वाले अगर नीतीश कुमार द्वारा बनाई गई लंबी लकीर को मिटाने का प्रयास कर रहे पर वह अमिट है। उन्होंने कहा कि आरसीपी सिंह बूथ स्तर पर जदयू के अध्यक्ष बना दिए जाने की बात कर रहे। एक मार्च 2020 को उन्होंने पटना में बूथ अध्यक्षों का सम्मेलन किया था। दावा किया गया था कि पांच लाख लोग आए। सभी को यह पता है कि कितने लोग आए थे। जदयू में यह संस्कृति नहीं रही है कि जहां जाना है वहां एक दिन पहले माला पहुंचा दीजिए। आश्चर्य है कि आरसीपी सिंह मुख्यमंत्री के भूंजा खाने पर टिप्पणी कर रहे।

**शुभारंभ** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बिहार संग्रहालय के स्थापना दिवस समारोह का किया शुभारंभ

# ‘बापू के जन्मदिन पर बिहार म्यूजियम में जरूर करायें कार्यक्रम’

## बिहार म्यूजियम और पटना म्यूजियम को भूमिगत मार्ग से जोड़ने के लिए 375 करोड़ स्वीकृत

पटना, प्रात : किरण



मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने रविवार को बिहार संग्रहालय स्थापना दिवस समारोह का दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया। समारोह को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि बिहार संग्रहालय के स्थापना दिवस के अवसर पर आज पहली बार कार्यक्रम आयोजित किया गया है। इस स्थापना दिवस समारोह के अवसर पर अगले दो माह तक अनेक कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे जिसमें दो दिवसीय कला मेला का भी आयोजन किया जाएगा। यहां देवी एवं महिला पर आधारित प्रदर्शनी भी लगाई गयी है। देवी एवं महिला पर आधारित प्रदर्शनी में पौराणिक काल से अब की बातों को प्रदर्शित करते हुए उसका विस्तृत रूप से उल्लेख किया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सभी धरोहरों का कालखंड एवं महत्व लोग जान और समझ सकें, इसके लिए सभी कलाकृतियों के नीचे विस्तृत जानकारी का भी उल्लेख करना होगा। उन्होंने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय स्तर का म्यूजियम देश में नहीं है इसलिए हमने इंटरनेशनल म्यूजियम बनाने का कांसेप्ट दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि 14 अक्टूबर 2017 को जब प्रधानमंत्री बिहार दौरे पर आए थे तो इस म्यूजियम को आकर देखे थे। पटना म्यूजियम और बिहार म्यूजियम को भूमिगत मार्ग से जोड़ने के लिए 375 करोड़ रुपए की योजना स्वीकृत कर दी गई है। दिल्ली मेट्रो रेल कॉरपोरेशन जो पटना मेट्रो रेल का निर्माण कर रही है, उसको ही भूमिगत मार्ग के निर्माण का काम दिया गया है। दिल्ली मेट्रो रेल कॉरपोरेशन बहुत ही अच्छे ढंग से काम करता है। इन दोनों म्यूजियम के बीच की दूरी डेढ़ किलोमीटर है, जब भूमिगत मार्ग बनकर तैयार होगा तो पर्यटकों को काफी आकर्षित करेगा। भ्रमण करने वालों को अच्छी फीलिंग होगी। ऐसी व्यवस्था कर दी जायेगी कि एक ही टिकट पर टूरिस्ट पटना म्यूजियम और बिहार संग्रहालय का भ्रमण कर सकें। तीन साल के अंदर यह काम पूरा होना है। हम तो चाहेंगे कि यह काम जल्द से जल्द पूरा हो। पटना म्यूजियम में खुदाई का काम शुरू किया गया है जिसके दो-तीन लेयर की खुदाई में तीसरी और चौथी शताब्दी के कई अवशेष मिले हैं। हमलोगों की इच्छा है कि इतिहास को लोग जानें, सिर्फ बिहार ही नहीं देश का इतिहास यहां से जुड़ा हुआ है। यहां के पौराणिक चीजों को लोग आकर म्यूजियम में देखेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि बिहार संग्रहालय के स्थापना दिवस के अवसर पर प्रतिवर्ष कार्यक्रम का आयोजन किया जाय। इस बार स्थापना दिवस के अवसर पर दो माह तक कार्यकम चलेगा यह काफी अच्छी बात है। यहाँ की मूर्तियों को अन्य जगहों पर नही ले जाया जाए ताकि वे पूरी तरह से सुरक्षित रहे। उन्होंने कहा कि हम आग्रह करेंगे कि 2 अक्टूबर को बापू के जन्मदिन पर भी जरुर कुछ कार्यक्रम आयोजित कराइये। उस दिन आयोजित होने वाले कार्यक्रम में शामिल होने एवं संग्रहालय भ्रमण करने की व्यवस्था निःशुल्क रखें ताकि अधिक से अधिक लोग यहां प्रदर्शित धरोहरों को देख और अपने विरासत को समझ सकें।

## संक्षिप्त खबरें

### महागठबंधन के बैनर तले प्रतिरोध मार्च, जिलाधिकारी को सौंपा ज्ञापन

भागलपुर। बिहार में महागठबंधन के बैनर तले प्रतिरोध मार्च निकाला गया। जिसको लेकर भागलपुर स्टेशन चौक से राजद, कांग्रेस और भाकपा माले सहित अन्य महागठबंधन के दलों के द्वारा एक जुट होकर सरकार के विरुद्ध प्रतिरोध मार्च निकाला गया। जो पूरे शहर का भ्रमण करते हुए समाहरणालय में जाकर समाप्त हुआ। प्रदर्शन कर रहे लोगों का कहना है कि केंद्र की सरकार महंगाई, बाढ़, सूखा, बेरोजगारी सहित अन्य मुद्दों पर पूरी तरह से विफल हो गई है। जिसको लेकर महागठबंधन के सभी दल लगातार सरकार के विरोध में आंदोलन करते रहेंगे। वहीं राजद के अध्यक्ष के द्वारा कहा गया कि अगर सरकार इस पर ध्यान नहीं देती है तो भागलपुर से राजद के द्वारा पटना तक पैदल मार्च निकाला जाएगा, और सरकार का ध्यान इन सारे मुद्दों पर आकृष्ट कराया जाएगा। प्रदर्शन के दौरान काफी संख्या में महागठबंधन के कार्यकर्ता मौजूद थे। इस दौरान सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। वहीं जिलाधिकारी को महंगाई के खिलाफ मेमोरेंडम भी सौंपा है।

### मोहर्रम के अवसर पर एक दिवसीय कव्वाली का आयोजित

पीरपैंती (भागलपुर)। प्रखंड के बन्धुजयराम पंचायत स्थित राजगंज गांव में मोहर्रम के मौके पर आगामी 10 अगस्त को एक दिवसीय कव्वाली कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। यह कार्यक्रम रात्रि 8 बजे प्रारंभ होगा जिसमे सहेली परवीन मालदा, पश्चिम बंगाल और बाबु गुलाम साबरी गया, के बीच बिहार का मुकाबला होगा। उक्त जानकारी छात्र नेता मो. गुलफराज ने देते हुए, ग्रामीणों से अपील की है कि कव्वाली प्रेमियों की उपस्थित ज्यादा से ज्यादा जनसंख्या में कार्यक्रम में भाग लेकर कार्यक्रम को सफल बनाये जाने की बात कही है।

### गला रेतकर ठेला चालक की हत्या

जगदीशपुर (भागलपुर)। थाना क्षेत्र के पुरैनी गांव में देर रात ठेला चालक मोहम्मद असलम की गला रेत कर हत्या कर दी गई। परिजनों का कहना है कि रात में सभी सोए हुए थे। मृतक असलम भी बरामदे में सोया हुआ था। इसी बीच उसकी तेज धारदार हथियार से गला रेत कर हत्या कर दी गई। देर रात ही जब परिजन बाहर निकले तो असलम को मृत पाया। वहीं परिजनों का कहना है कि इन लोगों को किसी से कोई दुश्मनी नहीं है। वहीं घटना की जानकारी मिलते ही त्वरित मौके पर पहुंच कर घटना की जाँच में जुट गई है। वही पुलिस ने मृतक अशलम के शव को अपने कब्जे में लेकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। वही घटना को लेकर ग्रामीणों व परिवार के लोगों से पूछताछ जारी है।

### 58 हजार 603 कांवडियों ने गंगा जल लेकर देवघर हुये रवाना

सुलतानगंज (भागलपुर)। सावन.मास के अंतिम सोमवार को लेकर अजगैबीनाथ धाम उत्तरवाहिनी गंगा घांटो मे हजारों कांवड़िया ने गंगा स्नान कर बाबा भोलेनाथ कि पुजा अर्चना करते हुये बोलबम के जयकारों के साथ देवघर बैधनाथ धाम के लिये रवाना हुये है। वहीं सरकारी आंकड़ों के अनुसार डाक बम पुरुष 1055, महिला डाक बम 8, समान्य 57529 कांवड़िया ने अजगैबीनाथ धाम से जल लेकर देवघर रवाना हुये हैं। इसको लेकर नगर परिषद द्वारा गंगा घाटों में युद्ध स्तर से साफ सफाई अभीयान एंव सडक पर पानी टेंकर से पानी छिड़काव कराया जा रहा हैं। बाहर से आनेवाले कांवड़ियों को तपतपाती धुप से पैर मे राहत मिल सके।

### एसएसपी ने भूमि विवाद संबंधित जनता दरबार की वास्तविकता जांच का लिया जायजा

जगदीशपुर (भागलपुर)। जिले के सभी थाना परिसर में सप्ताह के दो दिन भूमि विवाद समस्या के निपटारे के लिए जनता दरबार लगाए जाने की पहल शुरु की गई थी। उक्त दरबार में अंचल स्तर पर प्रतिनियुक्ति पदाधिकारी थाना पुलिस की निगरानी में भूमि विवाद का निपटारा करेंगे। इसी कड़ी में जगदीशपुर थाना परिसर में आयोजित भूमि संबंधित जनता दरबार का निरीक्षण करने अचानक एसएसपी बाबूराम जगदीशपुर थाना पहुंच कर जनता दरबार में हो रहे भूमि विवाद संबंधित मामलों को देखें। साथ ही यहां किस तरह भूमि विवाद का निपटारा किया जाता है, उसका भी जायजा लिया। इस दौरान भूमि विवाद का निपटारा कर रहे अंचलाधिकारी अशोक मंडल तथा थाना अध्यक्ष अमित कुमार को भी संबंधित मामले के निष्पादन के लिए कई आवश्यक दिशा निर्देश दिए हैं।

# केंद्र व राज्य सरकार की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ ज़िला मुख्यालय आरा में प्रतिरोध मार्च निकाला गया

प्रात: किरण संवाददाता

आरा। महागठबंधन भोजपुर द्वारा करमतोड़ महँगाई, बेरोजगारी, सांप्रदायिक उन्माद, बाढ़, सुखाड़ सहित अन्य केंद्र व राज्य सरकार की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ ज़िला मुख्यालय आरा में प्रतिरोध मार्च निकाला गया एवं जनसभा किया गया। महागठबंधन का यह प्रतिरोध मार्च आरा रेलवे स्टेशन परिसर से निकल कर नवादा थाना, करमन टोला, मठिया मोड़, महावीर टोला, शहीद भवन चौक, नागरी प्रचारिणी, सिविल कोर्ट होते हुए जय प्रकाश नारायण जी की प्रतिमा का पास पहुँच कर जनसभा में तब्दील हो गया। प्रतिरोध मार्च का नेतृत्व राजद भोजपुर ज़िलाध्यक्ष वीरबल यादव ने की वहीं संचालन भाकपा माले के ज़िला सचिव जवाहर प्रसाद ने किया प्रतिरोध मार्च के दौरान आयोजित सभा को संबोधित करते हुए जगदीशपुर के राजद विधायक राम विशुन सिंह उर्फ. लोहिया ने कहा कि वर्तमान केंद्र की मोदी सरकार और बिहार की नीतीश सरकार के अंदर महँगाई, बेरोजगारी चरम पर है। महँगाई से हर घर त्रस्त है। लोगों की आमदनी घटती जा रही है और महँगाई दुगुनी दर से बढ़ती जा रही है। आज बिहार में एक तरफ बाढ़ की स्थिति बनी है तो दूसरी ओर सुखाड़ की स्थिति बनी है। किसानों की स्थिति चिंताजनक बनी हुई है और सूबे के मुखिया हाथ पर हाथ धरे बैठे हैं वहीं दूसरी ओर तरारी विधायक सुदामा प्रसाद ने कहा की अप्रत्याशित महँगाई, बेरोजगारी, बाढ़, सुखाड़, भ्रष्टाचार, सांप्रदायिक नफरत और उन्माद आज का सबसे बड़ा मुद्दा है। नौकरी के नाम पर नौटंकी चल रहा है। वहीं शाहपुर विधायक राहुल तिवारी ने कहा की देश का नौजवान आज अपने आप को ठगा महसुस कर रहा है। नौकरी के सवाल पर आंदोलनरत छात्रों को प्रताड़ित किया जा रहा है। हमारा यह संघर्ष सड़क से लेकर सदन तक चलता रहेगा वहीं आरा सदर के पूर्व विधायक मो. नवाज आलम उर्फ. अनवर आलम ने कहा की सांप्रदायिक उन्माद फैलाने वाली जदयू भाजपा की सरकार को उखाड़ फेकने की संकल्प लेनी होगी। कार्यक्रम में लालदास राय, राजू यादव, विधायिका किरण देव, पूर्व विधायक चंद्रदीप, पूर्व विधायक सरोज यादव, अनिल सम्राट, कयामुद्दीन अंसारी, रामबाबू पासवान, प्रमुख मुकेश सिंह यादव, भूपेंद्र यादव, जिप अध्यक्ष आशा देवी, अदीब रिजवी, कांग्रेस जिलाध्यक्ष त्रिवेणी सिंह, ज्योति, शिवकेश्वर, हीरा ओझा, आलोक रंजन, रुचि प्रिया, रजनीश यादव, दिलराज प्रीतम, मंटू शर्मा, जिप सदस्य धनंजय कुमार, जितेंद्र प्रताप सिंह, विनोद चंद्रवंशी, अनुराग पांडेय, अमित बंटी, अरुण यादव, शैलेन्द्र राम, भिखारी राम समेत कई उपस्थित थे।



# राजकीयकृत माध्यमिक विद्यालय मे प्रबंध समिति की बैठक व रंगारंग कार्यक्रम आयोजित

प्रात: किरण संवाददाता

सुलतानगंज (भागलपुर)। प्रखंड के नयागांव स्थित राजकीयकृत आदर्श उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में प्रबंध समिति के बैठक व रंगारंग कार्यक्रम आयोजित की गई इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक प्रो. ललित नारायण मंडल थे। कार्यक्रम में विधायक की उपस्थिति होने पर बारहवीं कक्षा की छात्रा प्रियंका एवं रूपम ने पुष्पगुच्छ प्रदान कर उनका भव्य स्वागत किया। बैठक के दौरान वैष्णवी, रोशनी एवं मीनाक्षी के द्वारा स्वागत गान गाकर मुख्य अतिथि का स्वागत किया गया। जिनके साथ हारमोनियम पर पवन कुमार पाठक ने संगत किया हैं। कार्यक्रम के मंच संचालन विद्यालय के संगीत शिक्षक पवन कुमार पाठक ने किये हैं।

विद्यालय के प्रधान राम नंदन ने विधायक प्रो. ललित नारायण मंडल को माल्यार्पण करते हुए अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया है। वही विधायक के साथ नयागांव के मुखिया संजीव विधान उपस्थित थे। उनका भी स्वागत रंजीत कुमार शर्मा ने किये। इसके साथ प्रबंध समिति के अन्य सदस्य दयानंद चौधरी, परमानंद चौधरी आदि के साथ अन्य गणमान्यों में सरोज कुमार, कुमैठा के मुखिया अनिल दास, राजा राम सिंह, बीजेपी के नगर अध्यक्ष अंशुमन मिश्रा आदि उपस्थित थे प्रबंध समिति के इस बैठक में विद्यालय के विकास हेतु अनेक मांगों जैसे जीर्ण-शीर्ण विद्यालय भवन का पुनरुद्धार, विद्यालय के मैदान में चारदीवारी का निर्माण, विद्यालय का ईंट से समतलीकरण, तथा नल जल योजना के तहत विद्यालय में पेयजल की समुचित व्यवस्था आदि मांगों का ज्ञापन विद्यालय प्रधान राम नंदन के आदेशानुसार मंच संचालक पवन कुमार पाठक ने विधायक को दिये। विधायक ने उपर्युक्त सभी मांगों को पूरे करने का आश्वासन दिये है। इसके अलावा विद्यालय के अन्य शिक्षकों में मनीष कुमार, रितु राती, दीप्ति मिश्रा, पंकज कुमार, राकेश कुमार, मिलिंद कुमार व बामेश्वर पासवान अन्य मौजूद थे।

# मोहर्रम पर्व को लेकर एसडीएम व एसडीपीओ की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक आयोजित

## आपसी भाईचारे व शांति व सौहार्द्र के बीच मनाए मोहर्रम:एसडीएम

प्रात: किरण संवाददाता

मुरलीगंज,मधेपुरा। जिले के मुरलीगंज थानां परिसर में शनिवार को आगामी मोहर्रम पर्व को लेकर सदर एसडीएम नीरज कुमार व एसडीपीओ अजय नारायण यादव की अध्यक्षता में शहर के बुद्धिजीवी जनप्रतिनिधि एवं प्रखंड के पंचायत प्रतिनिधि समेत मोहर्रम कमेटियों के साथ बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता सदर एसडीएम नीरज कुमार ने किया। बैठक में नीरज कुमार ने मोहर्रम कमेटियों के साथ मोहर्रम पर्व शांति व्यवस्था बनाए रखने एवं आपसी भाईचारा एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में पर मनाने को लेकर पर मनाने को लेकर विचार विमर्श किया गया। एसडीपीओ ने कहां के हुड़दंग ऊपर प्रशासन की पैनी नजर रहेगी वहीं आम जनों से भी अपील किया कि यदि वह हुड़दंग को देखते हैं तो प्रशासन का सहयोग कर सूचित करें। डीजे पर रहेगा पूर्ण प्रतिबंध,मोटरसाइकिल नही होंगे जुलूस में शामिल। परंपरागत होकर मनाएं मोहर्रम। एसडीएम नीरज कुमार ने बुद्धिजीवी एवं जनप्रतिनिधियों से अपील करते हुए कहा कि आपसी भाईचारा और सौहार्द के बीच शांति माहौल में मनाए मोहर्रम। चौक चलाओ प्रखंड क्षेत्र में शरीर चिन्हित जगहों पर मजिस्ट्रेट पुलिस बल की रहेगी तैनाती। संबंधित पदाधिकारी लेते रहेंगे प्रखंड क्षेत्र का जायजा। मौके पर अंचलाधिकारी मुकेश कुमार सिंह,राजस्व पदाधिकारी विजय प्रताप सिंह,कार्यपालक पदाधिकारी सुजीत कुमार, थानाध्यक्ष राजकिशोर मंडल,पुलिस पदाधिकारी एसआई धनेश्वर मंडल, भरत सिंह,एएसआई पीके वर्मा,उमाशंकर राय,प्रेमचंद नगर पंचायत के कनीय अभियंता ऋतुराज,प्रोङ्क नागेंद्र प्रसाद यादव,पार्षद डॉ मनोज कुमार,दिनेश मिश्र उर्फ बाबा,उपेंद्र आनंद,मोहम्मद रईस,मोङ्क आलम,जदयू नेता दयानंद शर्मा,सुरेंद्र यादव,सुनील मंडल,मोङ्क अनरारुल हक,मो. मंजूर, दिलीप खान,युवा नेता पवन यादव,उदय चौधरी, बजरंग दल के संयोजक अमित बिहारी, भाजपा युवा मोर्चा नगर अध्यक्ष राजीव जायसवाल, नगर महामंत्री सूरज जायसवाल, सरपंच प्रतिनिधि राजकुमार यादव,मुखिया प्रतिनिधि ,जिला प्रतिनिधि लक्ष्मण पासवान,विनोद गुप्ता समेत प्रखंड व नगरवासी मौजूद थे।



# तस्करी के लिए पिकअप पर लदे चार मवेशी बरामद, तस्कर फरार

गोपालगंज। जिले के उचकागांव थाना क्षेत्र के मकसूदपुर चैराहे के समीप पुलिस ने वाहन जांच के दौरान एक पिकअप पर क्रूरता से लाद कर तस्करी के लिए ले जाए जा रहे चार मवेशी बरामद कर लिए गए। इस दौरान तस्कर मौके से भागने में सफल रहा। बताया जा रहा है कि रविवार की सुबह थानाध्यक्ष सुभाष कुमार सिंह के निर्देश पर पुलिस पदाधिकारी मुकेश कुमार सिंह थाना क्षेत्र के मकसूदपुर चैराहे के समीप पशु तस्करी व शराब धंधेबाजी पर रोक लगाने के लिए वाहन जांच कर रहे थे। इसी दौरान उन्हें खरहरवा के तरफ से एक पिकअप गाड़ी आते देखाई दी। जिसे पुलिस ने तलाशी के लिए रोकने का इशारा किया गया। परंतु चालक कुछ दूर पहले ही पिकअप गाड़ी को रोककर मौके से फरार हो गया। जिसके बाद पुलिस द्वारा पिकअप की तलाशी लेने पर पिकअप गाड़ी पर क्रूरता दे लदे चार मवेशी बरामद किए गए। जिसे पुलिस ने जप्त कर लिया। मामले को लेकर पुलिस द्वारा जप्त पिकअप गाड़ी के चालक और वाहन मालिक के विरुद्ध पशु तस्करी को लेकर प्राथमिकी दर्ज करने के बाद मामले में जांच पड़ताल कर रही है।

# रेलवे पुलिस ने चोर को किया गिरफ्तार

प्रात: किरण संवाददाता

गया। रेलवे सुरक्षा बल के सउनि/ सनोज कुमार साथ आरक्षी शशि शेखर, आरक्षी अमित कुमार , आरक्षी विकास कुमार सभी टास्क टीम रेसुव पोस्ट गया को साथ लेकर समय करीब 01:00 बजे रेलवे फाटक एनओसी बगेश्वरी गुमटी के तरफ गस्त हेतु प्रस्थान किए, समय करीब 03.30 बजे लौटने के क्रम में गया रेलवे स्टेशन के पिलग्रिम साइडिंग के हावड़ा छोड़ पर अंधेरे में छुप कर बैठा दो व्यक्ति दिखा, जो हम सभी को अपनी ओर आता देख भागने लगे, जिसे बल की सहायता से पकड़ा गया तथा नाम पता पूछने पर अपना नाम पता ( 1 ) राहुल कुमार पिता- उमा शंकर प्रसाद , सा. टिकारी भेनरिया मोड , पोस्ट - चदौती , थाना - डेलहा , जिला - गया ( 2 ) आकाश कुमार , उम्र - वर्ष , पिता - दिलीप माला सा ० गबरा गोल बिगहा देवीस्थान , थाना कोतवाली , जिला - गया बताया। उक्त दोनों लड़का से स्टेशन परिसर में आने एवं अंधेरे में छुपकर बैठने का कारण पूछने पर कोई संतोषजनक जवाब नहीं दिए । तत्पश्चात मौके पर कोई स्वतंत्र गवाह मौजूद नहीं रहने के कारण उपस्थित गवाहों के समक्ष उक्त दोनों व्यक्तियों की बारी - बारी से जमा तलाशी लिया ( 1 ) राहुल कुमार का तलाशी लेने पर एक अदद एमआई कंपनी का मोबाइल जो पूर्ण लॉक अवस्था में पाया गया जिसके संबंध में पूछताछ करने पर बताया कि यह मोबाइल एक यात्री से चुराए है और इसमें लगा सिम को निकाल कर फेंक दिए तथा ( 2 ) आकाश कुमार का तलाशी लेने पर इनके पहने हुए पेंट के पैकेट से आधार कार्ड संख्या 681965110025 पाया ।



# अमृत महोत्सव पर आयोजित कार्यक्रम हर घर तिरंगा अभियान को सफल बनाने को लेकर की गई बैठक

प्रात: किरण संवाददाता

आरा। भारतीय जनता पार्टी आरा विधानसभा के तत्वावधान में राष्ट्रव्यापी कार्यक्रम आजादी के अमृत महोत्सव पर हर घर तिरंगा अभियान 13 से 15 अगस्त तक की सफलता को लेकर नगर अध्यक्ष जीतु चौरसिया के अध्यक्षता में जैन धर्मशाला जेल रोड आरा में बैठक आयोजित हुई। बैठक का संचालन नगर महामंत्री हैप्पी तिवारी ने किया।

कार्यक्रम की शुभारम्भ श्यामा प्रसाद मुखर्जी एवं दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर माल्यार्पण कर एवं वन्दे मातरम् गान से हुआ और आगत अतिथियों स्थानीय विधायक सह कृषि मंत्री अमरेन्द्र प्रताप सिंह, जिला प्रभारी टी एन सिंह, किसान मोर्चा पूर्व प्रदेश अध्यक्ष कामेश्वर सिंह को अंगवस्त्र एवं तिरंगा देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर कृषि मंत्री ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि आजादी के अमृत महोत्सव पर आयोजित कार्यक्रम हर घर तिरंगा अभियान को सफल बनाने के लिए हमसभी को कमर कसकर मैदान में उतर जाना है और राष्ट्र के मान सम्मान एवं स्वाभिमान के लिए हर घर तिरंगा अभियान को सफल बनाना है। सभी कार्यक्रमों को सफल बनाने के लिए हर घर तिरंगा को पहूंचाने के लिए टोलियां बनाकर घर घर जाकर निवेदन करना है कि 13 से 15 अगस्त तक आप अपने घरों पर तिरंगा फहराये देश की एकता अखंडता संप्रभुता की एकता के लिए अपनी एकता को प्रदर्शित करें। इसके साथ ही महिला मोर्चा द्वारा तिरंगा यात्रा, सभी मंच मोर्चा द्वारा पदयात्रा, युवा मोर्चा द्वारा मोटरसाइकिल तिरंगा यात्रा का आयोजन किया जाए और 14 फरवरी को भारत विभाजन पर भारत विभाजन विभिषिका स्मृति दिवस पर संगोष्ठी आयोजित कर इसमें समाज के सभी प्रभुत्व वर्गों को आमंत्रित कर सफल बनाने हेतु जनसंपर्क चलाया जाय। हम सभी सौभाग्यशाली है कि इस महती कार्यक्रम में सहभागी बनेंगे। कार्यक्रम पर धन्यवाद ज्ञापन ग्रामीण अध्यक्ष अजय सिंह ने किया।

इस अवसर पर मुन्ना कुशवाहा, संजय सिंह धर्मेन्द्र सिंह राजकुमार कुशवाहा सुशील मिश्र दिनेश सिंह प्रकाश सिंह संतोष पाण्डेय सुरेंद्र सिंह सोलंकी हैप्पी तिवारी रौबिन कुशवाहा मुन्ना सिंह सरोज सिंह सुगम सहाय चंदन पाण्डेय अरुण सिन्हा गुड्डू पासवान रविरंजन सुबोध वर्मा भानू दूबे मंटु सिंह मनीष गुप्ता नीरज सोनी रितेश वर्मा बलजीत सिंह अशोक सिंह रघुवर पासवान रानू चौरसिया जितेन्द्र सिंह कुमार गौतम श्रीवास्तव प्रियांशु दीवान विजय सिंह अश्विनी कुशवाहा, गौतम श्रीवास्तव, राकेश भाटिया देवेंद्र सिंह आदि उपस्थित थे।



# कटेया के युवक की करेंट लगने से दिल्ली में मौत

गोपालगंज। जिले के कटेया थाना क्षेत्र के तिवारी छपरा गांव के एक युवक की दिल्ली में करेंट लगने से मौत हो गयी। मृत युवक राजा पटेल का 35 वर्षीय पुत्र हरकेश पटेल बताया गया है। कंपनी में ड्यूटी के दौरान करेंट की चपेट आने से उसकी जान चली गयी। बताया जाता है कि हरकेश दिल्ली में एक प्राइवेट कंपनी में काम करता था। शुक्रवार को ड्यूटी करने कंपनी में गया था। काम करने के दौरान करेंट की चपेट आ गया।

हादसे के बाद तुरंत उसे नजदीकी अस्पताल में ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। कंपनी के पदाधिकारियों तथा वहां कार्यरत कामगारों द्वारा घटना की सूचना हरकेश के परिजनों को दी गयी।

# निरीक्षक न्यायाधीश द्वारा तिरंगा वितरित कर की गयी हर घर तिरंगा मुहिम की शुरूआत

प्रात: किरण संवाददाता

औरंगाबाद। पटना उच्च न्यायालय के निरीक्षी न्यायाधीश राजीव राय द्वारा औरंगाबाद जिला विधिक सेवा प्राधिकार के तहत आयोजित किये जा रहे हर घर तिरंगा मुहिम के तहत विभिन्न कार्यक्रमों का शुभारम्भ रविवार को प्राधिकार के प्रांगन में अर्द्ध विधिक स्वयं सेवकों को तिरंगा वितरित कर किया। निरीक्षी न्यायाधीश द्वारा तिरंगा वितरण के समय काफी हर्षोल्लास का वातावरण का अहसास हुआ। सभी पारा विधिक स्वयं सेवकों द्वारा निरीक्षक न्यायाधीश से तिरंगा पाकर काफी प्रोत्साहित नजर आयें, और इस अभियान की व्यापक सफलता तथा अपने क्षेत्र में इस अभियान को व्यापक तौर पर चलाने की बात कही। तिरंगा वितरण कार्यक्रम में प्रधान न्यायाधीश कृष्णकान्त त्रिपाठी, जिला एवं सत्र न्यायाधीश मनोज कुमार तिवारी, प्राधिकार के सचिव प्रणव शंकर उपस्थित रहें। अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह प्राधिकार के सचिव प्रणव शंकर ने बताया कि 13 अगस्त से 15 अगस्त तक मनाये जाने वाले आजादी के अमृतमहोत्सव के तहत हर घर तिरंगा अभियान को लेकर प्राधिकार कई कार्यक्रम आयोजित कर रहा है जिसकी शुरूआत रविवार से निरीक्षी न्यायाधीश के कर कमलों द्वारा तिरंगा वितरण कार्यक्रम से शुरूआत हुई है। सचिव ने आगे कहा कि हर घर तिरंगा कार्यक्रम के लिए जागरूकता लाने के उद्देश्य से दिनांक 08.08.2022 को व्यापक पैमाने पर तिरंगा रैली का आयोजन किया गया है, जिसमें जिला विधिक सेवा प्राधिकार, जिला प्रशासन, शिक्षा विभाग एवं एन0सी0सी0, स्काउट गाईडय तथा अन्य विभाग के लोग संयुक्त रूप से आयोजित तिरंगा रैली में शामिल होगें। यह तिरंगा रैली व्यवहार न्यायालय परिसर से शुरू होकर रमेश चैक होते हुए महाराणा प्रताप चौक तक जायेगी और पुनः व्यवहार न्यायालय में आकर समाप्त होगी। इसके उपरान्त प्राधिकार के स्वयं सेवक अपने-अपने क्षेत्र में घर घर जाकर तिरंगा लगाने हेतु लोगों को प्रेरित करेंगें और जागरूक करेंगें ।



# प्रारंभिक शिक्षक कल्याण संघ भोजपुर का गठन

प्रात: किरण संवाददाता

आरा। प्रारंभिक शिक्षक कल्याण संघ के जिला कार्यकारिणी समिति का गठन रेडक्रॉस सभागार, आरा में लोकतांत्रिक तरीके से किया गया। सभा की अध्यक्षता शैलेन्द्र कुमार सिंह एवं मंच संचालन महिपाल सिंह ने किया। सभा की शुरूआत विद्या की अधिष्ठात्री माँ सरस्वती एवं सरस्वती के वरद पुत्र डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन की तस्वीर पर पुष्प अर्पित करते हुए दीप प्रज्वलित कर किया गया। तत्तपश्चात मुख्य अतिथि संगठन के प्रदेशाध्यक्ष शशिरंजन सुमन एवं अन्य सभी राज्यस्तरीय संगठन प्रभारियों को अंगवस्त्र से सम्मानित कर शिक्षक जीवन प्रकाश द्वारा शानदार एवं जीवंत भाव से संकल्प पत्र का वाचन किया गया। पुनः सभी राज्य स्तरीय संगठन पदाधिकारीयों द्वारा सभा को संबोधित कर संघ के प्रारूप एवं कार्य की जानकारी दी गई।



# राखी मेकिंग प्रतियोगिता में सफल प्रतिभागियों को गुलनार समूह ने किया पुरस्कृत

प्रात: किरण संवाददाता

गया। मीर अबूसालेह रोड स्थित गुलनार निशुल्क महिला सिलाई सेंटर में रक्षाबंधन के मद्देनजर पिछले सप्ताह संपन्न हुए राखी मेकिंग प्रतियोगिता के सफल प्रतिभागियों को शनिवार को पुरस्कृत किया गया। प्रतियोगिता में निर्णायक मंडल के सदस्य आशा सिन्हा,नंदनी कुमारी एवं पूनम कुमारी ने सफल प्रतिभागियों में प्रथम स्थान पर प्रियंका कुमारी, द्वितीय स्थान पर सोनी देवी, तृतीय स्थान पर खुशी कुमारी एवं सांत्वना पुरस्कार के लिए ज्योति कुमारी,खुशबू कुमारी, नसरीन परवीन,ललिता कुमारी एवं पूनम कुमारी को चयनित किया गया। इस अवसर पर शहर के प्रसिद्ध दंत रोग चिकित्सक डॉ अभिषेक मृणाल एवं स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ डॉ चंद्र तारा मृणाल ने सफल प्रतिभागियों को उपहार भेंट कर प्रस्तुत किया। उन्होंने कहा कि भाई-बहन के परम पवित्र त्योहार रक्षाबंधन के उपलक्षय पर बहनों ने अपने हुनर का प्रदर्शन कर कलात्मक और आकर्षक राखियां तैयार कर प्रतिभा का लोहा मनवाया है। उक्त आशय की जानकारी देते हुए गुलनार समूह के संस्थापक नीरज कुमार ने बताया कि पिछले सप्ताह दो दिवसीय राखी मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था।



# महावीरी अखाड़ा जुलूस में डीजे बजाना पड़ा महगा

गोपालगंज। जिले के कुचायकोट थाना क्षेत्र के हेम बरदाहा में महावीरी अखाड़ा जुलूस के दौरान प्रशासन के मनाही के बावजूद डीजे बजाना डीजे संचालक को महंगा पड़ गया। शनिवार के दिन कुचायकोट थाना क्षेत्र के हेम बरदाहा में डीजे जप्त करने के बाद मामले में कुचायकोट प्रशासन द्वारा कुचायकोट थाने में महावीरी अखाड़ा जुलूस के लाइसेंस धारी और डीजे संचालक के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराई थी। जिसके बाद हरकत में आए पुलिस द्वारा उचकागांव पुलिस के सहयोग से थाना क्षेत्र के साथी गांव में छापेमारी कर आरोपित संतोष डीजे के संचालक को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस द्वारा गिरफ्तार किए गए आरोपित डीजे संचालक की पहचान थाना क्षेत्र के साथी गांव के संतोष सिंह के रूप में की गई है।

# जदयू सभी समाज को ले कर और प्रतिनिधित्व तय करवाने वाली बिहार की एकमात्र पार्टी रही है : डॉ. चन्दन कुमार यादव

प्रात: किरण संवाददाता

गया। रामचंद्र प्रसाद सिंह के रहते पार्टी में यादव नेताओं को उपेक्षित किया गया, उनके कार्यकाल में बस वैसे लोगों को जगह मिला जो उनके इर्दगिर्द वाले थे वो उनके इस्तीफे के बाद से पार्टी को 15 अलग - अलग व्यक्तियों के इस्तीफे से ही समझा जा सकता है।

उनके कार्यकाल में किसी यादव नेता को तरहीज नहीं दिया गया है जब कि सर्वविदित है कि बिहार में समता पार्टी के समय से सभी समाज को ले कर पार्टी का गठन किया गया बल्कि यह उदाहरण है कि जनता दल यूनाइटेड के तत्काल राष्ट्रीय अध्यक्ष शरद यादव जी के पार्टी संविधान के अनुसार कार्यकाल पूरा होने के बाद, बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार जी ने पार्टी संविधान में संशोधन कर पटना के श्री कृष्ण मेमोरियल हॉल में उनके राष्ट्रीय अध्यक्ष का प्रस्ताव रखा था और पार्टी के सर्वसम्मति से शरद यादव को पार्टी का राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाया गया था, मगर जैसे ही आरसीपी सिंह संगठन में आये वैसे सभी लोग जिनकी आस्था बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के प्रति थी सभी को किनारा कर अपने परिक्रमा वाले लोगों को बड़े - बड़े दाइत्व देते चले गए जिसमें सब से ज्यादा उपेक्षा यादव समुदाय को किया गया है, आरसीपी सिंह के कार्यकाल में जितने भी पार्टी की कमिटी बनाये गए उससे सब पता चलता है कि उन्हें यादव समुदाय से कितनी नफरत थी,

जब कि बिहार के लोकप्रिय मुख्यमंत्री नीतीश कुमार सभी समाज के लिए समान भाव रखते है वो उनके कार्यकाल और वर्तमान के कार्यकाल में पार्टी नेताओं के सूची से देखा जा सकता और किस प्रकार से सभी समाज के लोगों के प्रतिनिधित्व बिहार विधानसभा , बिहार विधानपरिषद देश के सर्वोच्च सदन राज्य सभा और लोकसभा में हो इसके लिए जदयू उदाहरण रहा है। जनता दल यूनाइटेड और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आरसीपी सिंह को 12 साल राज्य सभा में रखा और संगठन के सर्वोच्च पद राष्ट्रीय अध्यक्ष तक बनाया जिसके चलते वो सभी जदयू और बिहार के सर्वमान्य नेता के स्वभाव के विपरीत जा कर केंद में मंत्री तक बन गया, उन्हें जरा भी ख्याल नहीं रहा कि हमारे नेता सभी के प्रतिनिधित्व में विश्वास रखते है ।



# महंगाई के विरोध में महागठबंधन का प्रतिरोध मार्च, सड़क पर उतरे दिग्गज

## हजारों की संख्या में जुटे कार्यकर्ता, सरकार के खिलाफ बोला हमला



पटना, प्रात : किरण संवाददाता

महागठबंधन के द्वारा पूर्व घोषित कार्यक्रम के अनुसार आज अपनी मांगों को लेकर सम्पूर्ण बिहार के जिला मुख्यालयों पर प्रतिरोध मार्च आयोजन के आलोक में पटना जिला महागठबंधन ने भी अपनी मांगों को लेकर नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव के नेतृत्व में जिला के विधायकों तथा हजारों की संख्या में नेता एवं कार्यकर्ता प्रतिरोध मार्च सगुना मोड़ से रोड शो करते हुए बेली रोड, आयकर गोलंबर स्थित लोकनायक जयप्रकाश नारायण जी के आदमकद प्रतिमा पर नेता प्रतिपक्ष द्वारा माल्यार्पण किया। साथ ही सगुना मोड़ से डाकबंगला चैराहा आने के क्रम में जगह-जगह हजारों लोगों ने माननीय नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव का स्वागत किया, जिसके कारण सगुना मोड़ से डाकबंगला चैराहा तक आने में चार घंटे का समय लगा। नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव ने संबोधित करते हुए कहा कि देश और बिहार में डबल इंजन की सरकार ने पूर्व में किये गये अपने वादे को पूरा करने में नाकाम रही है, जिसके कारण बिहार में सबसे ज्यादा बेरोजगारों की संख्या है। आज कमरतोड़ महंगाई, बेरोजगारी, बाढ़ और सुखाड़ से बिहार की जनता त्रस्त है। बिहार में आये दिन अतिक्रमण के नाम पर बुलडोजर से गरीबों का घर उजाड़ा जा रहा है, जो हिटलरशाही कदम है। महागठबंधन हमेशा से किसानों, मजदूरों, नौजवानों

● मार्च सगुना मोड़ से शुरू होकर डाकबंगला चैराहा तक पहुंचा

एवं महिलाओं के अधिकार के लिए हमेशा से लड़ता रहा है। प्रतिरोध मार्च की अध्यक्षता पटना जिलाध्यक्ष देवमुनी सिंह यादव तथा संचालन पटना जिला प्रवक्ता मृत्युंजय कुमार यादव ने किया। प्रतिरोध मार्च में माननीय प्रदेश अध्यक्ष जगदानन्द सिंह, पूर्व सांसद विजय कृष्ण, राष्ट्रीय महासचिव श्याम रजक, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष उदय नारायण चौधरी, प्रदेश उपाध्यक्ष वृषिण पटेल, डॉ तनवीर हसन, विधान पार्षद डॉ सुनील कुमार सिंह, विधायक डॉ रामानंद यादव, भाई वीरेन्द्र, रीतलाल राय, विजय प्रकाश, रेखा देवी, संदीप सौरभ, गोपाल रविदास, मुन्नी रजक, सत्यपाल यादव, रामबाबू कुमार, पूर्व विधायक शक्ति सिंह यादव, राजेश यादव, सीपीआई नेता सर्वोदय शर्मा, मनोज कुमार, मनोज चन्द्रवंशी, दीनानाथ सिंह यादव, अनिल कुमार साधु, के डी यादव, अरूण शर्मा, फैयाज आलम कमाल, मदन शर्मा, निर्भय अम्बेदकर, डॉ कुमार राहुल सिंह, भाई अरूण कुमार, खुर्शीद आलम सिद्दिकी, पृथ्वीराज चैहान, ई संजय यादव, मोहन प्रसाद, डॉ उर्मिला ठाकुर, मीरा यादव, शेखर यादव, जेम्स कुमार यादव, ई अर्जुन यादव, पंकज यादव, पप्पू राय, अफरोज आलम, वृजनंदन सहाय, उज्जवल यादव, विक्की यादव, महेश चन्द्रवंशी, शशिरंजन, भाग्य भारती, मंजू दास सहित हजारों महागठबंधन के नेता-कार्यकर्ता भाग लिये। राजद पटना जिलाध्यक्ष देवमुनी सिंह यादव की अध्यक्षता में एक प्रतिनिधिमंडल ने जिलाधिकारी पटना को अपना ज्ञापन सौंपा।

## विरोध प्रदर्शन में दमखम से उतरे कांग्रेसी

### महंगाई, बेरोजगारी के मुद्दें पर केंद्र को अपना रवैय्या सुधारना होगा: मदन मोहन झा



पटना। बिहार में महागठबंधन के द्वारा आहूत भीषण महंगाई, बेरोजगारी और आवश्यक वस्तुओं पर बढ़ते जीएसटी के खिलाफ विरोध प्रदर्शन में बिहार कांग्रेस पूरे दमखम के साथ सड़कों पर उतरी। प्रदेश अध्यक्ष डॉ मदन मोहन झा के नेतृत्व में सैंकड़ों कांग्रेसजन इनकम टैक्स गोलंबर से डाकबंगला चौराहे तक सुबह से सड़कों पर अपनी दमदार उपस्थिति दिखाई। बिहार प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष डॉ मदन मोहन झा ने कहा कि केंद्र सरकार पूरी तरह से निरंकुश होकर आम जनता को कयकन का काम कर रही है। देश में जब से भाजपा सत्ता में आई तबसे उसने देश में अपने पूंजीपति मित्रों के हिसाब से नियम कानून बनाने का काम किया है। लोकतांत्रिक देश में आम लोगों को ही प्रताड़ित किया जा रहा है। रसोई गैस सिलिंडर के बाद अब आटा-चावल पर अतिरिक्त टैक्स लगाकर आम लोगों का निवाला छिनने का प्रयास किया जा रहा है। भीषण महंगाई के खिलाफ महागठबंधन आज बिहार की सड़कों पर विरोध प्रदर्शन में उतरी है और कांग्रेस पार्टी भी जनविरोधी केंद्र सरकार के खिलाफ सड़क से लेकर सदन तक विरोध दर्ज कराती रही है। इस विरोध प्रदर्शन में प्रदेश अध्यक्ष डॉ मदन मोहन झा के अलावे विधायक शकील अहमद खान, राजेश राम, ब्रजेश पांडेय, मीडिया विभाग के चेयरमैन राजेश राठौड़, इजहारुल हुसैन, छत्रपति यादव, कुमार आशीष, पूर्व विधान पार्षद लालबाबू लाल, नागेंद्र कुमार विकल, प्रवीण कुशवाहा, अशोक गगन, पटना ग्रामीण अध्यक्ष शशि रंजन यादव, सत्येंद्र बहादुर सिंह, डॉ स्नेहाशीष वर्धन पांडेय, मृगेंद्र सिंह, ज्ञान रंजन, चुन्नू सिंह, सन्तोष श्रीवास्तव, कमलदेव नारायण शुक्ल, सुधा मिश्र, राजीव मेहता, शशिकांत तिवारी, वशी अख्तर, जितेंद्र सिंह, कुंदन गुप्ता, सरदार हीरा सिंह बग्गा, मुकुल यादव, विमलेश तिवारी, अनिता कुमारी, निधि पांडेय, ईशा यादव, अली, विवेक पटेल, मनजीत जी समेत सैंकड़ों कांग्रेसजन शामिल रहें।

## प्रतिरोध मार्च अप्रत्याशित रूप से सफल : शिवानंद



पटना। राजद के वरिष्ठ नेता शिवानंद तिवारी ने महाबगठबंधन द्वारा आयोजित प्रतिरोध मार्च को सफल बताया है। श्री तिवारी ने कहा है कि प्रतिरोध मार्च अप्रत्याशित रूप से सफल रहा। ईमानदारी की बात है कि मुझे ऐसी भागीदारी की उम्मीद नहीं थी। स्वाभाविक है कि राजद के सामाजिक आधार वाले समूह के लोग तो थे ही। लेकिन हर तबके के लोगों की इस मार्च में शिरकत थी। महंगाई ने मध्य और निम्न मध्य वर्ग के जीवन को दुभर बना दिया है। संभवतः आज के मार्च को उन्होंने अपना विरोध जताने का जरिया बना लिया था। संभवतः मार्च के अप्रत्याशित रूप से सफल होने की यही वजह रही। सत्ताधारी गठबंधन प्रतिरोध मार्च को असफल और जनता द्वारा नकार दिए जाने का बयान देने की औपचारिकता को तो निभाएगा ही। लेकिन सच्चाई तो यह है कि आज के कार्यक्रम की सफलता ने उनको रात में करवट बदलने पर तो जरूर मजबूर कर दिया है।

## सिलेंडर लेकर महंगाई का किया विरोध : भाई अरुण



पटना। राष्ट्रीय जनता दल के प्रदेश महासचिव भाई अरुण कुमार ने बताया कि राष्ट्रीय जनता दल एवं महागठबंधन दलों के आवाहन पर, महंगाई बेरोजगारी सुखाड़, बाढ़ आदि मांगों को लेकर पूरे बिहार में जो प्रदर्शन हुआ वह पूरी तरह सफल एवं प्रभाव कारी रहा पटना में नेता प्रतिपक्ष के नेतृत्व में सगुना मोड़ से डाकबंगला तक प्रतिरोध मार्च किया गया जिसमें राजद के सभी बड़े नेताओं ने हिस्सा लिया हिस्सा लेने वाले पूर्व मंत्री तेज प्रताप यादव श्याम रजक वृषण पटेल उदय नारायण चौधरी भाई बिरेंद्र रीतलाल यादव समेत अन्य गणमान्य व्यक्ति भी प्रतिरोध मार्च में हिस्सा लिया। वहीं, राष्ट्रीय जनता दल के प्रदेश महासचिव भाई अरुण कुमार के नेतृत्व में राष्ट्रीय जनता दल के नेत्री नसीमा जमाल राजद के प्रदेश सचिव सरदार रंजीत सिंह मनोज यादव उपेंद्र चंद्रवंशी ओम प्रकाश चौटाला पुदीना रविदास ओम प्रकाश पासवान ने गैस सिलेंडर लेकर प्रदर्शन किया और नारा लगाया रोको महगी बांधो दाम नहीं तो होगा चक्का जाम जो सरकार महंगाई ना रोके वह सरकार बदलनी है आदि नारे लगाते हुए इनकम टैक्स गोलंबर एवं डाक बंगला चौराहा तक गई और केंद्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी की।

## संक्षिप्त खबरें

### नेता प्रतिपक्ष ने अंतिम सोमवारी पर भगवान शिव की उपासना की

पटना। राजद के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद, पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी, नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव, पूर्व मंत्री एवं विधायक तेजप्रताप यादव, राज्यसभा सांसद मीसा भारती ने पवित्र सावन माह के अंतिम सोमवारी पर भगवान शिव की उपासना की और आशा व्यक्त किया कि भगवान शिव की कृपा हमसब पर बनी रहेगी उनकी कृपा और आशीर्वाद से राज्य एवं देशवासियों का कल्याण होगा। देश एवं राज्य विकास, प्रगति की ऊंचाई पर पहुंचेगा। हर तरफ अमन, चैन, सुख, शांति एवं समृद्धि का वास होगा। हर घर मे खुशियों की नई किरण पहुंचे, हर तरफ खुशियां ही खुशियां हो ऐसी मेरी मनोकामना है। उन्होंने ने इस अवसर पर देश, विदेश से आये लाखों कांवर यात्रियों की मनोकामना को भगवान शिव पूरी करें इसके लिये भी ईस्वर से प्राथना की।

### अंतिम सोमवारी को लेकर पटना में 25 मजिस्ट्रेट तैनात

पटना। सावन के अंतिम सोमवार को पटना जिले के प्रमुख शिव मंदिरों में अधिक भीड़ होने की संभावना है। इसलिए प्रमुख मंदिरों व मजिस्ट्रेट और अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती की गई है। पटना जिले में कुल 25 मजिस्ट्रेट एवं डेढ़ सौ पुलिसकर्मी मंदिरों में तैनात किए गए हैं। पटना शहर के बड़े मंदिर पर मजिस्ट्रेट और पुलिस बल सुबह 5:00 बजे से ही तैनात रहेंगे जिसमें महावीर मंदिर रेलवे स्टेशन तथा राजबंशी नगर प्रमुख हैं। बैकटपुर और बाढ़ मंदिर में विशेष व्यवस्था की गई है। जिला नियंत्रण कक्ष में भी चार मजिस्ट्रेट की ड्यूटी लगाई गई है जो हर मंदिर की गतिविधियों पर नजर रखेंगे। इसके अलावा सभी थाना प्रभारियों को सोमवार को होने वाली भीड़ को देखते हुए अलर्ट कर दिया गया है। जिलाधिकारी की ओर से जारी निर्देश में कहा गया है कि सभी थानेदार अपने-अपने क्षेत्र में भीड़भाड़ वाले इलाके पर नजर रखेंगे। किसी प्रकार की सूचना होने पर जिला नियंत्रण कक्ष को जरूर देंगे।

### गांधी मैदान में इस बार दिखेगी कांवरिया सर्किट पर झांकी

पटना। गांधी मैदान में स्वतंत्रता दिवस पर इस बार कांवरियां सर्किट दिखेगा। इसके अलावा प्रदेश में हाल के वर्षों में बनाए गए महत्वपूर्ण भवनों को भी दिखाया जाएगा। नौ विभाग झांकी दिखाने की तैयारी कर रहे हैं। मद्य निषेध, उत्पाद एवं निबंधन विभाग की ओर से मद्यनिषेध के लिए नवीन तकनीक का उपयोग पर झांकी दिखाई जाएगी। पर्यटन निदेशालय द्वारा कांवरियां सर्किट एवं गांधी सर्किट, महिला एवं बाल विकास निगम द्वारा माहवारी स्वच्छता प्रबंधन, कृषि निदेशालय द्वारा सात निश्चय-2 के अंतर्गत हर खेत को पानी के लिए पक्का चेक डैम का निर्माण, निदेशक सह राज्य अग्निशमन पदाधिकारी कार्यालय द्वारा अग्नि सुरक्षा एवं अग्नि निवारण पर झांकी दिखाई जाएगी। उपेंद्र महारथी शिल्प अनुसंधान संस्थान द्वारा बिहार में औद्योगिक प्रोत्साहन एवं निवेश, बिहार शिक्षा परियोजना परिषद द्वारा शिक्षित बालिका सशक्त नारी, सशक्त होती पीढ़ी-दर-पीढ़ी, जीविका द्वारा जीविका महिला सशक्तीकरण के 15 साल विषय पर झांकी दिखायी जानी है। इसी प्रकार सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, भवन निर्माण विभाग द्वारा निर्मित महाबोधि कन्वेंशन सेंटर बोधगया, प्रकाश पुंज भवन पटना, अंजुमन इस्लामिया भवन पटना के भवनों की प्रतिकृति को विकास एवं सहिष्णुता बिहार की विविधता के स्लोगन वाक्य के साथ प्रदर्शित किया जाएगा।

## शहरी विकास राज्य मंत्री कौशल किशोर से मिले मांझी

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

हिन्दुस्तानी अवाम मोर्चा (से) के राष्ट्रीय संरक्षक एवं बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री जीतन राम मांझी ने दिल्ली में शहरी विकास राज्य मंत्री कौशल किशोर से मिलकर बोधगया विकास प्राधिकरण बनाने की मांग उठाई है। पार्टी के राष्ट्रीय प्रधान महासचिव दानिश रिजवान ने बताया कि मांझी ने मंत्री कौशल किशोर से अनुरोध करते हुए कहा कि भारत में जितने लोग ताजमहल घुमने आते हैं, तकरीबन उतने लोग हर वर्ष बोधगया आते हैं और वहां अपनी आस्था प्रकट करते हैं। इसलिए उस क्षेत्र के विकास को लेकर सबकी चिंता होनी चाहिए। पुर्व की सरकारो ने तो इस ओर ध्यान नहीं दिया पर बोधगया के लोगों को नरेन्द्र मोदी के सरकार पर पूरा भरोसा है। इसलिए अविलंब बोधगया के विकास के लिए बोधगया विकास प्रधिकरण



● बोधगया विकास प्राधिकरण बनाने की उठाई मांग

बनाने का आदेश दिया जाए जिसके आलोक में मंत्री ने अधिकारियों को निर्देशित किया। डॉ दानिश रिजवान ने बताया कि पटना में मेट्रो के कार्य के लेटलतीफी को लेकर मांझी ने मंत्री के समक्ष अपनी चिंता जाहिर की जिसके उपरांत उन्होने 2024 तक पटना मेट्रों के एक स्टेशन को खोलने की बात कही है।

## संत कवि तुलसी भारतीय चेतना और दर्शन के अद्भुत भाष्यकार

● प्रबुद्ध हिंदू समाज की ओर से मनायी गई तुलसी जयंती

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

महाकवि तुलसीदास भारतीय चेतना और दर्शन के अद्भुत भाष्यकार हैं। वे उपदेश नहीं देते, बल्कि अपने सजीव पात्रों के माध्यम से समाज को एक ऐसा प्रतीक देते हैं, जो मानव-समुदाय के लिए आदर्श और जीवन का पाथेय बन जाता है। तुलसी काव्य-संसार के एक ऐसे महापुरुष हैं, जिन्होंने भारतीय मनीषा के उस रूप को प्रतिपादित किया जिसमें यह कहा गया है कि, कवि देव होते हैं। उन्होंने अपने विश्व-विख्यात महाकाव्य रामचरित मानस के माध्यम से लोक-नायक कवि के रूप में साहित्य-संसार में प्रतिष्ठा पायी। यह बातें रविवार को पटेल नगर स्थित देव पब्लिक स्कूल में प्रबुद्ध हिंदू समाज की ओर से आयोजित तुलसी जयंती समारोह का उद्घाटन करते हुए बिहार हिन्दी साहित्य सम्मेलन के अध्यक्ष डॉ.



अनिल सुलभ ने कही। डॉ. सुलभ ने कहा कि गोस्वामी जी का आध्यात्मिक और साहित्यिक व्यक्तित्व, जीवन की भीषण पीड़ा और संघर्ष के अग्नि-सागर से निकल कर सृजित हुआ था और उन्हें आत्म-साक्षात्कार की शीर्ष उपलब्धि प्राप्त थी। आयोजन के मुख्य अतिथि ई राधाकांत मिश्र ने कहा कि तुलसी की अलौकिक आध्यात्मिक शक्तियाँ प्राप्त थीं। अन्यथा वे जीवन के विकट-संग्राम के बीच वे मानस की रचना नहीं कर पाते। इस अवसर पर कवि शंकर शरण मधुकर, डॉ. मनोज कुमार, डॉ. मनोज गोवर्द्धनपुरी, रंजन कुमार मिश्र, ई महेन्द्र शर्मा, अधिवक्ता अभयानंद केशरी, अजय कुमार सिंह, सुरेश कुमार देव, अमित कुमार सिंह, साकेत स्वरित ने भी संत कवि को भावांजलि अर्पित की। प्रबुद्ध हिंदू समाज के अध्यक्ष डॉ. जनार्दन प्रसाद सिंह की अध्यक्षता में आयोजित इस समारोह में आगत अतिथियों का स्वागत समाज के महासचिव आचार्य पांचु राम ने किया। मंच का संचालन विद्यालय के निदेशक डॉ. दिनेश कुमार देव ने किया।

## चेहरे पर मुस्कान और नम आंखों के साथ संपन्न हुआ सायोनारा

पटना, प्रात : किरण संवाददाता




नवीन राजकीय पॉलीटेक्निक पटना-13 के प्रांगण में शनिवार को संस्थान के 2019-22 बैच के छात्र छात्राओं का विदाई समारोह उनके जूनियर्स द्वारा आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ संस्थान के प्राचार्य डॉ चंद्रशेखर सिंह तथा शिक्षकों डॉ आर एन सिंह, डॉ के.एल पुष्कर, प्रो अनुराधा कृष्णा और डॉ अनुपमा द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। प्राचार्य ने अपने संबोधन में छात्र छात्राओं को बधाई देते हुए उनके सफल करियर एवं बेहतर भविष्य हेतु मार्गदर्शन प्रदान किया। डीन (एकेडमिक) डॉ के एल पुष्कर ने जीवन के एक पड़ाव को सफलतापूर्वक पूर्ण करने के लिए बधाई दी। डॉ आर एन सिंह ने ज्ञान के साथ संस्कारों के महत्व को बताते हुए उत्साहवर्धन किया। इस मौके पर सीनियर छात्र छात्राओं को प्रतीक के रूप में स्मृति चिन्ह प्रदान किया गया। जूनियर छात्र छात्राओं ने नृत्य, संगीत, ड्रामा और कॉमेडी की अनुपम प्रस्तुति देकर सबका मन मोह लिया। संस्थान के शिक्षक प्रो. विकास कुमार, प्रो. शंभु कुमार और प्रो. सौरभ कुमार ने छात्र छात्राओं की मांग पर अपनी प्रस्तुति दी। मंच का संचालन आरती, ऋतिक, हर्ष, दीपश्री, स्वाति, विवेक, अनिकेतन और अभिषेक ने सफलतापूर्वक किया। उक्त कार्यक्रम में परिवार के सभी सदस्यों ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया और इसे सफल बनाया।

## बिहार के बुनकर और शिल्पी राज्य की ताकत : उपमुख्यमंत्री

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

राष्ट्रीय हथकरघा दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उपमुख्यमंत्री तारकिशोर प्रसाद ने कहा कि बिहार सरकार बुनकरों और शिल्पियों के जीवन में बदलाव के लिए कृतसंकल्पित है। भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने आत्मनिर्भर भारत के लिए कदम बढ़ाते हुए वोकल फॉर लोकल पर ध्यान देने को कहा है। स्वदेशी ही स्वालंबन का आधार है। उन्होंने कहा कि कोरोना महामारी की वैश्विक चुनौती के दौरान स्थानीय उत्पादों ने नई दिशा दी है। उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता संग्राम में विदेशी चीजों का बहिष्कार के अभियान में हथकरघा से जुड़े बुनकरों का बड़ा योगदान रहा है। जिनके बदौलत आजादी की लड़ाई को धार मिला, वे बुनकर और शिल्पी राज्य की ताकत हैं। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के कुशल मार्गदर्शन में राज्य में स्थानीय बुनकरों एवं हथकरघा उद्योग से जुड़े शिल्पियों के जीवन में खुशहाली के लिए सरकार ने अपनी प्रतिबद्धता को साबित किया है। हैंडलूम एंड हैंडीक्राफ्ट हाट भी बिहार के बने बेहतरीन उत्पादों को बड़े



बाजार तक पहुंचाने की एक बेहतर कोशिश है। बिहार सरकार की निरंतर कोशिश रही है कि बिहार में नए उद्योग लगे, जो बिहार के उद्यमी हैं, उन्हें बेहतर माहौल मिले ताकि वे बेहतर कार्य कर सकें, जिससे अधिक-से-अधिक रोजगार के अवसर सृजित हो सकें। इसके अच्छे परिणाम मिल रहे हैं। उन्होंने कहा कि हथकरघा बुनकरों को कार्यशील पूंजी उपलब्ध कराने की योजना हो या विद्युत करघा अनुदान हो, सरकार ने बुनकरों को सहूलियतें प्रदान की हैं। बिहार सरकार ने हैंडलूम मार्क निबंधन की योजना शुरू करके उन्हें सहूलियत दी हैं। उन्होंने कहा कि केंद्र प्रायोजित बुनकर मुद्रा योजना के माध्यम से हथकरघा बुनकरों को क्रेडिट जरूरतों को पूरा करने हेतु अनुदानित ब्याज दर पर वित्तीय सहायता प्रदान किया जा रहा है। बिहार के सभी जिलों के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में योजना लागू की गई है। उप मुख्यमंत्री ने राष्ट्रीय हथकरघा दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि राज्य सरकार बुनकर समाज के लोगों जीवन में बदलाव लाने एवं उनकी खुशहाली और समृद्धि के लिए प्रतिबद्धता के साथ काम कर रही है। उक्त अवसर पर उप मुख्यमंत्री रेणु देवी, उद्योग मंत्री शाहनवाज हुसैन, स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडे, अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री मो जमा खान, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव दीपक कुमार, मुख्य सचिव मो आमिर सुबहानी, अपर मुख्य सचिव एस सिद्धार्थ, अपर मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत, उद्योग विभाग के प्रधान सचिव संदीप पौन्ड्रिक, बिस्कोटेक के अध्यक्ष उपस्थित थे।

## विस अध्यक्ष विजय कुमार सिन्हा हुए कोरोना संक्रमित



पटना, प्रात : किरण संवाददाता

बिहार विधानसभा के अध्यक्ष विजय कुमार सिन्हा कोरोना संक्रमित हो गए हैं। विजय कुमार सिन्हा ने अपने कोरोना संक्रमित होने की जानकारी को ट्विटर पर दी है। स्पीकर विजय कुमार सिन्हा ने अपने कोरोना संक्रमित होने की जानकारी ट्वीट करते हुए दी है। उन्होंने लिखा है कि तबीयत खराब होने के बाद कोरोना की जांच कराई थी जांच रिपोर्ट पॉजिटिव आने के बाद वह आइसोलेशन में चले गए हैं।

## प्रतिरोध मार्च ऐतिहासिक व सफल रहा : गगन

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

पटना। महंगाई, बेरोजगारी, सुखाड़, बाढ़, भ्रष्टाचार, शिक्षा, स्वास्थ्य सहित जन सारोकार से जुड़े मुद्दों को लेकर नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव के नेतृत्व में महागठबंधन द्वारा आयोजित आज के प्रतिरोध मार्च को ऐतिहासिक रूप से सफल बनाने के लिए राजद प्रवक्ता चित्तरंजन गगन ने समस्त बिहार वासियों को कोटि कोटि बधाई दी है। राजद प्रवक्ता ने कहा कि आज के प्रतिरोध मार्च में आम लोगों की भागीदारी अपेक्षा से कहीं ज्यादा हुई है। पटना सहित राज्य के सभी जिला मुख्यालयों पर आयोजित आज के कार्यक्रम में आमलोग और विशेषकर युवा वर्ग की भागीदारी और चेहरे पर झलक रहे आक्रोश से स्पष्ट हो गया है कि आम जनता में सरकार के प्रति



जबरदस्त आक्रोश है। और लोग तेजस्वी यादव के नेतृत्व में बिहार का भविष्य देख रहे हैं। राजद प्रवक्ता ने कहा कि आज के इस प्रतिरोध मार्च से भाजपा के उन बड़बोले नेताओं को भी स्पष्ट संदेश मिल गया है जो यह दावा कर रहे थे कि केवल भाजपा हीं रह जाएगी और अन्य सभी दल समाप्त हो जाएंगे।

## प्रतिरोध मार्च पूरी तरह फेल रहा : राजीव रंजन

पटना। भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष राजीव रंजन ने दावा किया है कि रविवार को निकला महागठबंधन का प्रतिरोध मार्च फेल रहा। उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार से अर्जित अपनी अकूत संपत्ति बचाने के लिए राजद द्वारा निकाले गए प्रतिरोध मार्च का जनता ने ही विरोध कर दिया। राजधानी में भले ही थोड़ी भीड़ जुटी हो लेकिन राज्य के बाकी हिस्सों में यह मार्च महज रस्म अदायगी साबित हुई है। बहरहाल इस मार्च से तेजस्वी ने परिवार के अन्य सदस्यों को यह साफ सन्देश दे दिया है कि लालू जी के बाद राजद का नया बॉस कौन है। उन्होंने कहा कि तेजस्वी भले ही आज की इस सियासी नौटंकी को सरकार के विरुद्ध बताएं लेकिन जनता अच्छे से जानती है कि तेजस्वी का यह प्रतिरोध मार्च वास्तव में परिवार के अन्य सदस्यों के लिए राजद प्रमुख की कुर्सी तक पहुंचने में अवरोध है। इस मार्च के जरिये महाठगबंधन के अन्य दलों को जुटाकर तेजस्वी ने परिवार के अन्य सदस्यों विशेषकर तेजप्रताप यादव को सीधी चुनौती दे दी है, जिसका परिणाम आने वाले समय में दिखाई देगा।

**जयंती** | तुलसी जयंती के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में बोलें उपमुख्यमंत्री

## सनातन संस्कृति पद्धति ही सफल और समृद्धियुक्त जीवन का उत्कृष्ट माध्यम : तारकिशोर

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

बापू सभागार में तुलसी जयंती के अवसर पर सनातन संस्कृति चेतना परिषद् के तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बिहार के उपमुख्यमंत्री तारकिशोर प्रसाद ने कहा कि सनातन जीवन पद्धति और आचार-व्यवहार ही सफल, सेहतमंद एवं समृद्धियुक्त जीवन का उत्कृष्ट माध्यम है। उन्होंने कहा कि हम उसी अनूठी सनातन संस्कृति के वंशज हैं। सनातन पद्धति और संस्कृति को देश की चेतना के केंद्र में लाने के लिए उसे भारतवर्ष का अग्रणी एवं उच्चतम आदर्श बनाने के लिए आत्ममंथन और आत्म विवेचना की जरूरत है। उन्होंने कहा कि प्राचीन सनातन संस्कृति को पूर्व के काल खंडों में विदेशी आक्रमणकारियों ने ठेस पहुंचाया, परंतु उस दौर में तुलसीदास ने रामचरितमानस की रचना करके प्रभु श्री राम को मयार्दा पुरुषोत्तम के रूप में प्रतिस्थापित किया। भाई, पुत्र पति,




सखा, शिष्य, गुरुजन के प्रति व्यवहार सहित प्रभु श्री राम के जीवन के एक-एक प्रसंगों एवं पहलुओं का उल्लेख तुलसीदास जी ने रामचरितमानस में किया है। उन्होंने कहा कि हाल के वर्षों में पाश्चात्य संस्कृति हावी हुई है। परंतु हमें आगामी पीढ़ी को इसके लिए सचेत करना है। उन्होंने युवाओं का आह्वान करते हुए कहा कि प्राचीन सनातन संस्कृति को अक्षुण्ण रखने एवं इसे संरक्षित करने हेतु सामाजिक जवाबदेही के साथ आगे आएँ। इसके लिए हमें सर्वप्रथम सनातन जीवन पद्धति को अपनी बुद्धि, हृदय एवं शरीर में धारण करना होगा। मन, वचन, कर्म से इसे अपनाना होगा। उन्होंने कहा कि सनातन पद्धति पर आधारित जीवन को सरलता से समझाना एवं उसके सम्बन्ध में लोगों से संवाद करना होगा। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि सनातन संस्कृति चेतना परिषद् ने संस्कार संस्कृति संरक्षण संगमह्न का आयोजन करके इस दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बढ़ाया है। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, सनातन संस्कृति चेतना परिषद् के अध्यक्ष मिथिलेश तिवारी, सांसद सुधांशु त्रिवेदी, सांसद मनोज तिवारी, सांसद हरीश द्विवेदी, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं सांसद डॉ संजय जायसवाल, केंद्रीय राज्य मंत्री नित्यानंद राय, केंद्रीय राज्यमंत्री अश्विनी चौबे, कला संस्कृति एवं युवा विभाग के मंत्री आलोक रंजन झा, सांसद गोपाल जी ठाकुर, विधायक विनोद नारायण झा, विधायक हरि भूषण ठाकुर बचौल, विधान पार्षद घनश्याम ठाकुर, विधायक संजय सिंह, पूर्व विधायक राजेश्वर राज, रिंकी रानी पांडे, डॉ मनोज सुशील चौधरी सहित अन्य जनप्रतिनिधि गण एवं सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## एनडीए गठबंधन में कोई मतभेद नहीं : विजय चौधरी

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

पटना। आरसीपी सिंह प्रकरण को लेकर बिहार सरकार के शिक्षा मंत्री विजय चौधरी ने बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा कि आरसीपी सिंह का जदयू से चैप्टर क्लोज हो गया है। आरसीपी प्रकरण को अब समाप्त कर देना चाहिए। वहीं बीजेपी के साथ संबंधों को लेकर शिक्षा मंत्री ने कहा की बीजेपी से जेडीयू का संबंध कहां खराब है। बीजेपी से संबंध खराब होने जैसी कोई बात नहीं हुई है। जबकि केन्द्रीय मंत्रिमंडल के जदयू के शामिल होने के सवाल पर विजय चौधरी ने कहा की मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने पहले से ही घोषणा कर रखी है की केन्द्रीय मंत्रिमंडल में जदयू शामिल नहीं होगी। जब नीतीश कुमार ने ही निर्णय ले लिया है। यह तब यह पार्टी का अंतिम निर्णय है। उन्होंने कहा की जेडीयू को केंद्रीय मंत्रिमंडल में सम्मानजनक संख्या नहीं मिली। इसलिए यह निर्णय लिया गया था। उधर 2024 का लोकसभा और 25 का विधानसभा



चुनाव बीजेपी के साथ मिलकर लड़ने पर विजय चौधरी ने कहा कि अभी हम लोग साथ मिलकर चल रहे हैं। गठबंधन नहीं चलेगा ऐसा फिलहाल नहीं दिख रहा है। बीजेपी और जदयू ने पहले से ही साथ चुनाव लड़ने की घोषणा कर रखी है और जदयू ने भी अभी तक कोई दूसरा फैसला भी नहीं लिया है। राजद से जदयू की नजदीकियों को लेकर विजय चौधरी ने कहा कि राजद से नजदीकियां बढ़ने का कोई लक्षण मुझे नहीं दिख रहा है। बिहार में ऐसी कोई स्थिति नहीं है। जिसका लोग चित्रण कर रहे हैं। यह सामान्य राजनीतिक गतिविधि है।

## 9 अगस्त को हम सेक्यूलर विधायक दल की बैठक

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

पूर्व मुख्यमंत्री जीतन राम मांझी की पार्टी हिन्दुस्तानी अवाम मोर्चा के विधायक दल की बैठक मंगलवार को होगी। हम प्रवक्ता डॉ दानिश रिजवान ने रविवार को कहा कि 9 अगस्त को हम सेक्यूलर विधायक दल की बैठक होगी। यह बैठक पूर्व सीएम जीतन राम मांझी के पटना आवास पर बैठक होगी। बैठक में राज्य के वर्तमान राजनैतिक स्थिति को लेकर चर्चा होगी। दरअसल, पूर्व केंद्रीय मंत्री आरसीपी सिंह के जदयू से इस्तीफा देने के बाद एनडीए में उथलपुथल तेज हो गया है। जहां जदयू को अपने सभी नेताओं को एक एकजुट रखने की चुनौती है, वहीं आरसीपी सिंह का अगला कदम क्या होगा यह भी बेहद अहम है। इन सबके बीच राज्य में आने वाले समय में किस प्रकार का राजनीतिक उलटफेर होता है यह भी बेहद महत्वपूर्ण है। इसी कारण हम की यह बैठक महत्वपूर्ण मानी जा रही है। आने वाले दिनों में पार्टी किसी राजनीतिक बदलाव की दशा में क्या निर्णय ले और उसके लिए कैसे खुद को तैयार रखे उस पर बैठक में चर्चा होने की संभावना है।

## संक्षिप्त खबरें

### आजादी के अमृत महोत्सव अंतर्गत रामगढ़ मॉर्निंग वॉक टीम द्वारा निकाला गया तिरंगा यात्रा



कैमूर। रविवार को रामगढ़ प्रखंड मुख्यालय स्थित रामगढ़ में आजादी का 75 अमृत महोत्सव अन्तर्गत हर घर तिरंगा, घर घर तिरंगा कार्यक्रम अन्तर्गत मॉर्निंग वॉक टीम रामगढ़ द्वारा तिरंगा यात्रा निकालकर लोगों को जागरूक किया गया सभी लोगों से अनुरोध किया गया कि तेरह अगस्त से पंद्रह अगस्त तक सभी अपने अपने घरों एवम सोशल साइट्स के डी पी में तिरंगा झंडा लगाएं' तिरंगा यात्रा का शुभारंभ उच्च विद्यालय रामगढ़ से किया गया। रामगढ़ बाजार एवं अकोढ़ी पुल से होते हुए डहरक गांव से गोड़सरा गांव होते हुए पुनः उच्च विद्यालय के प्रांगण में पहुंचे, डॉ संजय सिंह के संबोधन के साथ ही तिरंगा यात्रा समाप्त हुआ' मॉर्निंग वॉक टीम के लोगों द्वारा हाथों में तिरंगा ले बाइक पर सवार होकर भारत माता की जय का उदघोष करते हुए तिरंगा यात्रा निकाला गया।

### ग्रामीण क्षेत्रो मे पीने की पानी के लिए मचा हाहाकार

गडहनी। प्रखण्ड क्षेत्र के बलिगाँव पंचायत अन्तर्गत लालगंज गाँव स्थित वार्ड संख्या 12 व 13 मे पीने की पानी के लिए हाहाकार मचा पड़ा है। ग्रामीण इधर उधर से जैसे तैसे पानी की व्यवस्था कर घरेलू कार्य कर रहे है ग्रामीण रवि रंजन पाल रमजान मिंया ललन पाल फजल इमाम संगीता देवी रमावती देवी मालती देवी का कहना है कि भीषण गर्मी और तपती धुप के कारण चापाकल का लेयर काफी नीचे चला गया है जिससे घरेलू चापाकले सूख गए है। एकाध सरकारी चापाकल है जिसपर पानी के लिए लाइन लगा रहता है। ऐसे मे नल जल योजनाएं भी साथ नही दे पा रही है।

### 9 लीटर अंग्रेजी शराब के साथ एक युवक गिरफ्तार

दानापुर। खगौल रविवार को विशेष चेकिंग अभियान के क्रम में रेलवे स्टेशन दानापुर के प्लेटफार्म नंबर एक पर पश्चिमी ओवर ब्रिज के पास 9 लीटर अवैध अंग्रेजी शराब के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया अभियुक्त रंजीत राय 35 वर्ष पिता स्वर्गीय चंद्रदीप राय सा. लिटियाही वार्ड नंबर 9 थाना राघोपुर जिला वैशाली के रहने वाला है व्यक्ति को गिरफ्तार कर ऋष्ठ रेल थाना दानापुर कांड संख्या 122/22 दिनांक 7/8/22 धारा 30 बिहार उत्पाद संशोधन अधिनियम 2018 अंकित कर जेल भेजने की तैयारी की जा रही हैं।

### सिद्धेश्वर नाथ मंदिर में जल चढ़ाने के दौरान हुई आपाधापी कई लोग मामूली रूप से हुए घायल

जहानाबाद। मखदुमपुर प्रखंड के ऐतिहासिक वाणावर पहाड़ स्थित सिद्धेश्वर नाथ मंदिर में रविवार के दिन बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़, इस दौरान सिद्धेश्वर नाथ पर जलाभिषेक के लिए श्रद्धालुओं में मची आपाधापी, आपाधापी में इधर-उधर गिर कर पत्थर से टकरा कर कई लोग मामूली रूप से घायल हुए। जिनका इलाज रेफरल अस्पताल मखदुमपुर द्वारा लगाए गए स्वास्थ्य कैंप में कराया गया। जानकारी देते हुए स्वास्थ्य विभाग के हेल्थ मैनेजर शाहनवाज आलम ने बताया कि बीती रात बारिश होने के कारण पत्थर भीगा हुआ था और भारी भीड़ के कारण लोगों के बीच जल चढ़ाने के लिए आपाधापी मच गई। इसी बीच लोग इधर-उधर गिरने लगे जिसके कारण कई लोग मामूली रूप से घायल हो गए। जिनका इलाज फौरन स्वास्थ्य विभाग द्वारा लगाए गए हेल्थ सेंटर में कराया गया।

### इंजीनियरिंग के छात्रों के साथ मारपीट की एबीवीपी ने की निंदा

भागलपुर। इंजीनियरिंग कॉलेज कैंपस में पुलिस द्वारा छात्रों के साथ मारपीट की एबीवीपी ने निंदा की। एबीवीपी के विश्वविद्यालय संयोजक आशुतोष सिंह तोमर ने बताया कि एबीवीपी के प्रतिनिधिमंडल द्वारा इंजीनियरिंग कॉलेज जाकर वहां छात्रों से इस संबंध में जानकारी ली गई। उन्होंने बताया की उनके नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल पीड़ित छात्र से मिलने छात्रावास पहुंचे थे लेकिन वहां पहुंचने पर छात्रों से जानकारी मिली की पीड़ित छात्र अपने गांव गए हैं। पुलिस प्रशासन छात्रों और कैंपस की सुरक्षा और कानून व्यवस्था कायम रखने के लिए है लेकिन आए दिन उनके द्वारा ही छात्रों के साथ दुर्व्यवहार किया जा रहा हैं जो कहीं से भी उचित नहीं हैं। जल्द पीड़ित छात्रों से भी मुलाकात की जायेगी और जरूरत हुई परिषद इसपर रणनीति बनाकर आगे की योजना भी बनाएगी।

# केंद्र और राज्य सरकार के नीतियो के खिलाफ महागठबंधन नें निकाला प्रतिरोध मार्च

प्रात: किरण संवाददाता



मधुबनी। मधुबनी मे केंद्र और राज्य सरकार के जनविरोधी नीतियों के खिलाफ महागठबंधन के आह्वाहन पर राजद जिला अध्यक्ष भारत भूषण मंडल, मधुबनी विधायक समीर कुमार महासेठ, कांग्रेस जिला अध्यक्ष प्रोफेसर शीतलाम्बर झा, भाकपा माले जिला सचिव ध्रुवनारायण कर्ण, सीपीआई जिला सचिव मिथिलेश झा, माकपा जिला सचिव मनोज यादव, पूर्व केंद्रीय मंत्री देवेंद्र प्रसाद यादव, पूर्व विधायक सीताराम यादव, रामकुमार यादव, उमाकांत यादव, रामावतार पासवान, रामाशीष यादव के संयुक्त नेतृत्व में मधुबनी रेलवे स्टेशन से बाटा चौक होते हुए प्रतिरोध मार्च जिला समाहरणालय मधुबनी पहुँचकर राजद जिला अध्यक्ष के अध्यक्षता में सभा का आयोजन किया गया।

सभा को संबोधित करते हुए राजद जिला अध्यक्ष सह विधायक भारत भूषण मंडल ने कहा देशवासी नोटबंदी के बाद से बदहाल अर्थव्यवस्था, बेतहाशा महँगाई और रिकॉर्डतोड़ बेरोजगारी एवं नौकरी के विकल्पों के अभाव से पहले से ही जूझ रहे थे कि अब सरकार ने आजादी के बाद अति आवश्यक खाद्य पदार्थो गेंहू, अनाज, चावल, आटा, एवं किताब, कफन,इलाज इत्यादि पर भी जीएसटी लगाकर गरीबी में आटा गीला करने जैसा क्रूर काम किया है। वहीं, स्थानीय विधायक समीर कुमार महासेठ ने कहा कि सरकार दाम बढ़ाकर, राष्ट्र की संपत्ति बेचकर, निजीकरण कर, नौकरी छिनकर, लोगों की पेट पर लात मारकर कमाई करना बिल्कुल बंद करे। आम आदमी, गरीब, मजदूर, किसान का जीना मुहाल हो गया है। छोटे व मंझोले किसान व व्यापारी बर्बाद हो रहे हैं। सरकारी नौकरियाँ खत्म की जा रही है। शिक्षा और स्वास्थ्य व्यवस्था को आम नागरिकों की पहुँच से बाहर कर दिया गया है। पूर्व केंद्रीय मंत्री देबेन्द्र प्रसाद यादव ने कहा आजाद भारत में पहली बार अनाज और कफन पर टैक्स लगाया गया है, जिसका सबसे अधिक खामियाजा निम्न और मध्यम वर्ग को उठाना पड़ेगा। इस टैक्स के कारण दूध-दही, घी, आटा, चावल, स्टेशनरी इत्यादि के भाव 10-15% बढ़ गए है। इससे लोगों की पढ़ाई लिखाई और खान-पान व पोषण अर्थात लोगों के भविष्य और वर्तमान पर सीधा सीधा असर पड़ रहा है।

वहीं, पूर्व विधायक सीताराम यादव ने कहा जात न पूछो साधु की, लेकिन जात पूछो फौजी की। संघ की भाजपा सरकार जातिगत जनगणना से दूर भागती है लेकिन देश सेवा के लिए जान देने वाले अग्निवीर भाइयों से जाति पूछती है। ये जाति इसलिए पूछ रहे हैं, क्योंकि देश का सबसे बड़ा जातिवादी संगठन आरएसएस (राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ) बाद में जाति के आधार पर अग्निवीरों की छंटनी करेगा। मोदी सरकार पूँजीपति मित्रों के 11 लाख करोड़ की राशि तक के टैक्स और लोन माफ करने वाली जनविरोधी केंद्र सरकार में आम आदमी बिल्कुल विकल्पहीन और आशा-विहीन हो गया है जो देश के लिए बहुत खतरनाक है।

सभा को राजद के वरिष्ठ नेता राजकुमार यादव, रामकुमार यादव, अरुण कुमार चौधरी, संतोष कुमार यादव, असलम अंसारी, सुधीर कुमार यादव, देवनारायण यादव, मधु राय, वीरेंद्र प्रसाद यादव, इंद्रभूषण यादव, उमेश यादव, रूदल यादव, प्रदीप प्रभाकर, इन्द्रजीत राय, अमरेन्द्र कुमार चौरसिया, हरेराम राय, संजय कुमार यादव, रत्नेश्वर यादव, चंद्रशेखर झा सुमन, कामेश्वर यादव, झमेरी मेहरा, रामसागर पासवान, जयजय राम यादव, गुलजार अहमद, मनोज चौधरी, उमेश राम, अजितनाथ यादव, धर्मेंद्र कुमार यादव, कष्णदेव यादव, रूदल यादव, रामवरण राम, रामानंद बनैता, गुलाबकांत यादव, रामप्रसाद यादव, रामाशीष पासवान, मो० अशरफ अली, कृतनारायण यादव रामचंद्र साह, भाकपा माले के लक्ष्मण राय, श्याम पंडित, मदन चन्द्र झा, जोगनाथ मंडल, विजय कुमार दास, बेचन राम, रामचंद्र साह, मनीष मिश्रा, सजन सादात, वीरेंद्र पासवान, कामेश्वर राम, रामशीष राम सहित अन्य उपस्थित थे।

## तेज रफ्तार कार से कुचलकर महिला की मौत, बच्ची घायल

प्रात: किरण संवाददाता

हाजीपुर महुआ । महुआ थाना क्षेत्र के महुआ-ताजपुर मुख्य सड़क मार्ग के फतुहा पुल के निकट एक तेज रफ्तार की अल्टो गाड़ी के चपेट में आने से एक महिला की मौत हो गयी। वहीं घटना में एक बच्ची गंभीर रूप से घायल हो गई। घटना से आक्रोशित लोगों ने महुआ-ताजपुर सड़क को जाम कर दिया। जाम की सूचना पर महुआ थाने की पुलिस घटना स्थल पर पहुंच कर मामले की छानबीन शुरू कर दी। मिली जानकारी के अनुसार महुआ थाना क्षेत्र के सिंघाड़ा उत्तरी पंचायत के मुकुंदपुर गांव निवासी जगन्नाथ महतो की 35 वर्षीय पत्नी रुबी देवी रविवार की सुबह करीब 8 बजे अपनी एक 5 वर्षीय भतीजी सोनाक्षी कुमारी के साथ धान का बिचरा लाने के लिए सड़क पार कर रही थी की इसी बीच समस्तीपुर की ओर से आ रही ओर से आ रही एक तेज रफ्तार की आल्टो कार ने पीछे से जोरदार ठोकर मार दी। जिससे उक्त महिला घसीटते हुए 20 मीटर दूर जा गिरी। जिससे महिला रुबी देवी की घटनास्थल पर हीं दर्दनाक मौत हो गई। वहीं कार की चपेट में आने से महीला की भतीजी सोनाक्षी गंभीर रूप से घायल हो गई जिसे आनन-फानन में इलाज के लिए महुआ अनुमंडल अस्पताल ले जाया गया। जहां से घायल बच्ची की गम्भीर स्थिति को देखते हुए उसे बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल हाजीपुर भेज दिया। घटना के बाद आक्रोशित लोगों ने सड़क जाम कर दिया जिससे सड़क अवरुद्ध हो गया। वहीं महीला की परिजनों में कोहराम मच गया। रूबी देवी की मौत से तीन पुत्र हिमांशु, टिंकू, कृष्णा के उपर से मां का साया उठ गया। इस हृदयविदारक घटना से छोटे-छोटे बच्चे व स्वजनों को रोने बिलखने से पूरा गांव गमगीन हो गया। इधर मौत से गुस्साए ग्रामीणों ने मुआवजे की मांग को लेकर शव को महुआ-ताजपुर मुख्य मार्ग पर रखकर सड़क को जाम कर दिया। जिससे गाड़ियों की लंबी कतारें लग गई। जाम की सूचना पर पहुंची महुआ थाने की पुलिस ने जाम को हटाने के लिए काफी मशक्कत की लेकिन आक्रोशित ग्रामीण बात मानने को तैयार नही थे।

## जीआरपी के हवलदार की मौत से गांव में शोक

प्रात: किरण संवाददाता

हाजीपुर बिदुपुर। जीआरपी थाना छपरा सारण में तैनात हवलदार का शव उसके पैतृक गांव बिदुपुर प्रखण्ड के खिलवत पँचायत के दिलावरपुर पश्चिम में जैसे हीं पहुचा, वैसे हीं कोहराम मच गया। रोते बिलखते गांव के लोग उसके दरवाजे पर पहुँचे मालूम हो कि गांव के सोनू कुमार पिता अनन्दा प्रसाद सिंह जीआरपी थाना छपरा सारण में हवलदार के पद पर तैनात थे। ड्यूटी के क्रम में गुरुवार को उसके सीने में एकाएक दर्द उठा और उसकी तबियत बिगड़ गयी। विभागीय लोगों ने घर वालो को सूचना दी और आनन फानन में पटना के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहाँ शनिवार को इलाज के क्रम में उसकी मौत हो गयी। रविवार को पोस्टमार्टम के बाद उसके शव को पैतृक गांव लाया गया, जहाँ चीत्कार भर उठा। पूरे गांव में मातम छा गया। इधर परिजनों का रो रो कर बुरा हाल था। माँ धर्मशीला देवी रो रोकर कहती थी कि अब हम कईसे जीवौ और रोते रोते बार बार बेहोश हो जाती थी और उन्हें मूर्छा आ जाती थी। इधर पत्नी अंजन देवी छाती पीट पीट कर रोती थी और रह रह कर बेहोश हो जाती है।

दोनों बेटे शुभम और सन्नी का रो रो कर बुरा हाल था। स्थानीय गणिनाथ घाट पर उनका अंतिम संस्कार गंगा नदी किनारे किया गया। इस मौके पर पुलिस मेंस एसोसियशन (रेल) के अध्यक्ष रूप नारायण यादव, मंत्री कौशलेंद्र कुमार, उपाध्यक्ष रुद्रेश कुमार, कोषाध्यक्ष विवेक कुमार के अलावा जीआरपी थाना हाजीपुर के एएसआई विजय कुमार प्रसाद एवं अन्य पुलिस बल बिदुपुर थाना के एसआई मदन कुमार एवं अन्य पुलिस बल के अलावे सैकड़ो की संख्या में पुलिस बल मौजूद थे। जीआरपी थाना हाजीपुर से आये पुलिस बल ने उन्हें गंगा घाट पर गार्ड ऑफ ऑनर भी दिया गया।

# बाबा झालेश्वर स्थान के प्रांगण मे श्री राधा गोविंद झूलन महोत्सव एवं श्रीमद् भागवत कथा का भव्य शुभारंभ

प्रात: किरण संवाददाता



मधुबनी जिला के पंडौल प्रखंड के भोर पंचायत के बाबा चौक के समीप बाबा झालेश्वर स्थान के प्रांगण मे इस्कॉन भक्तों एवं स्थानीय ग्रामीणों के सहयोग से 6अगस्त से 12अगस्त तक चलने वाले श्री श्री राधा गोविंद झूलन महोत्सव एवं श्रीमद् भागवत कथा का 150कन्याओं के द्वारा कलश यात्रा के साथ भव्य शुभारंभ हो गया। इस अवसर पर सैकड़ों श्रद्धालु उपस्थित हो। बताते चले की 13वर्षों से इसी प्रांगण मे श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन लगातार हो रहा है, जिसमें कई क्षेत्रों के महिला व पुरुष श्रद्धालु भारी संख्या मे जुटकर कथा व्यास जी का प्रवचन सुनकर लाभान्वित होते है। इस बार वृंदावन से आए कथा व्यास श्रीमान ध्रुव नारायण दास ब्रह्मचारी द्वारा श्रद्धालुओं को श्रीमद् भागवत कथा सुनाया जा रहा है, जिससे माहौल पूरी तरह भक्तिमय हो गया है। मौके पर मौजूद इस्कॉन भक्त लीला पुरूषोतम दास नें बताया की हर वर्ष की भांति इस वार भी इस्कॉन भक्तों एवं स्थानीय ग्रामीणों के सहयोग से श्री श्री राधा गोविंद झूलन महोत्सव एवं श्रीमद् भागवत कथा का भव्य आयोजन किया जा रहा है। संध्या 6बजे से प्रतिदिन यह कार्यक्रम 12अगस्त तक चलेगा। इसके उपरांत 13अगस्त को वृहद रूप से भंडारा का आयोजन किया जायेगा। वहीं कथा व्यास ध्रुव नारायण दास ब्रह्मचारी ने श्रद्धालुओं को प्रवचन करते हुए कहा कि श्रीमद् भागवत कथा के वाचन व श्रवण से व्यक्ति को मोक्ष की प्राप्ति हो जाती है संसार दुःखों का सागर है। प्रत्येक प्राणी किसी न किसी तरह से दुखी व परेशान है। कोई स्वास्थ्य से दुखी है, कोई परिवार,कोई धन,तो कोई संतान को लेकर परेशान है। सभी परेशानियों से मुक्ति पाने के लिए ईश्वर की आराधना ही एकमात्र मार्ग है इसलिए व्यक्ति को अपने जीवन का कुछ समय हरिभजन में लगाना चाहिए। उन्होंने कहा कि भागवत कथा वह अमृत है, जिसके पान से भय, भूख, रोग व संताप सब कुछ स्वतः ही नष्ट हो जाता है। उन्होंने कहा कि व्यक्ति को मन, बुद्धि, चित एकाग्र कर अपने आप को ईश्वर के चरणों में समर्पित करते हुए भागवत कथा को ध्यानपूर्वक सुनना चाहिए। श्रीमद भागवत कथा का श्रवण करने से जन्म जन्मांतर के पापों का नाश हो जाता है। मिली जानकारी के अनुसार श्रीमद भागवत कथा के श्रवण से महापापी धुंधुकारी का भी उद्धार हो गया। धुंधुकारी अति दुष्ट था उसके पिता आत्मदेव भी उसके उत्पातों से दुखी होकर वन में चले गए थे। धुंधुकारी वेश्याओं के साथ रहकर भोगों में डूब गया और एक दिन उन्हीं के द्वारा मार डाला गया। अपने कुकर्मों के फलस्वरूप वह प्रेत बन गया और भूख प्यास से व्याकुल रहने लगा। एक दिन व्याकुल धुंधुकारी अपने भाई गोकर्ण के पास पहुंचा और संकेत रूप में अपनी व्यथा सुनाकर उससे सहायता की याचना की। गोकर्ण धुंधुकारी के दुष्कर्मों को पहले से ही जानते थे, इसलिए धुंधुकारी की मुक्ति के लिए गया श्राद्ध पहले ही कर चुके थे। लेकिन इस समय प्रेत रूप में धुंधुकारी को पाकर गया श्राद्ध की निष्फलता देख उन्होंने पुनः विचार विमर्श किया। अंत में स्वयं सूर्य नारायण ने गोकर्ण को निर्देश किया कि श्रीमद्भागवत का पारायण कीजिए।

## आजादी के अमृत महोत्सव को व्यवहारिक रूप मे उतारने को ले छात्रो द्वारा की जा रही तैयारी

प्रातः किरण संवाददाता, गडहनी। प्रखण्ड क्षेत्र के उत्क्रमित माध्यमिक विद्यालय काउप में 15 अगस्त के शुभ अवसर पर विद्यालय शिक्षा समिति एवं विद्यालय प्रबंधन समिति के सौजन्य से स्वतंत्रता दिवस को धूमधाम से मनाने की तैयारी जोर शोर से चल रही है। प्रधानाध्यापक नन्द जी सिंह ने बताया कि आजादी के अमृत महोत्सव को व्यवहारिक रूप में उतारने के लिए विद्यालय के शिक्षकों के निर्देशन में सामूहिक नृत्य, सामूहिक गीत, रंगोली प्रतियोगिता, चित्रांकन प्रतियोगिता, भाषण प्रतियोगिता तथा वाद - विवाद प्रतियोगिता की तैयारी प्रतिदिन छात्र-छात्राओं द्वारा किया जा रहा है साथ ही शिक्षण कार्य के बाद एक घंटा 3 से 4 बजे तक पूर्वाभ्यास किया जा रहा है जिसमें सभी वर्ग एवं सभी उम्र के छात्र छात्राएं अपनी सहभागिता सुनिश्चित कर रहे हैं। वहीं बच्चों को आजादी के अमृत महोत्सव के शुभ अवसर पर प्रत्येक घर में राष्ट्रीय झंडा (तिरंगा) लगाने हेतु छात्रों को प्रेरित किया जा रहा है जिसकी उपलब्धि 50% प्राप्त हो चुकी है। इस कार्य को प्रमुखता से संचालित करने को लेकर शिक्षक अजीत कुमार, विजय कुमार, गीता कुमारी, मंजू कुमारी, कुमारी अंजना, रोहित कुमार, अनिल कुमार शर्मा, शशि रंजन कुमार, विजया पांडे, उमाशंकर पंडित, मोहम्मद सोहराब आलम, नूरजहां खातून सहित सभी शिक्षक तत्परता से भाग ले रहे हैं।



## मांगों को लेकर सम्पूर्ण बिहार के जिला मुख्यालयों पर प्रतिरोध मार्च का आयोजन

प्रात: किरण संवाददाता

पटना। महागठबंधन के द्वारा पूर्व घोर्षित कार्यक्रम के अनुसार आज अपनी मांगों को लेकर सम्पूर्ण बिहार के जिला मुख्यालयों पर प्रतिरोध मार्च आयोजन के आलोक में पटना जिला महागठबंधन ने भी अपनी मांगों को लेकर माननीय नेता प्रतिपक्ष श्री तेजस्वी प्रसाद यादव जी के नेतृत्व में जिला के माननीय विधायकों तथा हजारों की संख्या में नेता एवं कार्यकर्ता प्रतिरोध मार्च सगुना मोड़ से रोड शो करते हुए बेली रोड, आयकर गोलंबर स्थित लोकनायक जयप्रकाश नारायण जी के आदमकद प्रतिमा पर नेता प्रतिपक्ष द्वारा माल्पयार्पण किया गया। साथ ही सगुना मोड़ से डाकबंगला चैराहा आने के क्रम में जगह-जगह हजारों लोगों ने माननीय नेता प्रतिपक्ष श्री तेजस्वी प्रसाद यादव जी का स्वागत किया, जिसके कारण सगुना मोड़ से डाकबंगला चैराहा तक आने में चार घंटे का समय लगा।

माननीय नेता प्रतिपक्ष श्री तेजस्वी प्रसाद यादव ने संबोधित करते हुए कहा कि देश और बिहार में डबल इंजन की सरकार ने पूर्व में किये गये अपने वादे को पूरा करने में नाकाम रही है, जिसके कारण बिहार में सबसे ज्यादा बेरोजगारों की संख्या है। आज कमरतोड़ महंगाई, बेरोजगारी, बाढ़ और सुखाड़ से बिहार की जनता त्रस्त है। बिहार में आये दिन अतिक्रमण के नाम पर बुलडोजर से गरीबों का घर उजाड़ा जा रहा है, जो हिटलरशाही कदम है। महागठबंधन हमेशा से किसानों, मजदूरों, नौजवानों एवं महिलाओं के अधिकार के लिए हमेशा से लड़ता रहा है।

प्रतिरोध मार्च की अध्यक्षता पटना जिलाध्यक्ष श्री देवमुनी सिंह यादव तथा संचालन पटना जिला प्रवक्ता मृत्युंजय कुमार यादव ने किया।

## जाति आधारित जनगणना को लेकर पर्यवेक्षकों की बैठक



प्रातः किरण संवाददाता, चरपोखरी। प्रखण्ड मुख्यालय सहित क्षेत्र के विभिन्न गॉवों में रहने वाले लोगों की जाति आधारित जनगणना की तैयारी शुरू कर दी गई है । सुव्यवस्थित ससमय कार्यों को निष्पादित करने के लिए प्रखण्ड विकास पदाधिकारी विभेष आनंद ने शनिवार को अपने कार्यालय कक्ष में सभी नामित पर्यवेक्षकों के साथ बैठक की । इस दौरान अधिकारी ने सभी पर्यवेक्षकों को जाति आधारित जनगणना कार्य को सम्पन्न करने के लिए पूरी प्रक्रिया की जानकारी दी । बैठक में प्रखण्ड शिक्षा पदाधिकारी रघुनंदन चौधरी, बालगंगाधर तिलक, मिथिलेश मिश्र, जीतेन्द्र पाण्डेय, अविनाश कुमार जीविका बीपीएम के साथ नवपदस्थापित प्रखण्ड कृषि पदाधिकारी सहित कई अन्य लोग शामिल रहे ।

## डेंटल चेकअप कैंप का किया गया आयोजन

प्रात: किरण संवाददाता

गया। इनरव्हील क्लब ऑफ गया सनराइज की ओर से बच्चों के सरकारी विद्यालय में डेंटल चेकअप कैंप लगाया गया। यह कैम्प बंगला स्थान स्थित प्राथमिक विद्यालय शंकर बालिका में लगाया गया । कैंप में स्कूल के बच्चों के दांतों की जांच की गई। कैंप में स्कूल के करीब ५२ बच्चों के दांतों की जांच दंत चिकित्सक डॉ देविका सरयार ने की। डॉ सरयार ने बच्चों को दांतों की समस्याओं एवं उनके देखभाल संबंधित जानकारी उपलब्ध कराई। बच्चों को प्रतिदिन नियमित रूप से सुबह और रात में ब्रश करने की सलाह दी। कैंप के दौरान इनर व्हील क्लब की ओर से स्कूल के बच्चों के लिए टूथब्रश एवं टूथपेस्ट उपलब्ध कराए गए। क्लब की सदस्या मधु प्रिया ने बच्चों को किताब, कोपी, पेंटिंग का सामान, खेलने का सामान भी दिया और बच्चों को शिक्षा का महत्व समझाया । साथ ही बच्चों के लिए एक सीलिंग फैन भी भेंट किया गया ताकि बच्चों की पढ़ाई में इस भीषण गर्मी के वजह से कोई दिक़्कत ना आए । मौके पर क्लब की अध्यक्षा स्नेहा सिन्हा ने बोला कि बच्चे समाज का अभिन्न अंग हैं और इनकी देखभाल करना सभी संस्थाओं का कर्तव्य है।

## चरम बेरोजगारी व महंगाई मोदी सरकार के देश बेचने की नीतियों का परिणामः महागठबंधन

प्रात: किरण संवाददाता

जहानाबाद। महागठबंधन के राज्यव्यापी आह्वान पर क्रांति दिवस के अवसर पर 7 अगस्त को महागठबंधन दलों द्वारा जहानाबाद में केंद्र व राज्य सरकार की जन विरोधी-देश विरोधी नीतियों के खिलाफ रेलवे स्टेशन से प्रतिरोध मार्च निकाला गया जो कारगिल चौक पहुंचकर सभा में तब्दील हो गई। जहानाबाद को सुखाड़ क्षेत्र घोषित करने, किसानों-बटाईदारों को अनुदान, मजदूरों को काम, चरम बेरोजगारी, महंगाई, राष्ट्रीय संपत्तियों की नीलामी, निजी क्षेत्रों में आरक्षण सख्ती से लागू करने, खाली पड़े सभी पदों पर शीघ्र बहाली, अग्निपथ योजना खारिज कर स्थाई बहाली शुरू करने, खाद्य पदार्थों पर लगे जीएसटी वापस लेने, खेतों के लिए 24 घंटे निशुल्क बिजली, पीडीएस के माध्यम से अनाज के साथ-साथ तेल, चीनी, दाल आदि वस्तुएं सस्ती दर पर उपलब्ध कराने, बेघरों को जमीन तथा वर्षों से बसे गरीबों को पर्चा, बिना वैकल्पिक व्यवस्था के गरीबों के घर पर बुलडोजर चलाने पर रोक, मजदूरों-किसानों के सरकारी-गैर सरकारी कर्ज की माफी, बढ़ते नौकरशाही- भ्रष्टाचार पर रोक, मनरेगा चालू करने तथा दिल्ली, पंजाब की तरह सभी गरीबों को 200 यूनिट बिजली निशुल्क देने, अल्पसंख्यकों को बदनाम करने पर कार्रवाई, भाजपा के पूर्व प्रवक्ता नूपुर शर्मा की गिरफ्तारी तथा दंगा फसाद की राजनीति पर रोक आदि मुद्दों पर विशाल प्रदर्शन कर केंद्र व राज्य सरकार के खिलाफ बड़े आंदोलन की चेतावनी दिया है।

## तुलसी साहित्य भक्ति, शक्ति और संस्कार का स्रोत- मणिभूषण प्रसाद सिंह अकेला

हाजीपुर संवाददाता। साहित्यिक संस्था बज्जिका मंदाकिनी के तत्वाधान में महाकवि तुलसीदास की 491वीं जयंती गुरु विश्वामित्र विद्यायन भवन रौदीपोखर में धूम धाम से मनायी गई। समारोह की अध्यक्षता सुप्रसिद्ध साहित्यकार एवं कवि श्री कपिलदेव सिंह ने की। ग्राम पंचायत राज बसंता जहानाबाद के मुखिया गणेश राय इस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। वहीं पैक्स अध्यक्ष शंभू सिंह विशेष अतिथि के रूप में समारोह में मौजूद रहे। समारोह का शुभारंभ सप्तमुखी पीत स्तंभ दीप प्रज्वलित कर किया गया। तदोपरांत समारोह में उपस्थित लोगों ने तुलसीदास की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। आकाशवाणी के पूर्व लोक गायक ललन प्रसाद सिंह ने अपने सुमधुर स्वर में सोहर गाकर सांस्कृतिक कार्यक्रम की अनूठी मिसाल पेश की। तुलसी साहित्य विषयक परिचर्चा में भाग लेते हुए बज्जिका मंदाकिनी के संयोजक श्री मणिभूषण प्रसाद सिंह अकेला ने तुलसी साहित्य को भारतीय सभ्यता संस्कृति का अनमोल धरोहर बताते हुए इसे मानव जीवन का आदर्श दर्पण कहा जिसमें सफल जीवन का मंत्र भरा है। तुलसी साहित्य का अध्ययन मनन कर अपने जीवन में अपनाने वाला व्यक्ति कभी दुखी नहीं रह सकता।

## महंगाई के विरोध में हाजीपुर में कार्यकर्ताओं ने किया विरोध प्रदर्शन

प्रात: किरण संवाददाता




हाजीपुर। देश में लगातार बढ़ती महंगाई को लेकर गठबंधन नेताओं के आवाह्न पर राजद, कांग्रेस ,सीपीआई सहितत अन्य पार्टी नेताओं व कार्यकताओं के द्वारा रविवार को जिला मुख्यालय हाजीपुर के अलावे जगह-जगह पर विरोध प्रदर्शन किया गया । इस दौरान हाजीपुर में महुआ विधायक मुकेश रौशन के द्वारा पिकअप गाड़ी में सवार होकर अनोखा प्रदर्शन किया । वही महनार की महिला विधायक वीणा देवी , राजापाकर से कॉंग्रेस की महिला विधायक प्रतिमा कुमारी दास, पातेपुर की पूर्व राजद विधायक प्रेमा चौधरी के द्वारा भी गैस सिलेंडर के ऊपर बर्तन रखकर अनोखा प्रदर्शन व नारेबाजी कर विरोध जताई । वही कई जगह कार्यकताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का पुतला फूंक कर आक्रोश व्यक्त किया गया । इस दौरान सैंकड़ो कार्यकताओं की संख्या में कार्यकताओं ने गगन भेदी नारे लगाते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का पुतला दहन किया। इस दौरान लोगों ने मोदी तेरे शासन में आग लगी है राशन में, बढ़ते महंगाई पर रोक लगाओ, आटा-चावल एवं किताबों पर टैक्स क्यों ? जवाब दो-जवाब दो, बढ़ते पेट्रोल-डीजल-गैस की कीमतों पर रोक लगाओ, सार्वजनिक संस्थाओं को बेचना बंद करो, बेरोजगारों के भविष्य के साथ खिलवाड़ नही चलेगा जैसे नारे लगाये।

इस मौके पर महुआ विधायक डॉ मुकेश रौशन ने कहा कि भाजपा सरकार के गलत आर्थिक नीति के कारण आज महंगाई चरम पर है, लोगो को अपने जीने के बुनियादी संसाधनों को जुटाना मुश्किल हो रहा है।

## बकाढ़ पंचायत में अपना पंचायत अपना प्रशासन कार्यक्रम का हुआ आयोजन

प्रात: किरण संवाददाता

हाजीपुर महुआ। महुआ अनुमंडल के बकाढ़ पंचायत के पंचायत सरकार भवन परिसर में स्थानीय मुखिया मोहम्मद सज्जाद अहमद की अध्यक्षता में अपना पंचायत अपना प्रशासन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पूरे पंचायत से विभिन्न मामलों के कुल 30 आवेदन प्राप्त हुए। कार्यक्रम के दौरान दर्जनों मामलों को मौके पर मौजूद पदाधिकारियों ने मौखिक रूप से हीं निपटा दिया।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से बीडीओ मनोज कुमार राय, सीओ मुन्ना प्रसाद, व्यापार मंडल अध्यक्ष गणेश राय, पंचायती राज पदाधिकारी रंजन कुमार,प्रखंड सांख्यिकी पदाधिकारी सुनील कुमार, पंचायत सचिव विरेन्द्र प्रसाद राय, महिला पर्यवेक्षिका सुजाता कुमारी, पंचायत तकनीकी सहायक प्रत्युष राज,पंच,एवं पीएचसी के चिकित्सकों की टीम आदि के साथ ही सभी विभाग के पदाधिकारी उपस्थित थे।

## जिला समाहरणालय के समक्ष पहुंच कर की सरकार विरोधी नारेबाजी

प्रात: किरण संवाददाता।

भागलपुर। प्रदेश नेतृत्व के निदेर्शानुसार सुखाड़, मंहगाई, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार, बाढ़ आदि मुद्दों को लेकर राजद सहित महागठबंधन परिवार के सदस्यों ने भागलपुर जिला मुख्यालय पर सैकड़ों कार्यकताओं ने किया जोरदार प्रदर्शन।

राष्ट्रीय जनता दल जिला अध्यक्ष चंद्रशेखर प्रसाद यादव के नेतृत्व में राजद सहित महागठबंधन परिवार के सैकड़ो कार्यकताओं ने केंद्र सरकार एवं राज्य सरकार के विरोध में बढ़ती मंहगाई, बेरोजगारी, सुखाड़, बाढ़, भ्रष्टाचार आदि मुद्दों को लेकर भागलपुर स्थित अम्बेडकर चौक रेलवे स्टेशन से लेकर वेराइटी चौंक,खलिफाबाग चौक, घंटाघर चौक, बड़ी पोस्ट आफिस चौक होते हुए कचहरी चौक जिला मुख्यालय के समक्ष पहुंच कर जोरदार प्रदर्शन करते हुए नारेबाजी की।

प्रतिरोध मार्च कार्यक्रम में राजद जिलाध्यक्ष पूर्व महागठबंधन विधान परिषद प्रत्याशी संजय यादव,पूर्व जिलाध्यक्ष केदारनाथ यादव, जिला प्रधान महासचिव विश्वजीत कुशवाहा, पूर्व विधायक पीरपैंती रामविलास पासवान, पूर्व विधायक सुल्तानगंज फनीन्दर चौधरी, वरिष्ठ राजद नेता गणेश दत्त कुशवाहा, कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष परवेज जमाल, प्रदेश महासचिव चक्रपाणि हिमांशु, प्रदेश सचिव डॉ. तिरूपति नाथ यादव, युवा प्रदेश महासचिव डॉ. आनंद आजाद, महानगर अध्यक्ष मोहम्मद साहब उद्दीन, राजद नेता महोम्मद समीम,गौतम बनर्जी,सी.पी.आई. नेता दशरथ साह,माले जिला सचिव बिन्देसरी मंडल,सीपीआईएम के मनोहर मंडल, भाकपा माले के संजीत सुमन, मो. उस्मान, जिला उपाध्यक्ष राजेश यादव, रमेश रमण, सदानंद यादव, जिला उपाध्यक्ष सह जिला परिषद सदस्य कहलगांव जनार्दन आजाद,,युवा नेता पीरपैंती जांनिसार असलम, पंचायत अध्यक्ष बेलखोरिया अरविंद यादव, अक्षय कुमार, पवन ठाकुर, सानिया बिहारी,मुकेश ठाकुर, महोम्मद मंजूर,नेयाज जफर एवं जिला मिडिया प्रभारी मणजीत ठाकुर के साथ साथ राष्ट्रीय जनता दल सहित महागठबंधन परिवार के हजारों कार्यकर्ता गण मौजूद थे।

### राजपूत कल्याण परिषद की बैठक बुलाई गई

हाजीपुर संवाददाता। राजपूत कल्याण परिषद की बैठक जागोडीह गाँव के सामुदायिक भवन में की गई। बैठक की अध्यक्षता परिषद के अध्यक्ष राकेश कुमार सिंह ने किया। इस बैठक में लालगंज और भगवानपुर प्रखंड के सदस्यों ने भाग लिया। बैठक में सामाजिक एकता, सामाजिक कुरीतियों को त्याग करने,समाज के कमजोर वर्गों को यथासम्भव मदद पहुंचाने, प्रतिभाशाली छात्रों और छात्राओं को प्रोत्साहित करने इत्यादि पर जोर दिया गया। सदस्यों को निर्देश दिए गए कि व अपने-अपने ब्लॉको में जितने भी समाज के लोग हैं उनसे सीधा संपर्क साध कर उद्देश्यों व अपने दायित्वों के जानकारी उपलब्ध करवाए ताकि संगठन के उद्देश्य के संबंध में जानकारी दिया जाए। ताकि मजबूत संगठन तैयार किया जा सकें। बैठक के दौरान दोनों प्रखंडों में गांव-गांव में सदस्य अभियान चलाने का भी निर्णय लिया गया। उपस्थित सदस्यों ने यह भी निर्णय लिया कि राजपूत कल्याण परिषद को एक सशक्त संगठन का रूप दिया जा सके। बैठक में राजपूत कल्याण परिषद के संरक्षक अजय कुमार सिंह कोषाध्यक्ष,रिंटू सिंह प्रमोद कुमार सिंह,पूर्व मुखिया,पप्पू सिंह,अनिल कुमार सिंह इत्यादि ने भी संबोधित किया।

## संक्षिप्त खबरें

### ट्रक चालकों के लिए 7 दिवसीय नेत्र जांच शिविर आयोजित



चकिया। रोटरी क्लब ऑफ चकिया एवं ग्यास फाउंडेशन पूर्वी चंपारण द्वारा सड़क परिवहन एवं राज्य मार्ग मंत्रालय भारत सरकार के प्रोग्राम के अंतर्गत रविवार को एन. एच. 28 स्थित हरपुर नाग में ट्रक चालको के लिए सात दिवसीय नेत्र जाँच शिविर का आज से आयोजन किया गया। यह शिविर 13-08-2022 तक लगातार चलता रहेगा। रोटरी के पदाधिकारीयो ने नेत्र जाँच शिविर का उद्घाटन फीता काटकर किया। रोटरी अध्यक्ष रो. अमरजीत कुमार ने कहा कि आजकल दिन-प्रतिदिन बढ़ रहे सड़क दुर्घटना का एक कारण नेत्र दोष भी है। ट्रक चालक एवं अन्य वाहन चालक गरीबी एवं अन्य कारणों से जिसमे समय का अभाव भी उनके लिए एक कारण है, वे समय पर नेत्र जाँच नही करवा पाते है, जो कि आगे चलकर उनके लिए दुर्घटना का कारण बनता है। रोटरी सचिव डॉ. रोहित कुमार सिंह ने बतया की नेत्र जाँच चालको मे नेत्र दोष के प्रति जागरूकता लाने के उदेश्य से किया गया है ताकि चालक समय रहते नेत्र जाँच करा भविष्य मे होने वाली दुर्घटना से खुद और दुसरो को भी बचा सके।

### एनएसयूआई प्रखंड अध्यक्ष राहुल ने दिग्गजों के समक्ष लिया राजद की सदस्यता

रक्सौल। छात्र संगठन एनएसयूआई के रक्सौल प्रखंड अध्यक्ष राहुल कुमार पाण्डेय ने रविवार को राजद की सदस्यता ग्रहण की। सदस्यता ग्रहण करवाने में सुरेश यादव, राजद जिला अध्यक्ष, रक्सौल पूर्व महागठबंधन प्रत्याशी रामबाबू यादव, शशि भूषण सिंह, सगौली विधायक, शमीम अहमद नरकटिया विधायक, मनोज यादव कल्याणपुर विधायक, सह मणि श्रीवास्तव मोतिहारी विधान सभा प्रभारी, अच्छेलाल यादव पूर्व प्रत्याशी राजद चिरैया, संजय निराला पिपरा विधानसभा प्रभारी सह प्रदेश प्रवक्ता राजद तथा तमाम राजद नेता गण उपस्थित थे। इस दौरान राजू सिंह, सांतनु यादव, राहुल केदार सिंह, जेपी यादव, मिंटू खान, पवन यादव, संदीप यादव, नूर आलम खान, प्रदेश सचिव, शंकर कुशवाहा, कुणाल रॉय, वाल्मीकि कुमार आदि नेता गण उपस्थित थें।

### ग्रिड में गड़बड़ी से बिजली की आपूर्ति बाधित

गोपालगंज। गोपालगंज पावर ग्रिड के ब्रेकर में रविवार को आई तकनीकी खराबी के कारण बरौली, बैकुंठपुर व सिधवलिया प्रखंड में बिजली की आपूर्ति तीन घंटे तक बाधित रही। जिससे उमस भरी गर्मी में उपभोक्ताओं की परेशानी बढ़ गई। बैकुंठपुर पावर सेक्शन के जेई प्रकाश कुमार सिंह ने बताया कि दोपहर में आपूर्ति सुचारू की गई।

### आपसी विवाद में महिला को किया घायल

गोपालगंज। जिले के बैकुंठपुर थाने के धर्मबारी गांव में आपसी विवाद को लेकर हुई मारपीट में एक महिला घायल हो गई। घायल उषा देवी को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

### बैकुंठपुर में सड़क दुर्घटना में युवक जख्मी

गोपालगंज। जिले के बैकुंठपुर थाने के दिघवा दुबौली में स्टेट हाईवे 90 पर रविवार को हुई दुर्घटना में 30 वर्षीय युवक जख्मी हो गया। जख्मी युवक सीमावर्ती सीवान जिले के बसंतपुर थाने के कुमकुमपुर गांव का शैलेंद्र कुमार यादव है। उसे इलाज के लिए सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

### बैकुंठपुर में शराब के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

गोपालगंज। जिले के बैकुंठपुर थाने की पुलिस ने हमीदपुर एवं चिउटाहां गांवों में छापेमारी कर दस लीटर देसी शराब के साथ दो तस्करों को गिरफ्तार कर लिया। थानाध्यक्ष धनंजय कुमार राय ने बताया कि गिरफ्तार तस्करों में बृजकिशोर राय व जितेंद्र रावत शामिल हैं। तस्करों के खिलाफ उत्पाद अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है।

### परसौनी खुर्द गांव में तीन दलितों को मारपीट कर किया जख्मी

गोपालगंज। जिले के कटेया थाने के परसौनी खुर्द गांव में एक दलित परिवार के तीन सदस्यों को मारपीट कर जख्मी कर दिया गया। इलाज के लिए उन्हें स्थानीय रेफरल अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार करने के बाद उनकी हालत गंभीर देखकर बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल में रेफर कर दिया। जहां डॉक्टरों की देखरेख में उनका इलाज इमरजेंसी वार्ड में किया जा रहा है। मारपीट में जख्मी लोगों में हीरा राम, सोनिया देवी व गुलशन राम शामिल हैं।

# रजिस्ट्रेशन के नाम पर निजी विद्यालयों को परेशान करना बंद करे शिक्षा विभाग

प्रात : किरण संवाददाता



चकिया। प्राइवेट स्कूल एसोशिएशन ऑफ टीचर्स वेलफेयर के चकिया अनुमंडल इकाई के कार्यकारणी की महत्वपूर्ण बैठक रविवार के दिन पीपरा स्थित जे.ए इंटरनेशनल स्कूल के सभागार में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता अनुमंडल अध्यक्ष अवधेश कुमार ने किया। बैठक में शिक्षा विभाग के कतिपय कर्मचारियों द्वारा रजिस्ट्रेशन के नाम पर निजी विद्यालयों को परेशान करने पर कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की गई। बैठक में शामिल अनुमंडल के विभिन्न प्रखंडों के निजी विद्यालयों के निदेशको ने सामूहिक रूप से रजिस्ट्रेशन के नाम पर विभाग की कार्यशैली को लेकर भविष्य में सामूहिक आंदोलन करने पर बल दिया गया। वहीं बैठक में आगामी 04 सितंबर को आयोजित डायरेक्टर मीट की सफलता एवं आयोजन के रूप रेखा पर विचार विमर्श किया गया। सभी सदस्यों के द्वारा सामूहिक रूप से क्विज कॉन्टेस्ट एवं शिक्षा सेवा सम्मान समारोह के आयोजन को पुनः सुचारू रूप से संचालित करने का निर्माण लिया गया। जिसकी तिथि अगली बैठक में तय करने का निर्णय लिया गया।समारोह को ज़िला सचिव राजीव रंजन कुमार, अनुमंडल अध्यक्ष अवधेश कुमार, सचिव विनय भारद्वाज पूर्व अध्यक्ष मुकेश शर्मा, स्टैल्नी पिल्लई, पवन कुमार सिंह, नरोत्तम कुमार, आनन्द प्रकाश, पाण्डेय आदि ने सम्बोधित किया। मौके पर जिला कोषाध्यक्ष ई कृष्णानंद कुमार, ई. विश्वास गिरी, चंदन कुमार, मुकेश कुमार सहित काफी संख्या में निदेशकगण उपस्थित थे। सभी आगत अथिति का स्वागत एवं ध्न्यवाद ज्ञापन जे.ए इंटनेशनल स्कूल के प्रतिनिधि परविन्द्र कुमार ने किया।

## शरीर में बांध गांजा की तस्करी कर ले जा रहे दो आरोपियों को एसएसबी ने दबोचा

प्रात: किरण संवाददाता



रक्सौल। भारत-नेपाल सीमा से तस्करी करना अब आम बात हो गई है, जबकि दोनो ही देशों के सीमाओं पर सशस्त्र बल की तैनाती है, बावजूद धड़ल्ले से तस्करी होती है। अब इस बार भारतीय सीमा पर तैनात एसएसबी 47 वीं बटालियन के जवानों ने शक के आधार पर दो तस्करों को मादक पदार्थ के साथ गिरफ्तार किया है। जिसकी जानकारी देते हुए एसएसबी 47 वीं बटालियन के कमांडेंट विकास कुमार ने बताया कि भारत के रक्सौल के पंटोका व नेपाल के वीरागंज के छपकैया को जोड़ने वाले पिलर संख्या 393 के समीप हवाई अड्डा के जवानों द्वारा नेपाल से भारत की ओर आ रही नेपाली बाईक हीरो होंडा स्प्लेंडर पर बैठे दो नेपाली व्यक्तियों पर शक हुआ और उसे रोक कर तलाशी ली गई तो उसके कमर में प्लास्टिक से लपेटकर गांजा बांधा हुआ था। जिसके बाद दोनो को हिरासत में लिया गया। कमांडेंट ने बताया कि पूछताछ में उनलोगो ने बताया कि इसी तरह से छुपाकर भारत में गांजे की तस्करी करते हैं और डिमांड के अनुसार माल की सप्लाई रामगढ़वा, रक्सौल एवं आसपास के क्षेत्र में करते हैं। आरोपियों की पहचान नेपाल के परसा जिला के एकटंगा थाना अंतर्गत बड़ेरवा निवासी ठगन पंडित थारू के 40 वर्षीय पुत्र परमेश्वर पंडित थारू एवं शंभू सहनी के 18 वर्षीय पुत्र प्रदीप सहनी के रूप में हुई है। जिन्हे जरूरी कागजी कार्रवाई के बाद हरैया ओपी थाना को सुपुर्द कर दिया गया है।

# मोदी सरकार के खिलाफ महागठबंधन ने निकाला प्रतिरोध मार्च

## भाजपा सरकार ने बिहार को बनाया सबसे बेरोजगार राज्य-राजू

प्रात : किरण संवाददाता



गोपालगंज। बढ़ती महंगाई, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार, बाढ़ और सुखाड़ तथा खाद की कमी सहित अन्य जनहित के मुद्दे को लेकर महागठबंधन में शामिल दलों ने आज जिला मुख्यालय मे प्रतिरोध मार्च निकाल केंद्र सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।

मार्च जिला राजद कार्यालय से निकल कर पूरे शहर का भ्रमण करते हुए अम्बेडकर चैक पर सभा मे तब्दील हो गया। मार्च में शामिल राजद के प्रदेश महासचिव रेयाजुल हक राजू, हथुआ विधायक राजेश सिंह कुशवाहा, बैकुंठपुर विधायक प्रेमशंकर यादव, पूर्व एमएलसी प्रत्याशी दिलीप सिंह, कांग्रेस के अध्यक्ष इफ्तेखार हैदर, रबिन्द्र सिंह, माले के जिला सचिव इंद्रजीत चैरसिया, सीपीआई के शिवनारायण बारी, सीपीएम के सचितानंद ठाकुर आदि ने केंद्र सरकार की जनविरोधी नीतियों पर जमकर हमला बोला। वक्ताओं ने कहा कि महंगाई, बेरोजगारी और बदहाल अर्थव्यवस्था सबसे गंभीर व ज्वलंत समस्या है, लेकिन दुर्भाग्य है कि सरकार इन मुद्दों पर बात ही नही करना चाहती है। सरकार देश की आय बढ़ाने के बजाय देश की संपत्ति को बेच कर युवाओं और देश की जनता को भ्रमित करने का प्रयास कर रही है। इन नेताओं ने कहा कि भाजपा की नकारात्मक और शिथिल राजनीति के कारण देश के सबसे युवा प्रदेश बिहार का वर्तमान और भविष्य बर्बाद हो रहा है। इनकी जनविरोधी, साम्प्रदायिक और पूंजीपरस्त नीतियों के कारण बिहार में नफरत, भेदभाव, गरीबी पलायन और बेरोजगारी में अप्रत्याशित वृद्धि हुई है। इन नेताओं ने कहा यह विडंबना ही है कि 15 लाख रुपए हर भारतीय के खाते में एवं बिहार को विशेष राज्य का दर्जा व प्रतिवर्ष दो करोड़ नौकरियाँ देने का वादा करके 2014 में सत्ता में आई भाजपा सरकार ने बिहार को सबसे अधिक बेरोजगारों वाला राज्य बना दिया। 2 करोड़ सालाना नौकरियों की वादा खिलाफी के बावजूद भी इन्होंने 2020 में बिहार के युवाओं को 19 लाख नौकरियों का वादा किया और फिर विश्वासघात कर युवाओं की पीठ में छुरा घोंपा। इन नेताओं ने कहा कि केंद्र की सरकार को बेदखल करने तक महागठबंधन का अभियान जारी रहेगा। इस अवसर पर राजद के प्रधान महासचिव इम्तेयाज अली भुट्टो, उपाध्यक्ष विकाश सिंह, सुनील कुमार बारी, पिन्टू पांडेय, सुरेश चैधरी, माले नेता अजात शत्रु, मो.कासिम, अरविंद कुमार पप्पू, गुफरान रशीद मिंटू, संतोष यादव, सुनीता यादव, उषा देवी, सुरेश प्रसाद यादव, मुकेश यादव, चंद्रभान सिंह, श्याम बहादुर यादव, रहमत अली, राधा यादव, गम्भा यादव, राहुल यादव, आकाश यादव, सुमन यादव आदि मौजूद थे।

## गांजा पीने से मना करने पर पति को मारी चाकू, पत्नी को पीटा

गोपालगंज। जिले के कुचायकोट थाने के सिरिसिया गांव में बथान में गांजा पीने से मना करने पर एक युवक को चाकू से वार कर जख्मी कर दिया गया। बीच-बचाव करने के लिए उसकी पत्नी गई तो उसे भी मारपीट कर घायल कर दिया गया। दोनों को इलाज के लिए कुचायकोट सीएचसी में भर्ती कराया गया। डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार करने के बाद दोनों की हालत गंभीर देखकर बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल में रेफर कर दिया। जहां डॉक्टरों की देखरेख में उनका इलाज इमरजेंसी वार्ड में चल रहा है। घटना के संबंध में बताया जा रहा है कि सिरिसिया गांव के संजीव राम अपने घर पर मौजूद थे। इस दौरान उनके बथान में कुछ युवक गांजा पीने के लिए घुस गए।

## आजादी के 75 साल पर 75 महिलाओं को कपड़ा बैंक ने हर घर तिरंगा का बताया महत्व

प्रात : किरण संवाददाता



रक्सौल। आजादी के अमृत महोत्सव यानी की आजादी के 75 वें वर्ष पर हर घर तिरंगा कार्यक्रम करना है, जिसके लिए महिलाओ की भागीदारी बड़ी मात्रा में होनी चाहिए, क्योंकि घर महिला चलाती है और उन्हें जागरूक करना जरूरी है। इसी उद्देश्य से महिलाओं को एकत्रित करके उन्हें तिरंगा का महत्व बताने के साथ हर घर तिरंगा लगाने की अपील की गई। उक्त बातें आजादी के अमृत महोत्सव पर अर्थात 75 वें साल पर 75 महिलाओं को एकत्रित कर संबोधित करते हुए कपड़ा बैंक की निदेशिका ज्योति राज गुप्ता ने कही। उन्होंने बताया कि आजादी के 75 साल होने पर 75 महिलाओं को आमंत्रित करके उन्हें सम्मान दिया गया। ये महिलाएं विभिन्न क्षेत्र की थी, जिसमें सामाजिक, राजनैतिक और गृहिणी सहित अन्य शामिल थी। मौके पर ज्योति राज गुप्ता के साथ बाल केसी देवी, रंभा देवी, संगीता गुप्ता, मधु देवी, आशा देवी, पूजा गुप्ता, विमला गुप्ता, दयावंती अग्रवाल, उर्मिला देवी, सुष्मा देवी, सुमन लता, चंपा देवी, सीता देवी, सरिता गुप्ता, प्रिया गुप्ता, पुनम गुप्ता, उमा देवी, पुष्पा अग्रवाल, खूश्बू देवी व संध्या सर्राफ आदि मौजूद थी।

## गोपालगंज में शराब के नशे में 7 युवक गिरफ्तार

प्रात : किरण संवाददाता

गोपालगंज। गोपालगंज के यादवपुर थाना क्षेत्र के मंगलपुर पुल के पास एक बोलेरो पर सवार शराब के नशे में धुत होकर बेतिया जा रहे हैं सात युवकों को यादोपुर थाने की पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार युवकों को पुलिस ने उत्पाद अधिनियम के तहत कार्रवाई जुट गई है। दरअसल सूबे में पूर्ण शराबबंदी कानून लागू है बावजूद शराबबंदी कानून का डर ना ही शराब तस्करो पर असर कर रहा है और ना ही शराब के सेवन करने वालो पर वही पुलिस शराब तस्कर व शराब के सेवन करने वालो के खिलाफ कार्यवाई भी कर रही है। ताजा मामला उस वक्त सामने आया जब शराब के नशे में धुत सात पियक्कड़ों को यादोपुर थाने की पुलिस ने गिरफ्तार किया।

## नवादा परसौनी में एसडीएम और एसडीपीओ ने विवादित स्थल का किया निरीक्षण

### दोनो पक्ष शांति व सौहार्द के साथ मनाए पर्व : एसडीएम

प्रात : किरण संवाददाता



गोपालगंज। जिले के उचकागांव थाना क्षेत्र के नवादा परसौनी गांव में एसडीएम राकेश कुमार और एसडीपीओ नरेश कुमार ने मोहर्रम पर्व को लेकर जनप्रतिनिधियों के साथ पहुंचकर गांव के विवादित स्थल का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने मस्जिद से होकर नवादा परसौनी गांव के गलियों में गुजरने वाले सड़क का निरीक्षण किया।

जहां पूर्व में कुछ वर्ष पहले महावीरी अखाड़ा जुलूस के दौरान नगाड़ा बजाने को लेकर दोनों पक्षों के लोगों के बीच मारपीट हुई थी। दोनों पक्षों के बीच हुए मारपीट के बाद तनाव उत्पन्न हो गया था। इस दौरान उन्होंने शांति समिति की बैठक आयोजित कर दोनों पक्षों के लोगों को मोहर्रम का पर्व आपसी भाईचारे एवं शांतिपूर्ण माहौल में मनाने की अपील की। इस दौरान हथुआ एसडीएम ने नवादा परसौनी के गलियों में मुहर्रम के दौरान लोगों के आने जाने में दिक्कत को देखते हुए अतिक्रमित स्थल की साफ-सफाई कराने का निर्देश दिया।

वहीं थानाध्यक्ष, स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं सीओ को स्थानीय लोगों से मिलजुल कर अतिक्रमण हटवाने का निर्देश दिया। इस दौरान उन्होंने कहा कि अतिक्रमण नहीं हटाने वाले लोगों के विरुद्ध प्रशासन द्वारा कार्यवाही कर अतिक्रमण हटवाया जाएगा। एसडीपीओ नरेश कुमार ने कहा कि मुहर्रम के दौरान प्रशासन के नियमानुसार मुहर्रम का जुलूस निकालने पर प्रशासन द्वारा मुहर्रम जुलूस को पुरस्कृत किया जाएगा। मौके पर थानाध्यक्ष सुभाष कुमार सिंह, सीओ रवीश कुमार, प्रखंड प्रमुख विश्वजीत यादव, बीडीओ मनोज कुमार पंडित, एसआई संदीप कुमार, केके सिंह, एनके पाल, मुखिया अकलू यादव, सरपंच सोहराब आलम, पूर्व प्रखंड प्रमुख रामाशीष सिंह, पूर्व मुखिया करीमन मियां सहित काफी संख्या में लोग मौके पर उपस्थित थे।

# उत्पाद और पुलिस विभाग के भ्रष्ट रवैया के कारण मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के शराब मुक्त बिहार का सपना अधूरा

संवादाता प्रात : किरण

मुंगेर /हवेली खड़गपुर। बिहार में शराबबंदी कानून लागू है लेकिन पुलिस और उत्पाद विभाग के भ्रष्ट रवैया के कारण मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के सपनों का बिहार शराब मुक्त बिहार बनाने का सपना यहां पर सपना साकार नहीं हो पा रहा है राज्य के अन्य हिस्सों में शराब तस्करों द्वारा शराब का निर्माण और तस्करी कर शराब बेचा जा रहा है और शराब पीने से लोगों का मौत और आंखों की रोशनी जा रही है लेकिन ना तो पीने वाले मांनते हैं और ना ही बेचने वाले शराब बेचने से बाज आते हैं प्राप्त जानकारी के अनुसार खड़गपुर अनुमंडल क्षेत्र में शराब का उत्पादन प्रतिदिन 1000 लीटर शराब उत्पादन होता है आदिवासी बहुल क्षेत्रों में शराब अधिक उत्पादित किया जाता है कुछ आदिवासियों ने नाम नहीं छापने की शर्त पर बताया कि सरकार ने कोई रोजगार नहीं दिया है लकड़ी काटना और बेचना भी वन अधिनियम के तहत अपराध है उसमें भी पकड़े जाने के बाद जुमार्ना और सजा होती है इन शराब उत्पादकों ने बताया कि खड़गपुर क्षेत्र के 90% चौकीदार मेरे दुकान पर आकर मुफ्त में शराब पीते हैं और अधिकारियों का हिस्सा वसूल कर अधिकारियों तक पहुंचाते हैं महुआ से बने शराब में उत्पादकों द्वारा महुआ को सडाने में में यूरिया खाद का इस्तेमाल किया जाता है जब भट्टी से उसकी जुलाई हो जाती है तो उसमें 1 लीटर शराब में नींद की 10 से 20 गोली देकर उसे घोल दिया जाता है तथा उसके बाद टेस्ट कर देखा जाता है कि कितना नशा शराब में है उसके बाद नशा कम होने पर एलडिन के बोतल में पुआल के सिक्के डालकर उस पानी वाले शराब में सींक को डूबा दिया जाता है।

कई चिकित्सकों का मानना है कि इस शराव का इस्तेमाल से पीने वाले लोगों को मौत भी हो सकती है और शराब पीने वाले मौत से वच भी जाते हैं तो उसे लकवा मारने का 99 प्रतिशत संभावना होती है जिसे चुलाई शराब के इस्तेमाल से लोगों को निजात दिलाने के लिए बिहार में नशा मुक्त कानून लागू किया गया है लेकिन इन नौकरशाहों के कारण नशा मुक्ति अभियान ठंडा पड़ा हुआ है जबकि खानापूर्ति के लिए मुंगेर जिले के क्षेत्र में 5 लीटर से 10 लीटर शराब और उच्च अधिकारियों को यह संदेश देते हैं कि हमारे यहां शराब नहीं बिक रहा है आरक्षी पुलिस अधीक्षक जग्गुनााथ जलारेडीं ने फोन पर बताया कि डीजीपी के आदेशाअनुसार शराब तस्करों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है चिन्हित स्थानों पर छापामारी की जा रही है और शराब तस्कर और शराब को पकड़ा जा रहा है बिहार सरकार के उस शपथ पत्र के आलोक में कार्रवाई करने की आवश्यकता है जो आज से पूर्व शपथ पत्र चौकीदार से लेकर पुलिस के उच्च अधिकारियों ने दे कर यह वचन दिया था कि हमारे क्षेत्र में शराब की बिक्री नहीं होती है अगर होगी तो दोषी पाया जाऊंगा।

### ज़िला में 72 किसान सलाहकार का हुआ चयन 19 अगस्त तक जिला कृषि कार्यालय में देंगे योगदान

रोहतास ब्यूरो, प्रातः किरण, सासाराम। जिला कृषि पदाधिकारी, रोहतास सासाराम के कार्यालय आदेश संख्या 247 / 2022-23 के आलोक में रोहतास जिले के अन्तर्गत संजीत कुमार संग कुल 72 किसान सलाहकार का चयन किया गया है। सभी चयनित अभ्यथीर्यो को अपना योगदान दिनांक 19 अगस्त 2022 तक जिला कृषि कार्यालय रोहतास में समर्पित करना होगा। चयनित किसान सलाहकार को विभाग द्वारा निधार्रित मानदेय का भुगतान प्रखण्ड कृषि पदाधिकारी के साथ सहमति पत्र पर हस्ताक्षर तथा शैक्षणिक प्रमाण पत्र के सत्यापन के उपरान्त देय होगा। शैक्षणिक प्रमाण पत्रों के सत्यापन के पश्चात अगर किसी अभ्यर्थी का प्रमाण पत्र गलत / फर्जी पाया जाता है तो ऐसे अभ्यर्थी को चयन मुक्त करते हुए यथोचित कार्रवाई की जायेगी।

## सुखाड़ की स्थिति में किसान हो रहे हैं परेशान

संवादाता प्रात : किरण

तारापुर (मुंगेर)। मानसून वर्षा के अभाव में तारापुर प्रखंड क्षेत्र में किसानों के समक्ष सुखाड़ की स्थिति पैदा हो गई है। सावन महीने की 20 दिन से ज्यादा वक्त बीत चुका है मानसून वर्षा के नहीं होने से नदी नाले सूख गए हैं नहर में भी पानी नहीं है हनुमाना डैम में इतना पानी नहीं है की वह तारापुर के किसान की खेतों का रोपनी करा सकें। मौसम ने ऐसा परिवर्तन लिया है कि इस क्षेत्र में वर्षा नगण्य में हो गई है एक आध दिन की हल्की बारिश से न तो खेत में पानी है और न ही नदी में ही पानी है। कमोबेश तारापुर प्रखंड में स्थिति बहुत ही भयावह बनी हुई है। धान की नर्सरी उत्पन्न किए जाने वाले विचाडा.पूर्व से ही सुख गया है सरकार ने डीजल की सब्सिडी की घोषणा तो कर दिया है धरातल पर कहां तक उतर पाएगा यह तो समय ही बताएगा भूगर्भ जल की स्थिति तो और भयावह रूप लेता जा रहा है तारापुर अनुमंडल के 80% गांव में चापाकल सूख गया है कई जगह तो बोरिंग भी फेल हो गया है भूजल का स्तर काफी नीचे हो गया है यदि वर्षा की यही स्थिति रही तो तारापुर के किसान के पास भुखमरी की समस्या हो जाएगी लगभग सभी किसान पारंपरिक धान के बीज को छोड़कर ज्यादा पैदावार हेतु बाजार से अधिक मूल्य पर बीज लेकर बोए हैं।

## लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास के चिकित्सा प्रकोष्ठ का समीक्षा समीक्षा बैठक संपन्न

प्रात : किरण संवाददाता



औरंगाबाद। लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास के चिकित्सा प्रकोष्ठ के बैनर तले आज एम आई हॉल में एक समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। समीक्षा बैठक के दौरान दीप प्रज्वलित कर चिकित्सा प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष अजय कुमार एवम जिलाध्यक्ष चिकित्सा प्रकोष्ठ के रामविलास पासवान एवं सदस्यों के द्वारा कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। बैठक के दौरान पार्टी के चिकित्सा प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष अजय कुमार ने बताया कि बिहार में नीतीश सरकार चिकित्सा के क्षेत्र में हर जगह विफल साबित रो रही है।

एवं जनता सरकार के नीतियों से जहां एक और आम जनता त्रस्त है वही शासन पक्ष के लोग अपने आप में मस्त हैं। आज भी याद है वह कोरोना जिस समय जिले से लेकर प्रखंड तक चिकित्सा मित्र जहां अपने जान की बाजी लगाकर लोगों की जान बचा रहे थे। वहीं सत्ता पक्ष के लोग झोलाछाप डॉक्टर कह उन्हें अपमानित कर रहे थे। वही एमबीबीएस डॉक्टर अपने क्लीनिक से लेकर घरों तक ताले लगा कहीं गुमनामी में खो गए थे। और यही चिकित्सा मित्र लोगों का बढ़-चढ़कर जान बचाई एवं अपने आप को एक कोरोना वारियर के रूप में स्थापित भी किया। लोजपा चिकित्सक मित्रों की लड़ाई सड़क से लेकर सदन तक करेगी इसका वादा भी है। उपस्थित लोगों में जिला अध्यक्ष चिकित्सा डा0 राम विलास पासवान ,अनुप कुमार ठाकुर जिला अध्यक्ष लोजपा रा०, औसा,सरुण पासवान, प्रदेश महासचिव लोजपा रा. पूर्व प्रत्यासी- कुटुम्बा 1) अनोज सिंह प्रदेश सचिव पूर्व प्रत्यासी- रफिगंज, चन्द्रभूषण सिंह सोनू सिह प्रदेश उपाध्यक्ष संसदीय बोर्ड, रंजू देवी जिला अध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ,अर्जुन राम,डा0 बिरेन्द्र ठाकुर, डा0 अजय कुमा प्रदेश अध्यक्ष, मनोज कुमार सिंह पूर्व प्रत्याशी रफीगंज, डॉक्टर ममता मिश्रा जिला उपाध्यक्ष, डा उपेंद्र कुमार संचालन करता इत्यादि लोग सम्मिलित रहे।

## युवा नेत्री समाजसेवी मुख्य पार्षद प्रत्याशी सह वार्ड पार्षद मधेपुरा कुमारी विनीता भारती ने रक्तदान कर बचाई जान

संवादाता प्रात : किरण



मधेपुरा। मधेपुरा के सदर अस्पताल ब्लड बैंक में युवा समाजसेवी वार्ड पार्षद सह मुख्य पार्षद कुमारी विनीता भारती ने कहा कि आज जैसे ही मुझे पता की हमारी एक बहन को डिलीवरी होने के लिए दो यूनिट रक्त कि अत्यंत जरूरी है उसके बाद हम लग गए व्यवस्था में ।साथी प्रणव कुमार व विकास कुमार के द्वारा रक्तदान करके मिशाल कायम किया व जान बचाया।आज हमें खुशी होती है कि दिन रात हमारे युवा साथियों के द्वारा लोगों कि सेवा करने को तैयार रहते है हमारी मुख्य उद्देश्य ही है कि समाज के हर मुद्दे मैं बढ़ चढ़ कर हिस्सा लेना है और मधेपुरा में रक्त कि कमी से किसी कि जान नहीं जाने देंगे। यदि जरूरत पड़ी तो लोगों से अपील कर भी समय पर रक्त उपलब्ध करवाएंगे। प्रणव कुमार ने कहा कि आज हमने रक्तदान किया है रक्तदान करके अच्छा लगता कि हमारे रक्तदान करने से किसी की जान बची इससे ज्यादा और खुशी की क्या बात होगी। वही यह रक्तदान करवाने इसका श्रेय हमारे समाजसेवी कुमारी विनीता भारती जी है जो लागातार समाजहित के मुद्दे को लेकर संघर्षरत है इन्होने ने हम जैसे युवा को प्रेरित करते है समाज सेवा करने के लिए तैयार रहते है।

## महावीरी मेले में डीजे बजाने पर संचालक व लाइसेंसधारियों पर प्राथमिकी

संवादाता प्रात : किरण

गोपालगंज। कुचायकोट व नगर थाना क्षेत्र के विभिन्न गांवों में शनिवार को महावीरी मेले व जुलूस के दौरान डीजे बजाने पर पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज की है। तीन डीजे संचालकों व लाइसेंसधारियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर पुलिस ने डीजे को भी जब्त कर लिया है। इसकी जानकारी देते हुए सदर एसडीपीओ संजीव कुमार ने बताया कि पूर्व में ही महावीरी मेले, जुलूस व मुहर्रम में डीजे बजाने पर प्रतिबंध लगा दिया था। शांति समिति की बैठक में सभी लाइसेंसधारियों व गणमान्य लोगों से अपील भी की गई थी कि कोई डीजे नहीं बजाएगा। इसके बाद भी शनिवार को कुचायकोट व नगर थाना क्षेत्र के तीन गांवों में महावीरी मेले व जुलूस में डीजे बजाया जा रहा था।

## भाईचारे की दिखी मिसाल, मंदिर की निगरानी कर रहा मुस्लिम युवक सल्लू खान

संवादाता प्रात : किरण



औरंगाबाद। शनिवार की रात्रि मुस्लिम समुदाय सातवी मोहर्रम के मौके पर पठान टोली, कुरैशी, अलीनगर, आजाद नगर, अंसार बाग, सेठ जी चौक, इस्लाम टोली मोहल्ला विभिन्न मोहल्ले से लोगों ने केला मिट्टी लाने के लिए शहर के जमा मस्जिद से आपसी भाईचारा से केला मिट्टी लेने के वक्त रास्ते में पढ़ने वाली मंदिरों पर पैगाम ए इंसानियत के मुस्लिम समुदाय के अध्यक्ष मो. शाहनवाज रहमान उर्फ सल्लू खान के नेतृत्व में धर्मशाला स्थित गणेश मंदिर शाहपुर रोड जाने वाली गिलन कब्रिस्तान के पास हनुमान मंदिर के पार अध्यक्ष सल्लू खान की सराहनीय काम की पहल जो की है वह सभी धर्म के लोग तारीफ कर रहे हैं। सल्लू खान मोहर्रम पर्व शांतिपूर्ण तरीके से मनाने के लिए भाईचारा का संदेश से लेकर धर्म स्थल की भी निगरानी अपने स्तर से कर रहे हैं। अपने सहयोगियों का सहयोग लेकर मोहर्रम की जुलूस ले जाने के क्रम में मंदिर की निगरानी कर रहे हैं। वहीं नगर थाना गश्ती कर रही थी। थानाध्यक्ष सतीश शरण बिहारी अप्पर थानाध्यक्ष जितेंद्र कुमार अपने दल बल के साथ जुलूस पर काफी निगाह रखे हुए थे। मुस्लिम समुदाय के वार्ड परिषद सिकंदर हयात, मोहम्मद युसूफ आजाद अंसारी, मोहम्मद इबरार, औरंगजेब खान, शहाबुद्दीन उर्फ नन्हे, पठान टोली के उस्ताद टिक्का खान, कुरैशी मोहल्ला के उस्ताद मो. जमाल उद्दीन कुरैशी, आजाद नगर के मोहम्मद असलम अंसार बाग के मो. राजू खान, भारत में धर्म के नाम पर लड़ने और कटने मरने वाले लोगों की गिनती कम नहीं है लेकिन अपने मजहब की दीवार से ऊपर उठकर दूसरे मजहब के लिए आवाज उठाने वाले चंद ही लोग मिलेंगे। हिन्दू हो या मुस्लिम यहां रहने वाले हमेशा हर शक्श पहले शांति और प्रेम से रहता है। मुस्लिम समुदाय के सल्लू खान मुहर्रम पर्व के मौके सल्लू खान ने ऐसा काम मंदिर के निगरानी के लि अपने सहयोगी के साथ शनिवार की रात में एक तरफ बरसात का पानी हो रहा है दूसरी तरफ सल्लू खान अपने मुस्लिम समुदाय के जुलूस को ले कर मंदिर की निगरानी करने कोई कसर नहीं छोड़ी। मुस्लिम समुदाय के लोग खुद भी पूरी तरीका से शांति का संदेश देने में कोई भी बाज नहीं आए।

सम्पादकीय

# भारत के लोकतंत्र की दशा?

डॉ .वेदप्रताप वैदिक

सोनिया गांधी और राहुल गांधी आजकल नेशनल हेराल्ड घोटाले में बुरी तरह से फंस गए हैं। मोदी सरकार उन्हें फंसाने में कोई कसर छोड़ नहीं रही है। वे दावा कर रहे हैं कि वे साफ-सुथरे हैं। यदि यह दावा ठीक है तो वे डरे हुए किस बात से हैं? जांच चलने दें। दूध का दूध और पानी का पानी अपने आप हो जाएगा। वे खरे तो उतरेंगे ही। सरकार की इज्जत पैदें में बैठ जाएगी लेकिन ऐसा लगता है कि दाल में कुछ काला है। इसीलिए आए दिन धुआंधार प्रदर्शन हो रहे हैं। दर्जनों कांग्रेसी सांसद और सैकड़ों कार्यकर्ता हिरासत में जाने को तैयार बैठे रहते हैं। अब उन्होंने अपने नेताओं को बचाने के लिए नया शोशा छोड़ दिया है। मंहगाई, बेरोजगारी और जीएसटी का। इनके कारण जनता परेशान तो है लेकिन फिर भी वह कांग्रेस का साथ क्यों नहीं दे रही है? देश के लोग हजारों-लाखों की संख्या में इन प्रदर्शनों में शामिल क्यों नहीं हो रहे हैं? इन प्रदर्शनों के दौरान राहुल गांधी के बयानों में थोड़ी-बहुत सत्यता होते हुए भी उन्हें कहने का तरीका ऐसा है कि वे हास्यास्पद लगने लगते हैं। जैसे राहुल का यह कहना कि भारत में लोकतंत्र की हत्या हो गई है। वह भूतकाल का विषय बन गया है। राहुल को आपात्काल की शायद कोई भी याद नहीं है। राहुल को मोदी-शासन शुद्ध तानाशाही लग रहा है। क्यों नहीं लगेगा? कांग्रेस को मोदी ने मां-बेटा पार्टी में सीमित कर दिया है। इस प्राइवेट लिमिटेड कंपनी की साख निरंतर घटती चली जा रही है। यदि कांग्रेसी नेता अब कोई सही बात भी बोलें तो भी लोग उस पर भरोसा कम ही करते हैं। जहां तक लोकतंत्र का सवाल है, जब कांग्रेस पार्टी जैसी महान पार्टी ही प्राइवेट लिमिटेड कंपनी बन गई है तो भाजपा की क्या बिसात है कि वह लोकतांत्रिक पार्टी होने का आदर्श उपस्थित करे? हमारे देश की लगभग सभी प्रांतीय पार्टियां उनके नेताओं की जेबी पुड़िया बन गई हैं। भाजपा के राज में लगभग सभी पार्टियों का आंतरिक लोकतंत्र तो हवा हो ही गया है, अब पत्रकारिता याने खबरपालिका भी लंगड़ी होती जा रही है। लोकतंत्र के इस चौथे खंभे में अब दीमक बढ़ती जा रही है। प्रधानमंत्री की पत्रकार-परिषद का रिवाज खत्म हो गया है। सरकार का मुंह खुला है और कान बंद है। संसद के सेंट्रल हाल में अब पत्रकारों का प्रवेश वर्जित है। वहां बैठकर देश के बड़े-बड़े नेता पत्रकारों से खुलकर व्यक्तिगत संवाद करते थे। पत्रकारों को अब प्रधानमंत्री की विदेश-यात्राओं में साथ ले जाने का रिवाज भी खत्म हो गया है। ह्यमहिला पत्रकार क्लबह्न से अब सरकारी बंगला भी खाली करवाया जा रहा है। कई अखबारों को सरकारी विज्ञापन मिलने भी बंद हो गए हैं। हमारे सभी टीवी चैनल, एक-दो अपवादों को छोड़कर, बातूनी अखाड़े बन गए हैं, जिनमें पार्टी-प्रवक्ता खम ठोकने और दंड पेलने के अलावा क्या करते है? कई अखबार और चैनल-मालिकों के यहां छापे मारकर उन्हें भी ठंडा करने की कोशिश जारी है। हमारे विरोधी दलों ने संसद की जो दुगर्ति कर रखी है, वह भी देखने लायक है। दूसरे शब्दों में जिस देश की खबरपालिका और विधानपालिका लड़खड़ाने लगे, उसकी कार्यपालिका और न्यायपालिका से आप क्या उम्मीद कर सकते हैं।

# खस्ता होती आर्थिक हालत

सिद्धार्थ शंकर

पिछले दिनों अपने एक संबोधन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के रेवड़ी यानी मुफ्त वाली योजनाओं की संस्कृति पर पीड़ा जाहिर करने के बाद अब राज्यों की अर्थव्यवस्था पर रिजर्व बैंक द्वारा जारी रिपोर्ट में इस दोषपूर्ण नीति के कारण राज्यों की खस्ता होती आर्थिक हालत और गहराते ऋण संकट का जिक्र किया गया है। लोकलुभावन संस्कृति ने भारत की राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय प्रतिबद्धताओं को प्रभावित किया है। एक तरफ जहां मुफ्त बिजली के रूप में किसी न किसी रूप में सब्सिडी का वायदा किया जा रहा है, तो वहीं बिजली आपूर्ति करने वाली राज्यों की कंपनियों की बिगड़ती सेहत उनकी संभावनाओं को कमजोर कर रही है। क्या यह विडंबना नहीं है कि मुफ्त बिजली कभी-कभी सभी घरों, कभी वैकल्पिक, तो कभी आधे घरों को दी जाती है, बल्कि ये वादे तभी तक कायम रहते हैं, जब तक सरकार आर्थिक झंझावातों में नहीं फंसती और इस सुविधा को वापस लेने को मजबूर नहीं होती? दिल्ली सरकार की तरफ से बिजली सब्सिडी को वैकल्पिक बनाने का फैसला काफी हद तक बढ़ती लागत के कारण लिया गया था। आरबीआई ने बताया है कि पंजाब में मुफ्त बिजली का वायदा सतत विकास की ओर बढ़ने की उसकी क्षमता को कम करता है। कुछ उपभोक्ताओं के लिए कीमतें घटाने और कारोबारी संस्थानों एवं औद्योगिक इकाइयों से अधिक शुल्क वसूलने से दरअसल प्रतिस्पर्धा कम होती है और इससे आय व रोजगार में सुस्ती आती है। इसी तरह, सौर ऊर्जा को गंभीरता से प्रोत्साहित करने की बिजली वितरण कंपनियों की क्षमता उनकी आर्थिक स्थिति और दर-संबंधी संरचनाओं को विकसित न कर सकने जैसी रुकावटों से बाधित होती है। गैर-जीवाश्म ईंधन वाले युग की तरफ बढ़ की हमारी क्षमता राज्य बिजली बोर्डों की सेहत पर निर्भर है, लेकिन फ्रीबीज संस्कृति के कारण यह प्रभावित हो रही है। मुफ्त योजनाओं की ऐसी परिपाटी दीर्घावधि में अर्थव्यवस्था, जीवन की गुणवत्ता और सामाजिक सामंजस्य के लिए महंगी साबित होती है। दूसरी प्रतिबद्धता, मोदी सरकार बुनियादी सुविधाओं की एक विस्तृत श्रृंखला तक पहुंच सुनिश्चित करके विषमता की चुनौती से निपटना चाहती है। इन सुविधाओं में शामिल हैं- बैंकिंग, बिजली, आवास, बीमा, जल, स्वच्छ ईंधन आदि। इनकी असमानता दूर करने से हमारी आबादी की उत्पादकता बढ़ाने में मदद मिलेगी। तीसरी प्रतिबद्धता, प्रधानमंत्री आवास योजना, स्वच्छ भारत अभियान व जल जीवन अभियान जैसी कल्याणकारी योजनाओं से मिलने वाले लाभ ने आम नागरिकों की एक बड़ी बाधा खत्म कर दी है। यह बाधा थी, इन सुविधाओं को हासिल करने की लागत। इसके अलावा, ये लोगों को सशक्त व आत्मनिर्भर बना रही हैं। जैसे, पीएम आवास योजना के तहत बने घर लाभार्थी परिवार के लिए जीवन भर की संपत्ति है। चौथी प्रतिबद्धता, प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण में तकनीक का इस्तेमाल। एसईसीसी के माध्यम से लाभार्थियों की पहचान और वंचित सुविधाओं के मानदंड के आधार पर प्राथमिकता तय करने की परंपरा ने सरकार को उन लोगों की मदद करने में सक्षम बनाया है, जिन्हें इसकी सबसे अधिक जरूर है। जो सरकारें सार्वभौमिक सब्सिडी वाला शॉर्टकट अपनाती हैं, वे अक्सर गरीबों की अनदेखी करती हैं। दिल्ली में निचले तबकों के असंख्य परिवार पानी के कनेक्शन की कमी और दिल्ली जल बोर्ड की सीमित आपूर्ति के कारण पानी के लिए महंगे टैंकरों पर निर्भर हैं। इन घरों के लिए मुफ्त जल योजना का कोई मतलब नहीं है। विनिर्माण और रोजगार पर मुफ्त उपहारों का दुष्प्रभाव पड़ता है। यह कुशल और प्रतिस्पर्द्धी बुनियादी ढांचे से ध्यान भटकाकर विनिर्माण क्षेत्र की गुणवत्ता और प्रतिस्पर्द्धात्मकता को कम करती है।

# राष्ट्रध्वज (तिरंगा) एक छंद

मयंक किशोर शुक्ल मयंक, लखनऊ



गांव गांव,नगरनगर ये,
लहरलहर शुभ, लहराये तिरंगा।
भारत माता गुणगान,सुनो जय,
वायु संग मिल, गाए तिरंगा।
अखंड ज्योति का प्रकाश,तमस पथ,
फैला राह दिखाए तिरंगा।
नई चेतना भरमयंकउर,
लेखन हित भोर,जगाए तिरंगा।।

# मुहर्रम पर विशेष : हुसैनी शम्मा जलाना बहुत जरूरी है

**इत्तेफाक से मुसलमान धर्म के परिवार में पैदा होने वाले कुछ आक्रांताओं, लुटेरों, तानाशाहों, क्रूर शासकों वृहद इस्लामिक साम्राज्य का स्वार्थपूर्ण राजनैतिक सपना देखने वालों और इन जैसों के पैरोकारों की कारगुजारियों तथा इनकी सोच व फिक्र को इस्लामी सोच व विचारधारा के रूप में प्रचारित कर इस्लाम को बदनाम करने की कोशिश की जा रही है। ऐसे में दुनिया को यह बताना बेहद जरूरी है कि वास्तव में इस्लाम धर्म के असली वारिस, असली प्रेरणा स्रोत, आदर्श महापुरुष हैं कौन? और किन लोगों की कारगुजारियों को हम वास्तविक इस्लामी कारगुजारियां कह सकते हैं। पौराणिक कथाओं से लेकर इतिहास में उल्लिखित घटनाओं तक, यदि हम नजर डालें तो लगभग प्रत्येक युग एवं प्रत्येक धर्म एवं विश्वास में जहां अनेकानेक संत, महात्मा, ऋषि मुनि, पैगंबर, फकीर, त्यागी, तपस्वी व सद्गुरु मार्गदर्शक हुये वहीं आसुरी प्रवृति की शक्तियां भी लगभग हर काल व हर धर्म में उपस्थित रहीं।**




[redacted]



तनवीर जाफरी
लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं

जिस इस्लाम धर्म को अमन, सलामती, शांति, समानता, भाईचारा, वफादारी, ईमान, त्याग और मानवता का धर्म समझा व कहा जाता था वही इस्लाम आज एक बड़ी व सुनियोजित अंतर्राष्ट्रीय साजिश के तहत दुनिया की इस्लाम विरोधी शक्तियों के निशाने पर है। इत्तेफाक से मुसलमान धर्म के परिवार में पैदा होने वाले कुछ आक्रांताओं, लुटेरों, तानाशाहों, क्रूर शासकों वृहद इस्लामिक साम्राज्य का स्वार्थपूर्ण राजनैतिक सपना देखने वालों और इन जैसों के पैरोकारों की कारगुजारियों तथा इनकी सोच व फिक्र को इस्लामी सोच व विचारधारा के रूप में प्रचारित कर इस्लाम को बदनाम करने की कोशिश की जा रही है। ऐसे में दुनिया को यह बताना बेहद जरूरी है कि वास्तव में इस्लाम धर्म के असली वारिस, असली प्रेरणा स्रोत, आदर्श महापुरुष हैं कौन? और किन लोगों की कारगुजारियों को हम वास्तविक इस्लामी कारगुजारियां कह सकते हैं। पौराणिक कथाओं से लेकर इतिहास में उल्लिखित घटनाओं तक, यदि हम नजर डालें तो लगभग प्रत्येक युग एवं प्रत्येक धर्म एवं विश्वास में जहां अनेकानेक संत, महात्मा, ऋषि मुनि, पैगंबर, फकीर, त्यागी, तपस्वी व सद्गुरु मार्गदर्शक हुये वहीं आसुरी प्रवृति की शक्तियां भी लगभग हर काल व हर धर्म में उपस्थित रहीं। उदाहरण स्वरूप त्रेता युग में जहां मयार्दा पुरुषोत्तम कहे जाने वाले भगवान राम ने अवतार लिया वहीं उसी दौर में लंकापति रावण भी अहंकार व दुष्टता का पर्याय बनकर पृथ्वी पर मौजूद था। इसी तरह श्री कृष्ण के दौर में कंस जैसा दुष्ट व अत्याचारी मानवता को कलंकित कर रहा था। जिस दौर में ईसा मसीह जैसी दया व करुणा की प्रतिमूर्ति धरती पर अवतरित हुई उसी समय उसी समाज में उन जैसे दयामूर्ति महापुरुष को सूली पर लटकाने वाला क्रूर गिरोह भी मौजूद था।

हिटलर दुनिया के क्रूर तानाशाहों में एक था परन्तु उसकी क्रूरतम कारगुजारियों को ईसाई धर्म या हजरत ईसा की शिक्षा व उनकी सीख से तो नहीं जोड़ा जा सकता? ठीक उसी तरह जैसे हिन्दू धर्म भगवान राम व भगवान कृष्ण को अपना आदर्श महापुरुष मानता है न कि रावण व कंस को? यहां तक कि वर्तमान दौर में भी जहाँ भारतीय आदर्श महापुरुष गाँधी का जन्म हुआ वही गोडसे व उसके अनेक आतंकी व हत्यारे साथी भी पैदा हुये जिन्होंने अपने ही देश व अपने ही धर्म के उस गाँधी की मंदिर में हत्या कर दी जिसे पूरी दुनिया कल भी सम्मान की नजरों से देखती थी और आज भी सम्मान की नजरों से देखती है। ठीक इसी तरह इस्लाम धर्म के वजूद में आने के शुरूआती दौर में ही जहाँ इस्लाम पैगंबर हजरत मुहम्मद व उनके परिवार के सदस्यों के संरक्षण में निराकार एकेश्वरवाद के साथ साथ दया, त्याग, अमन, सलामती, शांति, समानता, भाईचारा, वफादारी, ईमान, और मानवता का पैगाम देता हुआ बहुत तेजी आगे बढ़ रहा था वहीं उसी समय से अनेक राजनैतिक व सम्रज्य्वादी फिक्र के लोगों ने भी इस्लाम धर्म का चोगा ओढ़कर इस्लाम को अपने स्वार्थों की पूर्ति का माध्यम बनाना शुरू कर दिया। इस्लाम के इतिहास में जहाँ हजरत मुहम्मद, हजरत अली, हजरत फातिमा, उनके सुपुत्रों हजरत इमाम हसन व इमाम हुसैन के अतिरिक्त अनेक नबियों, इमामों व सहाबियों ने सद्मार्ग पर चलते हुए इस्लाम के उस वास्तविक स्वरूप को पेश किया जिसकी बदौलत आज पूरे विश्व में इस्लाम धर्म एक लोकप्रिय धर्म की शक्ल में फैल सका, वहीं इसी धर्म में पैगंबर हजरत मुहम्मद के परिवार के दुश्मन, उनके हत्यारे, उन्हें अपमानित करने वाले अनेक क्रूर व आतंकी मानसिकता के अनेक आतंकवादी भी समय समय पर अपने फन उठाते रहे। मुसलमान मां बाप के घर में पैदा परन्तु इस्लामी सिद्धांतों की धज्जियाँ उड़ाने वाले ऐसे ही एक क्रूर, विधर्मी व घोर अत्याचारी सीरियाई शासक का नाम था यजीद इब्न (पुत्र) मुआविया। यजीद उमैय्याह दौर-ए-खिलाफत का तीसरा खलीफा था। उसे उसके पिता मुआविया ने ही खलीफा (सीरियाई शासक) के पद पर नियुक्त किया था। यजीद 680 ई॰ से लेकर अपनी मृत्यु 683 ई॰ तक अर्थात तीन वर्ष तक शाम (सीरिया) के खलीफा के पद पर रहा। यही इस्लामी इतिहास का वह दौर भी था जब हजरत इमाम हुसैन अपने नाना हजरत मुहम्मद, पिता हजरत अली व अपनी मां हजरत फातिमा द्वारा प्रचारित व प्रसारित किये गये वास्तविक इस्लाम को परवान चढ़ा रहे थे। उस समय तक हजरत इमाम हुसैन के पिता हजरत अली उनकी धर्मपत्नी और हजरत मुहम्मद की बेटी फातिमा और इमाम हुसैन के भाई इमाम हसन की एक के बाद एक कर हत्याएं की जा चुकी थीं। हजरत मुहम्मद के परिवार से ईर्षा व रंजिश रखने वाला यह वही वर्ग था जो देखने सुनने व प्रत्यक्ष रूप से तो मुसलमान नजर आता था।

यह कलमा भी पढ़ता था, कुरआन भी पढ़ता, दाढ़ी भी रखता था, टोपी व साफा भी धारण करता था, नमाज रोजा भी पाबन्दी से करता दिखाई देता था और स्वयं को कट्टर मुसलमान भी बताता था। परन्तु वास्तविक इस्लामी सिद्धांतों से इनका दूर तक कोई वास्ता न था। यदि होता तो यह लोग हजरत मुहम्मद के घराने के सदस्यों के दुश्मन आखिर क्योंकर हो जाते? इब्ने मुल्जिम नमाज पढ़ने के लिये मस्जिद में आये और सजदे की हालत में गये हजरत अली की हत्या क्यों करता? क्योंकर फातिमा पर आक्रमण किया जाता और उनके घर में आग लगाई जाती? क्यों हुसैन के भाई हसन को धोखे से जहर देकर शहीद किया जाता? और इसी मानसिकता इसी विचारधारा और इसी गिरोह से संबंध रखने वाले यजीद ने उस वक़्त के इमाम, हजरत हुसैन से सीरियाई शासक के रूप में बैयत तलब कर डाली अर्थात इस्लामी देश का मुस्लिम शासक होने की मान्यता का तलबगार बन बैठा।

इमाम हुसैन को यजीद के चरित्र हीन, क्रूर, विधर्मी, अत्याचारी होने और गैर इस्लामी कामों में उसकी संलिप्तता की खबरें पहुंचती रहती थीं। इमाम हुसैन नहीं चाहते थे कि वह ऐसे बद किरदार व्यक्ति के हाथों पर बैअत कर या उसे किसी इस्लामी मुस्लिम राष्ट्र के खलीफा या शासक होने की मान्यता देकर अपने नाना मुहम्मद, पिता अली मां फातिमा और भाई हसन द्वारा सींचे गये इस्लाम रुपी विराट वृक्ष को रुस्वा व बदनाम होने का जरा सा भी मौका देकर इतिहास में वास्तविक इस्लामी मान्यताओं को कलंकित होने दें। इसीलिये उन्होंने करबला (इराक) के मैदान में यजीद के विशाल हथियारबंद सेना का मुकाबला अपने साथियों व परिवार के मात्र 72 सदस्यों के साथ किया। इन 72 लोगों में छः महीने के बच्चे अली असगर से लेकर 80 वर्ष के उनके नाना हजरत मुहम्मद के सहाबी (मित्र) हबीब इब्ने मजाहिर भी शामिल थे। करबला के मैदान में इस्लाम को दुराचारी व दुर्दांत ह्यमुसलमानोंह्न के हाथों से बचाने के लिये हुई इस जंग में जहाँ यजीद की सेना ने क्रूरता की ऐसी इबारत लिखी जिसकी दूसरी मिसाल आजतक नहीं मिलती वहीं हजरत इमाम हुसैन व उनके परिजनों ने सब्र और अल्लाह के प्रति शुक्र के सजदे का जो मेयार पेश किया वह भी अदुतीय है।


निःसंदेह आज इस्लाम का जो भी विस्तार एवं इसका वास्तविक सकारात्मक रूप दिखाई दे रहा है इसकी असली वजह करबला वालों की अजीम कुरबानी ही है। परन्तु दुर्भाग्यवश यह भी सच है कि यजीदी विचारधारा भी तब से लेकर अभी तक खत्म नहीं हो सकी है। अब भी दुनिया में कहीं भी इस्लाम की आड़ में या मुसलमान होने के नाम पर जुल्म, अत्याचार, अमानवीयता, साम्राजयवाद, तानाशाही, न इंसाफी को बढ़ावा दिया जा रहा है वहां वहां वही यजीदी फिक्र, सोच व मानसिकता सक्रिय है। जबकि दुनिया के हर मुल्क में सभी धर्मों व समुदायों के लोग हजरत इमाम हुसैन के प्रति न केवल नत मस्तक होते हैं बल्कि मुहर्रम के दौरान उनका गम भी मनाते हैं। ताजियादारी करते, उनकी याद में मजलिस मातम करते व जुलूस निकालते हैं। इस्लाम के वास्तविक सिद्धांतों व उसूलों को यदि समझना है तो मुस्लिम शासकों से नहीं बल्कि मुहम्मद के घराने के इन्हीं लोगों से समझने की जरुरत है।

# शिक्षित, आत्मनिर्भर नारी भारत का शक्तिशाली एवं उज्जवल भविष्य

**राष्ट्र निर्माण में नारी की शिक्षा एवं उनकी सहभागिता भारत का शक्तिशाली भविष्य है, अत : नारी की शिक्षा देश के लिए अति महत्वपूर्ण मुद्दा बन गई है ' वह समय चला गया जब किसी घर में कन्या के पैदा होने से पूरे परिवार में मातम छा जाता था अब भारत में धीरे-धीरे सामाजिक परिवेश में लिंग भेद बदलने लगा है स्थिति यह है कि शिक्षित परिवार केवल एक संतान ही पैदा करना चाहती है चाहे वह कन्या हो या बेटा। अब परिवार में कन्या पैदा होने से खुशियां मनाई जाती है और पुरातन सोच अब धीरे-धीरे सामाजिक परिवेश को मस्तिष्क के मूल्यांकन के साथ बदलते जा रही है। पुरुष प्रधान समाज में नारी को पूज्या कह कर बहला दिया जाता था और उसे घर की चहारदीवारी में सीमित कर दिया गया था।**




[redacted]



संजीव ठाकुर
लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं

आज स्त्री के संदर्भ में सारी पुरातन अवधारणाओं को बदलने का समय आ गया है ।नारी अब घर में पूज्या तो है ही साथ ही वह समाज में अपनी अहमियत की दस्तक देकर देश की सीमा सुरक्षा में भी अपना योगदान दे रही है। राष्ट्र निर्माण में नारी की शिक्षा एवं उनकी सहभागिता भारत का शक्तिशाली भविष्य है, अतः नारी की शिक्षा देश के लिए अति महत्वपूर्ण मुद्दा बन गई है' वह समय चला गया जब किसी घर में कन्या के पैदा होने से पूरे परिवार में मातम छा जाता था अब भारत में धीरे-धीरे सामाजिक परिवेश में लिंग भेद बदलने लगा है स्थिति यह है कि शिक्षित परिवार केवल एक संतान ही पैदा करना चाहती है चाहे वह कन्या हो या बेटा। अब परिवार में कन्या पैदा होने से खुशियां मनाई जाती है और पुरातन सोच अब धीरे-धीरे सामाजिक परिवेश को मस्तिष्क के मूल्यांकन के साथ बदलते जा रही है। पुरुष प्रधान समाज में नारी को पूज्या कह कर बहला दिया जाता था और उसे घर की चहारदीवारी में सीमित कर दिया गया था। यही कारण था कि वे पुरुषों की बराबरी मैं ना आकर बहुत पिछड़ गई और देश की समग्र विकास की स्थिति एकांगी हो गई थी। समाज यह भूल गया था कि जिन हाथों में कोमल चूड़ियां पहनी जाती हैं वही हाथ तलवार भी उठा कर युद्ध में एक वीरांगना की भूमिका निभाती है, इसकी सर्वश्रेष्ठ उदाहरण रजिया बेगम और रानी लक्ष्मीबाई रही हैं। मनुस्मृति पर यदि आप नजर डालेंगे तो पाएंगे कि उसमें स्पष्ट कहा गया है कि जहां नारियों की पूजा होती है वहां देवताओं का वास होता है। प्राचीन भारत में नारी शिक्षा का काफी प्रचार प्रसार किया गया था इसके कई प्रमाण भी हैं कि वेद की रिचाओं का ज्ञान नारियों को था इसमें कुछ महत्वपूर्ण नारियां समाज के लिए एक उदाहरण बन गई थी उनमें मैत्री, गार्गी, अनुसूया, सावित्री, आदि उल्लेखनीय हैं। वैदिक काल के विद्वान मुंडन मिश्र की पत्नी उदय भारती ने प्रकांड पंडित विश्व विजयी आदि शंकराचार्य को भी शास्त्रार्थ में भरी सभा में पराजित किया था । इसीलिए वेदों और पुराणों में भी उल्लेखित है की बालिका शिक्षा समाज के निर्माण में अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाला होता है। नारी के उत्थान में कई कुप्रथा कुठाराघात करती रही हैं, जो नारी के विकास में बाधा बनकर सामने आई थी इनमें बाल विवाह सबसे बड़ा अवरोध बना था और इसी का प्रतिफल है कि नारी पुरुष के समाज में काफी पिछड़ गई थी। महादेवी वर्मा ने नारी शिक्षा को पुरुष शिक्षा से ज्यादा महत्वपूर्ण बताया था उन्होंने कहा था स्त्री को शिक्षित बनाना एक पुरुष को शिक्षित बनाने से ज्यादा आवश्यक और महत्वपूर्ण है यदि एक पुरुष शिक्षित -प्रशिक्षित होता है तो उससे एक ही व्यक्ति को लाभ होता है किंतु यदि स्त्री शिक्षित होती है तो उससे संपूर्ण परिवार शिक्षित हो जाता है. उन्होंने बहुत महत्वपूर्ण बात कही नारी को अशिक्षित रखना समाज के लिए अपराध के समान है। समय के परिवर्तन के साथ साथ नारी का महत्व अब पूरे तौर पर समझा जा रहा है आज समाज तथा देश में नारियां सर्वोत्कृष्ट कार्य कर रही है। समाज हो या विज्ञान या राजनीति अथवा समाज सेवा संपूर्ण क्षेत्र में आज नारियां पुरुषों से कंधे से कंधा मिलाकर सर्वश्रेष्ठ कार्य कर रही है। मैडम क्यूरी, कल्पना चावला, इंदिरा गांधी, श्रीमति भंडार नायके, सरोजनी नायडू, कस्तूरबा गांधी जैसी महिलाएं राष्ट्र का मार्गदर्शन करने का काम करती रही है। महात्मा गांधी ने स्वयं कहा है कि जब तक भारत की महिलाएं पुरुषों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर हर क्षेत्र में काम नहीं करेगी तब तक भारत का सर्वांगीण विकास संभव नहीं है। आज का सबसे ताजा उदाहरण कॉमनवेल्थ गेम में महिला क्रिकेट टीम ने फाइनल में प्रवेश किया है और गोल्ड मेडल की तालिका में साक्षी मलिक बहनो, फोगाट बहनों ने विश्व में भारत का नाम ऊंचा किया है। पी वी संधू, वित्त मंत्री सीतारमण स्मृति ईरानी और मंत्रिमंडल में शामिल महिलाएं किसी से पीछे नहीं हैं। और सबसे ताजा उदाहरण भारत की महामहिम राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू ने महिला होकर महिलाओं का नाम राष्ट्र की प्रथम पंक्ति में दर्ज कर देश के सर्वोच्च पद राष्ट्रपति पद को सुशोभित किया है। उन्होंने भारत के लिए एक स्वर्णिम इतिहास भी बनाया है।अब भारत में नारियों की स्थिति प्रथम पंक्ति में मानी जाती है। ऐसे में भारत में नारी शिक्षा, उनकी सहभागिता तथा उनकी आत्म निर्भरता भारत के भविष्य की शक्तिशाली ऊर्जा एवं संपत्ति ही होगी। भारत की नारियों को नमन, प्रणाम एवं अभिनंदन।

# सच हो सकता है उप्र में वन ट्रिलियन डॉलर इकोनॉमी का सपना

मनीष खेमका

योगी सरकार ने उत्तर प्रदेश की अर्थव्यवस्था को आगामी पाँच वर्षों में एक ट्रिलियन डॉलर इकोनॉमी बनाने का लक्ष्य निर्धारित किया है। वन ट्रिलियन डॉलर इकोनॉमी माने डॉलर के आज के रेट के हिसाब से 80 लाख करोड़ रुपये होते हैं। उत्तर प्रदेश की वर्तमान अर्थव्यवस्था 17.49 लाख करोड़ रुपये की है। वित्त वर्ष 2016-17 में जब पहली बार उत्तर प्रदेश में योगी सरकार का गठन हुआ था तब प्रदेश की अर्थव्यवस्था 12.47 लाख करोड़ रुपये की थी। माने पिछले पाँच सालों में इसमें 40% की वृद्धि हुई है। आगामी पाँच सालों में भी उत्तर प्रदेश इसी दर से आगे बढ़ता रहा तो हमारी अर्थव्यवस्था बिना किसी विशेष प्रयास के करीब 25 लाख करोड़ रुपये की हो जाएगी। नए लक्ष्य के मुताबिक उत्तर प्रदेश को अगले पाँच वर्षों में 55 लाख करोड़ रुपये की अतिरिक्त दौड़ लगानी होगी। यह कहना आसान है लेकिन करना कठिन। मुख्यमंत्री योगी ने इस नुकीले लक्ष्य को उसकी सींगों से पकड़ने का साहस किया है। वे इसके लिए निश्चित ही बधाई व साधुवाद के पात्र हैं। इस पर काम शुरू भी हो गया है। अन्य सरकारों की तरह दिखावटी बयानबाजी नहीं हो रही है। अंतरराष्ट्रीय संस्था डेलॉयट को सलाहकार के रूप में नियुक्त किया जा चुका है। उसे 90 दिनों के भीतर उत्तर प्रदेश के हर क्षेत्र के विकास के लिए अपनी योजना बताने को कहा गया है। साथ ही अगले साल जनवरी में 10 लाख करोड़ रुपये के निवेश के लक्ष्य के साथ ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट की योजना भी जारी हो चुकी है। अब उत्तर प्रदेश के प्रबुद्ध नागरिकों के पास दो विकल्प हैं। असंभव से दिखने वाले इस लक्ष्य की आलोचना करें या फिर व्यापक जनहित के साथ-साथ अपने खुद के लाभ के लिए भी योगी सरकार को इसे हासिल करने में मदद करें। अर्थव्यवस्था जब इस अभूतपूर्व दर से सुधरेगी तो इसका लाभ हर किसी को होगा। वास्तव में यह लक्ष्य प्राप्त करना किसी एक दो या चार लोगों के बस की बात नहीं। सरकार अकेले इसे नहीं कर सकती। दुनिया के बड़े से बड़े कंसल्टेंट यदि यह कर पाते तो आज दुनिया में एक भी देश गरीब ना होता। भारत को एक ट्रिलियन डॉलर इकोनॉमी बनने में 55 साल लगे थे। बीते पाँच वर्षों में केंद्र सरकार ने भारत की जीडीपी में एक ट्रिलियन डॉलर से ज्यादा जोड़े हैं। प्रधानमंत्री मोदी के लक्ष्य के अनुरूप यदि भारत को पाँच ट्रिलियन डॉलर इकोनॉमी बनना है तो पहले उत्तर प्रदेश को एक ट्रिलियन डॉलर इकोनॉमी बनना ही होगा। यह लक्ष्य कठिन जरूर हो सकता है लेकिन असंभव कतई नहीं। हमें यह लक्ष्य हासिल करने के लिए उत्तर प्रदेश के संपूर्ण 23 करोड़ नागरिकों को प्रेरित और उत्साहित करना होगा। एक-एक व्यक्ति, छोटे-बड़े व्यापारी, कर्मचारी, किसान, मजदूर समेत हर अमीर और गरीब की सहभागिता सुनिश्चित करनी होगी। उसका लाभ सुनिश्चित करना होगा। यह काम लफ़्फाजी से नहीं होगा। इनोवेटिव लेकिन समर्पित जानकारों की बड़ी टीम बनानी होगी। जो मिशन मोड में लगातार पाँच सालों तक इस पर काम कर सकें। अर्थव्यवस्था से संबंधित अनेक अनुत्तरित प्रश्न हैं जिनका जवाब और समाधान हमें ढूँढना होगा। उत्तर प्रदेश के कारोबार को पाँच गुना बढ़ाना है तो वर्तमान से पाँच गुना अधिक निवेश भी हमें चाहिए होगा। यह सीधा-सा गणित है। पहली चुनौती निवेश की है। यदि पैसे आ भी गए तो इमारतें-दफ्तर व फैक्ट्रियां बनते-बनते बनेंगी। रातों रात नहीं उग जाएँगी। बन भी जाएं तो तत्काल कारोबार के चरम पर नहीं पहुँच जाएंगी। हमें असाधारण उपलब्धि चाहिए तो उपाय भी असाधारण और त्वरित गति से करने होंगे। बेहद इनोवेटिव व आउट ऑफ द बॉक्स तरीके से सोचना होगा। कुछ ऐसा जो पहले कभी न हुआ हो। ऐसी व्यावहारिक व कारगर योजनाएं और उपाय जिनके नतीजे तुरंत दिखाई भी दें। सबसे संतोष की बात यह है कि आज की तारीख में देश और प्रदेश में मोदी और योगी के रूप में हमारे पास दो बेहद ईमानदार और साहसिक नेता मौजूद है। जिनकी असीमित क्षमता हम सभी देख चुके हैं। आवश्यकता है तेजी से उपाय ढूंढ कर उस पर एकमत होने की। फिर उस पर अमल आसानी से हो सकेगा। उत्तर प्रदेश ने यदि निर्धारित लक्ष्य का आधा भी हासिल कर लिया तो कायदे से वह भी योगी सरकार की उपलब्धि माना जाएगा। लेकिन मुद्दे की बात यह है कि यदि हम पूरा लक्ष्य हासिल कर, इतिहास रच सकते हैं तो आधे पर संतोष क्यों करें? उ

त्तर प्रदेश में 80 लाख करोड़ रुपयों की बारिश होनी है। पूरे प्रदेश का कारोबार पाँच गुना बढ़ाने की योजना है। विकास के बादल यदि वाकई घिरने वाले हैं तो बरसने से पहले उनके उमड़ने-घुमड़ने की उमंग, उसकी मनमोहक महक आम आदमी तक न पहुँचे क्या यह संभव है? प्रदेश में पाँच वर्षों तक लगातार विकास की मूसलाधार वर्षा होने वाली है। यह सूचना विज्ञापनों के माध्यम से नहीं बल्कि इसका एहसास और रोमांच स्वतः ही उत्तर प्रदेश के एक-एक व्यक्ति तक पहुँचना चाहिए। सरकार के कहने से नहीं बल्कि उसके कामों के जरिए। तब इस लक्ष्य के संभव होने में देर नहीं लगेगी।

## संक्षिप्त खबरें

### डिवाइडर से टकराया ऑटो, युवक की मौत

पटना सिटी। महात्मा गांधी सेतु के पूर्वी लेन पर रविवार को हाजीपुर से आ रहे मालवाहक ऑटो डिवाइडर से टकरा गया। इसके टकराने के बाद वह पलट गया। इस घटना में एक युवक की मौत हो गयी। बाइपास यातायात थाना के थानाध्यक्ष कुमार विरेन्द्र ने बताया कि नालंदा के हिलसा निवासी 28 वर्षीय चंदन कुमार की मौत इस घटना में हुई है। वह वहां से अमरुद खरीद कर वापस लौट रहा था। इसी दौरान ऑटो के पलटने से वह दब कर घायल हो गया। इलाज को उसे एनएमसीएच ले जाया गया, जहां उसकी मौत हो गयी। वाहन का चालक वाहन छोड़ भाग गया, जिसे जब्त कर लिया गया है।

### 9 लीटर अंग्रेजी शराब के साथ एक युवक गिरफ्तार



दानापुर खगौल रविवार को विशेष चेकिंग अभियान के क्रम में रेलवे स्टेशन दानापुर के प्लेटफार्म नंबर एक पर पश्चिमी ओवर ब्रिज के पास 9 लीटर अवैध अंग्रेजी शराब के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया अभियुक्त रंजीत राय 35 वर्ष पिता स्वर्गीय चंद्रदीप राय सा. लिटियाही वार्ड नंबर 9 थाना राघोपुर जिला वैशाली के रहने वाला है व्यक्ति को गिरफ्तार कर GRP रेल थाना दानापुर कांड संख्या 122/22 दिनांक 7/8/22 धारा 30 बिहार उत्पाद संशोधन अधिनियम 2018 अंकित कर जेल भेजने की तैयारी की जा रही हैं।

### बिजली तार चोर गिरोह का आतंक

पटना सिटी। बहादुरपुर थाना क्षेत्र के न्यू अजीमाबाद कॉलोनी के निवासी विद्युत तार चोर गिरोह के आतंक से परेशान हैं। बीती रात चोरों ने कॉलोनी के सेक्टर ए में दर्जनों मकान के बिजली के तार काट लिए। इससे उन सबों का विद्युत आपूर्ति बाधित हो गया। चोरों ने बड़ी सफाई से बिजली के पोल से घर को जाते मीटर तक तारों को काट लिया। पुलिस का गश्ती दल कहीं भी नजर नहीं आया। लोगों ने अपनी शिकायत बहादुरपुर थाना और बिजली विभाग दोनों से की है। पीड़ित कॉलोनी निवासी जॉनी ने बताया कि सुबह ही उन्हें अपने घर की बिजली बाधित होने की खबर मिली। वहीं एक अन्य पीड़ित मुश्ताक अहमद ने कहा कि उनके घर के दो कनेक्शन से जुड़े तार को चोरों ने काट दिया। खालिद रशीद ने बताया कि उनके घर का बिजली कनेक्शन भी चोरों ने काट दिया और मीटर को भी फेंक दिया।

### अंतिम सोमवारी पर शिवालयों में जलाभिषेक व श्रृंगार आज

पटना सिटी। सावन माह की अंतिम सोमवारी को ले गायघाट स्थित गौरीशंकर मंदिर, माल्य महादेव मंदिर चैलीटाल, बाबा मुक्तेश्वरनाथ, पटनेश्वर मंदिर सादिकपुर, पीतल के महादेव, तिलकेश्वरनाथ मंदिर, थानेश्वरनाथ, पश्चिम दरवाजा शिव मंदिर, अलखिया बाबा के मंदिर, हमाम स्थित श्री श्री विश्वनाथ हनुमान साईं मंदिर, घघा घाट शिव मंदिर, सूर्य नारायण मंदिर बालू घाट, रानीघाट भूतेश्वरनाथ के साथ अन्य शिव मंदिरों दर्शन पूजन की तैयारी की गयी है। वहीं शक्तिपीठ स्थल बड़ी व छोटी पटनदेवी मंडूर के शिवालय में भी भक्तों की भीड़ जलार्पण को उमड़ेगी। इसके अलावा लगने वाले सावन मेला की भी तैयारी हो चुकी है।

# मुहर्रम पर चमडोरिया से निकला अलम, आज निकलेगा दुलजना

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता





शिया समुदाय की ओर से मुहर्रम की आठवीं तारीख पर रविवार को चमडोरिया स्थित इमामबाड़ा दरगाह बाबुल हवायच से अलम का जुलूस निकाला गया। इसमें अनेक अलम के साथ शोक का जुलूस निकाला। यह अशोक राजपथ के मुख्य मार्ग होते हुए नवाब बहादुर रोड तक आया। इसमें जीनत ए अजा, दस्ते सज्जादिया, अंजुमने अब्बासिया, अंजुमने पंजेतनी, अंजुमने हैदरी व अंजुमने सज्जादिया सहित अन्य अंजुमन के लोग शामिल हो नौहाखानी करते व मर्सिया पढ़ करबला की जंग को बयां करते चल रहे थे। इस दौरान लोजी सीनाजनी करते। रोड के दोनों ओर और घर की छत पर रहीं महिलाएं भी सीना पिटती तो रोने लगतीं। दरगाह चमडोरिया इमामबाड़ा के सचिव सैयद जौहर इमाम जौनी, सलमान हुसैन, सैयद सबरब इमाम, तनवरूल हसन तन्नू, संजर अली, हसन अली, डॉ सिकंदर अली, बबलू समेत बड़ी संख्या में जायरीन शामिल थे। मातमी जुलूस का सिलसिला दशमीं मुहर्रम तक रहेगा। नवमी मुहर्रम पर सोमवार को बावली इमामबाड़ा से दुलजना का जुलूस निकलेगा, जो बड़ी हवेली गुजरी बाजार तक आयेगा। मेहंदी जुलूस के संयोजक सैयद हसन अली ने बताया कि नवमी मुहर्रम पर सिंधी दालान खाजेकलां में मजलिस होगा। स्थापित सिपहर व ताजियों का पहलाम मंगलवार को होगा। इसके लिए प्रशासन की ओर से भी तैयारी की गयी है। एसडीओ मुकेश रंजन ने बताया कि पहलाम के लिए तीन अस्थायी थाना दरगाह कर्बला, तिराहे की मस्जिद व पत्थर की मस्जिद में खोला जायेगा। थानाध्यक्षों को संवेदनशील स्थानों पर कड़ी चौकसी का निर्देश दिया गया है। चिह्नित किये गये स्थानों पर दंडाधिकारी व पुलिस पदाधिकारी तैनात रहेंगे।

अलम के जुलूस में शामिल लोगों के सेवा शिविर लगा शर्बत-पानी की व्यवस्था मारवाड़ी सेवा समिति ने किया। समिति के अध्यक्ष संजीव देवड़ा की अध्यक्षता में लगे शिविर में शशिशेखर रस्तोगी, ललित अग्रवाल, संयोजक सुभाष पोद्दार, राजकुमार गोयनका, राजू बागला, अशोक बंका, पप्पू कमलिया, मुरारी झुनझुनवाला, राजेश देवड़ा आदि शामिल थे। देर शाम में बैकटपुर व गंगा पार बाबा भोलेनाथ को जलार्पण करने वाले जाने वाले भक्तों की सेवा की गई।

## राष्ट्रीय हथकरघा दिवस का आयोजन संपन्न



फतुहा। मुख्यमंत्री आवास के संवाद कक्ष में राष्ट्रीय हथकरघा दिवस का आयोजन बिहार सरकार के उद्योग मंत्री शाहनवाज हुसैन की अध्यक्षता में बिहार प्रदेश के सभी जिलों के प्रतिनिधि सम्मेलन आयोजित किया गया। इस मौके पर बिहार सरकार के लोकप्रिय मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कार्यक्रम का उद्घाटन किया एवं बिहार सरकार के उपमुख्यमंत्री किशोर प्रसाद उपमुख्यमंत्री रेनू देवी कल्याण मंत्री जमाल खान जी संयुक्त रुप से कार्यक्रम का उद्घाटन किया। मौके पर बुनकर प्रतिनिधि को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा कि बिहार सरकार एवं उद्योग मंत्रालय बुनकरों के लिए कई योजना आने वाले समय में चलाने जा रही है। जिससे बुनकर समाज का उत्थान संभव हो सकेगा। इस कार्यक्रम में आमंत्रित सदस्य के रूप में भाजपा बुनकर प्रकोष्ठ के प्रदेश के सह संयोजक भास्कर लाल पटवा एवं सिया शरण आर्य एवं आईटी सेल के गौरव गुप्ता भी शामिल थे।

## कर साहेब की बंदगी, भूखे को कुछ दे- मंहत ब्रजेश मुनि



फतुहा। स्थानीय दरियापुर स्थित कबीर मठ फतुहा में रविवारीय सप्ताहिक सत्संग का आयोजन हुआ। इस अवसर पर कबीर मठ के संरक्षक महंत ब्रजेश मुनि महाराज ने कबीर साहेब के जीवन दर्शन का सार बताते हुए कहा कि कहे कबीर पुकारि के दो बातें कर लेय। कर साहेब की बंदगी भूखे को कछु देय। सद्गुरु कबीर साहेब कहते हैं कि बंदे उस परवरदिगार को याद करें ताकि वे हमें दीन दुखी मनुष्य को हर दुखों में मदद कर शांति दे। मनुष्य के अंदर वह शक्ति है, प्रकाश है, चाहे तो वह उन शक्ति और ऊर्जा से दूसरे को प्रकाशित करे।

## देवघर जाने के लिए केदारनाथ यादव ने हरिद्वार से पैदल यात्रा कर फतुहा पहुंचे



फतुहा। महीपतिनाथ पुर, दीदारगंज निवासी स्व. शिवनारायण सिंह के 65 वर्षीय पुत्र केदारनाथ यादव की श्रद्धा देखते बन रही है। हरिद्वार से जल उठाकर देवघर जाने के दौरान रविवार को फतुहा पहुंचने पर दीदारगंज वासियों ने उनका भव्य स्वागत किया। 4 जुलाई को हरिद्वार से कांवड़ लिए वे पैदल यात्रा पर हैं। तकरीबन 37 किलोमीटर प्रतिदिन चलकर अब तक इन्होंने करीब 12 सौ किलोमीटर की दूरी तय की है। इस महीने में देवघर पहुंचने का लक्ष्य है। इन्होंने बताया रास्ते में आमलोगों से मिलने वाला सहयोग ही हमारे आत्मविश्वास को बढ़ाता है। स्वागत करने वालों में नरेशचंद्र यादव, बमशंकर, सोमनाथ यादव, सुरेश यादव, रविशंकर आदि के नाम शामिल हैं।

# सिखों ने निकाली तिरंगा यात्रा

पटना सिटी, प्रात : किरण



भारतीय जनता पार्टी अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश महामंत्री सरदार मनप्रीत सिंह हंसपाल के नेतृत्व में तिरंगा यात्रा रविवार को निकाला गया। तख्तश्री हरिमंदिर जी पटना साहिब से यात्रा निकल कर चौक मोड़ स्थित शहीद भगत सिंह की मूर्ति पर माल्यार्पण किया। इसके बाद यह यात्रा खंडा पुल, बाईपास होते हुए गुरु का बाग गुरुद्वारा पहुंचा। गुरु के बाग के दरबार साहिब में नतमस्तक होने के बाद तिरंगा यात्रा मालसलामी होते हुए पटना साहिब गुरुद्वारा आकर समाप्त हुआ। पटना साहिब की पावन धरती में यह पहली तिरंगा यात्रा है, जो सिखों के दूसरे प्रमुख तख्तश्री हरमंदिर जी पटना साहिब से निकाली गई। सिख धर्म हमेशा ही अपने देश की रक्षा एवं प्रगति के लिए आगे रहा है और रहेंगे। तिरंगा यात्रा से विश्व में संदेश जाएगा कि जिस गुरु ने धर्म एवं देश की रक्षा के लिए अपने चार पुत्र शहीद कर दिए। यह धरती श्री गुरु गोविंद सिंह की जन्म स्थली है और यह कौम हमेशा देश के लिए वफादार है। तिरंगा यात्रा में तख्तश्री कमेटी के महासचिव सरदार इंद्रजीत सिंह, गुरुदयाल सिंह, कुलदीप सिंह, दया सिंह, सुखबीर सिंह, गुरमीत सिंह, बाबू सिंह, शेर सिंह, सनी सिंह, चरणजीत सिंह, सूरज सिंह, जसवंत सिंह, प्रिंस, मोंटी, राजू, मनजीत सिंह आदि ने भाग लिया।

## चोरों ने बंद घर से 10 लाख का गहना व 50 हजार नगद किया चोरी

### पिता का संस्कार कर पुराने घर मे रहे, बाइपास थाना में मामला दर्ज

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

बाइपास थाना क्षेत्र के शिवचक माल में रहने वाले जनरल इंश्योरेंस कंपनी में कार्यरत किशोर कुमार के बंद घर में चोरों ने चोरी की घटना को अंजाम दिया है। इस दौरान करीब 10-12 की ज्वेलरी और करीब 50-60 हजार नगद की चोरी कर ली गई। घटना 4-5 अगस्त की रात को हुई। सुबह जानकारी मिलने पर पहुंच अवाक रह गया। इस संबंध में किशोर कुमार के द्वारा बाईपास थाना में मामला दर्ज कराया गया है। थानाध्यक्ष अमित कुमार ने इसकी पुष्टि करते हुए कहा कि मामले की छानबीन कर चोरों का पता किया जा रहा है। भुक्तभोगी ने बताया कि उनके पिता ईश्वरी प्रसाद लगातार बीमार रहा करते थे। इस कारण से वह घर में हमेशा 50-60 हजार नगद रखा करते थे। चार अगस्त को पिताजी घर से बाहर घूमने के लिए निकले थे कि अचानक काठ का पुल के पास रास्ते में गिर पड़े। सूचना मिलने के बाद वह सब पहुंचे, लेकिन तब तक वह दम तोड़ चुके थे। इसके बाद मेहंदीगंज थाना क्षेत्र के मुतुर्जीगंज स्थित पुराने मकान में उन्हें ले जाया गया और उसी दिन खाजेकलां घाट पर उनका अंतिम संस्कार किया गया। इसके बाद वे सब रात में मुतुर्जीगंज के मकान में ही रह गए। इसका लाभ चोरों ने उठाया और बाईपास थाना क्षेत्र के शिवचक माल में बंद घर में चोरी की घटना को अंजाम दिया। दर्ज कराए गए एफआईआर में कहा गया है कि चोरों ने करीब 10-12 लाख की ज्वेलरी जिसमें तीन-चार चेन, कानबाली, अंगूठी, झुमका, बाली आदि था। इसके अलावा 50-60 हजार भी रखा हुआ था। जिस पर चोरों ने हाथ साफ कर दिया है।

# बाबा भोले की नगरी बैकुंठनाथ धाम मंदिर

फतुहा, प्रात : किरण



खुसरूपुर का बैकुंठनाथ धाम मंदिर जिसे पूरी दुनियां आज भी भोले की नगरी के नाम से जानती है। हम बता दें कि इस भोले के दरबार में देश के कोने कोने से लोग यहां आते हैं दर्शन व पूजा -अर्चना के लिए। क्या धनबान व क्या फकीर सभी आते हैं यहां इस भोले शंकर के दरबार में मत्था टेकने। मान्यता है कि यहां जिसने भी सच्चे मन से भोले शंकर के दरबार में प्रर्थना व पूजा-अर्चना की, भोले शंकर ने सभी भक्तों की प्रार्थना व इच्छा को पूरा किया। गौरतलब है कि बैकुंठनाथ धाम मंदिर में रामायण काल के समय में ही इस भोले के दरबार में प्रभु श्री राम ने भी यहां आकर भोले शंकर की पूजा -अर्चना की है। इस प्राचीन मंदिर की महिमा अतीत के कई युगों से जुड़ी है। इतना ही नहीं इस बैकुंठनाथ मंदिर जैसा शिवलिंग पूरी दुनिया में और कहीं नहीं है। बैकुंठनाथ धाम मंदिर ऐतिहासिक और पौराणिक दृष्टिकोण से इस शिव मंदिर की अपना एक अलग महत्व है। इस मंदिर की सबसे खास बात यह है कि यहां शिवलिंग के रूप में भगवान शिव के साथ माता पार्वती भी विराजमान हैं। इस शिवलिंग पर कुल 12 धारी बने हुए हैं, जो एक धारी में छोटे छोटे सौ शिवलिंग बने हुए हैं जो कुल मिलाकर 1200 शिवलिंग हैं। छोटे शिवलिंगों को रुद्र कहा जाता है। हर साल सावन के महीने में इस मंदिर में लाखों की संख्या में श्रद्दालु दूर- दराज से आते हैं और बैकटपुर के गंगा घाट पर स्नान कर जल लेकर लम्बी-लम्बी कतारे में घण्टों उस चिलचिलाती धूप में तो कभी बारिशों में भीगते रफ्ता रफ्ता आगे बढ़ते हैं और फिर भोले के दरबार में जलाभिषेक व पूजा-अर्चना करते हैं. बैकुंठनाथ धाम मंदिर में श्रावणी माह के पहली, दूसरी, तीसरी व चौथी सोमवारी पर लाखों लाख की संख्या में श्रद्दालु जलाभिषेक व पूजा-अर्चना करते हैं तथा यहां हरेक सावन के रविवार की मध्य रात्रि से ही बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं का आना शुरू हो जाता है। भोले की नगरी में श्रध्दालुओं के पग जैसे ही बैकुंठनाथ धाम की धरा पर पड़ते हैं तो श्रध्दालु भोले की भक्ति व श्रद्दा में डूब जाते हैं। यही नहीं श्रद्दालुओं के पग इस जमीं पर पड़ते ही उनके मुंख से ॐ नमः शिवायः और हर हर महादेव की नारों से गूंज उठता है समूचा शिवालय। हर सोमवार की सुवह करीब 02:30 बजे मंदिर का गर्वगृह का द्वार खुल जाता है. भीड़ को देखते हुये यहां पुलिस-प्रशासन के तरफ से मंदिर परिषर के चप्पे चप्पे पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजमात बाहर व अंदर रहते हैं।

## राष्ट्रीय हथकरघा दिवस का आयोजन संपन्न



फतुहा, प्रात : किरण

मुख्यमंत्री आवास के संवाद कक्ष में राष्ट्रीय हथकरघा दिवस का आयोजन बिहार सरकार के उद्योग मंत्री शाहनवाज हुसैन की अध्यक्षता में बिहार प्रदेश के सभी जिलों के प्रतिनिधि सम्मेलन आयोजित किया गया। इस मौके पर बिहार सरकार के लोकप्रिय मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कार्यक्रम का उद्घाटन किया एवं बिहार सरकार के उपमुख्यमंत्री किशोर प्रसाद उपमुख्यमंत्री रेनू देवी कल्याण मंत्री जमाल खान जी संयुक्त रुप से कार्यक्रम का उद्घाटन किया। मौके पर बुनकर प्रतिनिधि को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा कि बिहार सरकार एवं उद्योग मंत्रालय बुनकरों के लिए कई योजना आने वाले समय में चलाने जा रही है। जिससे बुनकर समाज का उत्थान संभव हो सकेगा। इस कार्यक्रम में आमंत्रित सदस्य के रूप में भाजपा बुनकर प्रकोष्ठ के प्रदेश के सह संयोजक भास्कर लाल पटवा एवं सिया शरण आर्य एवं आईटी सेल के गौरव गुप्ता भी शामिल थे। कार्यक्रम के पश्चात फतुहा पहुंचने पर प्रदेश सह संयोजक भास्कर लाल पटवा ने स्थानीय प्रिंट मीडिया को संबोधित करते हुए कहा कि आज का कार्यक्रम बुनकरों के लिए ऐतिहासिक कार्यक्रम रहा एवं बिहार सरकार एवं उद्योग मंत्रालय बुनकरों के लिए कई कल्याणकारी योजना चलाने वाली है, जिससे बुनकर समाज अपना खोया हुआ अस्तित्व को पुनः पाने में मददगार साबित होगा।

# दहेज को कहें न, बच्चों को पढ़ाएं : नंदकिशोर


### पटना महानगर केसरवानी वैश्य सभा का सावन मिलन में धमाल

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता



समाज में युवक-युवतियों की शादी में दहेज एक बड़ी समस्या बनी हुई है और इस कारण से उन सबों का शादी होना एक समस्या बन गया है। आज जरूरत इस बात की है कि हम सभी बेटे और बेटियों की शादी में दहेज को न कहें। साथ ही अपने बच्चे और बच्चियों दोनों को उच्च शिक्षा देने का काम करें। यह बात भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक नंदकिशोर यादव ने पटना महानगर केसरवानी वैश्य सभा के द्वारा रामदेव महतो सभागार में आयोजित सावन मिलन समारोह का उद्घाटन करते हुए कही। इसके पूर्व कश्यप मुनि के तैल चित्र पर श्री यादव के अलावा तत्कालीन महापौर सीता साहू एवं समाज के प्रदेश व महानगर के पदाधिकारियों एवं अन्य ने पुष्पांजलि अर्पित किया। अपने संबोधन में श्री यादव ने कहा कि दहेज आज भी समाज में कायम है। इसे हर हालत में हर किसी को अपने बेटे और बेटियों की शादी में न करना जरूरी है। साथ ही उन्होंने कहा कि आज का युग डिजिटल का है। पहले कारोबार से लेकर उद्यम तक में हम सब मुनीम को रखकर खाता-बही सुधार कराने का काम करते थे, मगर अब टेक्नोलॉजी का जमाना है। सारा काम ऑनलाइन हो रहा है। ऐसे में कारोबार से लेकर उद्यम तक में ऑनलाइन काम हो रहा है। इसलिए जरूरी है कि बेटे के साथ बेटियों को भी उच्च शिक्षा प्रदान करें। श्री यादव ने कहा कि उन्हें खुशी है कि जब भी आयोजन में पहुंचे तो देश भक्ति गीत बज रहा था आयोजन सावन महोत्सव का था और गीत देशभक्ति के गूंज रहे थे उन्होंने सभागार में मौजूद लोगों का आह्वान किया कि 13 से 15 अगस्त के बीच राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा को अपने परिवार के सबसे छोटे सदस्य से फहराने का काम करें। साथ ही इस दौरान सभी बड़े वहां उपस्थित हो। कारण की आजादी का सौवां साल शायद हममें से बहुत लोग न देख पाएं, मगर वह जरूर देखेंगे। इस दौरान पूर्व महापौर सीता साहू ने भी समारोह को संबोधित किया। मंचासीन में प्रदेश भाजपा महिला मोर्चा की उपाध्यक्ष सरोज जायसवाल व भाजपा नमामि गंगे के प्रदेश संयोजक प्रभाकर मिश्रा को भी अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। मंच का बखूबी संचालन विनय केसरी ने किया। महानगर केसरवानी वैश्य सभा सह महिला सभा के तत्वावधान में रविवार को रामदेव महतो सामुदायिक भवन में सावन महोत्सव का आयोजन किया गया था। आयोजन में समाज की महिलाओं, युवतियों व बच्चों ने रंगारंग कार्यक्रम पेश किया। राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अर्जुन प्रसाद केसरी (लाली बाबू), प्रदेश केसरवानी वैश्य सभा के अध्यक्ष अशोक केसरी, कार्यक्रम संयोजक रंजीत केसरी, विनय केसरी, श्याम सुंदर केसरी, आनंद केसरी, महानगर के अध्यक्ष गोविंद केसरी, महामंत्री सत्यनारायण केसरी, दीना केसरी, सूरज प्रकाश केसरी, कृष्णा केसरी, बंटी केसरी, मनोज केसरी, महानगर केसरवानी महिला की अध्यक्ष रीता केसरी, महामंत्री पूनम केसरी, मोना केसरी, प्रियंका केसरी, पूजा केसरी आदि को सम्मानित किया गया।

## चोरों का दल ने बंद घर का ताला तोड़कर दस हजार नगद सहित लाखों रुपए के गहने एव अन्य कई दस्तावेज लेकर हुए फरार



बिहटा। बीते शनिवार की रात बिहटा थाना क्षेत्र के किशुनपुर गांव में बंद घर का ताला तोड़कर चोरों का दल ने घर मे रखे दस हजार नगद सहित लगभग चार लाख के गहने के अलावा घर के अंदर रखें पासपोर्ट ड्राइविंग लाइसेंस एवं कई अन्य दस्तावेज लेकर चोर फरार हो गया। घटना की जानकारी गृहस्वामी को रविवार को सुबह मिली जब वो अपने गांव से घर लौटने पर हुई। इस संबंध में किशुनपुर निवासी अजय कुमार ने बिहटा थाना में अज्ञात चोर के खिलाफ लिखित शिकायत दी है। घटना की सूचना पर बिहटा पुलिस ने पंहुच मामले की छानबीन करते हुए अग्रिम कार्रवाई में जुट गई है। बताया जाता है कि पीड़ित परिवार शनिवार को दोपहर में सभी लोग किशुनपुर स्थित घर में ताला बंद कर अपने गांव पालीगंज रानीपुर गए हुए थे। रविवार को घर लौटने पर घटना की जानकारी हुई। इस संबंध में पीड़ित का कहना था जिसमें लगभग चार लाख रुपए की कीमती जेवरात समेत कुछ नगद एव घर मे रखे कई कीमति दस्तावेज चुरा ले भागे है। थानाध्यक्ष रंजीत कुमार ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली थी थानाक्षेत्र के किशुनपुर गांव के रहने वाले अजय कुमार के घर मे चोरी हुई है जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची और छानबीन की। फिलहाल घर के मालिक अजय कुमार के द्वारा अज्ञात चोरों के खिलाफ थाने में आवेदन दिया गया जिसके आधार पर आगे की कार्रवाई की जा रही है

## तिरंगा वितरण कर उसका महत्व विधायक नंदकिशोर ने बताया



पटना सिटी। श्री श्याम इंफोटेक के द्वारा झंडा वितरण सह सम्मान समारोह का आयोजन रविवार को किया गया। इसका उद्द्घाटन पूर्व मंत्री सह विधायक नंदकिशोर, पूर्व महापौर सीता साहू, संस्था के निदेशक अमित कानोडिया ने दीप जला कर किया। इस दौरान विधायक नंदकिशोर यादव ने उपस्थित छात्राओं के बीच प्रमाणपत्र व तिरंगा झंडा का वितरण करते हुए कहा कि सभी से अपने घरों पर 13 से अगस्त तक तिरंगा लगाने का आह्वान किया। इस दौरान सबों के बीच झंडा का वितरण भी किया गया। उन्होंने छात्राओं का उत्साहवर्धन भी किया। सावन की गीतों पर नृत्य पेश किया गया। सावन व भोलेनाथ पर क्विज भी हुआ। पूनम कुमारी को मिस सावन चुना गया। श्वेता रनअप रहीं। मंच संचालन सुष्मिता सिन्हा ने किया। मौके पर प्रभाकर मिश्रा, ललित अग्रवाल, स्वाति कानोडिया, संजीव यादव, उर्मिला मिश्र, शमा प्रवीण, अनिल श्रेष्ठ, गोविंद कानोडिया, अंशु गोयल आदि उपस्थित थे। सावन झूले व सेल्फी प्वाइंट का भी लोगों ने आनंद लिया।

## वार्ड 64 में बनने वाले दो सामुदायिक भवन का शिलान्यास

पटना सिटी। लोदीकटरा स्थित शिव मंदिर के परिसर में भव्य सामुदायिक भवन निर्माण का शिलान्यास वार्ड 64 के निवर्तमान पार्षद आपदा कुरेशी एवं पूर्व पार्षद महमूद कुरैशी के द्वारा किया गया। निवर्तमान पार्षद ने कहा कि शिव मंदिर में निर्माण होने वाला सामुदायिक भवन का चयन पूर्व में ही कर लिया गया था, जो पार्षद निर्माण निधि कोटे से मिलने वाली राशि में शामिल है। इस सामुदायिक भवन के निर्माण का मुख्य उद्देश्य यहां के गरीब, असहाय नागरिक अपने बच्चे-बच्चियों की शादी, मुंडन, जन्मदिन तथा अन्य मांगलिक कार्य सहजता से कर सकेंगे। इस अवसर पर श्रीनाथजी प्रबंधक कमेटी के सचिव अविनाश कुमार गुप्ता, ओंकार आनंद, सुनील कुमार सोनी, जीत गोप, सत्यम जी, मिथिलेश जी, उमाशंकर प्रसाद मुन्ना, हरिकांत झा, मणिशंकर पटवा, राजू कुमार तांती, गौतम पांडेय, अनिल कुमार, संजय श्रीवास्तव, राजकुमार पटवा, उमाशंकर पटवा, अजय कुमार, दिनेश प्रसाद सिन्हा आदि उपस्थित थे। साथ ही बक्शी इमामबाड़ा में निर्माण होने वाले सामुदायिक भवन का भी शिलान्यास किया गया।

## प्रारम्भिक शिक्षक कल्याण संघ की बैठक आयोजित



बिहटा। प्रखण्ड के रामबाग मध्य विद्यालय में प्रारम्भिक शिक्षक कल्याण संघ की बैठक जिला संगठन प्रभारी प्रवीण कुमार रंजन के अध्यक्षता में किया गया। पटना जिला एवं बिहटा प्रखंड कार्यकारिणी के चुनाव को लेकर बैठक में चर्चा हुई। बिहटा प्रखंड के शिक्षकों के समस्याओं पर चर्चा करते हुए प्रदेश सचिव राजेश्वर यादव ने कहा कि कल्याण संघ शिक्षकों के हित मे कार्य करते रहा है करते रहेगा। प्रदेश महासचिव आनंद मिश्रा ने कहा कि कुशल नेतृत्व सभी प्रकार के समस्याओं के समाधान के लिये तत्पर रहते हुए कार्य करता है मजबूत संघ ही समाधान निकाल सकता है। बैठक को सम्बोधित करते हुए शिक्षक नेता ललन प्रसाद प्रियदर्शी ने कहा कि बिहटा प्रखंड कल्याण संघ का गठन दिनाँक 20/08/2022 दिन शनिवार को बिहटा में किया जाएगा जिसमें प्रदेश अध्यक्ष प्रदेश कमिटी के अलावा बिहटा के सैकड़ों की संख्या में शिक्षक शामिल होंगे। बैठक में सम्मिलित थे उमेश सिंह, बिजेंद्र कुमार, ज्योति रंजन, पंकज पाठक, बिमलेश कुमार सिंह, रूबी कुमारी, वंदना कुमारी, अरुण कुमार, रमेश कुमार, प्रभु कुमार, मो.मोबिन, राजीव कुमार, विनोद कुमार, कन्हाई सिंह, अरविंद कुमार आदि।

## बालिका में संत जोसेफ कान्वेंट व बालक में डॉन बोस्को चैंपियन



पटना सिटी। सीआईएससीई नेशनल स्पोर्टस एंड गेम्स, 22 CISCE NATIONAL जोनल करते चैंपियनशिप में संत जोसेफ कांवेंट हाई स्कूल, जेठुली की कराटे खिलड़ियों ने स्वर्ण पदक की झरी लगा दी। 21 स्वर्ण और 7 रजत जीतकर बालिका वर्ग में चैंपियन बनी। 21 स्वर्ण पदक विजेता के नाम कराटे कप्तान श्रुति भारती, कराटे उप कप्तान उन्नति राज, यशाश्वी राय, आकृति, नैहारीता तान्या, अंशु कुमारी, राज नंदनी, मुस्कान कुमारी, नंदनी राज, आद्या शगुन, सरियान्शी, आयुषी आनंद, अपूर्वा गुप्ता, वंशिका सिंह, राज लक्ष्मी, अक्षरा खत्री, दृष्टि सिंह, रिया राज, अनुष्का प्रिया, शैव्या और अनोखी कुमारी है। 7 रजत पदक विजेता में वैष्णवी सिंह, राजनंदनी कुमारी, सुकृति दयाल, रिया सक्सेना, स्मृति चौहान, कनिष्का कुमारी और रवलीन कौर। दूसरा स्थान संत जोसेफ कंवेंट हाई स्कूल, पटना रही। इसने 6 स्वर्ण, 14 रजत एवं 5 कांस्य पदक और तीसरा स्थान 3 स्वर्ण 2 रजत एवं 11 कांस्य पदक जीतकर डॉन बास्को अकैडमी रहा।

## संक्षिप्त खबरें

### नल जल मीनार के अंदर रखे हुए सामानों में लगी आग

मोरवा, समस्तीपुर। मोरवा प्रखंड क्षेत्र के ताजपुर थाना अंतर्गत चकपहार पंचायत के वार्ड संख्या 16 के नल जल मीनार के अंदर में रखी समान मैं लगी आग। वही आग लगने का कारण वार्ड सदस्य संजय कुमार गिरि ने बताया कि बिजली के शार्ट सर्किट से आग लगी है जिससे सब समान जलकर राख हो गया। वहीं इसकी सूचना विभागीय अधिकारी को दे दी गई है।

### भाजपा प्रदेश अध्यक्ष का बयान उनके मानसिक दिवालियेपन का द्योतक है : संजीव कुमार राय

समस्तीपुर। राजद के प्रतिरोध मार्च के औचित्य पर प्रश्न उठाने वाले भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ संजय जयसवाल के बयान कि तेजस्वी को अर्थव्यवस्था की समझ नहीं है, पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए राजद पर्यावरण प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष संजीव कुमार राय ने कहा है कि भाजपा प्रदेश अध्यक्ष का बयान उनके मानसिक दिवालियापन का द्योतक है, स्तरहीन एवं भ्रामक है। अर्थव्यवस्था की समझ भाजपा और मोदी सरकार को होती उन्हें न तो देश से अपने आर्थिक वादों को जुमला बाजी स्वीकार करना पड़ता और न देश आज आर्थिक संकट की स्थिति में होता, देश के लाखों लोगों को बिना भरपेट भोजन के दिन गुजारते। भाजपा सरकार बयानों के सहारे लोगों का ध्यान भटकाने की कोशिश कर रही है। जन समस्याओं पर आज महागठबंधन विपक्ष के नेता तेजस्वी प्रसाद यादव के नेतृत्व में प्रतिरोध मार्च पूरे प्रदेश में पूर्णतः सफल एवं ऐतिहासिक रहा।

### 110 लीटर चुलाई शराब के साथ 11 कारोबारी एवं तीन पियक्कड़ गिरफ्तार, भेजे गए जेल

हाजीपुर बिदुपुर संवाददाता। जिले के विभिन्न थानों में लगातार हो रहे संदिग्ध मौत से पुलिस के हाथ पांव फूल रहे है और अपनी जान बचाने के लिए शनिवार से पुलिस लगातार छापेमारी कर रही है। बिदुपुर पुलिस ने चकसिकन्दर पंचायत अंतर्गत मंसूरपुर गांव में छह अलग अलग जगहों पर छापेमारी कर 110 लीटर चुलाई देशी शराब जब्त कर लिया ।वहीं सात महिला समेत ग्यारह कारोबारियों को गिरफ्तार कर लिया। वहीं चकसिकन्दर और धबौली गांव से तीन पियक्कड़ों को भी गिरफ्तार कर लिया। छापेमारी के नेतृत्व एसआई यशवंत कुमार मिश्रा और मदन कुमार कर रहे थे ।पुलिस ने बताया कि मंसूरपुर गांव के सुरेश पासवान के घर पर छापेमारी करने पर छह प्लास्टिक के पॉलीथिन में साठ लीटर,, वहीं पवन देवी के घर से दस लीटर, ईश्वरीय देवी के घर से दो दो लीटर के पेप्सी के बोतल में कुल दस लीटर, गीता देवी के घर से पांच पांच लीटर के गैलन में कुल दस लीटर, गोपाल कुमार के घर से उजले रंग के दो पन्नी में दस लीटर, वही पवन पासवान के घर से दो गैलन में कुल दस लीटर चुलाई देशी शराब जब्त किया गया ।

### 20 किलो गांजा के साथ कारोबारी को गिरफ्तार कर भेजा जेल

हाजीपुर। राघोपुर थाना क्षेत्र के मीरमपुर गांव में छापेमारी कर पुलिस ने 20 किलो गांजा के साथ एक कारोबारी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। राघोपुर थाना अध्यक्ष मुकेश कुमार पुष्पेंद्र ने बताया कि गुप्त सूचना मिली की मीरमपुर निवासी नवदीप राय गांजा का कारोबार करता है। सूचना मिलते हीं राघोपुर थाना की पुलिस ने मीरमपुर गांव निवासी नवदीप राय के घर पर छापेमारी की ।छापेमारी की भनक लगते हीं नवदीप राय भागने लगा जिसे पुलिस ने खदेड़ कर गिरफ्तार कर लिया ।गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने नवदीप राय के घर की जांच की जांच के दौरान घर में छुपा कर रखें 20 किलो गांजा बरामद हुआ। पुलिस ने नवदीप राय को गिरफ्तार कर राघोपुर थाना लाया और उससे पूछताछ की। पूछताछ के बाद पुलिस ने नवदीप राय को जेल भेज दिया।

### जेटली घाट पर बाढ़ निरोधी कार्य के बाद भी कटाव जारी

हाजीपुर राघोपुर संवाददाता। प्रखंड क्षेत्र के सैदाबाद जेटली घाट पर बाढ़ निरोधी कार्य के बाद भी गंगा नदी से कटाव जारी रहने से लोगों में भय का माहौल बना हुआ है। गंगा नदी के जलस्तर में वृद्धि के कारण सैदाबाद के जेटली घाट पर गंगा नदी के तेज धारा के कारण कटाव जारी है ।जल संसाधन विभाग एवं ठेकेदार के द्वारा सही ढंग से बाढ़ निरोधी कार्य नहीं कराए जाने के कारण लोगों में आक्रोश व्याप्त है। बाढ़ के कटाव को रोकने के लिए 600 मीटर तक के दायरे में कटाव निरोधी कार्य किया गया था लेकिन फिर भी कटाव नहीं रुका। सैदाबाद जेटली घाट के पास बने सड़क किसी भी समय गंगा के गर्भ में विलीन हो सकता है साथ हीं सैदाबाद में बने मार्केट पर भी बाढ़ से कटाव का खतरा मंडराने लगा है ।जिससे लोगों में भय व्याप्त है ।

# भगवान भोले है जग के तारणहार उनकी कृपामत्र से होता है जीवन सफल

प्रात : किरण संवाददाता



समस्तीपुर। वैसे तो भगवान भोले हर दिन पूजा अर्चना होती है लेकिन सावन के महीने का आगमन के साथ भगवान शिव के भक्त अपने भगवान की भक्ति में डूब जाते है। यही कारण है कि भगवान शिव के भक्तो की भक्ति का कोई जोड़ नही होता। हर भक्त सावन के महीने में गेरुआ वस्त्र में नजर आता है। भगवान भोले है जग के तारणहार उनकी कृपामत्र से होता है जीवन सफल हो जाता है। उक्त बाते रविवार को कांवरिया सेवा समिति के उद्घाटन के दौरान उजियार विधायक आलोक कुमार मेहता ने कही। डाक बम बोल बम कोनैला धाम सेवा समिति का उद्घाटन एसडीओ प्रियंका कुमारी एवं विभूतिपूर के पूर्व विधायक रामबालक सिंह, जदयू नेता प्रशांत कुमार पंकज ने किया। इस दौरान एसडीओ ने कहा कि यह मेरा पहला अनुभव है। लेकिन भगवान शिव के लिए सेवा करना भी पुण्य से कम नही होता है। बछवाड़ा के झमटिया से समस्तीपुर थाननेश्वर स्थान सच्चे मन से शिव पर जल अर्पण करने जाने वाले डाक-बम की सेवा मात्र से ही देवताओं की पूजा का फल मिलता है। ज्यादा से ज्यादा संख्या में इनकी सेवा में लोग जुटे रहते हैं। भगवान शंकर पर जल अर्पण करने वाले भक्तों का एक अपना ही उत्साह होता है। मौके पर डाक बम बोल बम सेवा समिति नवयुवक संघ कोनैला धाम के अध्यक्ष ललन कुमार ईश्वर इस शिविर के उपाध्यक्ष सत्यसंघ भारद्वाज, और सचिव पंकज कुमार ईश्वर, पुरूषोत्तम भारद्वाज, मुकेश कर्ण, रमण ईश्वर, रामभद्र झा, चंदन ईश्वर, और जागरण कार्यक्रम के ललन कुमार ललन अपने सभी साथियो के साथ उपस्थित थे। दूसरी तरफ 32 नंबर रेलवे गुमती गुमती पर सेवा समिति का उद्घाटन विधायक आलोक कुमार मेहता ने किया। इस दौरान राजद के मीडिया प्रभारी राज दीपक, राज शेखर, रमेश सिंह, आदि उपस्थित थे। मालगोदाम रोड में अनादि महादेव सेवा समिति के हिरण्यमय देवनाथ, समाज सेवा समिति, डाकबम- बोलबम समिति तकिया धाम, सब्जी मंडी सेवा समिति ने शिविर लगा कर डाक-कांवरियों की सेवा किया। इधर, थाना चौक पर नवयुवक सेवा समिति के श्याम कुमार लाल, सुधीर कुमार खोसला, जय प्रकाश पोद्दार, संजय किशोर, धर्मेन्द्र कुमार, आमोद प्रसाद, राजीब प्रकाश सर्राफ सहित दर्जनों सदस्यों ने कांवरियों का निःशुल्क सेवा किया। इस दौरान बछवाड़ा के झमटीया से एक लाख से अधिक डाक कांवरियों ने गंगा जल भरकर समस्तीपुर के थानेश्वर स्थान मन्दिर में भगवान भोले के शिवलिंग पर जलाभिषेक किया। रास्ते में इन कावरियों को निर्मल जल, चाय, शर्बत, फल, दूध, चॉकलेट, मेवा इत्यादि बांटते हुए सेवा किया। सम्पूर्ण वातावरण शिव के गीतों से गुंजायमान रहा।

# जेंडर गरीबी और रोजगार विषय पर आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग लेने के लिए हुए रवाना

प्रात : किरण संवाददाता

समस्तीपुर। श्रम एवं रोजगार मंत्रालय भारत सरकार की इकाई वीवी गिरी राष्ट्रीय श्रम संसाधन नोएडा उत्तर प्रदेश के आमंत्रण पर जेंडर गरीबी और रोजगार विषय पर आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम में डॉ एस श्रीनिवास महानिदेशक के आमंत्रण पर बिहार एनजीओ संघ सह प्रगति आदर्श सेवा केंद्र के सचिव एडवोकेट संजय कुमार बबलू के नेतृत्व में एकता युवा मंडल के संस्थापक मो० एजाज, युवा शक्ति क्लब के उपाध्यक्ष अंकित कुमार, एकता युवा मंडल सैदपुर के सदस्य नवनीश कुमार, पांच दिवसीय प्रशिक्षण में भाग लेने के लिए समस्तीपुर से रविवार को बिहार संपर्क क्रांति सुपर फास्ट एक्सप्रेस से रवाना हुए। युवा सौर्य के सचिव दीपक कुमार, रेलवे ट्रेड यूनियन के नेता संतोष कुमार निराला, आस वेलफेयर सोसायटी के सचिव मनीष कुमार, आजाद हिंद युवा क्लब के के अध्यक्ष सहदेव कुमार, प्रदीप कुमार, जय प्रकाश कुमार एकता युवा मंडल के सलाहकार राजेश सहनी ने माला पहनाकर सभी प्रतिभागियों को रेलवे स्टेशन समस्तीपुर से विदा किया। आगामी 8-12 अगस्त 2022 तक सरकारी खर्च से आयोजित इस आवासीय प्रशिक्षण में भाग लेकर ये सभी युवा समाजसेवी गरीबी उन्मूलन रोजगार के अवसर और जेंडर के दिशा में कार्य करेंगे पूरे भारत के 35 प्रतिभागी इस प्रशिक्षण में भाग ले रहे हैं।

# कमरतोड़ महंगाई और संवैधानिक संस्थाओं के गलत इस्तेमाल के विरोध में सड़क पर उतरा महागठबंधन

प्रात : किरण संवाददाता



समस्तीपुर। कमरतोड़ महंगाई, बेरोजगारी, रोजमर्रा की वस्तुओं आटा, चावल, तेल, दूध, दही पर जीएसटी लगाने तथा केंद्रीय एजेंसी सीबीआई, ईडी, इनकम टैक्स जैसे संवैधानिक संस्थाओं का गलत इस्तेमाल के विरोध में महागठबंधन के घटक दलों आरजेडी, कांग्रेस, सीपीआई-एमएल, सीपीआई और सीपीएम ने रविवार को राजव्यापी कार्यक्रम के तहत समस्तीपुर शहर के विभिन्न मार्गों पर प्रतिरोध मार्च निकाला तथा मगरदही घाट स्थित शहीद भगत सिंह स्मारक परिसर में प्रतिरोध सभा की। इस दौरान महंगाई, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार, बाढ़-सुखा, खाद की कमी जैसे मुद्दों पर केंद्र सरकार का महागठबंधन ने विरोध किया।

प्रतिरोध सभा को सम्बोधित करते हुए राजद के प्रांतीय प्रधान महासचिव सह विधायक आलोक कुमार मेहता ने कहा कि महंगाई, बेरोजगारी और बदहाल अर्थव्यवस्था देश की सबसे गंभीर व ज्वलंत समस्या है, लेकिन दुर्भाग्य है कि सरकार जन सरोकार के इन मुद्दों पर बात ही नहीं करना चाहती। यह अयोग्य सरकार देश की आय बढ़ाने की बजाय देश की संपत्ति बेचकर, युवाओं एवं आमजनों को भ्रमित कर कितने दिन काम चलाएगी। राजद के प्रदेश प्रवक्ता व विधायक अख्तरुल इस्लाम शाहीन ने कहा कि महंगाई, बेरोजगारी और भ्रष्टाचार से पूरा देश परेशान है। जिस प्रकार से इन लोगों (केंद्र सरकार) ▪संवैधानिक संस्थाओं को खिलौना बना रखा है, इससे सभी परेशान हैं। तमाम ऐसे मुद्दों को लेकर हम जनता के बीच आए हैं। अपने सम्बोधन के क्रम में विधायक रणविजय साहू ने कहा कि देश में बेरोजगारी अपने उच्चतम स्तर पर है। आर्थिक मंदी, महंगाई, बैंकिंग व्यवस्था के ध्वस्त होने से देश की जनता परेशान है। हम लोगों की आवाज उठाएंगे और सरकार की जनविरोधी नीतियों का सड़क से सदन तक विरोध करेंगे। मौके पर उजियारपुर विधायक आलोक कुमार मेहता, समस्तीपुर विधायक अख्तरुल इस्लाम शाहीन, मोरवा विधायक रणविजय साहू, विभूतिपुर विधायक अजय कुमार, पूर्व विधायक डॉ० एज्या यादव, पूर्व विधान पार्षद रोमा भारती, राजद जिलाध्यक्ष राजेन्द्र सहनी, पूर्व जिलाध्यक्ष विनोद कुमार राय, सरायरंजन से राजद के पूर्व प्रत्याशी अरविन्द सहनी, कांग्रेस जिलाध्यक्ष मो० अबु तमीम, भाकपा के प्रांतीय नेता रामचंद्र महतो, भाकपा जिला मंत्री सुरेन्द्र कुमार सिंह मुन्ना, माकपा जिला मंत्री रामाश्रय महतो, भाकपा माले के जिला मंत्री प्रोफेसर उमेश कुमार, राजद के प्रदेश महासचिव फैजुर रहमान फैज, अशोक कुमार राय, पीपीशर्मा, सदानंद झा, नंदकिशोर महतो, कांग्रेस के वरीय नेता डोमन राय, भाकपा नेता सुधीर देव, शत्रुधन पंजी, माकपा नेता गंगाधर झा, सत्यनारायण सिंह, उपेन्द्र राय, रघुनाथ राय, भाकपा माले नेता सुरेन्द्र सिंह, वंदना सिंह, जीवछ पासवान, उपेन्द्र राय, सुनील कुमार सहित पांच हाजर से अधिक कार्यकर्ता मौजूद थे। इस आशय की जानकारी जिला राजद प्रवक्ता राकेश कुमार ठाकुर ने प्रेस को दी है।

# दर्द से कराह रही महिला कर्मी को ऑफ ड्यूटी नर्स ने दी राहत, भ्रामक तरीके से वीडियो वायरल

प्रात : किरण संवाददाता



समस्तीपुर। सोशल मीडिया पर एक नर्स के द्वारा दवा काउंटर पर बैठी महिला डाटा ऑपरेटर के कंधे को मसाजनुमा दबाया जाने का एक वीडियो वायरल हो रहा है। वायरल वीडियो के बारे में दावा किया जा रहा है कि यह समस्तीपुर सदर अस्पताल स्थित दवा काउंटर पर बैठी महिला डाटा ऑपरेटर ऑन ड्यूटी नर्स से मसाज करवा रही है। जब हमारे द्वारा वायरल वीडियो की पड़ताल की गई तो सच्चाई कुछ और ही निकली।

वायरल वीडियो में दिखाई दे रही दवा काउंटर पर बैठी महिला के के कंधे में अचानक जोर से तेज असहनीय दर्द हो उठा। जिससे वह डाटा ऑपरेटर महिला तड़प उठी, और तड़पते हुए ही वह अपना काम कर रही थी। जब डाटा ऑपरेटर महिला की सहकर्मियों ने उन्हें परेशान देखा तो उनसे पूछा और कहा कि वह थोड़ी देर जाकर रेस्ट कर ले। लेकिन दर्द से तड़प रही महिला डाटा ऑपरेटर ने अपने काम को बीच में छोड़ना उचित नहीं समझा और दर्द सहते हुए वह अपने कार्य को पूरा करने में लगे रही। महिला डाटा ऑपरेटर कर्मी के सहयोगियों के द्वारा सदर अस्पताल में मौजूद एक ऑफ ड्यूटी नर्स को बुलाकर थोड़ा सा हल्का-हल्का मसाजनुमा दबबाया गया, ताकि कार्य कर रही महिला डाटा ऑपरेटर को थोड़ी सी राहत मिले। इसी दौरान चुपके से किसी ने इस घटना का वीडियो बना लिया और भ्रामक खबर फैलाने के उद्देश्य से वायरल कर दिया। वहीं सदर अस्पताल के डीएस डॉ गिरीश कुमार ने इसकी पुष्टि की।

# डॉ गिरीश कुमार फिर से बने सदर अस्पताल के उपाधीक्षक, अस्पताल के डॉक्टरों और कर्मियों ने दी बधाई

प्रात : किरण संवाददाता

समस्तीपुर। सदर अस्पताल में डॉ गिरीश कुमार को फिर से उपाधीक्षक का प्रभार सौंपा गया है। डॉ गिरीश ने शनिवार की संध्या पदभार ग्रहण कर लिया। इसको लेकर चिकित्सकों व कर्मियों ने फूल मामला पहनाकर बुके देकर स्वागत किया। मौके पर डॉ आरपी मंडल, डॉ प्रकाश कुमार, डॉ सुमित कुमार, डॉ विशाल कुमार, डॉ रौशन कुमार, डॉ संतोष कुमार झा, शंभु सिंह, मनोज कुमार, धर्मेंद्र पासवान, दारोगा रघुनाथ प्रसाद यादव आदि उपस्थित रहे।

विदित हो कि उपाधीक्षक और नर्स विवाद के पूरे मामले की जांच के उपरांत सिविल सर्जन ने शनिवार को आदेश जारी किया। इसमें निर्णय लिया गया कि पूरे मामले की जांच के उपरांत निर्णय लिया गया कि डॉ गिरीश कुमार को पुनः पूर्ववत प्रभारी उपाधीक्षक का प्रभार देकर सदर अस्पताल में कार्य लिया जाए। वहीं परिचारिका श्रेणी नविन्ता कुमारी को सदर अस्पताल स्थित एआरटी में कार्य लिया जाए। उक्त निर्देश तथा अस्पताल में आने वाले मरीज की जरूरत तथा आकांक्षाओं को देखते हुए जनहित में अस्पताल को सुचारू रूप से चलाने हेतु चिकित्सा पदाधिकारी डॉ गिरीश कुमार को पूर्ववत प्रभारी उपाधीक्षक के पद पर कार्य करने हेतु आदेश दिया गया। वहीं डॉ आरपी मंडल पूर्व के पद पर कार्य करते रहेंगे। वहीं परिचारिका श्रेणी ए को आदेश दिया कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सरायरंजन के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी से नियमानुकूल विरमित होकर तीन दिनों के अंदर सदर अस्पताल में विधिवत योगदान देकर एआरटी केंद्र के प्रभारी पदाधिकारी के निदेशानुसार कार्य करेंगी। आपको बता दें कि बीते कुछ महीनों पहले डीएस-जीएनएम बहुचर्चित विवाद के बाद डॉ गिरीश कुमार को पूरे मामले की जांच को लेकर प्रभाव से मुक्त किया गया था। जिनके स्थान पर कार्य की जिम्मेवारी डॉ आरपी मंडल को दी गई थी। साथ ही जीएनएम को भी तत्काल घटना की जांच पूर्ण होने तक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सरायरंजन में कार्य करने हेतु पत्र निर्गत किया गया था।

# एसएफआई ने की आशिक मिजाज प्रोफेसर के बर्खास्तगी की मांग

प्रात : किरण संवाददाता

समस्तीपुर। भारत का छात्र फेडरेशन एसएफआई के जिला मंत्री आनंद कुमार ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि अश्लील हरकतों और चरित्रहीनता के आरोपी एलएनएमयू के पीजी हिंदी विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर अखिलेश कुमार को समस्तीपुर जिला के ताजपुर प्रखंड स्थित एलकेवीडी कॉलेज में स्थानांतरण किया गया है। जो प्रोफेसर छात्राओं से अश्लील बातें करने का प्रयास करता है, अपनी अर्धनग्न तस्वीरें भेजता है।

एलएनएमयू के कुलपति के द्वारा बर्खास्तगी के बजाय स्थानांतरण किया गया है। जो कुलपति व राजभवन के द्वारा प्रोफेसर को संरक्षण देने की बातें को दर्शाता है। यह स्थानांतरण समस्तीपुर के हजारों छात्र छात्राओं का अपमान है। वीसी द्वारा समस्तीपुर की इस क्रांतिकारी विरासत वाली धरती को आशिक मिजाज प्रोफेसर देकर समस्तीपुर की प्रतिष्ठा को बदनाम करने का प्रयास किया जा रहा है। जिसे एसएफआई किसी भी कीमत पर बर्दास्त करने को तैयार नहीं है।

# शराब न पीएंगे और ना बेचेंगे को लेकर जागरूकता अभियान के तहत दिलाई गई शपथ

हाजीपुर महनार संवाददाता। शराबबंदी कानून को अमलीजामा पहनाने के लिए रविवार को प्रखंड स्तरीय प्रशासनिक टीम महनार प्रखंड के चमरहरा पंचायत पहुंचकर शराबबंदी कानून को धरातल पर उतारने के लिए जागरूकता अभियान चलाया। बीडीओ बसंत कुमार सिंह व सीओ रमेश प्रसाद सिंह ने चमरहरा पंचायत में दलित बस्ती सहित अन्य जगहों पर जागरूकता अभियान चलाकर शराब नहीं पीने या नहीं बेचने की शपथ दिलवाई ।बीडीओ बसंत कुमार सिंह ने कहा कि पूरे प्रदेश में पूर्ण रूप से शराब बंदी लागू है ।जिसके लिए कठोर कानून का प्रावधान है. ऐसी स्थिति में आप खुद शराब से दूर रहे ।समाज को सही दिशा में ले जाने के लिए शराब से दूर रहना अत्यंत जरूरी है। सीओ रमेश प्रसाद सिंह ने भी कहा कि शराब पैसा के साथ-साथ शरीर की शक्ति को भी बर्बाद कर देता है । घर परिवार की आर्थिक स्थिति कमजोर हो जाती है. जिससे बाल बच्चों को शिक्षा के साथ-साथ पालन पोषण करना एक समस्या बन जाता है। शराब नहीं पीने को लेकर सलाह देते हुए कहा कि शराब शरीर के लिए काफी हानिकारक है। इस दौरान शराब नहीं पीने को लेकर माइकिंग कराकर लोगों से अपील किया गया कि कहीं शराब बिक रहा है तो इसकी सूचना स्थानीय पुलिस प्रशासन को दें, ताकि शराब तस्करों पर कार्रवाई किया जा सके। शराबबंदी कानून को सख्ती से पालन करने को लेकर सभी की सहभागिता को आवश्यक बताया।

# प्रतिरोध मार्च का हुआ आयोजन डा विरेन्द्र गोप

## भारत एवं बिहार सरकार के खिलाफ प्रतिरोध मार्च गया मे

प्रात : किरण संवाददाता



गया। देश में बढ़ती बेरोजगारी, मंहगाई, मिशन अग्नीपथ,रोजमर्रा उपयोग में आनेवाले खाद्यान्न पदार्थो एवं कॉपी, पेन्सिल व रबर पर लगाये गए जीएसटी एवं केन्द्र सरकार के जनविरोधी नीतियों के खिलाफ महागठबंधन द्वारा पूर्व निर्धारित कार्यक्रम प्रतिरोध मार्च निकाला गया।प्रतिरोध मार्च में महागठबंधन में शामिल राजद, कांग्रेस, व वामपंथी दलों के नेता व कार्यकर्ता उत्साह के साथ शामिल हुए।मार्च का नेतृत्व जहानाबाद के पूर्व सांसद, पूर्व मंत्री वर्तमान विधायक व लोकलेखा के सभापति डा०सुरेन्द्र प्रसाद यादव ने कियाहै। उनके साथ मुख्य रूप से राजद के प्रदेश महासचिव सह प्रदेश अध्यक्ष ओबीसी महासभा बिहार एड०बीरेन्द्र कुमार उर्फ बीरेन्द्र गोप, गया जिला राजद के जिला अध्यक्ष मोहम्मद निजाम भाई, प्रधान महासचिव सुभाष यादव, युवा राजद के प्रदेश महासचिव विश्वनाथ यादव शामिल रहे।श्री बीरेन्द्र गोप ने कहा कि जब से केन्द्र में नरेन्द्र मोदी की सरकार बनी है तब से गरीबों एवं मध्यम वर्गीय परिवार को जीना मुश्किल हो गया है।उन्होंने कहा कि वर्तमान केन्द्र सरकार पूंजीपतियों कि संपोषित एवं गरीब विरोधी सरकार है। श्री बीरेन्द्र गोप ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपने पूंजीपति मित्रों को फायदा पहुंचाने के लिए रोजमर्रा इस्तेमाल किये जाने वाले खाद्य पदार्थ आंटा,चावल पर 18%जीएसटी लगाने का जनविरोधी काम किया है वहीं पूंजीपतियों को शौक के लिए इस्तेमाल किये जाने वाले हीरा पर 5% ही जीएसटी लगाया गया है।

# जिला मुखिया संघ के सम्मेलन में लिए गए कई निर्णय

प्रात : किरण संवाददाता



छपरा ।ग्राम पंचायतों के अधिकारों में की जा रही कटौती के विरुद्ध मुखिया संघ करेगा आंदोलन। प्रशासनिक अधिकारियों का शोषण अब नहीं होगा बर्दाश्त। उक्त बातें सारण जिला मुखिया संघ द्वारा आयोजित सम्मेलन को संबोधित करते हुए बिहार प्रदेश मुखिया संघ के अध्यक्ष मिथिलेश कुमार राय ने कही। उन्होंने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार ग्राम पंचायतों के अधिकारों मैं लगातार कटौती कर रही है अगर ऐसे ही हम देखते रह गए तो हमें प्रशासनिक अधिकारियों का गुलाम बनना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि 73 वा संविधान संशोधन से ग्राम पंचायतों को प्राप्त अधिकारों को आज तक हमारी सरकारें पूर्ण रूप से देना नहीं चाहती वह जानते हैं की ग्राम पंचायत अगर सशक्त हो जाएगा तो सत्ता पूर्ण रूप से गांव की सरकार में हो जाएगी। ग्राम सरकारों को कमजोर करने के लिए लगातार साजिश रची जा रही है प्रदत 29 अधिकारों में से किसी का भी नहीं के बराबर अनुपालन करने दिया जा रहा है। श्री राय ने कहा अगर समय रहते हम नहीं चेते तो आने वाला समय पंचायत प्रतिनिधियों के प्रतिकूल होगा। अब समय है एकजुटता की एकता के ही बदौलत हम लोग अपने अपने अधिकारों को प्राप्त कर सकते हैं। अधिकारियों की मनमानी मनरेगा एक्ट का उल्लंघन ग्राम सभाओं को दरकिनार करने इत्यादि को लेकर प्रदेश मुखिया संघ हाईकोर्ट और सुप्रीमकोर्ट का भी दरवाजा खटखटाऐगा। जिला मुखिया संघ के सम्मेलन में कार्यकारी अध्यक्ष दिनेश कुमार राय ने कई प्रस्ताव को रखा जिसे सर्व सम्मति से पारित किया गया। जिनमें मुख्य रूप से ग्राम सभा द्वारा पारित योजनाओं का अनुपालन सरकार निश्चित रूप से करावे। पंचायत प्रतिनिधियों को सुरक्षा हथियार का लाइसेंस इत्यादि मुहैया करावे। पंचायत के मुखिया जो ग्राम पंचायत का प्रथम नागरिक है प्रोटोकॉल के तहत प्रशासनिक अधिकारी सम्मान दें। ग्राम पंचायत के कर्मचारियों के उपस्थिति विवरणी पर मुखिया का हस्ताक्षर हो। पंचायत प्रतिनिधियों को मानदेय और भत्ता दुगना किया जाए। मनरेगा कानून के अनुरूप नियमानुसार कार्य कराया जाए।

# पूर्व प्रदेश कार्यसमिति सदस्य राकेश कुमार सिंह ने ली भाजपा की सदस्यता



दरियापुर। भाजपा के पूर्व प्रदेश कार्य समिति सदस्य राकेश कुमार सिंह के पुनः भाजपा की सदस्यता ग्रहण करने पर लोगों का बधाईयों का तांता लगा हुआ है. राकेश कुमार सिंह को पटना भारतीय जनता पार्टी मुख्यालय पर मंत्री संजय जायसवाल ने उपमुख्यमंत्री रेणू देवी और मंत्री जिवेश कुमार सिंह के समक्ष सदस्यता ग्रहण करवाया। वही इस दौरान संबोधित करते हुए संजय जायसवाल ने कहा कि राकेश कुमार सिंह हमारे पुराने साथी रहे हैं और किसी कारणवश दूसरे दल का हिस्सा बन गए थे तथा हमारी पार्टी को भी इनकी कमी खल रही थी लेकिन पुनः भाजपा की सदस्यता ग्रहण करने से न सिर्फ पार्टी मजबूत होगा बल्कि जमीनी स्तर पर कार्यकताओं में भी उत्साह और जोश भरेगा। बताते चलें कि किसी कारणवश दो वर्ष पूर्व दूसरे दलों का रूख कर लिया था लेकिन पुनः पार्टी के तरफ रूख करने के बाद पार्टी के आला कमान ने उनके कुशल कार्य क्षमता और लोगों के प्रति पारिवारिक लगाव को देखते हुए पार्टी ने दोबारा सदस्यता ग्रहण करवाते हुए पुनः जिम्मेदारी सौंप दी है। सदस्यता ग्रहण करने के साथ ही बधाई देने वालों कार्यकताओं का तांता लगा हुआ है। जगह जगह पार्टी के कार्यकताओं ने गाजे-बाजे और फूल मालाओं से भव्य स्वागत किया।

# स्वर्गीय बच्चू पांडेय जयन्ती समारोह का हुआ आयोजन

प्रात : किरण संवाददाता

छपरा। जिले के बहुचर्चित साहित्यिक संस्था बच्चू पांडेय कला वीथ के तत्वावधान में प्रतिवर्ष की भांति स्वर्गीय बच्चू पांडेय जयन्ती समारोह का आयोजन किया गया। इस आयोजन में स्व. बच्चू पांडेय की सधः प्रकाशित पुस्तक फिर उजास को बोना है का लोकार्पण किया गया। पटना से आये वरीय साहित्यकारों ने स्व० बच्चू पांडेय की जीवनी, उनके लेखन व साहित्य, समाज के अंदर उनके द्वारा दिये गये योगदान पर अपना-अपना वक्तव्य दिया। इस मंच की अध्यक्षता जिले की वरीय साहित्यकार डॉ. सुधा बाला ने की। पुस्तक लोकार्पण वरीय साहित्यकारों के सामूहिक उपस्थित में सम्पन्न हुआ। पुस्तक पर समीक्षात्मक प्रकाश वरीय साहित्यकार व इस आयोजन के मुख्य वक्ता तय्यब हुसैन पिडित ने डाली। मुख्य अतिथि के तौर पर महामाया प्रसाद विनोद, विशिष्ट अतिथि जयकांत सिंस जय, विशेष अतिथि उषा वर्मा। पुस्तक लोकार्पण के उपरान्त स्वर्गीय बच्चू पांडेय की कालजयी रचनाओं एवं उनके व्यक्तित्व पर वक्ताओं ने खुलकर अपने विचार व्यक्त किये। मुख्य वक्ताओं में पटना से पधारे प्रबुद्ध साहित्यकारों के अलावा स्थानीय साहित्यकार डॉ० लाल बाबू यादव आदि ने अपने विचार रखे।

# महंगाई बेरोजगारी को ले महागठबंधन ने निकाला प्रतिरोध मार्च

प्रात : किरण संवाददाता



छपरा। प्रदेश राजद के आह्वान पर महंगाई, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार एवं केंद्र सरकार की जन विरोधी नीतियों के खिलाफ एक दिवसीय प्रदर्शन के तहत रविवार को राजद सहित महागठबंधन के नेताओं ने जिला मुख्यालय में प्रतिरोध मार्च निकाल कर जमकर प्रदर्शन किया और केंद्र सरकार सरकार की जन विरोधी नीतियों को भी कोसा। एक दिवसीय प्रतिरोध मार्च में मढ़ौरा के विधायक जीतेंद्र राय, सोनपुर के विधायक डा.रामअनुज प्रसाद यादव, गरखा के विधायक सुरेंद्र राम, परसा के विधायक छोटे लाल राय, एकमा के विधायक श्रीकांत यादव तथा महागठबंधन के सहयोगी मांझी विधायक सत्येंद्र कुमार यादव आदि शामिल थे। प्रतिरोध मार्च का नेतृत्व सभी विधायक ने किया। जिसमें बड़ी संख्या में राजद सहित सहयोगी दलों के कार्यकर्ता झंडा बैनर के साथ मौजूद थे। एक दिवसीय प्रतिरोध मार्च में विधायकों के साथ सभी कार्यकर्ताओं ने शहर में मार्च निकालकर बढ़ती महंगाई बेरोजगारी के खिलाफ विरोध जताया। प्रतिरोध मार्च निकालने के बाद नगर निगम के प्रांगण में एक महती सभा को भी विधायकों ने संबोधित किया। कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए विधायकों ने कहा कि महंगाई बेरोजगारी से आम जनता एवं नौजवान त्रस्त है। केंद्र की मोदी सरकार आम जनता को महंगाई बेरोजगारी से ध्यान भटकाने के लिए मंदिर-मस्जिद के नाम पर नए-नए मुद्दा उठाकर जनता को गुमराह कर रही है। इनके खिलाफ आवाज उठाने वाले जनप्रतिनिधियों को ईडी और सीबीआई का सहारा लेकर उन्हें जेल भेजा जा रहा है। प्रतिरोध मार्च में आए कार्यकताओं को संबोधित करते हुए विधायकों ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी का असली चेहरा जनता के सामने आ चुकी है। इन विधायकों ने अपने संबोधन में यह भी कहा कि केन्द्र की मोदी सरकार भोली- भाली जनता को गुमराह कर सत्ता पर बैठी है। इनके जनविरोधी नीतियों को जन-जन तक पहुंचाया जाएगा और कार्यकताओं को इनके झांसे में ना आए, इसके लिए महागठबंधन के जनप्रतिनिधि और कार्यकर्ता एकजुट होकर आम जनता को अवगत कराएंगे।

राष्ट्रीय दैनिक
प्रातः किरण
पटना, सोमवार, 08 अगस्त, 2022
देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran www.pratahkiran.com


## संक्षिप्त खबरें

### चिराग पासवान को किंजर बाजार में भव्य स्वागत किया गया:सत्येन्द्र रंजन

अरवल । गया से पटना लौटने के क्रम में लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह जमुई लोकसभा के लोकप्रिय युवा सांसद चिराग पासवान को किंजर बाजार में अरवल जिला लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास के जिलाध्यक्ष सत्येन्द्र रंजन के नेतृत्व में अंगवस्त्र एवं फूल माला पहनाकर भव्य स्वागत किया गया। स्वागत करते हुए जिलाध्यक्ष सत्येन्द्र रंजन ने कहा कि सांसद चिराग पासवान के बिहार फर्स्ट बिहारी फर्स्ट विजन को अपार जनसमर्थन मिल रहा है। सांसद चिराग पासवान के विकसित बिहार, सुंदर बिहार बनाने के संकल्प से सारा आशावादी निगाहों से बिहार के लोग सांसद चिराग पासवान को मुख्यमंत्री के रूप में लोग देख रहे है।

### चार नशेड़ी गिरफ्तार

बगहा। शराब धंधेबाजों,नशेड़ियों के विरुद्ध चलाई जा रही छापेमारी अभियान में बगहा पुलिस जिला के चौतरवा थाना पुलिस ने चार नशेड़ियों को नशे की हालत में शनिवार की शाम गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष सुरेश कुमार यादव ने बताया कि चौतरवा - धनहा मुख्यमार्ग के रोहुआ नाला के समीप वाहन जांच के क्रम में बगहा थाना क्षेत्र के बनचहरी गांव निवासी महंथ चैधरी, पाकड़ गांव के अरविंद प्रसाद व सुदामा यादव तथा खैर पोखरा गांव के सुखराज साह को नशे की हालत में गिरफ्तार किया गया। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार नशेड़ियों के विरुद्ध बिहार उत्पाद अधिनियम के तहत मामला दर्ज करते हुए रविवार को न्यायिक हिरासत में बगहा भेजा गया।

### मुहर्रम पर्व को लेकर थानाध्यक्ष ने किया गांवों में लोगों के साथ बैठक

भितहा। मुहर्रम पर्व को शांतिपूर्ण संपन्न कराने के लिए भितहा थानाध्यक्ष शाहिद अनवर अंसारी के द्वारा थाना क्षेत्र के विभिन्न मुस्लिम बाहुल्य गांवो में लोगों के साथ बैठक कर मुहर्रम का पर्व शांति पूर्ण ढंग से एवं सौहार्दपूर्ण माहौल में मनाने की अपील की गई जिसके तहद शनिवार शाम खैरवा पंचायत के बलुही, भुईधरवा पंचायत के शेखपट्टी, मछहां पंचायत के पिपरहिया इत्यादि गांवो में बैठक कर लोगों से अपील की गई मुहर्रम का पर्व सौहार्दपूर्ण माहौल में एवं शांति पूर्वक मनायें। जुलूस में किसी तरह से सरकार के दिशा निर्देशों का उलंघन न करें जिससे तनाव उत्पन्न हो। किसी भी तरह की गड़बड़ी करने वालों पर शख्त कार्यवाही की जायेगी। आप लोग प्रशासन का सहयोग करें, प्रशासन का प्रयास है कि सभी जगह मुहर्रम का पर्व शान्ति पूर्ण ढंग से सम्पन्न हो।

### महंगाई, अन्य मुद्दें को लेकर केंद्र सरकार नीतियों के खिलाफ सासाराम में महागठबंधन ने निकाला आक्रोश मार्च

सासाराम। देश में नागिन जैसी डसती महंगाई, केंद्र सरकार की दमनकारी व अलोकप्रिय नीतियों के खिलाफ महागठबंधन के आह्वान पर समस्त बिहार में महागठबंधन के द्वारा लोकहित में आक्रोश मार्च निकाला गया, इसी क्रम में रोहतास जिला मुख्यालय सासाराम में भी आक्रोश मार्च निकाला गया जिसमें भारी भीड़ देखते को मिली, रोहतास जिला के महागठबंधन के सभी माननीय विधायकों ने समस्त कार्यकर्ताओं को पूर्व मंत्री अनिता चौधरी, विधायक राजेश गुप्ता, फतेह बहादुर सिंह, विजय कुमार मंडल, पूर्व एम एल सी कृष्ण सिंह, जिला आर जे डी अध्यक्ष के साथ लुकमान अहमद फरहान व अन्य ने आज सभी को मार्गदर्शन की प्रदान किया। प्रदर्शन के दौरान घंटों सड़क बाधित रही, हरे झंडे और बैनर से शहर पट गया था, लोगों ने कहा कि लोकतंत्र में जितना व्यापक आंदोलन होगा लोकतंत्र उतना ही मजबूत होगा आशान्वित है कि लोकहितकारी आवाज देश की गूंजी बहरी सरकार के कानों तक पहुंचेगी।

### लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास के चिकित्सा प्रकोष्ठ का समीक्षा बैठक संपन्न

औरंगाबाद। लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास के चिकित्सा प्रकोष्ठ के बैनर तले आज एम आई हॉल में एक समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। समीक्षा बैठक के दौरान दीप प्रज्वलित कर चिकित्सा प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष अजय कुमार एवम जिलाध्यक्ष चिकित्सा प्रकोष्ठ के रामविलास पासवान एवं सदस्यों के द्वारा कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। बैठक के दौरान पार्टी के चिकित्सा प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष अजय कुमार ने बताया कि बिहार में नीतीश सरकार चिकित्सा के क्षेत्र में हर जगह विफल साबित रो रही है। एवं जनता सरकार से त्रस्त है वही शासन पक्ष के लोग अपने आप में मस्त है। आज भी गया में वह कोरोना जिस समय जिले से लेकर प्रखंड तक चिकित्सा मित्र जहां अपने जान की बाजी लगाकर लोगों की जान बचा रहे थे।

# जनमानस की रोजमर्रा समस्या, साक्षात्कार कर निस्तार हेतु हुआ रात्रि विश्राम शिविर सह : अनुश्रवण कार्यक्रम

## सरकार की कल्याणकारी, विकासपरक योजनाओं के जमीनी स्तर पर क्रियान्वयन की हुई जांच

प्रात : किरण संवाददाता



सासाराम। रोहतास जिला के बिक्रमगंज अनुमंडल के दावथ प्रखंड सेमरी पंचायत में दिनांक 06 अगस्त 2022 को रात्रि- विश्राम शिविर लगाया गया जो दिनांक 07 अगस्त के पूर्वाह्न तक चला।

जिलाधिकारी के जनमानस से 'सीधा संवाद कार्यक्रम के तहत तथा पंचायतों में चल रही सरकार की सभी कल्याणकारी एवं विकासपरक योजनाओं की स्थलीय जांच एवं स्थानीय जनमानस के रोजमर्रा की समस्याओं से साक्षात्कार करके उनका सम्यक निस्तार करने के उद्देश्य से ‘रात्रि विश्राम शिविर- सह- अनुश्रवण कार्यक्रम’ का आयोजन किया गया। जिले में रात्रि विश्राम शिविरों की श्रृंखला में यह छठा रात्रि विश्राम शिविर था। सेमरी के इस शिविर में आसपास के पंचायतों से ही नहीं बल्कि समीपवर्ती प्रखंडों से भी लोग, जिलाधिकारी के पास अपनी समस्याएँ और सुझाव लेकर पंचायत सरकार भवन सेमरी पहुंचे। उक्त अवसर पर पंचायत सरकार भवन सेमरी में उपस्थित स्थानीय जनसमूह को संबोधित करते हुए जिलाधिकारी रोहतास ने कहा कि वार्ड एवं ग्रामीण स्तर की समस्याएँ ही सरकार और जिला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकताएं हैं। रात्रि विश्राम कैम्पों के माध्यम से इन समस्याओं का त्वरित निदान किया जाता है। इस रात्रि विश्राम शिविर का मुख्य उद्देश्य, सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं के धरातलीय क्रियान्वयन एवं आम जनों से जिला प्रशासन का सीधा संवाद एवं उनके आम दिनचर्या में उपस्थित चुनौतियो का अनुश्रवण, पर्यवेक्षण एवं प्रभावी निराकरण है। जिलाधिकारी ने उपस्थित स्थानीय ग्रामीणों को सरकार की कल्याणकारी और विकासपरक योजनाओं से अपने संबोधन में रूबरू कराते हुए उन सभी के आवेदन पत्र स्वयं संकलित करते हुए उनके सम्यक निस्तार का निर्देश सभी संबंधित विभागों के अधिकारियों को दिया जो उस शिविर में उपस्थित थे। इस रात्रि विश्राम शिविर में, जिलाधिकारी के नेतृत्व में जिले के सभी प्रमुख विभागों के पदाधिकारी द्वारा सेमरी पंचायत में दिनांक 06 अगस्त के अपराह्न एवं दिनांक 07 अगस्त के पूर्वाह्न में पंचायत के सभी 16 वार्डों में वार्डवार जांच टीम के रूप में, सरकार की विभिन्न कल्याणकारी तथा विकासपरक योजनाओं के जमीनी स्तर पर क्रियान्वयन की जांच की गई। इस समग्र जांच का मंतव्य सहित जांच प्रतिवेदन जिला गोपनीय शाखा को दिनांक 07 अगस्त के अपराह्न में ही उपलब्ध कराया जाना है जिसके आलोक में, जिलाधिकारी द्वारा अग्रेतर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। वार्डवार जांच दलों द्वारा, सरकार की सात निश्चय योजना के तहत नाली/गली, नल-जल, मनरेगा के कार्यों,आंगनबाड़ी, पीडीएस, विद्यालय आदि की जांच की गई।जिलाधिकारी महोदय ने कहा कि जांच के क्रम में पाई गई गड़बड़ियों अथवा योजनाओं के क्रियान्वयन में किसी भी स्तर पर पाई गई शिथिलता अथवा लापरवाही की दशा में संबंधित पदाधिकारियों / कर्मियों पर कठोर अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। जिलाधिकारी के गांव भ्रमण के दौरान वार्ड 2 के अंतिम चार घरों में नल जल योजना का पानी नहीं आ रहा था, जिसकी शिकायत वार्ड 2 निवासी भरत पासवान ने जिलाधिकारी से की और साथ ही निराकरण भी बताया कि वार्ड 3 का नल जल योजना का टंकी उनके घर के समीप है, वहां से कनेक्शन होने पर पानी आ सकता है, जिसपर जिलाधिकारी ने फौरन वार्ड 3 के टंकी से उक्त घरों में पानी के लिए कनेक्शन का निर्देश दिए। साथ ही वार्ड 03 के आंगनवाड़ी केंद्र संख्या 124 का निरीक्षण किया गया। जिसमे बच्चों के बैठने हेतु जगह अपर्याप्त पाया गया। इसके साथ वार्ड 02 में जर्जर भवन में संचालित केंद्र का निरीक्षण किया गया। इस संबंध में जिला प्रोग्राम पदाधिकारी को केंद्र स्थानातरण हेतु निदेश दिया गया। प्रधानमंत्री आवास योजना में श्रमिकों के बकाया भुगतान हेतु कार्यक्रम पदाधिकारी मनरेगा को शीघ्र भुगतान हेतु निदेश दिया गया।

# महंगाई व भ्रष्टाचार के विरुद्ध बगहा मे राजद ने निकाला प्रतिरोध मार्च

प्रात : किरण संवाददाता



बगहा। राष्ट्रीय जनता दल ने यूरिया की किल्लत ,बढ़ती महंगाई व भ्रष्टाचार के विरोध में रविवार को सभी घटक दल के कार्यकर्ताओं ने बगहा में प्रतिरोध मार्च निकाला। युवा राजद के जिला अध्यक्ष पप्पू यादव के नेतृत्व में राजद कार्यकर्ताओं सहित महागठबंधन के घटक दलों के द्वारा नगर के रेलवे स्टेशन से अनुमंडल मुख्यालय तक प्रतिरोध मार्च निकाला गया। महा गठबंधन के कार्यकर्ताओं ने बढ़ती महंगाई व भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने के साथ-साथ जिले में सुखाड़ की स्थिति को देखते हुए किसानों को अभिलंब राहत पहुंचाने एवं यूरिया की किल्लत को लेकर सरकार के विरुद्ध जमकर नारेबाजी की ।

अनुमंडल मुख्यालय के समक्ष महागठबंधन के घटक दलों के कार्यकताओं ने राज्य सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए किसानों की समस्याओं का अविलंब निदान करने की मांग की। साथ ही कार्यकताओं ने अनुमंडल के समक्ष धरना दिया। धरना को संबोधित करते हुए राजद युवा के जिला अध्यक्ष पप्पू यादव ने कहा कि आज यूरिया की किल्लत के कारण किसानों की खेती पूरी तरह से प्रभावित हो रही है। लेकिन किसानों की समस्या की सुधि सरकार नही ले रही हैं। कहा कि शीघ्र ही किसानों की समस्याओं का समाधान नहीं होता है तो चरणबद्ध आंदोलन भी राजद करेगा। माले नेता भिखारी प्रसाद ने कहा कि राज्य सरकार की गलत नीतियों के कारण आज महंगाई चरम पर है। महंगाई के कारण आम लोगों का जीना बेहाल है। सरकारी दफ्तरों में भ्रष्टाचार का बेलगाम है। लेकिन सरकार मौन धारण की हैं। कहा कि जिले में सूखे की स्थिति है किसानों को राहत नहीं मिली तो किसान चरणबद्ध आंदोलन पर उतारु हो जायेंगे।

# ग्राम कचहरी में आधा दर्जन मामलों का हुआ निष्पादन



प्रात : किरण संवाददाता

बगहा। बगहा अनुमंडल अंतर्गत बगहा एक प्रखंड के पतिलार ग्राम कचहरी में रविवार को शांति पूर्ण माहौल में सरपंच संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष सह पतिलार पंचायत के सरपंच लालमती देवी ने आधा दर्जन विवादित मामलों की निष्पादन किया। सरपंच प्रतिनिधि जग्रनाथ यादव ने बताया कि ग्राम कचहरी में दर्जनों मामलों की सुनवाई करते हुए आधा दर्जन से अधिक मामलों का निपटारा किया। उन्होंने बताया कि ग्राम कचहरी में कुल आवेदन की संख्या 197 है। तथा 160 मामलों की सुनवाई करते हुए निपटारा की गई है। साथ ही ग्राम कचहरी में 31 बैठक की गई है। तथा 19 हजार 700 रुपये की राजस्व की वसूल की गई है। इस अवसर पर उप सरपंच बबिता देवी , न्याय मित्र कुमार अतुल रंजन , समाजसेवी ललन राम , पंच नुर आलम खा , मंटू उपाध्याय , शंभु यादव , राजेश तुरहा , रामचन्द्र साह , समेत दर्जनों की संख्या में लोग शामिल रहे।

# मुहर्रम त्योहार को लेकर एसडीएम व एसडीपीओ के नेतृत्व में निकला फ्लैग मार्च

बगहा। बगहा पुलिस जिला के धनहा थाना क्षेत्र में मुहर्रम त्योहार को शांति पूर्ण माहौल में संपन्न कराने को लेकर प्रशासन कटिबद्ध है। अनुमंडल पदाधिकारी बगहा दीपक कुमार मिश्रा एवं अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी कैलाश प्रसाद के नेतृत्व में रविवार को धनहा थाना क्षेत्र में फ्लैग मार्च निकाला गया। तथा शांति पूर्ण माहौल में त्योहार मनाने की अपील पदाधिकारियों ने की। एसडीएम व एसडीपीओ ने संयुक्त रूप से बताया कि फ्लैग मार्च धनहा थाना से निकल कर डीही, दौंनहा, होते हुए तमकुहा गई।

उन्होंने लोगो से शांतिपूर्ण व सौहार्दपूर्ण वातावरण मे मुहर्रम मनाने की अपील की। कहा कि जुलूस की निगरानी ड्रोन कैमरे से की जाएगी। जुलूस में किसी प्रकार का हथियार दिखा तो तुरंत कमेटी के लोगो पर कानूनी कार्यवाई की जाएगी। साथ ही असमाजिक तत्वों पर पुलिस की पैनी नजर रहेगी। विवाद फैलाने वाले के विरुद्ध कड़ी कार्यवाई की जाएगी।

# बेतिया में महागठबंधन का विशाल प्रतिरोध मार्च निकाला गया

प्रात : किरण संवाददाता



बेतिया। माकपा , भाकपा, माले तथा राजद की महागठबंधन का विशाल प्रतिरोध मार्च राज देवड़ी स्थिति अमर शहीद चंद्रशेखर आजाद की आदमकद प्रतिमा से निकाला गया। प्रतिरोध मार्च सोवा बाबू चैक , लाल बाजार ,तीन लालटेन चैक से होते हुए बेतिया समाहरणालय पर जाकर एक विशाल सभा में तब्दील हो गया। सभा को संबोधित करते हुए भारत की कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) की बिहार राज्य सचिवमंडल सदस्य प्रभुराज नारायण राव ने कहा कि आज केंद्र तथा राज्य सरकार महंगाई , बेरोजगारी को रोक पाने में पूरी तरह असफल है ।

बल्कि अपने कारपोरेट दोस्तों को मनमाने ढंग से देश की सारी संपत्ति को देने में लगी हुई है । जब देश की जनता की थाली से दाल सब्जी खत्म हो रहे हैं । तो आक्रोश को नफरत की राजनीति की ओर मोड़ने का असफल प्रयास किया जा रहा है । एक तरफ अग्निपथ जैसी राष्ट्रविरोधी , युवा विरोधी योजना के माध्यम से सीमा की सुरक्षा के लिए बहाली की सीमा को मात्र 4 साल में बदल दिया है । तो दूसरी तरफ मंदिर मस्जिद और हिंदू मुसलमान के बीच तनाव पैदा कर सांप्रदायिक सोच के आधार पर देश की बागडोर को अपने हाथों में लेकर चलाने का काम कर रही है । बिहार में भाजपा और नीतीश कुमार की सरकार जन विरोधी सरकार बन गई है । यह किसानों , मजदूरों , नौजवानों , छात्रों के समस्याओं का समाधान करने में कोई दिलचस्पी नहीं दिखा रही है । आज पूरे बिहार में सुखाड़ की स्थिति पैदा हो गई है । पंपिंग सेट से भारी पैसे खर्च कर धान तथा गन्ना का पटवन करने वाले किसानों को यूरिया खाद नहीं मिल रहा है । बल्कि खाद की कालाबाजारी चरम सीमा पर है ।800 से 1000 रुपए तक 266 रुपए की यूरिया खाद काला बाजार में बिक रहा है । दूसरी तरफ बाढ़ की भयावह स्थिति बिहार में पैदा हो गया है । पश्चिम चंपारण में गंडक नदी में लगातार पानी बढ़ रहा है । सिकरहना नदी में भी पानी उफान पर है ।

बाढ़ की प्रलयंकारी विभीषिका से लोगों को बचाने का काम जिला प्रशासन तथा आपदा प्रबंधन करने में हमेशा अक्षम साबित हुई है । बिहार में रोजगार की कोई व्यवस्था नहीं है । बिहार में 28 चीनी मिलों में से मात्र 10 चीनी मिले चल रही है । अगर सभी चीनी मिलों को बिहार सरकार चालू कर दे , तो लाखों बेरोजगार नौजवानों को रोजगार मिल सकता है और बिहार में गन्ना जैसे नगदी फसल की खेती से किसान के आर्थिक स्थिति भी समृद्ध हो सकती है । लेकिन इसके प्रति सरकार उदासीन है। उल्टे चीनी मिलों की जमीनों पर इथेनॉल प्लांट लगाने का प्रयास हो रहा है । जो बिहार जैसे गरीब राज्य के लिए आत्मघाती है । जब बिहार में गन्ना से चीनी मिलों द्वारा इथेनॉल बनाया जा रहा है । तो चीनी मिलों की जमीन पर इथनौल प्लांट लगाकर खाने वाले अनाज से इथेनॉल बनाने की योजना बिहार में भुखमरी पैदा करने की योजना है । हम इसका पुरजोर विरोध करते हैं तथा 500 प्रति क्विंटल गन्ना का दाम बढ़ाने की मांग करते हैं ।भ्रष्टाचार चरम सीमा पर है कोई भी काम किसी भी कार्यालय में बिना पैसे का नहीं हो रहा है । लोग परेशान हैं । लेकिन भ्रष्टाचार को रोकने में सरकार पूरी तरह असफल है महागठबंधन की तरफ से यह प्रतिरोध मार्च पूरे बिहार में सभी जिला मुख्यालयों पर करके हम बिहार सरकार को बताना चाहते हैं कि अगर तुमने जनता की समस्याओं का समाधान नहीं किया । महंगाई पर रोक नहीं लगाया गया । बेरोजगार नौजवानों को रोजगार नहीं मिला ।भ्रष्टाचार पर अंकुश नहीं लगाया गया ।

# बेरोजगारी-धार्मिक उन्माद के खिलाफ रोजगार और न्याय के लिए आंदोलन करेगा इनौस

प्रात : किरण संवाददाता



बेतिया। आरवाईए (इनौस) ने आजादी के 75 वे साल पर जिले के मैनाटाड, सिकटा, नरकटियागंज, सरिसवा, चनपटिया, बैरिया शहीदेआजम भगत सिंह मैदान आदि जगहों से रोजगार मार्च निकाला, जो बेतिया शहीद पार्क में पहुँच 1942 के शहीदों को नमन करते हुए माल्यार्पण किया, इनौस जिला अध्यक्ष फरहान राजा ने कहा कि देश आजादी के 75वे साल में प्रवेश कर चुका है, ऐसे में हम देख रहें हैं कि बेरोजगारी व महंगाई का ऐसा खराब आलम आजाद भारत में कभी नहीं हुआ था संप्रदायिक भावनाएं भड़का कर फूट डालने वाली मुद्दों पर महीनों बहस करने वाली मीडिया के लिए रोजगार कोई सवाल नहीं है सरकार और मीडिया नौजवानों के बीच नफरत बांटने के कारोबार में मस्त हैं अग्नीपथ जैसे विनाशकारी योजनाएं लाकर देश को बर्बाद करने की कोशिश हो रही है,सरकार की मंशा सेना की रेजिमेंटल प्रणाली को खत्म करने की है, ऐसी हालत में इनौस रोजगार मार्च कर सरकार और मीडिया के आंख खोलने का काम करेगा, इनौस जिला उपाध्यक्ष संजय मुखिया ने कहा की देश के नौजवानों के क्रांतिकारी आंदोलन की बुलंद आवाज इंकलाबी नौजवान सभा का 7 राष्ट्रीय सम्मेलन 10 से 11 सितंबर को 1857 क्रांति हुल विद्रोह के नायक बिरसा मुंडा और सिद्धू कानो की धरती झारखंड में होने जा रहा है हमारा मुल्क नौजवानों का मुल्क है यहां आधी से अधिक आबादी 25 साल से कम उम्र की नौजवानों की है और 62: आबादी 15 से 59 के बीच की उम्र की है कोई भी देश अपनी नौजवान आबादी को सम्मानजनक रोजगार देख कर ही तरक्की कर सकता है।

इनौस जिला सचिव अफाक आलम ने कहा कि विकास और विश्व गुरु के शोर-शराबे के बीच देश में जितने भी परीक्षाएं हो रही है वह धांधली के शिकार होकर के और नौजवान को केवल हर साल फॉर्म भरवाने का काम किया जा रहा है ऐसे में देश के नौजवानों को इंकलाबी नौजवान सभा का झंडा को थाम ते हुए सदस्य बनना चाहिए और देश में बेरोजगारी धार्मिक उन्माद के खिलाफ रोजगार और न्याय के लिए लड़ने का आह्वान किया। इसके अलावा इनौस नेता सुरेन्द्र चैधरी, धर्मेन्द्र कुमार, राजन गुप्ता, आजाद अंसारी, मुबारक गद्दी, गुजेश्वर साह, बलिराम उरांव, पप्पू राम, अभिमन्यु राव, सुनील गुप्ता, गुफरान, आरिफ आदि नेताओं ने भी सरकार की आलोचना किया।

# चोरों ने घर से 25000 नकद, सोने का आभूषण एवं अन्य कीमती सामान की किया चोरी

प्रात : किरण संवाददाता

पूर्णिया । आये दिन बढ़ते चोरी की घटना से धमदाहा के आम आवाम परेशान हैं। चोर प्रशासनिक पदाधिकारी के निवास स्थान के आगे महिला पर्यवेक्षिका के गले से दिन-दहाड़े चैन छीनकर फरार हो जाता है। रात्रि में डीएसपी के निवास के पीछे घर में घुसकर गोदरेज दिवान का ताला तोड़कर 25000 नगद दो भर सोने का आभूषण अन्य सामान की चोरी हो जाता है। इससे पता चलता है कि चोर के सामने पुलिस प्रशासन बौना साबित हो रहा है। साफ तौर पर चोरों का आतंक सातवें आसमान पर है। पुलिस इसके ऊपर अंकुश लगाने में नाकाम साबित हो रहा है। आने वाले दिनों में पुलिस के लिए यह एक बहुत बड़ा सिर दर्द साबित होगा।

# सौर भारती अखिल विश्व कल्याण संस्थान के द्वारा अभ्यर्थियों को दिया गया प्रमाण पत्र

प्रात : किरण संवाददाता



औरंगाबाद। गुरुकुल विद्यालय औरंगाबाद में 5 जून 2022 को स्वास्थ्य जांच शिविर / मेडिकल कैंप में भाग लेने वाले अभ्यथीयों को प्रमाण-पत्र वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया , इस कार्यक्रम में संस्थान के चेयरमैन डॉ ० आनन्द मिश्र तथा डॉ . विकाश कु . मिश्रा ( आकाश क्लीनीक , दाउदनगर ) का योगदान अत्यंत सराहनीय रहा। आपको यह बताते चलें कि यह संस्थान कोरोना काल से ही लोगों के मानसिक पटल पर उभर गया था। क्योंकि यह संस्थान जिस समय सारे लोग कोरोना काल में कोरोना के डर से अपने घरों में छुपे हुए थे।

उस समय इस संस्थान के सदस्यों ने ना अपनी जान की बाजी लगाते हुए लोगों की सुरक्षा हेतु सड़कों पर उतर गए और जहां तक हो सके स्वयंभू लोगों को ऑक्सीजन से लेकर दवाई,मास्क इत्यादि का प्रबंध लगातार किया गया। संस्थान के चेयरमैन डॉ ० आनन्द मिश्र ने बताया की संस्थान को किसी भी प्रकार से केन्द्र सरकार ,राज्य सरकार अथवा जिला से कोई भी सरकारी फण्ड से अथवा आर्थिक रूप से सहायता प्रदान नहीं की जाती। समस्त खर्च स्वयंभू सौर भारतीय अखिल विश्व कल्याण संस्थान के द्वारा ही वहन किया जाता है ।

# महंगाई, बेरोजगारी एवं जन सरकोर से जुड़े मुद्दे पर महागठबंधन समर्थित दलों का प्रतिरोध मार्च

प्रात : किरण संवाददाता

पूर्णिया । राष्ट्रीय जनता दल सहित महागठबंधन के सभी दलो के दूारा आहूत मंहगाई बेरोजगारी, अल्पसंख्यको पर आत्याचार, खाद्य पदार्थ पर से जीएसटी वापस लेने जैसे जनसरोकार के मुद्दों को लेकर प्रतिरोध मार्च कार्यक्रम के तहत जिला मुख्यालय में राजद महानगर अध्यक्ष सबी अहमद के नेतृत्व मे रेणु स्मृति पार्क से प्रतिरोध मार्च निकलकर शहर के आरएनसाव चौक पर सभा में परिवर्तित होकर केन्द्र और राज्य सरकार के खिलाफ जमकर विरोध प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम के सम्बोधन में पूर्व विधायक अब्दुस सुबहान ने कहा कि केन्द्र से लेकर राज्य तक की सरकार गरीब विरोधी है जो लगातार खाद्य पदार्थो पर जीएसटी लगाकर अतिरिक्त मंहगाई का बोझ जबरन थोपने का काम कर रही है। वहीं विधायक सैयद रूकमुद्दीन ने कहा कि वर्तमान सरकार में अल्पसंख्यक पर अत्याचार से सरकार की मंशा साफ स्पष्ट होती है की यह समाजिक विचारधारा की घोर विरोधी सरकार है जिसे हटाकर ही हम समाजिक सौहार्द को कायम रख सकते हैं।

पूर्व विधायक दिलीप कुमार यादव ने कहा कि वर्तमान सरकार मे देश के गरीब, मजदूर, किसान, युवा त्रस्त हैं। किसानों के खाद की कीमत बेहिसाब होने पर भी कालाबाजारी चरम पर है। काम के अभाव मे मजदूरों को दो वक्त की रोटी पर आफत है। बेरोजगारी से युवा पीढी का भविष्य अंधकारमय है और सरकार जुमलेबाजी पर जुमलेबाजी कर रही है। राजद नेता रईसुल आजम ने कहा कि मंहगाई को डायन बताने वाली भाजपा सरकार आज वही मंहगाई की मार जनता पर क्यो थोप रही है।

# मुहर्रम : संवेदनशील एवं अति संवेदनशील स्थलों पर दंडाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारी तथा पुलिस बल की होगी तैनाती

प्रात : किरण संवाददाता

पूर्णिया । पुलिस अधीक्षक दयाशंकर की अध्यक्षता में मुहर्रम त्योहार के अवसर पर विधि व्यवस्था संधारण को लेकर समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में सभी अनुमंडल पदाधिकारी एवं अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी तथा अंचलाधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी और थानाध्यक्ष एवं संबंधित पदाधिकारियों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक आहूत की गई। पुलिस अधीक्षक द्वारा अनुमंडलवार एवं थानावार मुहर्रम पर्व के अवसर पर की गई पूर्व तैयारियों की गहन समीक्षा की गई। समीक्षा के दौरान पुलिस अधीक्षक द्वारा सभी संबंधित पदाधिकारियों को मुहर्रम पर्व सौहार्दपूर्ण वातावरण एवं शांतिपूर्ण माहौल में भाईचारे के साथ संपन्न कराने को लेकर कई जरूरी दिशा निर्देश दिए। जिला स्तर से संयुक्त आदेश निर्गत किया गया है सभी प्रतिनियुक्त पदाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारी अपने-अपने दायित्व एवं कर्तव्यों का प्रतिनियुक्त स्थल पर ससमय पहुंच कर निर्वाहन सुनिश्चित करेंगे। समीक्षा के दौरान अनुमंडल पदाधिकारी एवं अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सदर पूर्णिया द्वारा बताया गया कि 197 पुराना मुहर्रम समीति तथा 34 रुट चिन्हित किया गया है।



सभी शहरी क्षेत्र के रूटों का भौतिक सत्यापन प्रखंड विकास पदाधिकारी थाना अध्यक्ष एवं संबंधित पदाधिकारियों द्वारा करा लिया गया है। सभी जगहों पर सीसीटीवी कैमरा एवं वीडियोग्राफी करने की व्यवस्था सुनिश्चित कर ली गई है। इसी प्रकार संबंधित अनुमंडल पदाधिकारी एवं अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी तथा प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं संबंधित थानाध्यक्षों द्वारा बताया गया कि सभी स्थलों पर आवश्यक तैयारी पूर्ण कर लिया गया है। संवेदनशील एवं अतिसंवेदनशील स्थलों को चिन्हित कर लिया गया है। असामाजिक तत्वों के विरुद्ध 107 की कार्रवाई हेतु प्रस्ताव भेजा गया है ।धारा 113 (द०प्र०सं०) के अंतर्गत गिरफ्तारी का वारंट निर्गत किया गया है। समीक्षा बैठक के दौरान पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा सभी संबंधित पदाधिकारी को निर्देशित किया गया कि अपने -अपने क्षेत्र अंतर्गत जुलूस एवं अखाड़ा का अनुज्ञप्ति निर्धारित तिथि तक हर हालत में निर्गत करना सुनिश्चित करें। जुलूस एवं अखाड़ा के दौरान जुलूस धारी अस्त्र-शस्त्र लेकर नहीं चलेंगे जुलूस किस समय किस स्थान से शुरू होगा उसका रूट किन-किन मार्गों से गुजरेगा इसका स्पष्ट उल्लेख अनुज्ञप्ति में अंकित करने का निर्देश दिया गया। संबंधित थाना अंतर्गत संवेदनशील एवं अति संवेदनशील स्थल मधुबनी बाजार, फारबिसगंज मोड, दुर्गा स्थान, चंपानगर, सौसा, परोरा, हसैली, धनहरा, के नगर,अमौर दुर्गा स्थान, दुलालगंज, धुरपैली, नितेंद्र, खरैया, रौटा बाजार, जगदल, चेतकपाड़ा, अर्जुन मितहडी, बनमनखी, धोकरधारा, राजहाट दर्जी टोला, जानकीनगर रुपौली, चोपड़ा बाजार, सरसी, बुढ़िया, मीरगंज, भवानीपुर, बांकी, बहुदुरा, जमरा, झलारी तीनपनिया पर संबंधित थानाध्यक्षों को मुहर्रम की गतिविधियों पर विशेष निगरानी रखने का निर्देश दिया गया।

जुलूस अनुज्ञप्ति में शामिल होने वाले समुदाय के कम से कम 10 तथा अधिक से अधिक 20 व्यक्तियों का संपर्क नंबर एवं पूर्व पता के साथ सूची प्राप्त करने का निर्देश दिया गया है।

# महंगाई, बेरोजगारी के मुद्दें पर केंद्र सरकार को अपना रवैय्या सुधारना होगा: प्रदेश अध्यक्ष डॉ मदन मोहन झा

प्रात : किरण संवाददाता



पटना.बिहार में महागठबंधन के द्वारा आहूत भीषण महंगाई, बेरोजगारी और आवश्यक वस्तुओं पर बढ़ते जीएसटी के खिलाफ विरोध प्रदर्शन में बिहार कांग्रेस पूरे दमखम के साथ सड़कों पर उतरी। प्रदेश अध्यक्ष डॉ मदन मोहन झा के नेतृत्व में सैंकड़ों कांग्रेसजन इनकम टैक्स गोलंबर से डाकबंगला चौराहे तक सुबह से सड़कों पर अपनी दमदार उपस्थिति दिखाई।

बिहार प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष डॉ मदन मोहन झा ने कहा कि केंद्र सरकार पूरी तरह से निरंकुश होकर आम जनता को कयकन का काम कर रही है। देश में जब से भाजपा सत्ता में आई तबसे उसने देश में अपने पूंजीपति मित्रों के हिसाब से नियम कानून बनाने का काम किया है। लोकतांत्रिक देश में आम लोगों को ही प्रताड़ित किया जा रहा है। रसोई गैस सिलिंडर के बाद अब आटा-चावल पर अतिरिक्त टैक्स लगाकर आम लोगों का निवाला छिनने का प्रयास किया जा रहा है। भीषण महंगाई के खिलाफ महागठबंधन आज बिहार की सड़कों पर विरोध प्रदर्शन में उतरी है और कांग्रेस पार्टी भी जनविरोधी केंद्र सरकार के खिलाफ सड़क से लेकर सदन तक विरोध दर्ज कराती रही है।

इस विरोध प्रदर्शन में प्रदेश अध्यक्ष डॉ मदन मोहन झा के अलावे विधायक शकील अहमद खान, राजेश राम, ब्रजेश पांडेय, मीडिया विभाग के चेयरमैन राजेश राठौड़, इजहारुल हुसैन, छत्रपति यादव, कुमार आशीष, पूर्व विधान पार्षद लालबाबू लाल, नागेंद्र कुमार विकल, प्रवीण कुशवाहा, अशोक गगन, पटना ग्रामीण अध्यक्ष शशि रंजन यादव, ज्ञान रंजन, चुन्नू सिंह, सन्तोष श्रीवास्तव, कमलदेव नारायण शुक्ल, सुधा मिश्र, राजीव मेहता, शशिकांत तिवारी, वशी अख्तर, जितेंद्र सिंह, कुंदन गुप्ता, सरदार हीरा सिंह बग्गा, मुकुल यादव, विमलेश तिवारी, अनिता कुमारी, निधि पांडेय, ईशा यादव, अली, विवेक पटेल, मनजीत जी समेत सैंकड़ों कांग्रेसजन शामिल रहें।

# बढ़ती महंगाई बेरोजगारी एवं जन विरोधी मुद्दे को ले महागठबंधन के कार्यकताओं ने निकाला विरोध मार्च

औरंगाबाद। बढ़ती महंगाई, बेरोजगारी एवं जनविरोधी मुद्दों को लेकर आज औरंगाबाद में केन्द्र सरकार के विरोध में महागठबंधन कार्यकताओं द्वारा प्रतिरोध मार्च निकाली गयी। यह प्रतिरोध मार्च शहर के गांधी मैदान से चलकर जामा मस्जिद होते हुए रमेश चौक पर एक सभा में तब्दिल हो गया। इस मौके पर राजद, कांग्रेस, सीपीआई0, सी0पी0आई माले सहित महागठबंधन के कई वरीय नेता, बिधायक सहित कार्यकर्ता न सिर्फ सड़क पर उतर आये बल्कि हाथों में तख्तियां लिये मोदी सरकार के विरोध में जमकर नारे भी लगा रहे थे। इस मौके पर नवीनगर के राजद विधायक विजय कुमार सिंह, उर्फ डब्ल्यू सिंह, ने सभा को संबोधित करते हुए गरजते हुए बोला अच्छे अच्छों का घमंड टूटा है यह मोदी कौन सी चीज है ? आने वाले समय में मोदी जाएंगे इसकी गारंटी है। और रही बात बिहार की तो आने वाले वर्षों में तेजस्वी ही सरकार चलाएंगे और तेजस्वी के नेतृत्व में बिहार का मुख्य विकास होगा। जो सिर्फ कागजों पर सिमटा नहीं बल्कि दिखने वाला सतही कार्य होगा।

# भारतीय विमानन क्षेत्र में अकासा एयरलाइन्स ने किया प्रवेश

» नई दिल्ली,एजेंसी

भारतीय विमानन क्षेत्र में नवागत ह्यअकासा एयरलाइनह्ल ने आज मुंबई से अहमदाबाद के लिए पहली वाणिज्यिक उड़ान संचालित की। नागर विमानन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया और नागर विमानन राज्य मंत्री जनरल वी.के सिंह ने हरी झंडी दिखा कर पहली उड़ान को रवाना किया। मुंबई हवाई अड्डे पर आयोजित एक संक्षिप्त समारोह में श्री सिंधिया और जनरल सिंह के साथ नागर विमानन सचिव राजीव बंसल एवं संयुक्त सचिव उषा पाधी वीडियो लिंक से जुड़े थे जबकि एयरलाइन के संस्थापक जाने माने उद्योगपति राकेश झुनझुनवाला, मुख्य कार्यकारी अधिकारी विनय दुबे मुंबई हवाई अड्डे पर मौजूद थे। अकासा एयरलाइन के टिकटों की बिक्री 22 जुलाई को मुंबई, अहमदाबाद, बेंगलुरु एवं कोच्चि से शुरू हो गयी थी। शुरूआत में एक सप्ताह तक अकासा एयरलाइन मुंबई एवं




अहमदाबाद के बीच 28 उड़ानें संचालित करेगी तथा 13 अगस्त से कोच्चि एवं बेंगलुरु के बीच सेवा शुरू करेगी और सप्ताह में 28 उड़ानें भरेगी। अकासा एयरलाइन के बेड़े में 72 विमान शामिल होंगे। इस मौके पर श्री सिंधिया ने कहा कि यह एक ऐतिहासिक अवसर है। बहुत अरसे के बाद भारतीय वायुक्षेत्र में कोई स्वदेशी एयरलाइन प्रवेश कर रही है। उन्होंने कहा कि यह भारतीय विमानन क्षेत्र के लोकतांत्रीकरण होने का एक और प्रमाण है। उन्होंने कहा कि एक समय था जब 130 करोड़ की आबादी में 0.02 प्रतिशत लोग ही विमानों में यात्रा करते थे लेकिन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने स्वप्न देखा है कि हवाई चप्पल पहनने वाले भी हवाई जहाज में उड़ सकें। इस लिए देश में हवाई यात्रा अवसंरचनाओं का विस्तार किया जा रहा है।

ऐसी आशा है कि आने वाले समय में करीब 40 करोड़ लोग हवाई यात्राएं किया करेंगे। जनरल सिंह ने भी अपने संबोधन में नई विमान सेवा के आरंभ होने को एक ऐतिहासिक अवसर बताया और उम्मीद जतायी कि यह विमान यात्रियों की आशाओं पर खरी उतरेगी। अकासा एयरलाइन की रणनीति टियर-2 और टियर-3 शहरों के लिए किफायती विमानन सेवाएं प्रदान करना है और इसके लिए ईंधन की कम खपत वाले विमानों को खरीदा जा रहा है।

## बघेल ने नीति आयोग की बैठक में कहा, जीएसटी क्षतिपूर्ति की अवधि पांच साल बढ़ाई जाए



नई दिल्ली, एजेंसी छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने रविवार को केंद्र से अपनी मांग दोहराई कि जीएसटी लागू करने से राजस्व में आई कमी के एवज में राज्यों को दी जाने वाली क्षतिपूर्ति की अवधि पांच साल के लिए बढ़ाई जाए। उन्होंने छत्तीसगढ़ को कोयला एवं अन्य प्रमुख खनिजों के बदले मिलने वाली रॉयल्टी की दरों में संशोधन की मांग भी रखी। नीति आयोग की संचालन समिति की सातवीं बैठक को संबोधित करते हुए बघेल ने कहा कि जीएसटी क्षतिपूर्ति, कोयला ब्लॉक कंपनियों से ह्यअतिरिक्त करह्ल के रूप में एकत्रित राशि का स्थानांतरण और नक्सलवाद के सफाए के लिए राज्य सरकार के व्यय किए 11,828 करोड़ रुपये की भरपाई करना राज्य की मांगे हैं। छत्तीसगढ़ सरकार की ओर से जारी बयान में बघेल के हवाले से कहा गया कि जीएसटी कर प्रणाली की वजह से राज्यों को राजस्व घाटा हुआ है। राज्य को अगले वर्ष होने वाले करीब 5,000 करोड़ रुपये के राजस्व घाटे की क्षतिपूर्ति के लिए केंद्र ने कोई बंदोबस्त नहीं किया गया है लिहाजा जीएसटी क्षतिपूर्ति अनुदान जून 2022 के बाद अगले पांच वर्ष के लिए जारी रहना चाहिए। एक जुलाई 2017 को राष्ट्रव्यापी जीएसटी लागू होने पर राज्यों को क्षतिपूर्ति करने निर्णय लिया गया था जिसकी अवधि इस साल 30 जून को खत्म हो गई। गैर-भाजपा शासित राज्य छत्तीसगढ़, केरल और राजस्थान पहले भी क्षतिपूर्ति की अवधि पांच साल बढ़ाने की मांग कर चुके हैं। बघेल ने कहा कि छत्तीसगढ़ को केंद्र सरकार के तीन साल के बजट में केंद्रीय करों से 13,089 करोड़ रुपये कम मिले थे जिससे राज्य के संसाधनों पर दबाव बहुत बढ़ गया। उन्होंने कोयला एवं अन्य प्रमुख खनिजों के लिए रॉयल्टी दरों में भी संशोधन का अनुरोध किया। मुख्यमंत्री ने न्यू पेंशन योजना में जमा पर रिफंड जैसी राज्य सरकार की अन्य लंबित मांगों पर भी त्वरित कार्रवाई की मांग की।

## इस्पात विनिमार्ताओं को निर्यात शुल्क कुछ समय बाद वापस लिए जाने की उम्मीद

नई दिल्ली, एजेंसी इस्पात के शीर्ष उत्पादकों का मानना है कि कुछ इस्पात उत्पादों पर निर्यात शुल्क लगाने का निर्णय मुद्रास्फीति पर काबू पाने की खातिर ह्यअल्पावधिह्ल के लिए उठाया गया कदम है और इसकी वजह से इस्पात विनिमार्ताओं को अपनी पूंजीगत व्यय योजनाओं पर पुनर्विचार के लिए मजबूर नहीं होना पड़ेगा। सरकार ने 21 मई को लौह अयस्क के निर्यात पर लगने वाले शुल्क को बढ़ाकर 50 प्रतिशत तक और कुछ स्टील मध्यवर्ती वस्तुओं पर 15 प्रतिशत तक कर दिया था। सरकार ने इस्पात उद्योग में उपयोग होने वाले कोकिंग कोल और फेरोनिकल समेत कुछ कच्चे माल के आयात पर लगने वाले शुल्क से राहत भी दी ताकि घरेलू इस्पात उद्योग की लागत कम हो और कीमतों में कमी आए। ये कदम घरेलू उपलब्धता को बढ़ाने, मुद्रास्फीति को कम करने, कोयले के दाम में स्थिरता लाने और ऊंची लागत का सामना कर रहे इस्पात उत्पादकों की परेशानियों को कम करने के लिए उठाए गए। हालांकि इस्पात उद्योग की कंपनियों ने कहा कि इस्पात उत्पादों पर निर्यात शुल्क से निवेशकों के बीच नकारात्मक संकेत जाएगा और उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन योजना के तहत क्षमता विस्तार परियोजना प्रभावित होगी। घरेलू इस्पात कंपनियों के प्रतिनिधि संगठन इंडियन स्टील एसोसिएशन (आईएसए) ने कहा कि भारत के हाथ से निर्यात अवसर फिसल सकते हैं और इस निर्णय से देश में आर्थिक गतिविधियां प्रभावित हो सकती हैं। इस्पात उद्योग पर निर्यात शुल्क के असर के बारे में टाटा स्टील के मुख्य कार्यपालक अधिकारी एवं प्रबंध निदेशक टी वी नरेंद्रन ने कहा, ह्यह्यमुद्रास्फीति को काबू में करने की जरूरत और निर्यात शुल्क जैसे कम अवधि के उपायों की जरूरत को समझते हैं। हालांकि इस्पात के दाम कम होने के बाद भी शुल्क को अगर जारी रख जाता है तो यह उद्योग की लाभप्रदता के लिए नुकसानदायक होगा। आर्सेलरमित्तल निप्पन स्टील इंडिया के मुख्य विपणन अधिकारी रंजन धर ने कहा कि उद्योग को उम्मीद है कि सरकार ने निर्यात शुल्क कुछ समय के लिए ही लगाया है। जेएसडब्ल्यू स्टील के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक सज्जन जिंदल ने उम्मीद जताई कि मुद्रास्फीति में नरमी आने पर सरकार शुल्क को वापस ले लेगी। टाटा स्टील के नरेंद्र से पूछा गया कि क्या कंपनी पूंजीगत व्यय और विस्तार योजना पर फिर से विचार करेगी, तो उन्होंने कहा कि यह जरूरी है कि उद्योग इस निर्यात शुल्क की वजह से अपनी पूंजीगत व्यय योजनाओं को नहीं टाले। उन्होंने कहा, ह्यह्यइस साल और अगले साल के लिए अपनी पूंजीगत व्यय योजनाओं पर हम कायम हैं। इसके साथ ही हम आशा करते हैं कि निर्यात शुल्क जल्द ही वापस लिया जाएगा।ह्लह्ल

## सोना 621 रुपये चमका, चांदी 530 रुपये उतरी



» मुंबई,एजेंसी

वैश्विक बाजार में कीमती धातुओं में तेजी से समर्थन पाकर बीते सप्ताह घरेलू सरार्फा बाजार में जहां सोना 621 रुपये प्रति दस ग्राम चमक गया वहीं मांग फिसलने से चांदी में 530 रुपये प्रति किलोग्राम की गिरावट रही। समीक्षाधीन सप्ताह में वैश्विक बाजार में कीमती धातुओं में तेजी का रुख रहा। सोना हाजिर 21.12 डॉलर प्रति औंस मजबूत होकर सप्ताहांत पर 1775.31 डॉलर प्रति औंस पर पहुंच गया। साथ ही अमेरिकी सोना वायदा भी 19.3 डॉलर प्रति औंस की तेजी लेकर 1769.90 डॉलर प्रति औंस हो गया। इसी तरह सप्ताहांत पर चांदी हाजिर 0.03 डॉलर प्रति औंस बढ़कर 19.83 डॉलर प्रति औंस रही। बीते सप्ताह विदेशी बाजार की तेजी का असर देश के सबसे बड़े वायदा बाजार एमसीएक्स में केवल सफेद धातु पर देखा गया। सप्ताहांत पर सोना 621 रुपये की चमककर 51890 रुपये प्रति दस ग्राम पर पहुंच गया।

## खुदरा महंगाई और तिमाही परिणाम का शेयर बाजार पर रहेगा असर

» मुंबई, एजेंसी

विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) की जारी लिवाली की बदौलत बीते सप्ताह लगभग डेढ़ प्रतिशत की छलांग लगा चुके घरेलू शेयर बाजार पर अगले सप्ताह जुलाई की खुदरा महंगाई और कंपनियों के चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही के परिणाम का असर रहेगा। बीते सप्ताह बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक 817.60 अंक की तेजी लेकर सप्ताहांत पर 58 हजार अंक के मनोवैज्ञानिक स्तर के पार 58387.93 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 239.25 अंक मजबूत होकर 17397.50 अंक पर रहा। सप्ताहांत पर बीएसई का मिडकैप 428.15 अंक चढ़कर 24479.05 अंक और स्मॉलकैप 548.7 अंक बढ़कर 27605.08 अंक पर रहा। विश्लेषकों के अनुसार, अगले सप्ताह 12 अगस्त को जुलाई की खुदरा महंगाई और औद्योगिक उत्पादन का आंकड़ा जारी होने वाला है। इसी तरह 10 अगस्त को अमेरिका में भी खुदरा महंगाई का आंकड़ा आएगा। अगले सप्ताह इन कारकों का बाजार पर असर रहेगा। इसी तरह सोमवार को देश के सबसे बड़े वाणिज्यिक बैंक स्टेट बैंक (एसबीआई), एचपीसीएल और



बीपीसीएल का चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही का परिणाम जारी होगा, जिसका प्रभाव बाजार पर रहेगा। इसके अलावा वैश्विक स्तर पर बढ़ रहे भू राजनीतिक तनाव के साथ ही स्थानीय स्तर पर रिजर्व बैंक के महंगाई को काबू में रखने के लिए नीतिगत दरों में की गई बढ़ोतरी पर भी अगले सप्ताह बाजार की प्रतिक्रिया देखी जा सकेगी। वैश्विक बाजारों की तेजी से उत्साहित निवेशकों की स्थानीय स्तर पर हुई चौतरफा लिवाली की बदौलत सोमवार को सेंसेक्स 545.25 अंक की छलांग लगाकर साढ़े तीन महीने के उच्चतम स्तर 58 हजार अंक के मनोवैज्ञानिक स्तर के पार 58115.50 अंक और निफ्टी 181.80 की तेजी लेकर 17340.05 अंक पर रहा। विदेशी बाजारों की गिरावट के बावजूद स्थानीय स्तर पर सीडीजीएस, एफएमसीजी, यूटिलिटीज, ऑटो और पावर समेत नौ समूहों में हुई लिवाली से शेयर बाजार में मंगलवार लगातार पांचवें दिन भी तेजी पर रहा।

## पेट्रोल-डीजल की कीमत स्थिर

» नई दिल्ली, एजेंसी

अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमत घट जाने के बावजूद देश में रविवार को तेल विपणन कंपनियों ने पेट्रोल-डीजल की कीमतों में अभी भी कोई बदलाव नहीं किया। देश में करीब दो माह से अधिक समय से ईंधन की कीमतों में स्थिरता होने से आम आदमी के लिए राहत बनी हुयी है। सार्वजनिक क्षेत्र की देश की सबसे बड़ी तेल विपणन कंपनी इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन (आईओसीएल) के अनुसार, दिल्ली में आज पेट्रोल के दाम 96.72 रुपये और डीजल 89.62




रुपये प्रति लीटर पर बिक रहा है। मुंबई में पेट्रोल और डीजल के दाम क्रमशः 106.31 रुपये प्रति लीटर और 94.27 रुपये प्रति लीटर पर हैं। अंतरराष्ट्रीय बाजार में लंदन ब्रेंट क्रूड 94.92 डॉलर प्रति बैरल और अमेरिकी क्रूड 0.01 प्रतिशत गिरकर 88.53 डॉलर प्रति बैरल पर कारोबार कर रहा। देश में पेट्रोल और डीजल की कीमतें मूल्य वर्धित कर (वैट) और माल ढुलाई शुल्क के आधार पर सभी राज्यों में अलग-अलग हैं। पेट्रोल-डीजल के मूल्यों की प्रतिदिन समीक्षा की जाती है।

## विदेशी मुद्रा भंडार 2.32 अरब डॉलर बढ़ा

» मुंबई, एजेंसी

» देश का विदेशी मुद्रा भंडार विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति, स्वर्ण भंडार और विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) में बढ़ोतरी होने से 29 जुलाई को समाप्त सप्ताह में 2.32 अरब डॉलर बढ़कर 573.9 अरब डॉलर पर पहुंच गया जबकि इसके पिछले सप्ताह यह 1.15 अरब डॉलर गिरकर 571.6 अरब डॉलर रहा था। रिजर्व बैंक की ओर से जारी साप्ताहिक आंकड़े के अनुसार, 29 जुलाई को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार के सबसे बड़े घटक विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति 1.12 अरब डॉलर की बढ़त लेकर 511.3 अरब डॉलर पर पहुंच गया। इस अवधि में स्वर्ण भंडार 1.14 अरब डॉलर की बढ़ोतरी के साथ 39.64 अरब डॉलर पर रहा। इसी तरह आलोच्य सप्ताह एसडीआर 2.2 करोड़ डॉलर बढ़कर 17.98 अरब डॉलर पर रहा। इस अवधि में अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के पास आरक्षित निधि 3.1 करोड़ डॉलर की बढ़त के साथ 4.99 अरब डॉलर हो गया।

## हुंडई की नई टकसन कार:10 अगस्त को होगी लॉन्च

» नई दिल्ली,एजेंसी

हुंडई ने ऑफिशियल रूप से नई हुंडई टकसन को 10 अगस्त के दिन लॉन्च करने की घोषणा की है। हुंडई टकसन का यह फोर्थ जेनरेशन मॉडल होगा। अपकमिंग रवश को दो वेरिएंट- प्रीमियम और सिग्नेचर वेरिएंट में पेश किया जाएगा। कंपनी ने इसकी बुकिंग 50 हजार रुपए में पहले ही शुरू कर दी थी।। हुंडई टकसन को केवल 15 दिन के अंदर 3,000 यूनिट बुकिंग मिली है। हालांकि, हुंडई 10 अगस्त के दिन इसकी कीमतों का भी खुलासा करेगी। हुंडई की फ्लैगशिप रवश की डिलीवरी सितंबर से ही शुरू होने की उम्मीद है।मौजूदा मॉडल मुकाबले नए मॉडल में बदलाव देखने को मिल रहे हैं। नई टक्सन में मस्कुलर क्लैडिंग, एंगुलर रूफलाइन, अपडेटेड फ्रंट और रियर बंपर देखे जा सकते हैं। वहीं एक्सटीरियर लेटेस्ट सेंसियस स्पोर्टीनेस स्टाइल में है। कस्टमर्स को इसमें इंटिग्रेटेड छएऊ ऊ्रफछर, कनेक्टेड छएऊ टेल लैंप, शार्प बॉडी क्रीज, नए सिरे से डिजाइन किए गए 18-इंच अलॉय व्हील मिलेंगे। 2022 हुंडई टकसन में 2.0छ ठअर पेट्रोल इंजन दिया और 2.0छ टर्बोचार्ज्ड डीजल इंजन दिया

## मारुति सुजुकी का चालू वित्त वर्ष में 20 लाख वाहनों के उत्पादन का लक्ष्य : चेयरमैन

» नई दिल्ली, एजेंसी

देश की सबसे बड़ी कार विनिमार्ता मारुति सुजुकी इंडिया ने सेमीकंडक्टर की आपूर्ति में सुधार से चालू वित्त वर्ष में करीब 20 लाख इकाइयों के उत्पादन का लक्ष्य रखा हुआ है जिसके लिए वह अपने उत्पादन में बढ़ोतरी भी करेगी। कंपनी के चेयरमैन आर सी भार्गव ने वित्त वर्ष 2021-22 की वार्षिक रिपोर्ट में शेयरधारकों को दिए गए अपने संदेश में कहा है कि चालू वित्त वर्ष में 20 लाख इकाइयों के उत्पादन लक्ष्य को हासिल करने में नया एसयूवी मॉडल ग्रैंड विटारा एक अहम भूमिका निभाएगा। पिछले वित्त वर्ष में मारुति सुजुकी का उत्पादन 13.4 प्रतिशत बढ़कर 16.52 लाख इकाई रहा। अप्रैल-जून 2021 में महामारी की दूसरी लहर के कारण उत्पादन गतिविधियों पर पड़े प्रतिकूल प्रभाव के बावजूद कंपनी ने यह उत्पादन आंकड़ा हासिल किया था। इसके अलावा सेमीकंडक्टर की आपूर्ति बाधित होने से भी कंपनी मांग के अनुरूप वाहनों की बिक्री नहीं कर पाई। भार्गव ने कहा, ह्यवित्त वर्ष 2021-22 के अंत में हम बुकिंग के बावजूद करीब 2.7 लाख वाहनों की आपूर्ति नहीं कर पाए।ह्ल घरेलू बाजार में आपूर्ति कम होने की वजह से इसकी बाजार हिस्सेदारी भी करीब 50 फीसदी से कम होकर 43.4 फीसदी पर आ गई थी। भारतीय वाहन विनिमार्ताओं के संगठन सायम के आंकड़ों के मुताबिक, घरेलू बाजार में वर्ष 2021-22 में कुल 30,69,499 यात्री वाहनों की बिक्री हुई थी जबकि एक साल पहले 27,11,457 इकाई की बिक्री हुई थी। भार्गव ने वित्त वर्ष 2022-23 के लिए अपना आकलन पेश करते हुए कहा, ह्यसेमीकंडक्टर की उपलब्धता बेहतर होने से वाहन उत्पादन की स्थिति बेहतर होगी। अपना उत्पादन बढ़ाने के लिए हमने कुछ कदम भी उठाए हैं। हमने इस आंकड़े को 20 लाख इकाई तक पहुंचाने का लक्ष्य रखा है। वैसे इसे हासिल कर पाना एक चुनौती होगी। हालांकि उन्होंने कहा कि ग्रैंड विटारा मॉडल का उत्पादन टोयोटा के संयंत्र में होने से मारुति सुजुकी के लिए उत्पादन बढ़ाने की चुनौती को पूरा करने की उम्मीद है। उन्होंने कहा कि ग्रैंड विटारा मॉडल के आने से एसयूवी खंड में कंपनी की स्थिति मजबूत होगी। इसके अलावा कंपनी ने हाल ही में अपनी पुरानी एसयूवी ब्रेजा को नए अवतार में उतारा है। इलेक्ट्रिक वाहनों के संदर्भ में कंपनी चेयरमैन ने कहा कि वित्त वर्ष 2024-25 से सुजुकी मोटर कॉरपोरेशन के गुजरात संयंत्र में इलेक्ट्रिक मॉडलों का उत्पादन शुरू हो जाएगा और मारुति इनकी बिक्री करेगी। हालांकि उन्होंने कहा कि ईवी मॉडल के कार बाजार में अहम स्थान लेने में अभी वक्त लगेगा। उन्होंने कहा कि मारुति सुजुकी ने अपनी भावी जरूरतों को ध्यान में रखते हुए हरियाणा के खरखोडा में नया उत्पादन संयंत्र लगाने की तैयारी शुरू कर दी है। इस संयंत्र के पहले चरण पर 11,000 करोड़ रुपये निवेश किए जाएंगे।

## सप्ताह का खास इंटरव्यू:यस बैंक के एमडी और सीईओ प्रशांत कुमार बोले ह्यएनपीए से बचने के लिए कॉरपोरेट की जगह रिटेल लोन पर जोरह्ल

नइ दिल्ली,एजेंसी दो वर्षों तक रिकंस्ट्रक्शन योजना में रहने के बाद अब यस बैंक के नए बोर्ड का गठन हो गया है। बैंक को लगभग 9,000 करोड़ का पीई निवेश भी मिलने जा रहा है। अब बैंक का पूरा ध्यान बिजनेस बढ़ाने और उपभोक्ताओं को सेवाएं मुहैया करने पर है। यस बैंक के एमडी और सीईओ प्रशांत कुमार ने दैनिक भास्कर के अजय तिवारी के साथ बातचीत में कहा कि बैंक फिलहाल रिटेल लोन पर ज्यादा फोकस कर रहा है और डूबने वाले कर्ज से बचने के लिए कॉरपोरेट लोन पर कम जोर देगा। पेश है बातचीत के मुख्य अंश- इतने बड़े बैंक को रिकंस्ट्रक्शन स्कीम से बाहर निकलना एक उपलब्धि है। डिपॉजिट और कर्ज संबंधी जो समस्याएं थीं वो भी हल कर ली गई हैं। बैंक अब तरक्की की राह पर है। इसका इस्तेमाल हम बिजनेस बढ़ाने में करेंगे। दुनिया के बड़े पीई इक्विटी निवेशक के 9,000 करोड़ रुपए निवेश करने का अर्थ है कि वे आश्वस्त हैं कि बैंक का भविष्य उज्जवल है। इस साल हमने 15% लोन ग्रोथ का लक्ष्य रखा है। पहली तिमाही में ही 14% ग्रोथ हो चुकी है। इसके अलावा हर महीने 1 लाख नए कस्टमर बैंक के साथ जोड़ने का लक्ष्य है। दो साल से रिटेल और एमएसएमई पर ज्यादा फोकस रहा है क्योंकि इनमें एनपीए (कर्ज डूबने) का जोखिम कम रहता है। एक बार बैलेंस शीट मजबूत हो जाए तो हम कॉरपोरेट का रुख करेंगे। अभी सावधानी जरूरी है। मार्च 2021 से हर तिमाही हमारा एनपीए कम हो रहा है। अभी नेट एनपीए 4.2% है जो पहले 6% से 7% तक था। चूंकि हमारा एनपीए काफी बड़ा है, लिहाजा हम एसेट रिकंस्ट्रक्शन कंपनी की मदद ले रहे हैं। अगस्त के बाद उसे हमारा एनपीए ट्रांसफर हो जाएगा। उसके बाद ग्रॉस एनपीए घटकर 1.5-2% ही रह जाएगा। हमें पूरी उम्मीद है कि इस पूंजी से हमारी 3 से 4 साल की जरूरत पूरी हो जाएगी। तो कम से कम 3 से 4 साल तक तो हम दोबारा स्टॉक मार्केट में पूंजी जुटाने के लिए नहीं जाएंगे। बढ़ते रेपो रेट का फायदा एफडी ग्राहक को नहीं मिल पाता है। हमारा ये प्रोडक्ट रेपो रेट से लिंक है तो जैसे ही रिजर्व बैंक रेट बढ़ाता है, ग्राहक को उसका फायदा फौरन मिलने लगता है।

**निवेश** इसमें 6.6% सालाना ब्याज दिया जा रहा है। हम आपको इसके बारे में बता रहे हैं।

## मंथली इनकम अकाउंट खुलवाकर करें हर महीने कमाई:इसमें मिल रहा 6.6% ब्याज

» नई दिल्ली,एजेंसी

देश का सबसे बड़ा बैंक स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (SBI) फिक्स्ड डिपॉजिट पर अभी अधिकतम 5.4% ब्याज दे रहा है। ऐसे में बढ़ती महंगाई के बीच अगर आप कहीं ऐसी जगह निवेश करना चाह रहे हैं जहां आपको अपने निवेश पर इससे ज्यादा ब्याज मिले तो पोस्ट ऑफिस का नेशनल सेविंग्स मंथली इनकम अकाउंट आपके लिए सही रहेगा। इसमें 6.6% सालाना ब्याज दिया जा रहा है। हम आपको इसके बारे में बता रहे हैं। इस स्कीम के तहत अकाउंट को मिनिमम 1000 रुपए से खुलवा सकते हैं। वहीं अगर अधिकतम की बात करें तो अगर आपका अकाउंट सिंगल है तो आप 4.5 लाख रुपए तक अधिकतम जमा कर सकते हैं। वहीं अगर आपका ज्वाइंट अकाउंट है तो इसमें अधिकतम 9 लाख रुपए जमा किए जा सकते हैं। इसमें 6.6% सालाना ब्याज मिल रहा है। सालाना मिलने वाले ब्याज को 12 महीनों में बांट दिया जाता है और वह अमाउंट आपको हर महीने मिलता रहता है। अगर आप मंथली पैसा न निकालें तो वह आपके पोस्ट ऑफिस सेविंग्स अकाउंट में रहेगी और



मूलधन के साथ इन पैसों को भी जोड़कर आपको आगे ब्याज मिलेगा। मान लीजिए अगर आप इस योजना के तहत 4.5 लाख रुपए का निवेश करते हैं तो अब आपको 6.6% सालाना ब्याज दर के हिसाब से सालाना 29700 रुपए ब्याज मिलेंगे। वहीं अगर आप इसमें ज्वाइंट अकाउंट के तहत 9 लाख का निवेश करते हैं तो आपको 59,400 साल का ब्याज मिलेगा। इसे 12 महीनों में बराबर बांटें तो हर महीने 4,950 रुपए का रिटर्न मिलेगा। अगर रिटर्न को विड्ड्रॉ नहीं करते हैं तो उस पर भी ब्याज मिलता है। इसका मैच्योरिटी पीरियड 5 साल है। 5 साल बाद अपने पैसों को फिर इसमें निवेश कर सकते हैं। यानी स्कीम पूरी होने पर आपकी पूरी जमा पूंजी मिल जाती है जिसे आप दोबारा इस योजना में निवेश कर मंथली आय का साधन बनाए रख सकते हैं। मैच्योरिटी के पहले पैसा निकालने की जरूरत हो तो यह सुविधा अकाउंट के 1 साल पूरा होने पर मिल जाती है। 1 साल से 3 साल तक पुराने अकाउंट होने पर, उसमें जमा रकम में से 2% काटकर बाकी रकम आपको वापस मिलती है। 3 साल से ज्यादा पुराना अकाउंट होने पर, 1% काटकर बची रकम वापस मिलती है। इस खाते को किसी नाबालिग के नाम पर और 3 वयस्कों के नाम पर जॉइंट अकाउंट भी खोला जा सकता है। 10 साल से ज्यादा उम्र के माइनर के नाम भी अभिभावक की देखरेख में खाता खोला जा सकता है।





# पिछले साल के टी20 विश्व कप के लिए रवैये और दृष्टिकोण में बदलाव की जरूरत थी: रोहित

» लॉडेरहिल (अमेरिका),एजेंसी

कप्तान रोहित शर्मा ने कहा है कि पिछले साल टी20 विश्व कप में लचर प्रदर्शन के बाद भारतीय टीम अपने रवैये और दृष्टिकोण में आमूलचूल परिवर्तन लाने के लिए मजबूर हुई। रोहित अब ऑस्ट्रेलिया में होने वाले टी20 विश्व कप के आगामी सत्र में भारतीय टीम की अगुवाई करने की तैयारी कर रहे हैं लेकिन इससे पहले टीम को एशिया कप में खेलना है। स्टार स्पोर्ट्स के शो ह्यफॉलो द ब्ल्यूजह्न पर रोहित ने कहा, ह्यह्यहमने दुबई में टी20 विश्व कप के फाइनल में जगह नहीं बनाने के बाद स्पष्ट कर दिया था कि हमने महसूस किया कि हम अपना खेल कैसे खेलते हैं, इस बारे में हमारे रवैये और दृष्टिकोण में बदलाव की जरूरत है। भारत गत चैंपियन के रूप में एशिया कप में उतरेगा जिसे टी20 प्रारूप में खेला जाएगा। टीम इंडिया ने पिछले कुछ महीनों में अधिक आक्रामक बल्लेबाजी शैली अपनाई है और रोहित ने बताया कि टीम आगामी चुनौतियों के लिए कैसे तैयार हो रही है। उन्होंने कहा, ह्यह्यअगर कप्तान और कोच से यह संदेश स्पष्ट है कि टीम कहां जाने की कोशिश कर रही है तो हर खिलाड़ी निश्चित रूप से ऐसा करने की कोशिश करेगा। ऐसा करने के लिए उन्हें स्वतंत्रता और स्पष्टता की आवश्यकता है और यही हम करने की कोशिश कर रहे हैं। हम उन्हें ज्यादा से ज्यादा आजादी देने की कोशिश कर रहे हैं। इतने सारे युवा नेतृत्वकताओं की मौजूदगी में टीम की कप्तानी करने के अपने अनुभव के बारे में पूछे जाने पर रोहित ने कहा, ह्यह्यमुझे पता है कि टीम में इतने सारे नेतृत्वकर्ता तैयार करना रोमांचक है क्योंकि यह हमेशा एक अच्छा संकेत है।ह्लह्ल उन्होंने कहा, ह्यह्यऔर आप चाहते हैं कि खिलाड़ी दबाव को संभालें, जो खेल को समझते हैं और एक-दूसरे को अच्छी तरह से जानते हैं। कई कारणों से पिछले आठ महीनों में भारत के छह अलग-अलग कप्तान रहे हैं। रोहित ने कहा, ह्यह्यमुझे लगता है कि नेतृत्व का होना बहुत महत्वपूर्ण है लेकिन जाहिर है आप जानते हैं कि हम आईपीएल खेलते हैं और यह 10 टीम का टूनार्मेंट है। इसलिए 10 कप्तान होंगे जो किसी न किसी स्तर पर भारतीय टीम का भी हिस्सा होंगे।ह्लह्ल रोहित ने कहा कि भारतीय टीम के लिए कोच राहुल द्रविड़ की भूमिका महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा, ह्यह्यराहुल भाई के साथ मैंने कुछ मैच खेले हैं क्योंकि जब मैंने एकदिवसीय मैचों में पदार्पण किया था तो वह मेरे पहले कप्तान थे इसलिए जाहिर तौर पर हमारे बीच कुछ आपसी समझ है। जब मैं चोटिल हुआ था तो मैंने एनसीए (राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी) में काफी समय बिताया है और वह वहां भी थे। भारतीय कप्तान ने कहा, हमारे बीच हर समय नियमित बातचीत होती थी और वह मेरे खेल को भी करीब से देख रहे थे। हिटमैनह्ल के नाम से मशहूर रोहित ने ऐसे कोच के महत्व के बारे में भी बताया जिसका विजन और विश्वास टीम के अनुसार हो। रोहित ने कहा, जब वह (द्रविड़) कोच बने तो हम मिले और एक कमरे में कुछ देर साथ बैठे और फैसला किया कि हम चीजों को कैसे आगे बढ़ाना चाहते हैं और काफी हद तक उनके विचार वही थे जो मैं सोच रहा था। उन्होंने कहा, ह्यह्यइससे मेरे लिए खिलाड़ियों को एक स्पष्ट संदेश देना थोड़ा आसान हो गया क्योंकि हम समूह के बीच भ्रम पैदा नहीं करना चाहते हैं, और निश्चित रूप से हम चाहते थे कि वह क्रिकेट की शैली को भी बदल दें। हम तीनों प्रारूपों में एक निश्चित तरीके से खेलना चाहते थे और वह यह सब स्वीकार करने के लिए तैयार थे।

## प्रधानमंत्री मोदी ने राष्ट्रमंडल खेलों के पदक विजेताओं को बधाई दी

नई दिल्ली, एजेंसी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बर्मिंघम में चल रहे राष्ट्रमंडल खेलों में भारतीय खिलाड़ियों के कई पदक जीतने के बाद रविवार को खिलाड़ियों प्रयासों की सराहना की। महिलाओं की 50 किग्रा फ्रीस्टाइल कुश्ती में कांस्य पदक जीतकर भावुक हुई और लोगों से माफी मांगने वाली भारतीय पहलवान पूजा गहलोत के एक वीडियो को टैग करते हुए मोदी ने कहा, ह्यह्यपूजा, आपके पदक के लिए उत्सव होना चाहिए, माफी नहीं। उन्होंने कहा, ह्यह्यआपकी जीवन यात्रा हमें प्रेरित करती है, आपकी सफलता हमें प्रसन्न करती है। आपकी किस्मत में कई शानदार चीजें हैं चमकते रहें! मोदी ने कांस्य पदक जीतने के लिए पहलवान पूजा सिहाग की भी प्रशंसा की और कहा कि उन्होंने एक प्रतिभाशाली पहलवान के रूप में अपनी पहचान बनाई है। प्रधानमंत्री ने कहा, उसने कभी हार नहीं मानने के रवैये की बदौलत कई चुनौतियों का सामना किया है। उसने राष्ट्रमंडल खेल 2022 में कांस्य पदक जीता है, उसे बधाई। मुझे विश्वास है कि वह आने वाले समय में भारत को गौरवांवित करती रहेगी। कांस्य पदक जीतने वाले पहलवान दीपक नेहरा की सराहना करते हुए मोदी ने कहा कि उन्होंने उल्लेखनीय धैर्य और प्रतिबद्धता दिखाई। मोदी ने कहा, उन्हें उनकी आगामी प्रतियोगिताओं के लिए मेरी शुभकामनाएं। मोदी ने महिला एकल पैरा टेबल टेनिस में स्वर्ण पदक जीतने के लिए भाविना पटेल को भी बधाई दी प्रधानमंत्री ने ने ट्वीट किया, ह्यह्यशानदार प्रदर्शन करने वाली भाविना ने हमें गर्व करने का एक और अवसर दिया है। उन्होंने पैरा टेबल टेनिस में स्वर्ण पदक जीता जो उनका पहला राष्ट्रमंडल पदक है। उन्होंने कहा, मुझे उम्मीद है कि उनकी उपलब्धियां भारत के युवाओं को टेबल टेनिस से जुड़ने के लिए प्रेरित करेंगी। मैं भाविना को उनकी आगामी प्रतियोगिताओं के लिए शुभकामनाएं देता हूं। मोदी ने पैरा टेबल टेबल में कांस्य पदक जीतने वाली सोनल पटेल के प्रयासों की भी सराहना की उन्होंने कहा, जब प्रतिभा, जज्बे और तप का मेल हो तो कुछ भी असंभव नहीं है। सोनल पटेल ने पैरा टेबल टेनिस में कांस्य पदक जीतकर इसे सही साबित किया है। उन्हें बधाई। मोदी ने कहा,मैं प्रार्थना करता हूं कि वह आने वाले समय में भी शानदार प्रदर्शन करती रहे। खेलों में कांस्य पदक जीतने के लिए मुक्केबाज मोहम्मद हुसामुद्दीन की सराहना करते हुए मोदी ने कहा कि वह एक उत्कृष्ट मुक्केबाज हैं जिन्होंने कई खेल प्रतियोगिताओं में सफलता हासिल की है। मोदी ने कहा, ह्यह्यअद्भुत तकनीक और लचीलेपन की बदौलत इस प्रतिभाशाली खिलाड़ी ने बर्मिंघम में पुरुषों की 57 किग्रा स्पर्धा में कांस्य पदक जीता। उन्हें बधाई। मैं उन्हें शुभकामनाएं देता हूं। प्रधानमंत्री ने मुक्केबाज रोहित टोकस को कांस्य पदक जीतने पर बधाई दी। मोदी ने कहा, ह्यह्यउनकी मेहनत और लगन ने शानदार परिणाम दिए हैं। मुझे उम्मीद है कि आने वाले समय में उन्हें और भी सफलता मिलेगी। प्रधानमंत्री ने देर रात एक ट्वीट कर पहलवान नवीन कुमार को स्वर्ण पदक जीतने पर बधाई दी। मोदी ने ट्वीट किया, ह्यह्यहमारे पहलवानों ने और गौरव हासिल किया। नवीन कुमार को स्वर्ण पदक जीतने के लिए बधाई। उनका उल्लेखनीय आत्मविश्वास और उत्कृष्ट तकनीक देखने को मिली। उन्हें आगामी प्रतियोगिताओं के लिए शुभकामनाएं।

## गैरवरीय रोजर्स, कसात्किना फाइनल में



सेन जोस,एजेंसी गैरवरीय अमेरिकी खिलाड़ी शेल्बी रोजर्स ने रूस की नौवीं वरीय वेरोनिका कुदरमेतोवा को मुबादाला सिलिकोन वैली क्लासिक टेनिस टूनार्मेंट के सेमीफाइनल में सीधे सेटों में हराया। रोजर्स ने वेरोनिका को 6-3, 6-4 से हराकर फाइनल में जगह बनाई जहां उनका सामना रविवार को सातवीं वरीय रूस की दारिया कसात्किना से होगा। कसात्किना ने दूसरी वरीय और दुनिया की चौथे नंबर की खिलाड़ी स्पेन की पाउला बेडोसा को 6-2, 6-4 से हराकर फाइनल में जगह बनाई। रोजर्स ने शीर्ष वरीय मारिया सकारी को 6-1, 6-3 से हराकर क्वार्टर फाइनल और फिर साथी अमेरिकी अमांडा एनिसिकोवा को 6-4, 6-4 से हराकर अंतिम चार में जगह बनाई थी।

## भारत ने चौथे टी-20 में वेस्टइंडीज को 59 रन से हराया, श्रृंखला में ली 3-1 की अपराजेय बढ़त

लॉडेरहिल (अमेरिका), एजेंसी युवा तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह के तीन विकेट की बदौलत शनिवार को भारत ने चौथे टी-20 मैच में वेस्टइंडीज को 59 रनों से हराकर पांच मैचों की श्रृंखला में 3-1 की अजेय बढ़त ले ली है। भारत ने इस मुकाबले में पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवरों में 5 विकेट पर 191 रन बनाए। जवाब में वेस्टइंडीज की टीम 19.1 ओवर में 132 रनों पर सिमट गई। तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह ने तीन विकेट हासिल किए, जबकि अवेश खान, अक्षर पटेल और रवि बिश्नोई ने दो-दो विकेट चटकाए। 192 रनों का पीछा करते हुए, वेस्टइंडीज की शुरूआत खराब रही और उन्होंने अपने सलामी बल्लेबाज ब्रैंडन किंग को मात्र 18 रनों पर खो दिया। चौथे ओवर में डेवोन थॉमस सिर्फ एक रन बनाकर आवेश खान के शिकार हो गए। वेस्टइंडीज के कप्तान निकोलस पूरन और मध्य क्रम के बल्लेबाज रोवमैन पॉवेल ने विंडीज के लिए सबसे अधिक 24-24 रन बनाए, जबकि वेस्टइंडीज के पांच खिलाड़ी दहाई के अंकों तक भी नहीं पहुंच सके। पहले बल्लेबाजी करने उतरे, ऋषभ पंत (44) और कप्तान रोहित शर्मा (33) की पारियों की बदौलत भारत ने 5 विकेट पर 191 रन बनाए। अक्षर पटेल ने अंत में कुछ बड़े शॉट लगाए और 8 गेंदों में 20 रन बनाकर नाबाद रहे, वहीं, संजू सैमसन ने 23 गेंदों में नाबाद 30 रन की शांत पारी खेली। सूर्यकुमार यादव (24) और दीपक हुड्डा (21) ने भी उपयोगी पारियां खेलीं। मेजबान टीम के बाएं हाथ के तेज गेंदबाज ओबेद मैककॉय वेस्टइंडीज के लिए टी-20 में सबसे महंगे गेंदबाज साबित हुए। उन्होंने 4 ओवर में 66 रन देकर 2 विकेट लिए। अल्जारी जोसेफ ने भी 4 ओवर में 29 रन देकर 2 विकेट और अकील हुसैन ने 4 ओवर में 28 रन देकर 1 विकेट लिया।

## सार समाचार

### लाहिड़ी वर्षा से प्रभावित विनधैम चैंपियनशिप में पांचवें स्थान पर

ग्रीन्सबोरो (अमेरिका), एजेंसी भारत के अनिर्बान लाहिड़ी को यहां मौसम से प्रभावित विनधैम गोल्फ चैंपियनशप के तीसरे दौर में सात होल और खेलने हैं जबकि वह संयुक्त पांचवें स्थान पर चल रहे हैं। पहले दो दौर में 66 और 67 का स्कोर बनाने वाले लाहिड़ी ने तीसरे दौर में 11 होल में तीन अंडर का स्कोर बना लिया था जब खराब मौसम के कारण दिन का खेल जल्दी खत्म करना पड़ा। लाहिड़ी का कुल स्कोर 10 अंडर है। यह भारतीय गोल्फर हालांकि एक समय 11 अंडर के स्कोर के साथ संयुक्त बढ़त भी हासिल करने में सफल रहा था।

### राष्ट्रपति मुर्मू ने राष्ट्रमंडल खेलों में कांस्य पदक जीतने वालों को बधाई दी



नई दिल्ली, एजेंसी, राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बर्मिंघम में आयोजित राष्ट्रमंडल खेलों में कांस्य पदक जीतने वाले मुक्केबाजों रोहित टोकस और मोहम्मद हुसामुद्दीन, पैरा टेबल टेनिस खिलाड़ी सोनलबेन पटेल और पहलवानों दीपक नेहरा एवं पूजा सिहाग को रविवार को बधाई दी। मुर्मू ने ट्वीट किया, ह्यह्यराष्ट्रमंडल खेलों में मुक्केबाजी की प्रतियोगिता में रजत पदक जीतने पर रोहित टोकस को बधाई। अपने दृढ़ संकल्प का परिचय देते हुए आप कड़े मुकाबले में टिके रहे। आपने सराहनीय प्रदर्शन किया।ह्ल रोहित को पुरुष वेल्टरवेट (63.5 किग्रा-67 किग्रा) के सेमीफाइनल में जाम्बिया के स्टिफेन जिंबा ने 3-2 के खंडित फैसले से हराया। राष्ट्रपति ने एक अन्य ट्वीट किया, ह्यह्यराष्ट्रमंडल खेलों की मुक्केबाजी प्रतियोगिता में रजत पदक जीतने पर मोहम्मद हुसामुद्दीन को बधाई। राष्ट्रमंडल खेलों में लगातार दूसरी बार आपका पद जीतना आपकी निरंतरता और समर्पण को दशार्ता है। आपकी सफलता कई युवाओं को प्रेरित करेगी।ह्लह्ल मोहम्मद हुसामुद्दीन पुरुष फेदरवेट (57 किग्रा) को सेमीफाइनल में घाना के जोसेफ कोमे ने 4-1 के खंडित फैसले से मात दी। मुर्मू ने कहा, ह्यह्यराष्ट्रमंडल खेलों में पैरा टेबल टेनिस में रजत पदक जीतने पर सोनलबेन पटेल को बधाई। आप जैसी खिलाड़ी लोगों को यह विश्वास करने के लिए प्रेरित करती हैं कि कोई भी शारीरिक सीमा उत्कृष्ट बनने की अदम्य भावना को हरा नहीं कर सकती। आप सभी के लिए प्रेरणा स्रोत हैं। सोनलबेन ने कांस्य पदक के प्ले-ऑफ में इंग्लैंड की सू बेली को 11-5, 11-2, 11-3 से हराया। राष्ट्रपति ने कहा, ह्यह्यराष्ट्रमंडल खेलों की कुश्ती प्रतियोगिता में रजत पदक जीतने पर दीपक नेहरा को बधाई। आपने बहुत कम आयु में उत्कृष्टता का उच्च स्तर छुआ। आपके शानदार पदार्पण के मद्देनजर भारत को आपसे और भी कई बेहतरीन उपलब्धियों की उम्मीद है। पुरूषों के 97 किलो वर्ग में दीपक नेहरा ने पाकिस्तान के तैयब रजा को अंकों के आधार पर 10 .2 से हराकर कांस्य पदक जीता। मुर्मू ने एक अन्य ट्वीट किया, ह्यह्यराष्ट्रमंडल खेलों की कुश्ती प्रतियोगिता में रजत पदक जीतने वाली पूजा सिहाग को हार्दिक बधाई। आपने अंतरराष्ट्रीय खेलों में उत्कृष्टता तक पहुंचने के लिए बाधाओं को पार किया। आपका धैर्य और दृढ़ संकल्प महिलाओं सहित लाखों लोगों को प्रेरित करेगा।

## सही प्रशिक्षण मिलने पर मेरी मानसिकता सकारात्मक रहती है : विनेश

» बर्मिंघम, एजेंसी

तोक्यो ओलंपिक में खराब प्रदर्शन के बाद करियर के सबसे बुरे दौर से गुजरने वाली भारतीय पहलवान विनेश फोगाट ने राष्ट्रमंडल खेलों में अपना दबदबा कायम करते हुए स्वर्ण पदक के साथ शानदार वापसी की। विनेश के लिए पिछले 12 महीने काफी तनाव भरे रहे लेकिन परिवार के साथ मिलने और अभ्यास करने के तरीके में बदलाव ने उनके करियर को एक बार फिर से सही राह दी। तोक्यो ओलंपिक में शीर्ष वरीयता प्राप्त खिलाड़ी के रूप में पहुंची विनेश पहले ही दौर में हारकर बाहर हो गयी थी। इसके बाद चोट और कुश्ती महासंघ के साथ तकरार ने उन्हें मानसिक रूप से काफी नीचे धकेल दिया। इस 27 साल की खिलाड़ी को पिछले साल कोहनी की सर्जरी करानी पड़ी और फिर अपने अभ्यास के तरीके को बदलना पड़ा। उन्होंने अंडर-15 वर्ग के लडकों के साथ अभ्यास किया। उन्होंने शनिवार को यहां राष्ट्रमंडल खेलों में 53 किग्रा का स्वर्ण पदक जीतने के बाद कहा, ह्यह्यअगर मेरा प्रशिक्षण सही चल रहा होता है, तो मैं मानसिक रूप से भी ठीक महसूस करती हूं। राष्ट्रमंडल खेलों में तीसरी बार स्वर्ण पदक जीतने वाली विनेश ने कहा, ह्यह्य इस पदक के लिए मैंने कितनी मेहनत की है यह सिर्फ मुझे पता है। पिछले 12 महीनों में मैंने जो कुछ किया है, उसे देखते हुए यह पदक बहुत खास है। विनेश को राष्ट्रमंडल खेलों की टीम में जगह बनाने के लिए ट्रायल जीतने के लिए कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ा था।

## रवि, विनेश, नवीन ने स्वर्ण, पूजा ने जीता कांस्य

» बर्मिंघम, एजेंसी



रवि दहिया, विनेश फोगाट और नवीन ने राष्ट्रमंडल खेल 2022 में कुश्ती में भारत के शानदार प्रदर्शन को जारी रखते हुए शनिवार को देश की पदक तालिका में तीन स्वर्ण जोड़े। दूसरी ओर, पूजा गहलोत ने महिला 50 किग्रा में कांस्य पदक हासिल किया। टोक्यो ओलंपिक के सिल्वर मेडलिस्ट रवि ने 57 किग्रा फाइनल में नाइजीरिया के वेल्सन एबीकेवेनिमो को तकनीकी श्रेष्ठता से हराकर स्वर्ण पदक जीता। राष्ट्रमंडल खेलों में तीन बार के पदक विजेता वेल्सन ने मुकाबले की शुरूआत में रवि को पॉइंट स्कोर करने का कोई मौका नहीं दिया, लेकिन रवि ने अंततः उनके पैरों को जकड़कर अंकों की झड़ी लगा दी और अपने पहले ही राष्ट्रमंडल खेल में स्वर्ण हासिल किया। दूसरी ओर, राष्ट्रमंडल खेल 2014 और 2018 की गोल्ड मेडलिस्ट विनेश फोगाट ने महिला 53 किग्रा का फाइनल जीतकर स्वर्ण पदकों की हैट्रिक पूरी की। विनेश ने एकतरफा फाइनल मुकाबले में श्रीलंका की चमोदया केशानी को चित्त (विन बाई फॉल) करके स्वर्ण हासिल किया। बर्मिंघम 2022 में विनेश का दबदबा ऐसा रहा कि उन्होंने अपने किसी भी मैच में विपक्षी को पॉइंट स्कोर नहीं करने दिये। नवीन ने भारत को कुश्ती में दिन का तीसरा और कुल छठा स्वर्ण दिलाते हुए पाकिस्तान के मोहम्मद शरीफ ताहिर को 9-0 से मात दी। इस जीत के साथ भारत ने राष्ट्रमंडल खेल 2022 में 12 स्वर्ण पूरे कर लिये।ए

## वेस्टइंडीज के बल्लेबाजों की लय बिगाड़ने के लिए गति में कटौती की: आवेश

» लॉडेरहिल (अमेरिका), एजेंसी



तेज हवाओं और छोटी बाउंड्री के बीच वेस्टइंडीज के मैदानों पर काफी महंगे साबित हुए भारतीय तेज गेंदबाज आवेश खान ने वेस्टइंडीज के खिलाफ चौथे टी20 अंतरराष्ट्रीय में मजबूत वापसी की जब उन्होंने कप्तान रोहित शर्मा की सलाह मानकर अपनी गेंदों की गति में कटौती की। आवेश ने कहा कि जब वह तेज हवाओं और छोटी बाउंड्री से सामंजस्य बैठाने के लिए जूझ रहे थे तो उन्हें रोहित और कोच राहुल द्रविड़ ने काफी आत्मविश्वास दिया। आवेश ने चौथे टी20 में चार ओवर में 17 रन देकर दो विकेट चटकाए जिससे शनिवार को भारत ने 59 रन की जीत के साथ पांच मैच की श्रृंखला में 3-1 की विजयी बढ़त बना ली।आवेश ने मैच के बाद संवाददाताओं से कहा, ह्यह्यउन्होंने मुझे काफी आत्मविश्वास दिया जबकि पिछले दो मैच में मेरा प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा था। उन्होंने कहा, रोहित भाई और राहुल सर के समर्थन से मुझे मैदान के अंदर और बाहर आत्मविश्वास मिला। उन्होंने मुझे बताया कि मुश्किल दौर आता है।पिछले महीने पोर्ट आफ स्पेन में एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय मैच में पदार्पण करते हुए आवेश ने छह ओवर में 54 रन लुटाए। सेंट किंट्स में पहले दो टी20 में भी आवेश काफी महंगे साबित हुए लेकिन इस तेज गेंदबाज के जूझने के बावजूद रोहित ने दूसरे टी20 में उन्हें अंतिम ओवर में नौ रन बचाने की जिम्मेदारी दी। आवेश हालांकि उम्मीद पर खरे नहीं उतरे लेकिन टीम प्रबंधन ने उनका समर्थन जारी रखा। उन्होंने कहा, ह्यह्यउन्होंने यह कहते हुए मेरा समर्थन किया कि दो मैच में औसत प्रदर्शन किसी गेंदबाज को खराब नहीं बना देते, विशेषकर टी20 में, यह प्रारूप ही इस तरह का है।ह्ल आवेश ने कहा, ह्यह्यइस मैच में भी इसी तरह मेरा समर्थन किया गया और मुझे खुशी है कि मैंने अच्छा प्रदर्शन किया। दक्षिण अफ्रीका दौरे पर भी उन्होंने मेरा समर्थन किया था। इस तेज गेंदबाज ने कहा, ह्यह्यजब कप्तान और कोच अच्छा प्रदर्शन करने के लिए लगातार खिलाड़ी का समर्थन करते हैं तो इससे स्वतः की खिलाड़ी अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित होता है। इंदौर के तेज गेंदबाज ने खुलासा किया कि उन्होंने चौथे मैच में अपनी गेंदबाजी में कुछ बदलाव लाए जिससे उन्हें मदद मिली उन्होंने कहा, ह्यह्यशुरूआत से ही लक्ष्य सही क्षेत्र में गेंदबाजी करना था।यहां विकेट और परिस्थितियां दोनों सेंट लूसिया से अलग थी जहां हमें ऐसे विकेट पर खेलना पड़ा जहां गेंद रुककर आ रही थी। आवेश ने कहा, ह्यह्यमैं हवा के खिलाफ गेंदबाजी कर रहा था और वेस्टइंडीज के बल्लेबाजों को असहज करने के लिए धीमी गति से गेंदबाजी कर रहा था।

## किर्गियोस सिटी ओपन के फाइनल में



» वाशिंगटन, एजेंसी

निक किर्गियोस ने अंततः प्रदर्शन में निरंतरता हासिल करते हुए शनिवार रात सिटी ओपन में मिखाइल यमेर को सीधे सेट में हराकर अपने करियर में पहली बार लगातार दूसरे टूनार्मेंट के फाइनल में जगह बनाई। विंबलडन उप विजेता किर्गियोस ने हार्ड कोर्ट पर होने वाले अमेरिकी ओपन से पहले गर्म और उमस भरे हालात से अच्छी तरह सामंजस्य बैठाते हुए सेमीफाइनल में 7-6 (4), 6-3 से जीत दर्ज की। आस्ट्रेलिया के 27 साल के किर्गियोस दुनिया के 63वें नंबर के खिलाड़ी हैं लेकिन अगर वह रविवार को खिताब जीत लेते हैं तो 37वें नंबर पर पहुंच जाएंगे। किर्गियोस ने एटीपी टूर पर अपना पिछला खिताब 2019 में वाशिंगटन में जीता था।

**चुनौती** — बर्मिंघम में चल रहे कॉमनवेल्थ गेम्स 2022 में भारतीय महिला हॉकी टीम ने ब्रॉन्ज मेडल जीत लिया

## विमेंस हॉकी में भारत का ब्रॉन्ज मेडल पर कब्जा:पेनल्टी शूटआउट में न्यूजीलैंड को 2-1 से हराया

» नई दिल्ली,एजेंसी

कॉमनवेल्थ हॉकी में भारतीय महिला टीम को पहला ब्रॉन्जबर्मिंघम में चल रहे कॉमनवेल्थ गेम्स 2022 में भारतीय महिला हॉकी टीम ने ब्रॉन्ज मेडल जीत लिया है। इस मुकाबले में भारत के सामने न्यूजीलैंड की चुनौती थी। मुकाबले के 29वें मिनट में भारत ने पहला गोल किया ।यह गोल सलीमा टेटे ने किया। तीसरे क्वार्टर के बाद भारत 1-0 से आगे था।आखिरी मिनट में पहला गोल दागकर न्यूजीलैंड ने बराबरी हासिल कर ली। दोनों टीमों के बीच विजेता का निर्णय पेनल्टी शूटआउट से हुआ। भारत ने पेनल्टी शूटआउट में 2-1 से मुकाबला जीत लिया। भारतीय गोलकीपर सविता ने शूटआउट में चार गोल बचाए। फर्स्ट हाफ की शुरूआत में इंडियन प्लेयर्स में समन्वय की कमी साफ नजर आ रही थी। इसके बाद रफ टैकल करने के लिए न्यूजीलैंड की खिलाड़ी इक्विडोर को 2 मिनट के लिए बाहर कर दिया गया।2006 में आखिरी बार विमेंस हॉकी में भारत ने सिल्वर मेडल जीता था। इसके पहले 2002 में भारतीय महिला टीम ने हॉकी में पहली बार कॉमनवेल्थ गेम्स में गोल्ड मेडल अपने नाम किया था। कॉमेनवेल्थ गेम्स में भारतीय महिला हॉकी टीम ने गोल्ड और सिल्वर पहले जरूर जीता था, लेकिन कभी ब्रॉन्ज मेडल पर कब्जा नहीं जमाया था। इस बार ब्रॉन्ज जीतकर भारत ने वह कमी भी पूरी कर दी। 2022 कॉमनवेल्थ गेम्स के सेमीफाइनल मुकाबलों में भारतीय टीम को जहां



ऑस्ट्रेलिया से हार का सामना करना पड़ा था, वहीं न्यूजीलैंड की टीम ने इंग्लैंड के हाथों शिकस्त खाई थी। भारत और न्यूजीलैंड के बीच यह ब्रॉन्ज मेडल मुकाबला बेहद रोचक होने के आसार थे। दरअसल, दोनों ही टीमों ने अपने-अपने सेमीफाइनल मुकाबले बेहद करीब से गंवाए थे। फुल टाइम तक दोनों टीमों ने अपनी विपक्षी टीमों को बराबरी पर रोककर रखा था, लेकिन शूटऑउट में इन्होंने मैच गंवा दिए। भारत ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 0-3 से शूटआउट गंवाया और न्यूजीलैंड को इंग्लैंड ने 2-0 से शूटआउट में शिकस्त दी। भारतीय टीम ने इस कॉमनवेल्थ गेम्स में अपने पूल-ए के चार में से तीन मुकाबले जीतकर सेमीफाइनल में एंट्री की थी। उसने कनाडा, वेल्स और घाना को शिकस्त दी थी, जबकि इंग्लैंड के खिलाफ उसे मैच गंवाना पड़ा था। उधर, पूल-बी में न्यूजीलैंड ने बेहद ही धमाकेदार अंदाज में तीन जीत दर्ज की थी। न्यूजीलैंड ने स्कॉटलैंड, दक्षिण अफ्रीका और केन्या को एकतरफा शिकस्त दी थी। हालांकि उसे ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ शिकस्त मिली थी।

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लॉग ऑन करें
www.pratahkiran.com | @Pratahkiran | epaper.pratahkiran.com | @Pratahkiran



# इसरो ने रचा इतिहास, नया रॉकेट एसएसएलवी लॉन्च

**श्रीहरिकोटा, एजेंसी**

भारत के पहले छोटे उपग्रह प्रक्षेपण वाहन (एसएसएलवी) ने पृथ्वी अवलोकन उपग्रह (ईओएस)-02 और एक सह-यात्री उपग्रह 'आजादीसैट' के साथ रविवार को यहां सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र (एसडीएससी) से उड़ान भरी। तड़के 02.18 बजे शुरू हुई उल्टी गिनती के सात घंटे बाद सुबह 09.18 बजे एसएसएलवी ने एसडीएससी शार रेंज से सफलतापूर्वक उड़ान भरी। इस मौके पर इसरो अध्यक्ष डॉ. एस सोमनाथ, पूर्व इसरो अध्यक्ष डॉ. के राधाकृष्णन और श्री के सिवन तथा मिशन नियंत्रण केंद्र के वैज्ञानिक मौजूद रहे। रॉकेट के उड़ान भरने के साथ ही आसमान में नारंगी धुएं का गुबार उड़ता नजर आया और ऐसा लगा, जैसे इसने पृथ्वी को हिला दिया। एसएसएलवी 34 मीटर लंबा है जो पीएसएलवी से लगभग 10 मीटर कम है। पीएसएलवी के 2.8 मीटर की तुलना में इसका व्यास दो मीटर है। एसएसएलवी का उत्थापन द्रव्यमान 120 टन है, जबकि पीएसएलवी का 320 टन है, जो 1,800 किलोग्राम तक के उपकरण ले जा सकता है।



### क्यों खास है इसरो का यह मिशन

इसरो ने अंतरिक्ष में सस्ती सवारी की पेशकश करने और बढ़ते छोटे उपग्रह प्रक्षेपण बाजार में हिस्सेदारी हासिल करने के उद्देश्य से भारत का पहला लघु उपग्रह प्रक्षेपण यान (एसएसएलवी) लॉन्च किया है। इससे पहले इसरो ने अंतरिक्ष में उपग्रहों को लॉन्च करने के लिए पीएसएलवी (पोलर सैटेलाइट लॉन्च व्हीकल) और जीएसएलवी (जियो सिंक्रोनस लॉन्च व्हीकल) का इस्तेमाल किया जाता था।

### क्या है खासियत

एसएसएलवी की लंबाई 34 मीटर है। यह वॉरहॉर्स पीएसएलवी से 10 मीटर छोटा है और 500 किलोग्राम तक के पेलोड को 500 किमी प्लानर ऑर्बिट में डाल सकता है। चूंकि एसएसएलवी 120 टन के उपग्रह प्रक्षेपण के लिए है, जबकि पीएसएलवी में 320 टन है। एसएसएलवी अपने चौथे चरण में लिक्विड-प्रोपेल्ड वेलोसिटी ट्रिमिंग मॉड्यूल (वीटीएम) का उपयोग करता है और फिर उपग्रह को कक्षा में स्थापित करता है।

### कम लागत वाली एवियोनिक्स प्रणाली है एसएसएलवी

सेगमेंट असेंबली को कम करने और इंटीग्रेशन टाइम लॉन्च करने के लिए एक ओपन जॉइंट स्ट्रक्चर वाला बूस्टर मोटर सेगमेंट एसएसएलवी के कई प्राथमिक लाभों में से एक है। इसके अतिरिक्त, इसमें व्यावसायिक रूप से उपलब्ध, औद्योगिक रूप से उत्पादित घटकों के साथ-साथ त्वरित असेंबली और लॉन्च के लिए एक समान इंटरस्टेज संयुक्त संरचना के साथ एक लघु, कम लागत वाली एवियोनिक्स प्रणाली है। एसएसएलवी में पूरी तरह से घरेलू इलेक्ट्रो-मैकेनिकल एक्ट्यूएटर्स, एक मल्टी-सैटेलाइट एडैप्टर डेक और मल्टी-सैटेलाइट आवास के साथ एक डिजिटल कंट्रोल सिस्टम भी शामिल है।

### आजादीसैट उपग्रह को छात्राओं ने किया है डिजाइन

भारत की स्वतंत्रता की 75वीं वर्षगांठ पर 'आजादी का अमृत महोत्सव' चिह्नित करने के लिए देश भर के सरकारी स्कूलों की छात्राओं ने आजादीसैट उपग्रह को डिजाइन किया है। आजादीसैट में 75 अलग-अलग पेलोड हैं, जिनमें से प्रत्येक का वजन लगभग 50 ग्राम है। देश भर के ग्रामीण क्षेत्रों की छात्राओं को इन पेलोड के निर्माण के लिए इसरो के वैज्ञानिकों ने मार्गदर्शन दिया था, जिन्हें 'स्पेस किड्स इंडिया' की छात्र टीम ने एकीकृत किया था।

### तस्वीरें क्लिक करने के लिए सेल्फी कैमरा

भारतीय राष्ट्रीय अंतरिक्ष संवर्धन और प्राधिकरण केंद्र के अनुसार आजादीसैट में अपने स्वयं के सौर पैनलों और लोरा (लॉन्ग रेंज कम्युनिकेशन) ट्रांसपोंडर की तस्वीरें क्लिक करने के लिए एक सेल्फी कैमरा है। ईओएस-02 का उपयोग भू-पर्यावरण अध्ययन, वानिकी, जल विज्ञान, कृषि, मिट्टी और तटीय अध्ययन के क्षेत्र में सहायक अनुप्रयोगों के लिए थर्मल विसंगतियों पर इनपुट प्रदान करने के लिए किया जाएगा। यह 10 महीने के लिए अंतरिक्ष में काम करेगा।

## संक्षिप्त खबरें

### पाकिस्तान की नौ संसदीय सीटों पर उपचुनाव लड़ेंगे इमरान

इस्लामाबाद, एजेंसी। पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) अध्यक्ष एवं पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान ने नौ संसदीय सीटों पर होने वाला उपचुनाव लड़ने के फैसले के परिप्रेक्ष्य में राष्ट्रीय राजकोष पर करोड़ों रुपए का भार पड़ने का अंदेशा जताया गया है। पाकिस्तान की राष्ट्रीय संसद के स्पीकर द्वारा पीटीआई के कुछ सांसदों का इस्तीफा स्वीकार कर लिये जाने के बाद ये सीटें रिक्त हैं। अगर श्री खान इन सभी सीटों पर चुनाव जीतते हैं तो उन्हें एक को छोड़कर सभी सीटों से इस्तीफा देना पड़ेगा और वहां फिर से उपचुनाव कराने होंगे। अनुमान के मुताबिक एक निर्वाचन क्षेत्र में चुनाव में होने वाला न्यूनतम खर्च करीब पांच से नौ करोड़ रुपए व्यय होना संभावित है। वहीं संवेदनशील और दूर-दराज के क्षेत्रों में यह लागत लगभग 10 करोड़ रुपये होगा। श्री खान पहले से ही राष्ट्रीय संसद के सदस्य हैं। वर्ष 2018 में खान ने पांच निर्वाचन क्षेत्रों इस्लामाबाद, बन्नू, कराची, मियांवाली और लाहौर से चुनाव लड़ा और इन सभी सीटों पर जीत हासिल की थी। उन्होंने मियांवाली सीट अपने पास रखा और शेष चार सीटों से इस्तीफा दे दिया था।

### राष्ट्रपति पद की शपथ लेंगे कोलंबिया के पूर्व विद्रोही

बोगोटा (कोलंबिया), एजेंसी। कोलंबिया के पहले वामपंथी राष्ट्रपति रविवार को पद की शपथ लेंगे। उन्होंने असमानता से लड़ने और सरकार तथा गुरिल्ला समूहों के बीच लंबे समय तक चले युद्ध से पीड़ित देश के इतिहास में अहम बदलाव लाने का वादा किया है। कोलंबिया के एम-19 गुरिल्ला समूह के पूर्व सदस्य गुस्तावो पेट्रो ने कंजर्वेटिव दलों को हराकर जून में चुनाव जीता था। पूर्व विद्रोही पेट्रो की जीत कोलंबिया के लिए असाधारण भी है क्योंकि देश में मतदाता पहले से ही वामपंथी नेताओं का समर्थन नहीं करते थे। वामपंथी नेताओं पर अक्सर अपराध पर नरम रवैया रखने या गुरिल्लाओं से सहानुभूति रखने का आरोप लगाया जाता है। कोलंबिया की सरकार और सशस्त्र गुटों के बीच 2016 में हुए शांति समझौते के बाद से मतदाताओं का ध्यान हिंसक संघर्षों से हटकर गरीबी और भ्रष्टाचार जैसी समस्याओं की ओर केंद्रित हुआ। पेट्रो (62) ने गरीबी उन्मूलन कार्यक्रमों पर खर्च और ग्रामीण इलाकों में निवेश बढ़ाकर कोलंबिया की सामाजिक और आर्थिक असमानताओं को दूर करने का वादा किया है। उन्होंने यह भी कहा है कि वह मादक पदार्थ के तस्करों, सोने की खदानों और अन्य संसाधनों को लेकर लड़ रहे शेष विद्रोही समूहों के साथ शांति वार्ता शुरू करना चाहते हैं।

### अमेरिका में अवैध प्रवासियों को ले जा रही नाव डूबी, दो की मौत, पांच लापता

की वेस्ट (अमेरिका), एजेंसी। अमेरिका में फ्लोरिडा की के तट के पास एक नौका के डूब जाने से उसमें सवार दो लोगों की मौत हो गई, जबकि पांच अन्य लापता हो गए। बताया जा रहा है कि इस नौका पर एक दर्जन से अधिक प्रवासी सवार थे, जो अमेरिका में अवैध रूप से दाखिल होने की कोशिश कर रहे थे। अमेरिकी तटरक्षक बल ने शुक्रवार रात एक विज्ञप्ति जारी कर बताया कि नाव में कुल 15 लोग मौजूद थे, जिनमें से आठ को बचा लिया गया है। फिलहाल यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि ये प्रवासी मूल रूप से किस देश के थे। विज्ञप्ति के मुताबिक, शुगरलोफ की से करीब 23 किलोमीटर दक्षिण में एक नाव पलटने की खबर शुक्रवार सुबह 10 बजे तटरक्षक बल के पास पहुंची। तटरक्षक बल ने कहा कि रॉयल कैरेबियन क्रूज जहाज मेरिनर ऑफ द सीज ने आठ लोगों को समुद्र में डूबने से बचाया।


## विरोध के बीच मणिपुर में मोबाइल इंटरनेट सेवा पांच दिनों के लिए निलंबित

**इंफाल, एजेंसी**

मणिपुर में मोबाइल इंटरनेट सेवाओं को पांच दिनों के लिए निलंबित कर दिया गया है। विशेष सचिव (गृह) एच ज्ञान प्रकाश ने शनिवार को इस बाबत एक आधिकारिक आदेश जारी किया। आदेश के मुताबिक, कुछ असामाजिक तत्व नफरत भरे भाषणों को प्रसारित करने के लिए सोशल मीडिया का इस्तेमाल कर रहे थे, जिससे लोगों की भावनाएं उद्वेलित हो रही थीं। इसमें कहा गया है कि शनिवार शाम को फुगाकचाओ इखांग में कुछ लोगों द्वारा एक वाहन में आग लगाए जाने के बाद यह निर्णय लिया गया है। इस घटना के बाद इलाके में सांप्रदायिक तनाव फैल गया है।

बिष्णुपुर के जिला अधिकारी ने शनिवार शाम को घाटी जिले में अगले दो महीने के लिए दंड प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) की धारा-144 के तहत निषेधाज्ञा लागू कर दी है। 'ऑल ट्राइबल स्टूडेंट यूनियन मणिपुर' (एटीएसयूएम) द्वारा शुक्रवार सुबह पहाड़ी जिलों से गुजरने वाले राष्ट्रीय राजमार्गों पर अनिश्चितकालीन 'आर्थिक नाकेबंदी' किए जाने के बाद से राज्य में तनाव पैदा हो गया है। इस नाकेबंदी के कारण घाटी क्षेत्र में आपूर्ति ठप पड़ गई है। छात्र संगठन राज्य के घाटी क्षेत्रों का समान विकास सुनिश्चित करने के लिए पहाड़ी इलाकों को अधिक वित्तीय और प्रशासनिक स्वायत्तता देने के वास्ते मणिपुर (पहाड़ी क्षेत्र) स्वायत्त जिला परिषद (संशोधन) विधेयक 2021 को विधानसभा के मानसून सत्र में पेश करने की मांग कर रहा है। हालांकि, मुख्यमंत्री एन बिरेन सिंह के नेतृत्व वाली राज्य की भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकार ने मंगलवार को मणिपुर (पहाड़ी क्षेत्र) जिला परिषद छठा और सातवां संशोधन बिल पेश किया, जो प्रदर्शनकारियों के मुताबिक उनकी मांगों के अनुरूप नहीं है। संशोधन विधेयक पेश किए जाने के बाद एटीएसयूएम ने आदिवासी बहुल कांगपोकपी और सेनापति में मंगलवार से पूर्ण बंदी लागू कर रखी है। अनिश्चितकालीन नाकेबंदी के बाद घाटी स्थित संगठन मेइती लीपुन ने शुक्रवार दोपहर एटीएसयूएम के इम्फाल कार्यालय को बंद कर दिया।

## भारत का हथकरघा क्षेत्र हमारी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत का प्रतीक : अमित शाह



**नई दिल्ली,एजेंसी**

केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने रविवार को राष्ट्रीय हथकरघा दिवस पर कहा कि भारत का हथकरघा क्षेत्र हमारी समृद्ध और विविध सांस्कृतिक विरासत का प्रतीक है। गृह मंत्री ने बताया कि 1905 में आज ही के दिन शुरू हुए स्वदेशी आंदोलन और इस भारतीय प्राचीन कला को पुनर्जीवित करने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 2015 में 7 अगस्त को राष्ट्रीय हथकरघा दिवस के रूप में घोषित किया था। इसका उद्देश्य देशवासियों को स्वदेशी बुनकरों द्वारा बुने गए हथकरघा उत्पादों का उपयोग करने के लिए प्रोत्साहित करना भी है। उन्होंने कहा, इस 8वें राष्ट्रीय हथकरघा दिवस पर, आइए हम हथकरघा विरासत को संरक्षित और बढ़ावा देने और अपने हथकरघा बुनकरों, विशेष रूप से महिलाओं को सशक्त बनाने के मोदी सरकार के संकल्प को आगे बढ़ाने के लिए हाथ मिलाएं। इस अवसर पर कपड़ा मंत्रालय ने ट्वीट कर कहा कि हम अपने राष्ट्र के बुनकरों के बिना अधूरे हैं। वे अपने कुशल हाथों से आकर्षक परिधान बुनते हैं और हमारी विरासत और संस्कृति को आगे ले जाते हैं। आइए इस हथकरघा दिवस यानि आज हम कम से कम एक हथकरघा वस्तु खरीदकर उनकी मेहनत को एक सूत्र में पिरोएं और अपना समर्थन दें। मंत्रालय के अनुसार हथकरघा हमारे देश के ग्रामीण और अर्ध-ग्रामीण हिस्सों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। यह क्षेत्र सीधे महिला सशक्तिकरण को संबोधित करता है, क्योंकि सभी बुनकरों और संबद्ध श्रमिकों में 70 प्रतिशत से अधिक महिलाएं हैं। वहीं खादी इंडिया का कहना है कि हम सभी का प्रयास होना चाहिए कि न सिर्फ भारतीय हथकरघा और हस्तशिल्प का ज्यादा-से-ज्यादा उपयोग करें, बल्कि, इसके बारे में हमें ज्यादा-से-ज्यादा लोगों को बताना भी चाहिए।

## दिल्ली-एनसीआर में वायु प्रदूषण को काबू करने लिए संशोधित योजना एक अक्टूबर से लागू होगी

**नई दिल्ली, एजेंसी**

दिल्ली और उसके आस-पास के इलाकों में वायु प्रदूषण को काबू में करने के लिए संशोधित वर्गीकृत प्रतिक्रिया कार्य योजना (जीआरएपी) सामान्य तिथि से 15 दिन पहले यानी एक अक्टूबर से लागू होगी। वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) ने यह जानकारी दी। आयोग ने स्थिति की गंभीरता के अनुरूप प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए लागू जीआरएपी में विस्तृत रूप से संशोधन किया है। संशोधित योजना दिल्ली-एनसीआर में वायु प्रदूषण से निपटने के लिए सीएक्यूएम द्वारा तैयार नई नीति का हिस्सा है। यह पूवार्नुमान के आधार पर अग्रसक्रिय तरीके से प्रतिबंध लागू करने पर ध्यान केंद्रित करती है और इसके तहत पाबंदियां तीन दिन पहले से लगाई जा सकती हैं। इससे पहले, अधिकारी वातावरण में पीएम-10 और पीएम-2.5 का स्तर एक निश्चित स्तर पर पहुंचने के बाद ही प्रदूषण से निपटने के उपाय लागू करते थे। नई योजना के तहत दिल्ली और एनसीआर (राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र) के जिलों में वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 450 से अधिक होने पर आवश्यक सेवाओं को छोड़कर बीएस-चार मानक तक के सभी चार पहिया वाहनों के परिचालन पर रोक लगाने का प्रावधान किया गया है।

पर्यावरण एवं वन मंत्रालय ने 2017 में जीआरएपी को अधिसूचित किया था और यह सामान्य तौर पर 15 अक्टूबर से लागू होता है, जब वायु प्रदूषण के स्तर में वृद्धि शुरू होती है। राज्य की एंजेसी एवं संबंधित विभागों को भेजे संवाद के अनुसार, सीएक्यूएम ने अब इसे एक अक्टूबर से लागू करने का फैसला किया है।

एनसीआर के लिए जीआरएपी को अब खराब वायु गुणवत्ता के आधार पर चार स्तरों में वगीर्कृत किया गया है। पहला स्तर 'खराब' (एक्यूआई 201 से 300 के बीच), दूसरा स्तर 'बहुत खराब' (एक्यूआई 301 से 400 के बीच), तीसरा स्तर 'गंभीर' (एक्यूआई 401 से 450 के बीच) और चौथा स्तर 'अति गंभीर' (एक्यूआई 450 से अधिक) है। संशोधित जीआरएपी के तहत पहले स्तर पर प्रदूषण होने पर होटल में तंदूरों, खुले में संचालित ढाबों, डीजल जेनरेटर आदि में कोयला एवं लकड़ी जलाने पर रोक लगाने का प्रावधान किया गया है। इस श्रेणी में केवल आवश्यक और आपात सेवाओं को इन दो ईंधनों के इस्तेमाल की छूट मिलेगी। अगर स्थिति 'गंभीर' (तीसरे स्तर पर) होती है तो अधिकारी दिल्ली-एनसीआर में आवश्यक परियोजनाओं को छोड़कर निर्माण और ध्वस्तीकरण के कार्य पर रोक लगा देंगे। इस स्तर के प्रदूषण के दौरान गैर-प्रदूषणकारी कार्यों जैसे लकड़ी, आंतरिक सज्जा और बिजली के काम पर रोक नहीं होगी। दिल्ली-एनसीआर में प्रदूषण तीसरे स्तर पर पहुंचने पर स्वच्छ ईंधन का इस्तेमाल न करने वाले ईंट भट्टे, हॉट मिक्स संयंत्र, पत्थर तोड़ने वाले संयंत्र और खनन गतिविधियां भी प्रतिबंधित रहेंगी।

## प्रधानमंत्री ने नीति आयोग की 7वीं गवर्निंग काउंसिल की बैठक की अध्यक्षता की

नई दिल्ली, एजेंसी। केंद्र और राज्यों के बीच प्रमुख नीति संबंधी मुद्दों पर विचारों का आदान-प्रदान करने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को राष्ट्रपति भवन के सांस्कृतिक केंद्र में नीति आयोग की सातवीं गवर्निंग काउंसिल की बैठक की अध्यक्षता की। नीति आयोग की शीर्ष संस्था शासी परिषद की बैठक में राज्यों के मुख्यमंत्री, केंद्र शासित प्रदेशों के लेफ्टिनेंट गवर्नर और केंद्रीय मंत्री अमित शाह, राजनाथ सिंह, निर्मला सीतारमण, एस जयशंकर, नितिन गडकरी, पीयूष गोयल, धर्मेंद्र प्रधान आदि उपस्थित रहे। मुख्यमंत्रियों में पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी, पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान, राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, ओडिशा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक, आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री वाई एस जगन रेड्डी शामिल रहे। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, त्रिपुरा के मुख्यमंत्री मानिक शाह, सिक्किम के मुख्यमंत्री प्रेम सिंह तमांग, हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर, हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर, मणिपुर के मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह ने भी इस बैठक में हिस्सा लिया।

## क्यूबा के तेल भंडारण केंद्र में आग लगने से एक की मौत, 17 लापता, 121 घायल

हवाना (क्यूबा), एजेंसी। क्यूबा के मतंजस शहर में एक तेल भंडारण केंद्र पर बिजली गिरने के बाद लगी आग से चार विस्फोट हुए, जिसमें 121 लोग घायल हो गए, जबकि 17 दमकलकर्मी लापता बताए जा रहे हैं। क्यूबा के अधिकारियों ने बताया कि घटनास्थल से एक व्यक्ति का शव भी मिला है। ऊर्जा और खनन मंत्रालय ने ट्वीट किया, दमकलकर्मी और अन्य अधिकारी शनिवार को भी मतंजस तेल भंडारण में आग बुझाने की कोशिश कर रहे थे। अधिकारियों ने बताया कि करीब 800 लोगों को डबरोक इलाके से सुरक्षित निकाला गया है। क्यूबा सरकार के मुताबिक, उसने तेल क्षेत्र में अनुभव रखने वाले मित्र देशों के अंतरराष्ट्रीय विशेषज्ञों से मदद मांगी थी। उप-विदेश मंत्री कार्लोस फर्नांडीज डी कोसियो ने कहा कि बाइडन सरकार ने आग बुझाने के लिए तकनीकी मदद की पेशकश की थी। उन्होंने ट्वीट कर कहा, उचित समन्वय से जुड़ा प्रस्ताव विशेषज्ञों के हाथ में है। कुछ मिनट बाद, राष्ट्रपति मिगुएल डियाज-कैनेल ने मेक्सिको, वेनेजुएला, रूस, निकारागुआ, अर्जेंटीना और चिली को उनकी मदद की पेशकश के लिए धन्यवाद दिया। मेक्सिको से मदद के लिए एक विमान शनिवार रात हवाना पहुंचा। आधिकारिक क्यूबा समाचार एजेंसी के मुताबिक, एक तेल टैंक पर बिजली गिरने के बाद भंडारण केंद्र में आग लगी और अन्य टैंक तक फैल गई। सेना के हेलीकॉप्टरों ने आग बुझाने के लिए जैसे ही पानी का छिड़काव किया, काले धुएं का घना गुबार उठा और सौ किलोमीटर के दायरे में फैल गया। क्यूबा के स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया कि 121 लोग घायल हुए हैं, जिनमें से पांच की हालत गंभीर है। रिपब्लिक ऑफ प्रेसीडेंसी ने कहा कि लापता 17 लोग अग्निशामक थे, जो आग को फैलने से रोकने के लिए निकटतम क्षेत्र में थे। शनिवार रात स्वास्थ्य मंत्रालय ने एक बयान जारी कर बताया था कि एक शव बरामद हुआ है और अधिकारी मृत की पहचान करने की कोशिश कर रहे हैं।

## अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया, जापान ने चीन से सैन्य अभ्यास तत्काल रोकने का आग्रह किया

वाशिंगटन, एजेंसी। अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया और जापान ने चीन से अपना सैन्य अभ्यास तत्काल रोकने का आग्रह किया। तीनों देशों ने ताइवान जलडमरूमध्य में शांति एवं स्थिरता बनाए रखने की अपनी प्रतिबद्धता भी दोहराई। अमेरिका के विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन, ऑस्ट्रेलिया की विदेश मंत्री पेनी वोंग और जापान के विदेश मंत्री हयाशी योशिमासा ने नोम पेन्ह में दक्षिणपूर्व एशियाई देशों के संघ (आसियान) के सदस्य देशों के विदेश मंत्रियों की बैठक के इतर मुलाकात करने के बाद एक संयुक्त बयान जारी किया। बयान में कहा गया है, विदेश मंत्रियों ने ताइवान जलडमरूमध्य में शांति और स्थिरता बनाए रखने की अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि की। उन्होंने ताइवान जलडमरूमध्य में तनाव कम करने के महत्व को लेकर आसियान के बयान की सराहना की। विदेश मंत्रियों ने कूटनीति की आवश्यकता पर जोर देते हुए बड़े पैमाने पर सैन्य अभ्यास करने सहित पीपुल्स रिपब्लिक ऑफ चाइना (पीआरसी) की उन हालिया कार्रवाइयों पर चिंता व्यक्त की, जो अंतरराष्ट्रीय शांति और स्थिरता को गंभीर रूप से प्रभावित करती हैं। संयुक्त बयान में कहा गया है, उन्होंने पीआरसी द्वारा बैलिस्टिक मिसाइल का प्रक्षेपण किए जाने की निंदा की। जापान सरकार ने बताया है कि इनमें से पांच मिसाइल उसके विशेष आर्थिक क्षेत्र में गिरीं। इन प्रक्षेपणों से तनाव बढ़ा है और क्षेत्र में अस्थिरता पैदा हुई है। विदेश मंत्रियों ने पीआरसी से सैन्य अभ्यासों पर तत्काल रोक लगाने का आग्रह किया। विदेश मंत्रियों ने स्पष्ट किया कि जहां एक चीन नीति लागू है, उसके संबंध में और ताइवान को लेकर ऑस्ट्रेलिया, जापान या अमेरिका के मूल रुख में कोई बदलाव नहीं आया है। ऑस्ट्रेलिया, जापान और अमेरिका ने स्वतंत्र और खुले हिंद-प्रशांत क्षेत्र को सुनिश्चित करने के लिए त्रिपक्षीय साझेदारी को गहरा करने की अपनी प्रतिबद्धता जताई। चीन ने इस सप्ताह की शुरूआत में अमेरिकी प्रतिनिधि सभा की अध्यक्ष नैंसी पेलोसी की ताइवान यात्रा के बाद यह कहते हुए सैन्य अभ्यास शुरू किया था कि उनकी यात्रा ने एक चीन नीति का उल्लंघन किया है। गौरतलब है कि ताइवान पर चीन अपना दावा जताता है और उसने धमकी दी है कि जरूरत पड़ने पर वह बलपूर्वक इस द्वीप को अपने कब्जे में ले लेगा।

## वर्जीनिया की आर्या वालवेकर ने जीता मिस इंडिया यूएसए का खिताब

वाशिंगटन, एजेंसी। वर्जीनिया की भारतीय अमेरिकी किशोरी आर्या वालवेकर ने इस साल मिस इंडिया यूएसए का खिताब अपने नाम कर लिया है। आर्या (18) को न्यूजर्सी में आयोजित वार्षिक प्रतियोगिता में मिस इंडिया यूएसए 2022 का ताज पहनाया गया। अभिनेत्री बनने की इच्छुक आर्या ने कहा, स्क्रीन पर स्वयं को देखना और फिल्मों एवं टेलीविजन में अभिनय करना बचपन से मेरा सपना रहा है। उन्होंने कहा कि उन्हें नई-नई जगहों पर जाना, खाना पकाना और विभिन्न मुद्दों पर वाद-विवाद करना पसंद है। यूनिवर्सिटी ऑफ वर्जीनिया की छात्र सौम्या शर्मा दूसरे और न्यूजर्सी की संजना चेकुरी तीसरे स्थान पर रहीं। इस प्रतियोगिता की इस साल 40वीं वर्षगांठ थी और यह भारत के बाहर आयोजित होने वाली भारतीय खिताब की सबसे अधिक समय तक चलने वाली प्रतियोगिता है। इस प्रतियोगिता का सबसे पहले आयोजन न्यूयॉर्क के भारतीयझ्रअमेरिकी धर्मात्मा और नीलम सरन ने वर्ल्डवाइड पीजेंट्स के बैनर तले किया था। वर्ल्डवाइड पीजेंट्स के संस्थापक एवं अध्यक्ष धर्मात्मा सरन ने कहा, मैं इन वर्षों में दुनिया भर में भारतीय समुदाय से मिले सहयोग का आभारी हूं। वाशिंगटन स्टेट की अक्षी जैन को मिसेज इंडिया यूएसए का ताज पहनाया गया और न्यूयॉर्क की तन्वी ग्रोवर को मिस टीन इंडिया यूएसए चुना गया। तीस राज्यों का प्रतिनिधित्व करने वाले 74 प्रतियोगियों ने तीन अलग-अलग प्रतियोगिताओं मिस इंडिया यूएसए, मिसेज इंडिया यूएसए और मिस टीन इंडिया यूएसए में भाग लिया। तीनों श्रेणियों के विजेताओं को इसी समूह द्वारा आयोजित वर्ल्डवाइड पीजेंट्स में भाग लेने के लिए अगले साल की शुरूआत में मुंबई जाने का मौका मिलेगा। इस कार्यक्रम में गायिका शिबानी कश्यप, मिस इंडिया वर्ल्डवाइड 2022 खुशी पटेल और मिसेज इंडिया वर्ल्डवाइड स्वाति विमल ने भाग लिया।

**बधाई** | धनखड़ ने प्रधानमंत्री, संसदीय कार्य मंत्री एवं भाजपा अध्यक्ष का स्वागत किया...

## मोदी ने धनखड़ को दी उपराष्ट्रपति निर्वाचित होने की बधाई

**नई दिल्ली,एजेंसी**



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश के नव निर्वाचित उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ से मुलाकात करके उन्हें बधाई दी। उपराष्ट्रपति चुनाव की मतगणना पूरी होने एवं परिणाम घोषित होने के तुरंत बाद श्री मोदी श्री धनखड़ के निवास पर पहुंचे। प्रधानमंत्री के साथ संसदीय कार्य मंत्री प्रल्हाद जोशी और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा भी थे। श्री धनखड़ ने प्रधानमंत्री, संसदीय कार्य मंत्री एवं भाजपा अध्यक्ष का स्वागत किया।

निवर्तमान उपराष्ट्रपति एम वेंकैया नायडू ने ट्वीटर पर अपने बधाई संदेश में कहा, देश के 14वें उपराष्ट्रपति के रूप में निर्वाचन पर श्री जगदीप धनकड़ जी को हार्दिक बधाई और सफल कार्यकाल के लिए मेरी शुभकामनाएं। सार्वजनिक जीवन में आपके लंबे अनुभव तथा न्याय और विधि के क्षेत्र में आपके ज्ञान से देश लाभान्वित होगा। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने श्री धनखड़ को बधाई देते हुए कहा कि उनका दीर्घ सार्वजनिक जीवन आमजन के कल्याण को समर्पित रहा है। राजस्थान के छोटे से गांव 'किठाना' के किसान-पुत्र की उपराष्ट्रपति पद तक की यात्रा प्रेरणादायी है। उपराष्ट्रपति के चुनाव के लिए मतदान शनिवार को संसद भवन में संपन्न हुआ। सुबह 10:00 बजे से लेकर शाम 5:00 बजे तक चले इस मतदान में संसद के दोनों सदनों लोकसभा और राज्यसभा के सदस्यों ने मतदान किया। मतदान के पश्चात मतगणना आरंभ हुई और करीब आठ बजे निर्वाचन अधिकारी लोकसभा के महासचिव उत्पल कुमार सिंह ने एक संवाददाता सम्मेलन में परिणाम की घोषणा की कि राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन और भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता जगदीप धनखड़ को देश का अगला उप राष्ट्रपति चुन लिया गया है। कुल 780 वोटों में से श्री धनखड़ को 528 और श्रीमती अल्वा को 182 मत मिले हैं। शेष 15 वोट अवैध करार दिये गये हैं। उपराष्ट्रपति चुनाव के निर्वाचक मंडल में दोनों सदनों के सांसद शामिल है। फिलहाल राज्यसभा की 245 सीटों में से आठ सीटें रिक्त है। इसके अलावा तृणमूल कांग्रेस ने उपराष्ट्रपति चुनाव के मतदान में अनुपस्थित रहने का फैसला किया। राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन में शामिल राजनीतिक दलों के संसद में 441सदस्य हैं। इनमें से 394 भारतीय जनता पार्टी के हैं।

राज्यसभा में पांच नामित सदस्यों ने भी राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के उम्मीदवार का समर्थन करने का निर्णय लिया। इसके अलावा बीजू जनता दल, वाईएसआर कांग्रेस पार्टी, बहुजन समाज पार्टी, तेलुगू देशम पार्टी, शिरोमणि अकाली दल, शिवसेना-एकनाथ शिंदे गुट ने भी श्री धनखड़ का समर्थन करने की घोषणा की थी।

## पशु तस्करों को पकड़ने गई पुलिस टीम पर हमला, बचाव में हवाई फायरिंग की

**कठुआ, एजेंसी।** पशु तस्करों पर कार्रवाई करने के लिए गई पुलिस टीम पर मग्गर खड्ड इलाके में विशेष समुदाय के लोगों ने हमला बोल दिया। जिसके चलते पुलिस की टीम को आत्मरक्षा के लिए कुछ राउंड हवाई फायरिंग करनी पड़ी। पुलिस ने इस मामले में एक आरोपी शरीफ को गिरफ्तार किया है। जानकारी के अनुसार पुलिस को सूचना मिली थी कि मग्गर खड्ड के समीप कुछ लोग पशु तस्करी का प्रयास कर रहे हैं। सूचना के बाद पशु तस्करी के प्रयास को विफल करने के लिए लखनपुर पुलिस मौके पर पहुंच गई। यहां पुलिस पार्टी को देख मौके पर मौजूद लोगों ने उनपर पथराव कर दिया। जिससे कुछ पुलिस कर्मियों को भी चोटें आई हैं। पुलिस टीम ने स्थिति गंभीर होते देख कुछ राउंड हवा में फायरिंग की, जिसके बाद स्थिति पर काबू पाया जा सका।

## गोवा में गणेश की छोटी मूर्तियों की मांग बढ़ी

**पणजी, एजेंसी**

गोवा में आगामी गणेशोत्सव के दौरान घर पर स्थापित करने के लिए भगवान गणेश की छोटी मूर्तियों की मांग में वृद्धि देखी जा रही है और मूर्ति बनाने वाले कलाकार इसका श्रेय राज्य में बसने वाले महाराष्ट्र के लोगों की संख्या में लगातार वृद्धि को देते हैं। कलाकारों का मानना है कि गोवा के मूल निवासी आमतौर पर भगवान की दो फुट लंबाई वाली मूर्तियां चुनते हैं, जबकि महाराष्ट्र के लोग एक फुट से कम आकार वाली मूर्तियां चाहते हैं। महामारी के कारण घर से काम करने का चलन शुरू होने के बाद से बड़ी संख्या में महाराष्ट्र और विशेष तौर पर मुंबई के लोग गोवा में आकर बस रहे हैं। महाराष्ट्र की तरह, गोवा में भी गणेश उत्सव पूरे उत्साह के साथ मनाया जाता है, जिसे यहां 'चोवोथ' के नाम से जाना जाता है। इस साल यह महोत्सव 31 अगस्त से शुरू होगा। मूर्ति बनाने के अपने पारिवारिक व्यवसाय को आगे बढ़ा रहे कलाकार रितेश चारी (29) का कहना है कि महामारी से पहले की तुलना में पिछले कुछ साल से छोटी गणेश मूर्तियों की मांग में बढ़ोतरी हुई है। चारी ने कहा, छोटी मूर्तियों (दस इंच) की मांग में वृद्धि हुई है। यह पहले कभी नहीं देखा गया था।

चारी मडगांव शहर में गणेश मूर्तियों को एक अस्थायी संरचना में बिक्री के लिए रखते हैं। उन्होंने कहा कि उनके साथी उत्तरी गोवा जिले के पोंडा शहर में गणेश की मूर्तियां बनाते हैं, जहां से उन्हें दक्षिण गोवा के मडगांव ले जाया जाता है। चारी ने बताया कि छोटी गणेश मूर्तियों के खरीदार ज्यादातर मराठी भाषी हैं। इससे पता चलता है कि वह गोवा के मूल निवासी नहीं हैं। उन्होंने कहा कि गोवा के परिवार आमतौर पर दो फुट या उससे अधिक आकार की मूर्तियों को पसंद करते हैं। उत्तरी गोवा के मार्सेल गांव के निवासी मूर्ति निमार्ता रमाकांत अमोनकर ने कहा, मुंबई में त्योहार के दौरान घर पर छोटी गणेश मूर्तियों को स्थापित करने और उनकी पूजा करने की परंपरा है, जबकि गोवा में बड़े आकार की मूर्तियों की पूजा की जाती है। उन्होंने कहा कि छोटी मूर्तियों की मांग खासकर पणजी, मडगांव, पोंडा और मापुसा जैसे शहरी इलाकों समेत पूरे गोवा में हैं। उन्होंने कहा, ''छोटी मूर्तियों को विसर्जन के लिए भी आसानी से ले जाया जा सकता है।'' चारी ने कहा कि कच्चे माल की कीमतों में वृद्धि ने उन्हें दरें बढ़ाने के लिए मजबूर किया है। उन्होंने बताया, सबसे सस्ती मूर्ति की कीमत 800 रुपये है, जबकि महंगी मूर्ति की कीमत 12,000 रुपये है। औसत मध्यम वर्गीय परिवार 2,500 रुपये से 2,800 रुपये की मूर्ति खरीदता है।

मुद्रक तथा प्रकाशक रंजीत राय द्वारा स्वामी आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, प्लॉट नं. सी-16 एवं 17, रोड नं. 9, पाटलिपुत्रा इंडस्ट्रीयल एरिया, पटना-800013 के पक्ष में आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड प्रेस से मुद्रित एवं सी-20, एस.के. पुरी, नियर बसावन पार्क, पटना, बिहार-800013 से प्रकाशित संपादक- देवन प्रसाद
(नोटः प्रकाशित सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं और किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा पटना न्यायालय में ही किया जाएगा।) RNI. No. BIHHIN/2013/ 49676, Email: news@pratahkiran.com, patna@pratahkiran.com, 9212228045, 8130691216, 9971557129, 9430990555